CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

171

भदंत गुणभद्र सूरि विरचित

आत्मानुशासन

भाषा टीकाकार

आचार्यकल्प पं० टोडरमल

सम्पादक

सिद्धान्ताचार्य पं० फूलचन्द्र शास्त्री

श्री गणेश वर्णी दि० जैन संस्थान, वाराणसी-५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आत्मानुशासन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश प्रसाद वर्णी दि० जैन ग्रंथमाला पुष्प–३०

भदंत गुणभद्रसूरि विरचित

आत्मानुशासन

भाषा टीकाकार

आचार्यकल्प पं० टोडरमल

सम्पादक

सिद्धान्ताचार्य पं० फूलचन्द्र शास्त्री

वाराणसी

सह-सम्पादक

डॉ० फूलचन्द्र जैन प्रेमी
वाराणसी

पं० हीरालाल गंगवाल
इंदौर

प्रकाशक

श्री गणेश वर्णी दि० जैन संस्थान

नरिया, वाराणसी–५

वीर नि० सं० २५०९ विक्रम सं० २०४० ई० सन् १९८३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ग्रन्थमाला-सम्पादक
डॉ० राजाराम जैन, एम० ए० (द्वय), पी-एच० डी०
अध्यक्ष, संस्कृत-प्राकृत विभाग
जैन कालेज, आरा
प्रो० उदयचन्द्र जैन, एम० ए०, जैन-बौद्ध-सर्वदर्शनाचार्य
अध्यक्ष, दर्शन विभाग
प्राच्यविद्या धर्म विज्ञान संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रथम संस्करण : २२०० प्रति
मूल्य : बीस रुपये
© श्रीगणेश वर्णी दि० जैन संस्थान

मुद्रक :
वर्द्धमान मुद्रणालय,
बी० २७/९२-१९, जवाहरनगर कालोनी, वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Shri Ganesh Prasaad Varni Dig. Jain Granthmala No. 30

Bhadanta Gunbhadra Suri's

ĀTMĀNUŚĀSAN

With the Hindi Commentary of
Ācharyakalpa Pandit Todarmalla

Editor
Sidhāntāchārya Pandit Phoolchandra Shastri
Varanasi

Assistant Editors
Dr. Phoolchand Jain Premi
Varanasi

Pandit Hiralal Gangwal
B. A., LLB.
Indore

Published by
Shri Ganesh Varni Dig. Jain Sansthan
Naria, Varanasi-5

Vir Samvat 2509 Vikram Samvat 2040 1983 A.D.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Granthmala Editor
Dr. Rajaram Jain, M. A. (Double) Ph. D.
Sanskrit-Prakrit Department,
Jain College, Arrah

Prof. Udaya Chandra Jain,
Jain Baudh Sarvadarshanacharya
Philosophy Department
Faculty of Oriental Learning and Theology,
Banaras Hindu University, Varanasi.

First Edition–2200
Price : Rs. Twenty only
© Shri Ganesh Varni Dig. Jain Sansthan

Printed by
Vardhaman Mudranalaya,
B. 27/92–19, Jawahar Nagar Colony,
Varanasi.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकाशकीय

यह अत्यन्त हर्षकी बात है कि श्री गणेशप्रसाद वर्णी दि० जैन संस्थान अपना तीसवाँ प्रकाशन 'आत्मानुशासन' समाजके सामने प्रस्तुत कर रहा है। इस पुस्तकका संपादन पू० दादा पं० फूलचन्द्र जी शास्त्रीने किया है तथा इसमें यथासम्भव सहयोग डॉ० फूलचन्द जैन प्रेमी तथा भाई पं० हीरालाल जी गंगवालका रहा है। पुस्तककी हिन्दी प्रस्तावना भी सिद्धान्ताचार्य पं० फूलचन्द्र जी शास्त्रीने लिखी है। इस पुस्तकके साथ ही संस्थान अपने प्रकाशकोंपर अंग्रेजीमें भी प्रस्तावना देनेकी परम्परा प्रारम्भ कर रहा है। यह हिन्दी न जाननेवाले जिज्ञासुओं तथा विदेशी पाठकोंके लिये भी उपयुक्त होगा। इस ग्रन्थकी अंग्रेजी प्रस्तावना मैंने लिखनेका प्रयास किया है। यह पहला प्रयास होनेसे इसमें त्रुटियाँ होना सम्भव है अतः इसके लिये क्षमाप्रार्थी हूँ। श्री सेठ ताराचंद जी गंगवाल, जयपुरका पूज्य दादाजीसे निकट संपर्क है। उनके सहयोगसे ही 'आत्मानुशासन' भाषा टीकाकी एक हस्तलिखित प्रति आदर्शनगर दि० जैन मन्दिर, जयपुरसे प्राप्त हुई, जिसका इस ग्रन्थके संपादनमें पूरा उपयोग हुआ है। इस पुस्तकके प्रकाशनमें जिनके निमित्तसे आर्थिक योगदान प्राप्त हुआ है, वे हैं श्री सेठ रतनलाल जी पाटनी, इंदौर, श्री पं० हीरालाल जी गंगवाल, इन्दौर, श्री टीकमचंद जी पंचोली, इन्दौर तथा अरविन्दकुमार जैन करहल और श्री विजयकुमार जैन कुरावली। मैं इन सभी सज्जनोंका आभारी हूँ।

१४४/३, विकास नगर,
रुड़की
वी० नि० सं० २५०९
(अगस्त, १९८३)

डॉ० अशोक जैन
प्रबन्धक
श्री गणेश वर्णी दि० जैन संस्थान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Prologue

1. INTRODUCTION

The term *Ātmā* (or, the self) is perhaps the most frequently used word in the Philosophical treatises of Jainas. The reason is very simple : *Ātmā* is the mainstay of Jain Philosophy and that is why *Jain Darshan* (Philosophy) is also called the *Ātmā Darshan.* Although the concept of *Ātmā* is not exclusive to Jaina Philosophy and occurs in several other religions also, it may be asserted that the meaning imparted to *Ātmā* by the Jainas and the elaborate exposition of this subject in a most logical manner is unique and unparalleled. According to the present trartise the intrinsic nature of *Ātmā* is to know all and the attainment of that all-knowing nature in its purest form (the enlightenment) is the Mukti (the self liberation or. the complete freedom)" (Verse no. 174). Further "*Ātmā* by nature, perceives everything, (apparently) desires sukha (happiness) aud shuns dukha (misery), is the instrument for doing good and bad deeds (shubha and ashubha Karm), and also tastes the fruits of those deeds, good or bad." (Panchastikaya, Agas, 1961). "Atma is neither born nor dies and is eternal by nature. It has no body in the usual sense and is devoid of any colour, smell, taste and touchability. In actuality, it is the doer (*Karta*) of its own all-revealing thoughts." (Verse no. 266). Ordinarily, one's *Ātmā* is loaded with the good and bad doings, which are unloaded in due course of time by bearing sweet and sour fruits. In the process, new deeds are committed and newer attachements to Karm (karm-bandh) follow. This is an unending process which goes on repeating itself and keeps the *Ātmā* clouded in *Karma* (deeds). This is the cause of all the sufferings.

How to discipline one's *Ātmā* so that one may realize its nature in its purest from and achieve that ultimate goal called the *Moksha* (the complete freedom) where one's own self is unified with 'the truth' by liberating itself from the bondage

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

of all deeds, good or bad? This is what the whole treatise (grantha) 'Atmanusasan' is about. This is what the title of the present tratise means. It has been written by Acharya Gunbhadra keeping mainly the monks (the Sadhu) in mind and is therefore especially meant for them.

It is not for the first time that *Ātmanusasana* is being brought out. Several editions of *Ātmānusasana* have already been published, some containing the Sanskrit *tikā* (commentary) due to Acharya Prabhachand, or with Hindi *tikā* due to Pt. Todermalla and/or their translations into several languages like Hindi, Marathi, Kannada, English etc. The Hindi tika of the well known scholar Pt. Todermall has been instrumental in making *Ātmānusasana* so popular. Presently the Hindi tika version of *Ātmānusasana* is not available freely and is therfore, being published hy Shri Ganesh Varni Institute (Shri Ganesh Varni Sansthan), Varanasi.

The present edition is based on a hand written manuscript of the year 1778 A. D. obtained from Jaipur. An old printed version of the year 1956 (Jaipur) has also been extensively used for correcting the Hindi *tikā* portion of the hand written manuscript. An earlier edition published from Sholapur (1961), which also contains the Sanskrit *tikā* due to Prabhachndra and its Hindi translation by Pt. Balchandra Sidhanta shastri, has also been used to check the original verses, because the Sholapur edition contains the verses which have been corrected from several sources.

The present edition contains 270 verses in Sanskrit following the text of Pandit Todarmalla. It is believed that the original text of Gunbhadra contained only 269 Verses (Atmanusasan, Sholapur, 1961), and the additional 270th verse was perhaps added later on. Acharya Gunbhadra, in writing these verses, has displayed the qualities of an excellent poet and a deep thinker. He also exhibits perfect command over the Sanskrit language and its grammer. This becomes clear from the fact that he has used a variety of metres and *alankārs* for expressing his thought in poetical form.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

2. SOME GLIMPSES OF ATMANUSASANA

'Everyone is afraid of *dukha* (pain or, misery) and desires *sukha* (happiness), that is why the present book points towards the knowledge which is capable of destroying dukha and lead to eternal happiness', (Verse no. 2). Neither all teachers can show the path to happiness, nor all are deserving to follow it. Only a worthy teacher (*Guru*) is capable of explaning the principles of *Dharma* (religion) which is meant for achieving the *Moksha* (self-liberation where one attains the whole truth), (Verse no. 4).

What is the nature of a true and worthy teacher and a deserving pupil ? Acharya Gunbhadra says that "The one who has acquired the knowledge of all the *shastra* (spiritual scriptures), knows the manners of this world, has no desire for fame and money, displays imagination by answering a question in several ways, is completely peaceful in body and mind, can anticipate the question which may arise during discourses, is not worried by the questions nor gets excited, can impress the audience and convince them of his thoughts, only he is capable of giving discourses in a sweet and attractive voice', (Verse no. 5). 'The audience should consist of only those who can contemplate and deside about what is the best path for them, who are tired of the *dukha* in this world, keenly desire the real happiness, want to breakaway from the cycle of birth and death and are capable of bearing the *dharma* and follow it', (Vers no. 7).

'All the living beings aspire for happiness; but the real happiness follows only when all the bondages to one's deeds (*karm-bandh*) have been dissolved. This shedding of deeds (*karm-chaya*) emanates from the righteous conduct (*Samyak charitra*). The *Samyak charitra* itself follows from the *samyak gyan* (the true and complete knowledge). The *samyak gyan* is obtained from the *Āagam* (the scriptures) which point towards the path of the *samyak darshon* (the complete and thorough view of self), and the *Āagam* itself is derived from the discourses given by the *Arihanta Deva* (the Illustrious one) who have experienced the self (*Atman*) and have become one with it.' (Verse no. 9).

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

All the worldly attachments and the sensual pleasures are just like mirage; the more one pursues them, the farther away he moves Running after them leads to nothing but exhaustion as there is never any satisfaction in the worldly pleasures. They are the fruits of some past good deeds (*Shubh karma banbh*). In enjoying these fruits one again gets attached to more new deeds (karma). This is a vicious circle without any end. Thus not only the bad deeds (*ashubh karma*), the good deeds are also responsible for trapping a living being (*Jiva*) in this vicious circle.

Samyak darshon (the realization of the true self) is just like a sharp knife which can cut this vicious circle and give solace to the human beings. That is why *Samyak darshan* is said to be the essence of *Dharma*. 'Without samyak darshan, all other virtues like peacefulness, knowledge, character and meditation are completely useless and are akin to the weight of a stone. They just drag one by their sheer weight. But *Samyak darshon* turns this stone into a real gem,' (Verse no. 15) 'Whether one is enjoying the pleasures of life or, tormenting in agony, one must tread the path of *Dharma*. Because if one is happy the *Dharma* enhances this happiness and if one is unhappy, the *Dharma* resolves the causes of misery:' (Verse no. 18).

Only a *sadhu* (monk) can follow the path of *Dharma* in totality. Who is then a *sadhu* ? The great Jain saints say that 'the one who is devoid of the desires of the worldly pleasures, is never seen conducting himself in any manner other than that of *Dharma*, does not possess any object even as small as an atom to the extent that he lives completely nude, is always engaged in acquiring more and more knowledge, keeps searching his own self by constant meditation, only so is a sadhu respected by all in the world. The unblemished and righteous conduct of such a sadhu is most beneficial and rewarding for the mankind.

Ācharya Gunbhadra illustrates his views on *Dharma* by giving a very simple analogy like : Just as a farmer saves a part of his crop to be used as the seed for the next crop, similarly whatever wealth and happiness one has acquired is due to one's righteous conduct-*Dharma* in the past, and therefore one must preserve that *Dharma* which acts as the seed for obtaining

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

happiness,' (Verse no. 21). He further emphasizes the importance of *Dharma* thus : 'Even an enemy becomes a friend due to the influence of *Dharma* and friend turns into enemy when *Dharma* has been lost. Thus only *Dharma* is the saviour of *Jīva* (living beings)', (Verse no. 26).

The learned poet has at several places pointed out the damaging role that is played by women in bringing the downfall of themselves as well as men, and other acts which are not worthy of a woman. For example, he reminds that 'One should remember the pain and humiliation suffered in the association of women who have hurt several times by cupid arrows just as the snow causes coldburns to tender trees', (Verse no. 53). Further he says that 'the one, who has practised penance for a whole lifetime, and then feels a desire for women, keeps revolving in the whirlpool of world and the life of an ordinary person is better than the useless life of such an ascetic', (Verse no. 198). We may put a note of caution here that the aim of these verses is in no way to degrade or insult the women. These are merely warnings to men who easily succumb to the charms of women.

It is most interesting to note that *Ācharya* Gurbhadra has devoted a number of verses to the deterioration of character setting in among the *muni* and *sadhu* and seems to be seriously concerned about it. He must have come across incidents of such degradation in his time. These verses have become even more relevant in the present times when controversies about the conduct of muni and sadhu are raging the society. The author says, "the rulers make it a point to punish only those who have money so that he may extract some money from them. Since the sadhus are Jungle beings and do not keep any money, they are rarely punished for their mis-conducts. The Acharya(a senior sadhu who leads a group of sadhus) wields little influence over the new disciples and are incapable of keeping them on the right path. Under these circumstances, it is very rare to find a Sadhu who really complies with the Dharme, (verse no. 149) He further illustrates his point by saying that 'even a child, when falls down from his cot, gets scared of it and becomes

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

careful for future. It is however very surprising that a wise sadhu is not afraid of falling down from the immense height where he has reached by per-sistant penance and meditation,' (verse no. 166). The poet expresses deep concern and sadness over the way 'the sadhu have started coming closer to villages and towns during the night, being afraid of the carnivorous animals and wicked persons,' (verse no. 197).

How to attain the *Moksha* (the self liberation), is a recurring theme of the whole text. The author has tried to explain this path in a number of ways. Sometimes he gives examples, analogies etc and at other places he goes deep into the principles of Jain *Darshan* and reveals the intricacies in technical terms. For instance, he Says that '*shubha* (auspicious) and *ashubha* (inauspicious). *punya* (virtue or, the reward of a good deed) and *pāpa* (sin), sukha (happiness) and dukh (sorrow), these are the three pairs related to each other. The first three, taking the first one from each of the three pains, i. e. *shubha*, *punya* and *sukha* are beneficial to *Ātmā* and may be practised. The rest three must be discarded. But this is only the begining. One must ultimately renounce the *shubha karm* (good deeds) too. In doing so one would have renounced the *punya* and *sukha* also, since they are merely the consequences of *shubha karm*. When one has become free from the *shubha* also, one realizes the purest state of Atma and attains the *Moksha*,' (verse no. 239-240).

These are only few but typical verses from *Ātmānusasan* which allow one to have a glimpse of the actual text and possibly prepare him for a full reading of the whold text. Achārya Gunbhadra has touched almost all the aspects of *Ātmā Darshan* and keeps the reader constantly aware of the various pitfalls and difficulties that one may encounter in his pursuit of the self-realisation. The doctrine of *Karma* has been the most influencing factor in giving shape to the *Jain Darshan*. This is consistently reflected in the whole text. There in no room for a supreme power (as the concept of God is in most of other religions) which creates, destroys and controls the world. Such a belief automatically rules out the main cause of superstitions

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

which are prevalent in most of the societies. It teaches one to become self-reliant, be he a sadhu (monk) or a layman having a family. One is responsible for his oneself. What one does, gains or enjoys is due to that one only. None else can influence it. It also lays great emphasis on the freedom of an individual. which is in fact a logical consequence of the principle of self reliance. If one does not depend on anything, living or non-living, has no desire to accumulate objects. He is the most liberated individual because there is nothing which will hold him or bind him.

2. ACHĀRYA GUNBHADRA, THE POET

Since a lot has already been written about Gunbhadra, we will devote here only a few lines to that illustrious and scholar poet who is well known for doing tremendous amount of work in his times. At several places, Gunbhadra calls himself to be a 'bhadanta' or a 'Suri.' It is believed that he lived during the last quarter of the ninth century A. D. He declares himself to be a disciple of Achārya Jinsen and Dasrath. He wrote most of his works living mostly in the southern part of India. He undertook to complete the unfinished *Adipurāna*, which could not be completed by Jinsen due to his death, and rounded it up by composing 1620 Verses. Besides *Atmānusāsana*, he has also written. *Uttar Purāna* and *Jindatta Charit Kavya*. More details about this author may be found in several other books (*Atmānusāsana*, Sholapur, 1961; *Tirthankar Mahāvir aur unki Achārya Paramparā*, Nemichandra Shastri, Sagar, 1974)–and are therefore not included here.

3. PANDIT TODARMALLA THE BHASHA TIKĀKĀR

The immense popularity received by Atmānusāsana is mainly due to the Hindi tika that Pandit Todarmalla wrote in the middle of the eighteenth century. It has been established by Dr. Hukumchand Bharilla (Pandit Todarmalla, Jaipur, 1973) that Pandit Todarmalla was born around the year 1719 A. D. although his birth place could not be well established. His father, Jogidas and mother, Rambha devi, belonged to the *Godika gotra* of *Khandelwal* caste.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Pandit Todarmall spent most of his life span in Jaipur and died a tragic death at an early age of around 47. It may therefore be said that most of his works were completed near the middle of the eighteenth century. Todarmall was a genius by birth and used to resolve several deep questions and riddles in his childhood. He was the most well known scholar of his time and only a few could be said to have reached that hetght in the recent times. He was a great connoinseer of *Jain Darshan* and the understanding of subject displayed by him is not easy to surpass. The large numbar of *tikā* (commentaries) of the various Jain treatises written by Todarmall have been the basis for understanding the essence of Jain philosophy. A number of recent works have either been based on his *tikā* (Hindi commentaries) or, have acted as pointers of the truth. The commentaries on the *Gommatsāra*, *Labdhisāra*, *Purusavtha sidhi upayā* and *Triloksāra* and of course the *Atmānusāsana* have been very well appraciated and carry a touch of originality. Besides these, he also wrote some independent works like *Muksha Mārg Prakāshak* and *Rahasya Purna Chithi*. It is said that his *bhāshā tikā* of *Atmānusāsana* is, in several respects, better than the Sanskrit *tikā*. Besides giving the translation and meaning of each verse he has also added purports wherever necessary. This has enhanced the usefulness of the book and added simplicity to it so that anyone may reach the goal.

15–8–83 **(Dr.) Ashok Jain**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रस्तावना

१ प्रति परिचय

१ ज०, यह प्रति श्री दि० जैन मन्दिर आदर्श-नगर जयपुरकी है। हस्त-लिखित प्रतियोंमें यही एक ऐसी प्रति है जिसके आधारसे प्रस्तुत संस्करणकी भाषा टीकाका संशोधन किया गया है। इस प्रतिके प्रत्येक पत्रकी लम्बाई १०½ इंच और चौड़ाई ४½ इंचसे कुछ अधिक है। पत्र संख्या १६७ पूर्ण और १६८ संख्याक पत्रमें ४ पंक्तिसे किंचित् अधिक हैं। प्रत्येक पत्रके एक ओर ९ पंक्तियाँ और प्रति पंक्तिमें कमसे कम ३८-३९ अक्षर और अधिकसे अधिक ४३-४४ अक्षर हैं। फिर भी अधिक अक्षर कम ही पंक्तियोंमें पाये जाते हैं। चारों ओर हाँसिया छोड़ा गया है। प्रत्येक पद्यकी उत्थानिका और 'पद्य' शब्दके लिये लाल स्याहीका उपयोग किया गया है। तथा 'अर्थ' इस शब्दको लिखनेमें भी लाल स्याहीका उपयोग किया गया है। प्रथम पत्रका प्रारम्भ '॥एर्द०॥ ओं नमः सिद्धेभ्यः' इस मंगल वाक्यको लिखकर किया गया है। अन्तिम पत्रमें अन्तिम पद्यका अर्थ और ॥इति श्री आत्मानुशासन ग्रन्थ संपूर्णं॥ ॥ यह वाक्य भी लाल स्याहीमें लिखा गया है। प्रति सुवाच्य है। यह प्रति कब, किसके द्वारा और किस निमित्तसे लिपिबद्ध की गई इन बातोंका उल्लेख करते हुए अन्तमें लिखा है—'संवत् १८३५ प्रवर्त्तमाने मासोत्तमासे भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे १३ चंद्र वासुरान्वितायां लिपिकृतं नयनसुख ब्राह्मण बुधू स्याह वाचनार्थं ॥ शुभमस्तु ॥ चिरायुरस्तु ॥ छ ॥ छ ॥ ॥

हम यही एक ऐसी प्रति उपलब्ध कर सके जिसमें आ० क० पं० श्री टोडरमल्लजी द्वारा रचित भाषा टीका भी सम्मिलित है। इसलिये पुरानी मुद्रित प्रतिसे मिलान करनेमें हमें इससे बड़ी सहायता मिली है। अतः हम यहाँ उस मुद्रित प्रतिका भी परिचय दे रहे हैं जिसके आधारसे हमने यथा-सम्भव भाषा टीकासम्बन्धी पाठभेद लेकर प्रस्तुत संस्करणको पूर्ण शुद्ध बनानेका प्रयत्न किया है। परिचय इस प्रकार है—

(२) मु०, यह प्रति हमें प्रिय भाई पं० श्री हीरालालजी गंगवालकी मार्फत श्रीयुक्त भाई पूनमचंदजी छावड़ा मल्हारगंज गांधीमार्ग इन्दौरसे प्राप्त हुई थी। प्रतिका आकार डबलक्राउन साईज १६ पेजी है। कुल पृष्ठ संख्या २७८ है। इसका प्रकाशन श्रुतपंचमी वी० नि० सं० २४८२ को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुआ था। प्रकाशक स्व० श्री पं० इन्द्रलालजी शास्त्री जयपुर हैं। अब यह प्रति उपलब्ध न होनेसे प्रस्तुत संस्करणको प्रकाशित किया जा रहा है।

(३) जैन संस्कृति संरक्षक संघ, शोलापुरसे प्रकाशित तीसरी प्रति है। पद्योंके संशोधनमें इस प्रतिका भरपूर उपयोग किया गया है, क्योंकि इसमें सभी पद्य संशोधित करके शुद्धरूपमें ही मुद्रित किये गये हैं। इसका मुद्रण वि० सं० २०१८ में हुआ था। विस्तृत प्रस्तावना और परिशिष्ट आदि देकर इसे सर्वांग सुन्दर बनाया गया है। पृष्ठ संख्या ११२ + २६० = कुल ३७२ है। यह १६ पेजी डेमी साईजमें मुद्रित हुई है। अनुवादक श्री पं० बालचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री हैं। फिर भी अनुवादकके रूपमें उनके नामका उल्लेख नहीं किया गया है। इसे पश्चिमीय प्रभाव ही मानना चाहिये। दुर्भाग्य है कि जैन संस्थाएँ भी इसका अन्धानुकरण करनेमें अपनेको गौरवका अनुभव करती हैं। ग्रन्थमाला सम्पादकोंका काम प्रायः कुछ भी नहीं रहता, फिर भी वे संस्थाको प्रबन्ध समितिकी कृपासे अपनी प्रभाव वृद्धिमें उसका भरपूर उपयोग करते रहते हैं।

२. मूलग्रन्थ

अमूल्य शिक्षाओंसे भरपूर यह भदन्त गुणभद्रसूरिकी अमर कृति है। धर्मकी दृष्टिसे यह उत्कृष्ट धर्मशास्त्र प्रतीत होता है। क्योंकि देखनेपर इसकी उत्कृष्ट धर्मशास्त्रमें तो परिगणना होती ही है। हमें इससे वे सब शिक्षाएँ भी मिल जाती हैं जो धर्मशास्त्रका प्रधान अंग बनी चली आ रही हैं। उन शिक्षाओंपर थोड़ा दृष्टिपात कीजिए—

(१) पहले जो जो आचरण किया है वह सब ज्ञानियोंकी दृष्टिमें अज्ञान जनित चेष्टाएं ही प्रतिभासित होती हैं।[१] (२) गुणोंमें द्वेषरूप परिणामका होना पाप है और पुण्य उससे विपरीत है। किन्तु जो न तो पुण्यरूप परिणाम करता है और न पापरूप ही परिणाम करता है वह नियमसे मुक्त होता है।[२] (३) यह ज्ञानभावनाका ही फल है कि ज्ञानी पुरुष धर्मका बाह्य साधन जानकर शरीरकी यथायोग्य सम्हाल करते हुए भी उत्कृष्ट वैराग्य सम्पत्तिको जीवनका अंग बनाये रखते हैं।[३] (४) जो उदयागत कर्मके अधीन बरतते हैं वे नियमसे संसारी हैं। किन्तु जो तपश्चर्याके बलसे पीछे उदयमें आनेवाले कर्मको उदयमें लाकर भी उसके फलको नहीं अनुभवते, ज्ञानबलसे उसकी निर्जरा कर देते हैं वे ही संसारविजयी बनकर परमार्थके भागी होते हैं।[४] आदि।

१. आ० शा० प० २५१। २. वही १८१। ३. वही प० ११६। ४. वही प० २५७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साथ ही यह अपूर्व नीतिका भी ग्रन्थ है। नीतिशास्त्रकी दृष्टिसे वादीभसिंहसूरिकृत क्षत्रचूड़ामणिकी लोकमें जितनी प्रसिद्धि है उससे इसकी प्रसिद्धिको कम नहीं आंका जा सकता। इसमें आई हुई कतिपय नीतियोंपर दृष्टिपात कीजिये—

१. कामक्रोधमहाग्रहाहितमनाः किं किं न कुर्याज्जनः ॥५१॥
२. निस्सारं परलोकबीजमचिरात् कृत्वेह सारीकुरु ॥८१॥
३. प्रायः कुतो व्यसनिनां स्वहिते विवेकः ॥९३॥
४. सर्वापदां पदमिदं जननं जनानाम् ॥९८॥
५. मा वमीत किं जुगुप्सावान् सुभुक्तमपि भोजनम् ॥१०३॥
६. स कस्त्यक्तुं नालं खलजनसमायोगसदृशम् ॥१०५॥
७. नरो न रमते कथं तपसि तापसंहारिणि ॥११४॥
८. तपस्यन्ति चिरं तद्धि ज्ञातं ज्ञानस्य वैभवम् ॥११६॥
९. यदि प्रकोष्ठमादाय न स्याद्बोधो निरोधकः ॥११७॥
१०. अहो केनाप्यस्मिन् विलसितमलंघ्यं हतविधेः ॥११९॥
११. सन्ध्याराग इवार्कस्य जन्तोरभ्युदाय सः ॥१२३॥
१२. रविवद्रागमागच्छन् पातालतलमृच्छति ॥१२४॥
१३. प्रायेण सेर्ष्याः स्त्रियः ॥१२८॥
१४. स्त्रियो हि विषमं विषम् ॥१३५॥
१५. मदनमधुमदान्धे प्रायशः को विवेकः ॥१३६॥
१६. रवेरिवारविन्दस्य कठोराश्च गुरूक्तयः ॥१४२॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि यह समग्र ग्रन्थ सूक्तियोंका आकर है। कहते हैं कि आचार्य जिनसेनने अपने वर्तमान जीवनकी सन्निकटता जानकर अपने अवशिष्ट साहित्य कार्यको सम्पन्न करनेके अभिप्राय से अपने प्रिय दोनों शिष्योंको आमन्त्रितकर कहा कि सामने जो शुष्क वृक्ष (ठूंठ) खड़ा है, कविता द्वारा उसकी अभिव्यक्ति दूसरोंसे तुम किन शब्दोंमें करोगे। यह सुनकर एक शिष्यने उसकी अभिव्यक्ति 'शुष्कः काष्ठः तिष्ठत्यग्रे' इन शब्दोंमें की और दूसरेने इसी बातको 'नीरसतरुरिह विलसति पुरतः' इन शब्दोंमें व्यक्त किया। यतः दूसरे जिस शिष्यने कर्णमधुर अतएव कोमल और सरस पद द्वारा अपने गुरुद्वारा कहे गये वाक्यको अनूदित करके दुहराया था, अतः गुरुने अपने अवशिष्ट रहे साहित्यिक कार्यको सम्पन्न करनेके लिये उपयुक्त समझकर उसे ही पूरा करनेकी अनुज्ञा दे दी। उनका वह दूसरा शिष्य और कोई नहीं, भदन्त गुणभद्रसूरि ही थे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह एक किंवदन्ती अवश्य है। पर भदन्त गुणभद्रद्वारा रचित क्या उत्तरपुराण और क्या आत्मानुशासन जिस कृतिपर भी दृष्टिपात करते हैं उसे देखते हुए वस्तुतः यह किंवदन्ती किंवदन्ती न रहकर यथार्थताका भान कराने लगती है। वे प्रतिभाके धनी तो थे ही, काव्यकलामें भी वे बेजोड़ थे। पर वे संसारमें डुबानेवाले कुकवि न होकर थे वे संसारसे पार करनेमें समर्थ सुकवि ही। विवेचकोंको इसी दृष्टिसे उनके द्वारा रचित समग्र साहित्यका और खासकर आत्मानुशासन ग्रन्थका अवलोकन करना चाहिये। लोककी दृष्टिमें भले ही यह उत्कृष्ट काव्य निरूपित किया जावे, पर मेरी दृष्टिमें तो यह एक वनवासी वीतराग सन्तके द्वारा उच्छ्वसित होकर मोक्षका सोपानरूप ही प्रतीत होता है। जो भी आसन्न भव्य इसके हार्दको समझकर तदनुरूप प्रवृत्ति करेगा वह नियमसे आत्मस्वातन्त्र्यका उपभोक्ता बनकर मोक्षका अधिकारी होगा इसमें सन्देह नहीं। इस प्रकार मूल ग्रन्थका सामान्य अवलोकन करनेके बाद आगे उसमें वर्णित प्रत्येक प्रमेयपर संक्षेपमें विचार करेंगे।

१. मङ्गलाचरण

नियमानुसार मंगल, निमित्त, हेतु, परिमाण, नाम और कर्ताका व्याख्यान करके ही शास्त्रका व्याख्यान करना चाहिये[1] यह गुरुपर्वक्रमसे आई हुई सम्यक् परम्परा है। तदनुसार भदन्त गुणभद्रने भी ग्रन्थके आदिमें अपने हृदयपटल पर अन्तिम तीर्थकर्ता[2] भगवान् वीर (वर्धमान) जिनको अवतरित कर जहाँ आद्य पद्य में उन्हें द्रव्य-भाव नमस्कार किया है वहीं उस ग्रन्थके नाम और हेतुका भी उल्लेख कर दिया है। अविनाभाव सम्बन्धवश शेष तीनका ग्रहण इसीसे हो जाता है। इतना अवश्य है कि आत्मानुशासनके संस्कृत टीकाकारने अपनी टीकाके प्रारम्भमें मंगलसूत्रकी व्याख्या करते हुए यह अभिप्राय अवश्य ही व्यक्त किया है कि भदन्त गुणभद्रने विषयासक्त बृहत् धर्मबन्धु लोकसेनको लक्ष्यकर वैराग्योत्पादक इस ग्रन्थकी रचना की है[3]। आगे भदन्त गुणभद्रने प० २ में जो यह भाव

---

१. मंगल-णिमित्त-हेऊ परिमाणं णाम तह कत्तारं। वागरिय छप्पि पच्छा वक्खाणउ सत्थमायरिओ। ध० पु० १ पृ० द्वि० सं०।

२. णिस्संसयकरो वीरो महावीरो जिणुत्तमो। राग-दोस-भयातीदो धम्मतित्थस्स कारओ। ज० ध० भा० १, पृ० ६५ द्वि० सं०।

३. बृहद्धर्मभ्रातुर्लोकसेनस्य विषयव्यामुग्धबुद्धेः संबोधनव्याजेन.... आ० शा० पृ० १, सो० सं०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्यक्त किया है कि सभी संसारी प्राणी दुःखसे डरते हैं और सुखकी कामना करते हैं, उससे प्रतीत होता है कि भदन्त गुणभद्रने इस द्वारा दुःखापहारी सुखकर शिक्षाका अनुशासन करनेके अभिप्रायसे ही वैराग्योत्पादक इस ग्रन्थकी रचना की है। इसी बातको स्पष्ट करते हुए भय छुड़ानेके अभिप्रायसे वे प० ३ में पुनः कहते हैं कि जिस प्रकार आतुर मनुष्य उग्र औषधिके सेवनसे भय नहीं करता उसी प्रकार प्रत्येक भव्य प्राणीको वर्तमानमें कठिन प्रतीत होनेवाले किन्तु फलकालमें मधुर इस आत्माके अनुशासनको हृदयसे स्वीकार करना चाहिये।

२. धर्मकथा कहनेका अधिकारी गणी

धर्म रत्नत्रयस्वरूप है यह सर्वजन सुप्रसिद्ध है। उसकी कथा करनेके अधिकारी वाचाल मनुष्य तो हो ही नहीं सकते, जो अन्तरंगमें धर्म बुद्धिसे रहित हैं, मात्र दूसरोंको उपदेश देनेमें उन मेघोंके समान कुशल हैं जो मात्र गरजते बहुत हैं, बरसते नहीं। उनके द्वारा की गई धर्मकथा शस्यश्यामला उर्वरा भूमिमें ओले बरसनेके समान प्रतीत होती है। इससे सद्धर्मका प्रचार न होकर मात्र पक्षका ही पोषण होता है। ऐसी अवस्थामें धर्मकथा करनेवाला व्यक्ति कैसा होना चाहिये इस विषयकी चर्चा करते हुए भदन्त गुणभद्र कहते हैं जो प्राज्ञ हो, जिनागमकी थाहको जिसने स्पर्श कर लिया हो, लोकरीतिको समझनेवाला हो, जिसकी परिग्रहसम्बन्धी तृष्णा शान्त हो गई हो, जो श्रोताके अभिप्रायको पहलेसे ही जानकर उसके अभिप्रायको शास्त्रानुकूल मोड़नेमें समर्थ हो, प्रश्न सुन कर घबड़ाये नहीं, हित, मित और प्रिय वचन बोलनेवाला हो ऐसा गणी धर्मकथा करने का अधिकारी होता है, अन्य नहीं यह इसका भाव है (गा० ४-५)।

प्रसंगसे यहाँ हमें यह स्वीकार करनेमें थोड़ा भी संकोच नहीं होता कि इस समय जो अनधिकारी पुरुषों द्वारा धर्मकथा करनेकी परम्परा चल पड़ी है उससे शास्त्र सभाकी मर्यादामें जितनी बाधा पड़ी है उतनी इससे पहले कभी नहीं पड़ी होगी।

जहाँ तक आगमके आलोडनसे तो यही पता चलता है कि प्राचीनकालमें जो रत्नत्रयधारी वीतराग सन्त होते थे वे ही गाँव-गाँव जाकर धर्मकथा द्वारा हित उपदेश देकर भव्य जीवोंको मोक्षमार्गमें लगाते थे। लगता है कि मुनियोंके वनवासी जीवन तक तो यही परम्परा चलती रही। किन्तु जब मुनियोंने एकान्त वनवासके जीवनसे ऊबकर कोलाहलप्रधान-नगरों और ग्रामों तथा उनके मन्दिरों आदिमें रहना प्रारंभ कर दिया तबसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस स्थितिने पलटा खाया और धीरे-धीरे उपदेश देनेके अधिकारी केवल रत्नत्रयधारी मुनिजन न रहकर उनका स्थान भट्टारकोंने और गृहस्थोंने लेना प्रारम्भ कर दिया।

समग्र जैन साहित्यके आलोडनसे पता चलता है कि लगभग ११वीं शताब्दिसे गृहस्थों द्वारा रचित साहित्यने जैन वाङ्मयमें अपना गौरवपूर्ण स्थान बनाना प्रारम्भ कर दिया था। भट्टारक परम्पराको मूर्तरूप भी लगभग इसी समयसे मिलना प्रारम्भ हो गया था। वर्तमानमें जो हम भोग रहे हैं यह आगमविरुद्ध ऐसे लेखन और वक्तृत्वका परिणाम है, जिसने आज मतभेदों तथा तर्क-कुतर्कोंका अम्बार लगा दिया है। अब तो महिलाओंने भी दिगम्बर परंपरामें पूर्वकी मर्यादाको भुलाना प्रारम्भ कर दिया है। इसमें भी हम पुरुषोंका ही दोष है।

३. उपदेश ग्रहण करने योग्य श्रोता

जैसे आगममें मोक्षमार्गका अधिकारी वक्ता प्रायः रत्नत्रयधारी मुनि ही स्वीकार किया गया है वैसे ही धर्मकथा सुननेके लिये सावधान व्यक्तिको स्वीकार किया गया है, क्योंकि ऐसा ही व्यक्ति संसारसे भयभीत होकर श्रोताके रूपमें यथार्थ गुरुकी शरणको स्वीकार करता है। आगममें जैसे वक्ताकी मर्यादा स्वीकार की गई है वैसे ही श्रोताकी भी मर्यादा स्वीकार की गई है। वर्तमानमें यद्यपि सभी वक्ता और श्रोता दोनोंमें ही विसंगतियाँ देखी जाती हैं, जो कालदोषसे अपरिहार्य है। ऐसा होते हुए भी आगमकी मर्यादा क्या है वह हमारे ध्यानमें रहे, मात्र इतने प्रयोजनको ध्यानमें रखकर ही हमने संक्षेपमें यह खुलासा किया है।

४. सम्यग्दर्शन और उसके भेद

आगे धर्मके स्वरूपपर प्रकाश डाल कर तथा उसकी प्राप्ति क्या करनेसे होती है यह दिखला कर धर्मके प्रथम सोपानके रूपमें सम्यग्दर्शनके भेदोंके कथनके मिससे सम्यग्दर्शनकी प्रधानरूपसे चर्चा की गई है।

परमार्थसे सम्यग्दर्शन स्वभावपर्याय है। जो आत्माका मूलरूपमें जैसा सहज स्वभाव है उसरूप ज्ञान परिणामके होनेपर होता है यह नियम है। तथा यथार्थ देव, शास्त्र, गुरु आदिकी श्रद्धा करना उसका व्यवहार है।

मूलमें सम्यग्दर्शन एक है। निमित्त भेदसे वह दो, तीन और दश प्रकारका कहा गया है (प० १०)। जो सम्यग्दर्शन वर्तमानमें परोपदेशपूर्वक होता है उसकी अधिगमज संज्ञा है। तथा जो वर्तमानमें परोपदेशके बिना होता है वह निसर्गज सम्यग्दर्शन है। यद्यपि प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन देशना-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लब्धिपूर्वक होता है ऐसा नियम है फिर भी यहाँ उसके दो भेद वर्तमानमें उपदेश लाभ होने और न होनेकी अपेक्षा किये गये हैं। आशय यह है, कि जिसे पहले उसी पर्यायमें या अनन्तर पूर्व पर्यायमें भेदविज्ञानी द्वारा उपदेशलाभ होकर उसे ग्रहण, धारण और अनुस्मरण करनेकी सामर्थ्य उत्पन्न हुई हो उसे भव-भोगोंके प्रति उदासीनतापूर्वक जो आत्मानुभूति होती है वह निसर्गज सम्यग्दर्शन है, तथा वर्तमान में जो उपदेशपूर्वक आत्मलाभ होता है वह अधिगमज सम्यग्दर्शन है। आगममें सम्यग्दृष्टि ज्ञानीका उपदेश ही कार्यकारी माना गया है, इतना सुनिश्चित है।

तीन भेदोंका निर्देश करते हुए उसके आगममें ये तीन भेद परिलक्षित होते हैं—औपशमिक सम्यग्दर्शन, क्षायोशमिक सम्यग्दर्शन और क्षायिक सम्यग्दर्शन।

५. नयदृष्टिसे बन्धके कारण

आचार्यदेवने पद्य १७९ और २४५ में बन्धका उल्लेख कर अनेक स्थलोंपर संसारके जिन कारणोंका उल्लेख किया है उनमें मिथ्यात्व मुख्य है। अदेवमें देवबुद्धि, अगुरुमें गुरुबुद्धि और अतत्त्व या उनके प्रतिपादक कुशास्त्रमें तत्त्व या शास्त्रबुद्धिका होना मिथ्यात्व है।

(१)षट्खण्डागम धवला पुस्तक १२में बन्ध प्रत्ययोंका निर्देश करनेवाला एक प्रत्यय नामका अनुयोगद्वार आया है। उसमें नय दृष्टिसे कर्मबन्धके कारणोंका विचार किया गया है। नैगम, संग्रह और व्यवहार नयसे ज्ञानावरणादि कर्मोंके बन्धके कारणोंका निर्देश करते हुए सूत्र ८ में[1] मोहके साथ क्रोध, मान, माया और लोभको भी बन्धके कारणोंमें परिगणित किया गया है। तथा उन तीन नयोंसे सूत्र १० मे[2] मिथ्यादर्शन और मिथ्याज्ञानके साथ योगको भी बन्धके कारणोंमें परिगणित किया गया है। इससे स्पष्ट है कि जैसे क्रोधादि कषाय और योग नैगमादि तीन नयौसे बन्धके कारण हैं वैसे ही मिथ्यादर्शन और मिथ्याज्ञान भी इन्हीं तीनों नयोंकी अपेक्षा बन्धके कारण हैं। इस अपेक्षासे इनमें समान रूपसे कारणता स्वीकार करनेमें किसी प्रकारका प्रत्यवाय नहीं है। आठ कर्मोंके बन्धके कारणोंका मात्र ऋजुसूत्र नयसे विचार करने पर प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध योगसे तथा स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध कषायसे होते हैं, यह स्वीकार किया गया है। इसलिये नैगम, संग्रह और व्यवहार नयसे मिथ्यात्व आदि पाँचों बन्धके कारण है जो यह आगममें स्वीकार किया गया है उसकी संगति बैठ जाती है। तथा ऋजुसूत्र नयसे योग और कषाय ये दो बन्धके

१. ध० पु० १२ पृ० २८३।   २. वही पृ० २८७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कारण हैं इस कथनमें भी कोई बाधा नहीं आती। दोनों ही कथन अपनी-अपनी जगह आगमानुसार ही हैं। इनमेंसे किसी एकका भी अपलाप नहीं किया जा सकता, क्योंकि किसी एक कथनके अपलाप करनेका अर्थ होता है उस नय दृष्टिको अस्वीकार करना।

६. मिथ्यात्व बन्धका कारण मुख्य है

(२) आगे इस पर विस्तारसे विचार करनेके पहले कर्मबन्धके जो पाँच कारण कहे गये हैं उनमेंसे मिथ्यात्वमें बन्धकी कारणता क्यों स्वीकार-की गई है इस विषय पर संक्षेपमें प्रकाश डालेंगे।

यह तो सुप्रसिद्ध सत्य है कि जो पहला गुणस्थान मिथ्यात्व है उसमें उत्पादानुच्छेदकी अपेक्षा जिन प्रकृतियोंकी बन्ध व्युच्छित्ति होती है वे प्रकृतियाँ १६ हैं। उनमेंसे एक मिथ्यात्व ध्रुवबन्धिनी प्रकृति है, । मिथ्यात्वरूप परिणामके साथ उसका बन्ध नियमसे होता ही रहता है। अनन्तानुबन्धीको विसंयोजना करनेवाला जीव सम्यक्त्व आदिरूप परिणामोंसे च्युत होकर यदि मिथ्यात्व गुणस्थानमें आता है तो उसके प्रारम्भसे ही अनन्तानुबन्धी चतुष्कका बन्ध होकर भी एक आवलि काल तक अपकर्षणपूर्वक उसकी उदय-उदीरणा नहीं होती ऐसा नियम है[1]। अतः ऐसे जीवके एक आवलि काल तक अनन्तानुबन्धी क्रोधादिरूप परिणामके न होने पर भी मिथ्यात्व परिणामनिमित्तक मिथ्यात्व प्रकृतिका बन्ध होता ही है। साथ ही शेष १५ प्रकृतियोंका भी यथासम्भव बन्ध होता है।

(३) यद्यपि वहाँ एक अनन्तानुबन्धी क्रोधादिरूप परिणामको छोड़कर बन्धके अन्य सब कारण उपस्थित अवश्य हैं पर मिथ्यात्व प्रकृतिके बन्धका अविनाभाव सम्बन्ध जिस प्रकार मिथ्यात्व परिणामके साथ पाया जाता है वैसा अन्य प्रत्ययोंके साथ नहीं पाया जाता, इसीलिये ही मिथ्यात्व कर्मके बन्धका प्रधान कारण मिथ्यात्व परिणाम होनेसे बन्धके कारणोंमें मिथ्यात्वको परिगणित किया गया है, अन्यको नहीं।

(४) दूसरे अन्य जिन हुंडक संस्थान आदि १५ प्रकृतियोंकी बन्ध व्युच्छित्ति मिथ्यात्व गुणस्थानमें होती है वे सबकी सब सप्रतिपक्ष प्रकृतिगाँ हैं। इसलिये यह तो माना जा सकता हैं कि जब मिथ्यात्व गुणस्थानमें उन प्रकृतियोंके बन्धके कारणरूप परिणाम नहीं होते तब उनका बन्ध न होकर उनकी सप्रतिपक्ष प्रकृतियोंका बन्ध होने लगता है। फिर भी अन्य सप्रतिपक्ष प्रकृतियोंका बन्ध तो मिथ्यात्वरूप परिणामोंके अभावमें

---

१. संजोजिदअणंताणुबंधीणमावलियामेत्तकालमुदीरणाभावादो। ध० पु० १५ पृ० ७५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भी होना सम्भव है। परन्तु उन १५ प्रकृतियोंका जब भी बन्ध होगा तब मिथ्यात्वरूप परिणामके होनेपर ही होगा, अन्यथा नहीं। तब उस जीवके अनन्तानुबन्धीका उदय रहे या न रहे, इससे उन १५ प्रकृतियोंके बन्ध होने और न होनेमें कोई फरक नहीं पड़ता। जब भी उनका बन्ध होगा, मिथ्यात्व परिणामके होनेपर ही होगा यह अकाट्य नियम है। इसलिये इन १५ प्रकृतियोंके बन्धका भी प्रधान कारण मिथ्यात्व होनेसे मिथ्यात्व-को प्रमुखरूपसे बन्धके कारणोंमें परिगणित किया गया है।

(५) सामान्यतया प्रकृतिबन्धकी अपेक्षा तो आगमका यह अभिप्राय है ही, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धकी अपेक्षा भी विचार करनेपर जिन १६ प्रकृतियोंका मात्र मिथ्यात्व गुणस्थानमें बन्ध होता है उनका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य किसी भी प्रकारका स्थितिबन्ध या अनु-भागबन्ध क्यों न हो उसका अविनाभाव सम्बन्ध भी जैसा मिथ्यात्व परिणामके साथ पाया जाता है वैसा अविरति आदि अन्य परिणामोंके साथ नहीं पाया जाता, क्योंकि महाबन्धमें जहाँ भी इन १६ प्रकृतियोंके उत्कृष्टादि स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धके स्वामीका विचार किया गया है वहाँ उसका मिथ्यादृष्टि होना अवश्यंभावी कहा गया है। उसके संक्लेश आदिरूप परिणामोंमें भेद हो सकता है पर उसे मिथ्यादृष्टि होना ही चाहिये।

(६) (प्रसंगसे) यहाँ यह बात विशेषरूपसे उल्लेखनीय है कि मिथ्यात्व आदि प्रत्ययों (बन्धकारणों) का विचार अनुभागबन्धकी अपेक्षा करते हुए महाबन्धमें लिखा है—

मिच्छ० - णवुंस० - णिरयाउ० - णिरयगइ-चदुजादि-हुंड०-असंप०-णिर-याणु०-आदाव-थावरादि० ४ मिच्छत्तपच्चयं। महाबन्ध पु० ४ पृ० १८६।

आशय यह है कि मिथ्यात्व आदि उक्त १६ प्रकृतियोंका बन्ध मिथ्यात्व निमित्तक ही होता है। उनके बन्धमें अनन्तानुबन्धी क्रोधादिरूप असंयम परिणामका होना अनिवार्य नहीं है। इसलिये जो बन्धके कारणोंमें मिथ्यात्वको अकिंचित्कर कहकर यहाँ अनन्तानुबन्धी क्रोध आदिकी प्रधानताको सूचित करते हैं उनका वह चिन्तन आगमानुसार नहीं है, इतना उक्त आगमके परिप्रेक्ष्यमें स्पष्टरूपसे स्वीकार करना अनिवार्य हो जाता है।

(७) यह तो सब स्वाध्यायी बन्धु जानते हैं कि मिथ्यात्व परिणामके अभावस्वरूप जो सम्यग्दर्शनरूप स्वभाव परिणाम होता है वह तथा अनन्तानुबन्धी आदि १२ कषायोंके अभावस्वरूप जो वीतराग स्वरूप

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चारित्र परिणाम होता है वह मात्र निर्जराका ही कारण स्वीकार किया गया है, बन्धका कारण नहीं। फिर भी यह देखकर तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध सम्यग्दृष्टिके होता है, मिथ्यादृष्टिके नहीं, इसलिये तो महाबन्धमें तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धको सम्यक्त्व-निमित्तक कहा गया है और यह देख कर कि आहारकद्विकका बन्ध संयमीके ही होता है, असंयमीके नहीं, आहारकद्विकके बन्धको संयमनिमित्तक कहा गया है। यथा—

आहारदुगं संजमपच्चयं। तित्थयरं सम्मत्तपच्चयं। महाबन्ध पु० ४, पृ० १८६।

यहाँ यह शंका नहीं की जा सकती कि यदि तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध सम्यक्त्व निमित्तक होता है तो सभी सम्यग्दृष्टियोंके उसका बन्ध होना चाहिये और यदि आहारकद्विकका बन्ध संयमनिमित्तक होता है तो सभी संयमियोंके आहारकद्विकका बन्ध होना चाहिये, क्योंकि ऐसी व्याप्ति तो है कि जो भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध करेगा उसको कमसे कम सम्यग्दृष्टि तो होना ही चाहिये। तथा जो भी आहारकद्विकका बन्ध करेगा उसे कमसे कम अप्रमत्तसंयत तो होना ही चाहिये। इन दोनोंके इन प्रकृतियोंका बन्ध नियमसे होता ही है ऐसा नहीं है। होगा तो ऐसी योग्यताके होनेपर ही उनके बन्धके कारणोंसे होगा, अन्यथा नहीं होगा।

आगमके इस कथनका तात्पर्य यह है कि अन्यत्र न होकर जिस भूमिकामें जिस कर्मका बन्ध होता है उसमें नयदृष्टिसे कारणता स्वीकार करना अनिवार्य है। यदि ऐसा न माना जाय तो जिसके भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होगा उसे कमसे कम सम्यग्दृष्टि तो होना ही चाहिये यह कथन युक्तिसंगत नहीं माना जा सकेगा। एक कार्यके होनेमें कारण अनेक होते हैं, कोई साधारण कारण होता है और कोई असाधारण कारण होता है। यहाँ मिथ्यात्व आदि १६ प्रकृतियोंके बन्धमें मिथ्यात्व असाधारण कारण है, क्योंकि जो भी उनका बन्ध करेगा उसका मिथ्यादृष्टि होना अनिवार्य है, उन प्रकृतियोंके बन्ध होनेमें अनन्तानुबन्धी क्रोधादिरूप परिणामका होना अनिवार्य नहीं है।

(८) उक्त १६ प्रकृतियोंका प्रदेशबन्धकी अपेक्षा विचार करनेपर भी इनका उत्कृष्टादिके भेदसे किसी भी प्रकारका प्रदेशबन्ध क्यों न हो उसका भी मिथ्यादृष्टि होना अनिवार्य है। मिथ्यादृष्टि न हो और केवल योगके निमित्तसे इन प्रकृतियोंका किसी भी प्रकारका प्रदेशबन्ध हो जाय ऐसा नहीं है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(९) यहाँ यह कहा जा सकता है कि मिथ्यादृष्टि तो हो, परन्तु उसके योग और कषाय न हो तो उन प्रकृतियोंका केवल मिथ्यात्वके निमित्तसे बन्ध नहीं होगा। परन्तु जिसका ऐसा कहना है सो उसका वैसा कहना इसलिये युक्तियुक्त नहीं है, क्योंकि आगमके अनुसार यह तो कहा जा सकताहै कि योग और कषाय तो हो, परन्तु मिथ्यात्व न हो। पर यह नहीं कहा जा सकता कि मिथ्यात्व तो हो और योग और कषाय न हो। हाँ कोई कहे कि मिथ्यात्व तो हो और अनन्तानुबन्धी न हो तो यह कहना जैसे बन जाता है। वैसे ही अनन्तानुबन्धी तो हो और मिथ्यात्व न हो, गुण-स्थान भेदसे यह कहना भी बन जायगा। अतः आगमके अनुसार यही मानना युक्ति संगत प्रतीत होता है कि आगममें जो बन्धके पाँच कारण कहे गये हैं उनमें मिथ्यात्व मुख्य है।

(१०) अब प्रश्न यह है कि जब मिथ्यात्व भी बन्धका कारण है तब ऋजुसूत्रनयसे स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धका कारण मात्र कषायको तथा प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्धका कारण मात्र योगको क्यों कहा। ऋजु-सूत्रनयसे मिथ्यात्वका बन्धके कारणोंमें क्यों नहीं परिगणित किया गया? समाधान यह है कि कषायकी वृद्धि और हानिके साथ तो स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धकी वृद्धि और हानि देखी जाती है, इसलिये तो ऋजु-सूत्रनयसे कषायको स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धका कारण कहा[1] तथा योगकी वृद्धि और हानिके साथ प्रदेशबन्धकी वृद्धि और हानि होती है, इसलिये ऋजुसूत्र नयसे योगको प्रदेशबन्धका कारण कहा[2]। यहाँ जिस प्रकार प्रदेशबन्धका कारण योग है उसी प्रकार प्रकृतिबन्धका कारण भी योग है, क्योंकि उसके बिना उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती, और ऐसा नियम है कि जिसके बिना जिसकी उत्पत्ति नहीं होती वह उसका कार्य व दूसरा कारण होता है[3]।

(११) फिर भी यह प्रश्न तो खड़ा ही रहता है कि जब ऋजुसूत्रनयसे प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्धका कारण योग तथा स्थितिबन्ध और अनुभाग

१. णाणावरणीयट्ठिदिवेयणा अणुभागवेयणा च कसायपच्चएण होदि, कसाय-वड्ढिहाणीहिंतो ट्ठिदि-अणुभागाणं वड्ढि-हाणिदंसणादो। ध० पु० १२ पृ० २८८।

२. ण च जोगवड्ढि-हाणीओ मोत्तूण अण्णेहिंतो णाणावरणीयपदेसबंधस्स वड्ढि हाणिं वा पेच्छामो। ध० पु० १२ पृ० २८८।

३. याणि चेव योगट्ठाणाणि ताणि चेव पदेसबंधट्ठाणाणि। णवरि पदेसबंध-ट्ठाणाणि पगदिविसेसेण विसेसाधियाणि। म० बं०, भा० ६ पृ० १०१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बन्धका कारण कषाय है तो फिर शेष क्या बचता है जिसका कारण माननेके लिए मिथ्यात्वको स्वीकार किया जाय ? समाधान यह है कि प्रत्येक कार्यकी उत्पत्तिमें कारण दो प्रकारके होते हैं—एक सामान्य (व्यापक) कारण और दूसरा विशेष (व्याप्य) कारण। प्रकृतमें नैगमादि तीन नयोंसे बन्धके जितने भी कारण कहे गये हैं वे सब सामान्य कारण हैं तथा ऋजुसूत्रनयसे जो कारण कहे गये हैं वे विशेष कारण हैं। जैसे हमारे-आपके चलने में पृथ्वी सामान्य कारण है, वह न हो तो हम एक डग भी नहीं चल सकते। तथा विहायोगति नामकर्मका उदय आदि विशेष कारण है। पृथिवीपर हम भी चलते हैं, आप भी चलते हैं, ऊँट भी चलता है और सर्प आदि भी चलते हैं सो यहाँ प्रत्येककी चालमें जो अन्तर पड़ता है उसका कारण अलग-अलग होकर भी पृथ्वी सबके चलनेके लिए सब अवस्थाओंमें कारण है वैसे ही प्रकृतमें भी समझना चाहिये। मिथ्यात्वमें बंधनेवाली सभी प्रकृतियोंके चारों प्रकारके बन्धका सामान्य कारण मिथ्यात्व होकर भी बन्धमें जो तारतम्य दिखाई देता है उसका कारण विवक्षित योग और कषाय हैं ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

(१२) प्रदेशबन्धके प्रसंगसे आगममें जो यह कहा गया है कि जो योग-स्थान हैं वे ही प्रदेशबन्धस्थान हैं। इतनी विशेषता है कि प्रकृतिविशेषकी अपेक्षा वे प्रदेश बन्धस्थान विशेष अधिक हैं। सो इसका अर्थ है कि भले ही योग वही रहे पर प्रकृति भेदके कारण जो प्रदेशबन्धमें फरक पड़ता है, उसका कारण प्रकृति भेद ही है। क्योंकि एक कालमें विवक्षित योगसे जितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है, उन सब प्रकृतियोंमें मिलनेवाले प्रदेश सबको समान नहीं मिलते हैं। इसका कारण वह योग न होकर कथंचित् प्रकृतिभेद ही इसका कारण रहता है। फिर भी यदि कोई यह माने कि यहाँ प्रकृति भेदसे उन प्रकृतियोंके प्रदेशबन्धमें योग अकिंचित्कर है, प्रकृतिभेद ही उसका कारण है तो जैसे उसका यह मानना मिथ्या है वैसे ही बन्धमें मिथ्यात्वको अकिंचित्कर मानना भी मिथ्या ही है।

(१३) इस प्रकार नयभेदसे मिथ्यात्व आदि पाँचों ही बन्धके कारण हैं ऐसा यहाँ वेदनाखण्ड प्रत्यय अनुयोगद्वारके अनुसार समझना चाहिये। आचार्य गृद्धपिच्छने भी इसी बातको ध्यानमें रखकर ही तत्त्वार्थसूत्रके ८वें अध्यायमें प्रारम्भके दो सूत्रोंकी रचना की है। वहाँ प्रथम सूत्र नैगमादि तीन नयोंकी अपेक्षा रचा गया है और दूसरे सूत्रकी रचना ऋजुसूत्रनयकी अपेक्षा की गई है। मात्र उत्तरकालीन आचार्योंने नयविवक्षाको गौणकर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगमकी संकलना की है; इसलिये मादृशः जनोंको नयज्ञान न होनेसे ऐसी विडम्बनाकी स्थिति बन जाती है जो युक्तियुक्त नहीं है। अतः आगमके सर्वांग कथनको स्वीकार करना ही मोक्षमार्गमें प्रयोजनीय माना गया है ऐसा मानकर ही मुनि या श्रावकको अपने श्रद्धानको आगमानुकूल बना कर दृढ़ करना चाहिये।

७. सम्यग्दर्शनके उत्तर भेदोंका विशेष स्पष्टीकरण

आत्मानुशासनमें भदन्त गुणभद्रने सम्यग्दर्शनके जो दस भेद किये हैं सो उन भेदोंके करनेमें मिथ्यात्व आदि कर्मोंके उपशमादिकी विवक्षा न होकर ज्ञानावरण कर्मके क्षय क्षयोपशम आदिकी विशेषता स्पष्टतः परिलक्षित होती है। मात्र जो औपशमिक आदि तीन भेद किये गये हैं उनके होनेमें अवश्य ही मिथ्यात्व आदि कर्मोंका उपशम, क्षय, क्षयोपशम मुख्य है। उनमें प्रथम औपशामिक सम्यग्दर्शन है। अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके सबसे पहले प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन की ही उत्पत्ति होती है। यदि एक बार सम्यग्दर्शन होनेके बाद वह मिथ्यादृष्टि हो भी जाय और वेदककालके भीतर वेदक सम्यग्दर्शनकी उत्पत्ति न होकर वह मिथ्यादृष्टि ही बना रहे तो पुनः वह प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनको प्राप्त करके ही सम्यग्दृष्टि हो सकता है।

अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके एक मिथ्यात्व दर्शनमोहनीय कर्मके साथ २६ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है, किन्तु सादि मिथ्यादृष्टि जीवके २८, २७ और २६ प्रकृतियोंकी सत्ता बन जाती है। जिस सादि मिथ्यादृष्टि जीवने सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृतिकी उद्वेलना नहीं की है उसके २८ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। जिसने सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिकी उद्वेलना कर ली है उसके २७ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है और जिसने सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृति दोनोंकी उद्वेलना कर ली है वह सादि मिथ्यादृष्टि होते हुए भी उसके २६ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। ये तीनों ही प्रकारके जीव प्रथमोपशम सम्यग्दर्शको प्राप्त करनेके अधिकारी हैं।

इस सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति दर्शनमोहनीय कर्मके अन्तरकरण उपशम-पूर्वक होती है। अनन्तानुबन्धीकर्मका अन्तरकरण उपशम नहीं होता। मात्र जिस समय यह सातिशय मिथ्यादृष्टि जीव अधःप्रवृत्तकरण आदि तीन करण करके अन्तरकरण उपशमपूर्वक दर्शनमोहनीय कर्मकी प्रथम स्थितिको गलाकर प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि होता है उसी समय इस जीवके अनन्तानुबन्धीका अनुदय होनेसे इसकी भी अनुदयोपशमके रूपमें परिगणना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की जाती है। अतः इसी तथ्यको व्यक्त करते हुए यह कहा जाता है कि दर्शन-मोहनीयकी तीन और अनन्तानुबन्धीकी चार इन ७ प्रकृतियोंके उपशमसे उपशमसम्यग्दर्शन होता है। परन्तु दर्शनमोहनीयके समान इसके अनन्तानुबन्धीका अन्तरकरण उपशम नहीं होता इतना सुनिश्चित है।

यह प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनका स्वरूप है। इसके सिवाय उपशम-सम्यग्दर्शनका एक भेद द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन भी है जो अप्रमत्तसंयत वेदकसम्यग्दृष्टि जीव उपशमश्रेणिपर चढ़नेके सन्मुख होता है उसके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाके साथ दर्शनमोहनीयके अन्तःकरण उपशम-पूर्वक होता है। यह सामान्यसे उपशम सम्यग्दर्शनके दोनों भेदोंका स्वरूप निर्देश है।

सम्यग्दर्शनके दूसरे भेदका नाम क्षयोपशम सम्यग्दर्शन है। यह सम्यक्त्वमोहनीयके उदयपूर्वक होनेसे इसका दूसरा नाम वेदक सम्यक्त्व भी है। यह उपशम सम्यग्दर्शन पूर्वक भी होता है और मिथ्यादर्शनपूर्वक भी होता है। इतनी विशेषता है कि जो सम्यग्दर्शनसे च्युत होकर मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त हुआ है उसके वेदक कालके भीतर ही इस सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होना सम्भव है। किन्तु वेदक कालके व्यतीत होनेपर वह मात्र प्रथमोपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करके ही सम्यग्दृष्टि हो सकता है।

इसके अनेक भेद हैं। प्रथम भेदमें अनन्तानुबन्धी ४, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अनुदय रहता है और सम्यक् प्रकृतिका उदय रहता है। दूसरे भेदमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना रहती है, तथा मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अनुदय और सम्यक् प्रकृतिका उदय रहता है। तीसरे भेदमें अनन्तानुबन्धी ४ की विसंयोजना, मिथ्यात्वकी क्षपणा होकर सम्यग्मिथ्यात्वका अनुदय और सम्यक्प्रकृतिका उदय रहता है तथा चौथे भेदमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी क्षपणा होकर सम्यक् प्रकृतिका उदय रहता है। कृतकृत्यवेदक सम्यग्दर्शन इस चौथे भेदकी ही संज्ञा है। इन चार भेदोंमेंसे अन्तिम दो भेद, जो वेदक सम्यग्दृष्टि जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करता है उसीके होते हैं। इस प्रकार आगमानुसार वेदक सम्यक्त्वके चार भेद जानने चाहिये।

जो प्रवृज्या देनेमें समर्थ योग्य गुरुकी शरणमें जाकर चरणानुयोगके अनुसार २८ मूलगुणोंको अंगीकार करते हैं ऐसे कोई द्रव्यलिंगी साधु प्रवृज्या लेनेके अनन्तर या कालान्तरमें आगमानुसार जीवादि तत्त्वोंके अभ्यासपूर्वक प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनके साथ या वेदक सम्यग्दर्शन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(प्रथमभेद) के साथ अप्रमत्तसंयत गुणस्थानको प्राप्त करनेके अधिकारी होते हैं। इसी प्रकार जिस व्यक्तिने गुरुकी साक्षीपूर्वक चरणानुयोगोंके अनुसार श्रावकके निरतिचार १२ व्रत स्वीकार किये हैं वे भी जीवादि तत्त्वोंके सम्यक् अभ्यासपूर्वक उक्त दोनों सम्यग्दर्शनोंमेंसे किसी एक सम्यग्दर्शनके साथ विरताविरत गुणस्थानके अधिकारी होते हैं। तथा जिन्होंने विधिवत् महाव्रतों या अणुव्रतोंको नहीं स्वीकार किया है। मात्र जो चतुर्थ गुणस्थानके समान प्रवृत्ति करनेमें सावधान हैं वे उक्त दोनों सम्यग्दर्शनोंमेंसे किसी एक सम्यग्दर्शनके साथ चौथे गुणस्थानके अधिकारी होते हैं।

यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि उपशम सम्यग्दर्शनमें दर्शन मोहनीयकी उपशामना अधःप्रवृत्तकरण आदि तीन करणपूर्वक ही होती है। परन्तु वेदसम्यक्त्वकी प्राप्तिमें जो सम्यग्दर्शन छूटनेके दीर्घकाल बाद इस सम्यग्दर्शन को प्राप्त करते हैं वे प्रारम्भके दो करण करके ही इसके अधिकारी होते हैं। और जो अतिशीघ्र इसे प्राप्त करते हैं वे करणपरिणामोंके बिना भी इसे प्राप्त करनेके अधिकारी होते हैं। उपशम सम्यग्दर्शनपूर्वक वेदक सम्यग्दर्शनको प्राप्त किया जा सकता है इसमें किसी प्रकारका प्रत्यवाय नहीं है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानसे या प्रथमोपक्षम सम्यक्त्वसे भी कई जीव वेदक सम्यग्दर्शनको प्राप्त करनेके अधिकारी होते हैं इसमें भी किसी प्रकारका प्रत्यवाय नहीं है।

तथा सम्यग्दर्शनके तीसरे भेदका नाम क्षायिक सम्यग्दर्शन है। यह अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजनापूर्वक दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियोंकी क्षपणा करके प्राप्त होता है, इसलिये इसका क्षायिक सम्यग्दर्शन यह नाम सार्थक है। इतना अवश्य है कि चारों गतियोंके जीव इसे प्रारम्भ करनेके अधिकारी नहीं होते, मात्र कर्मभूमिज मनुष्य ही केवली श्रुतकेवलीके पादमूलमें वेदकसम्यक्त्वपूर्वक इसका प्रारम्भ करते हैं, हाँ पूर्ति इसकी चारों गतियोंमेंसे किसी भी एक गतिमें हो सकती है। एक तो जिस मनुष्यने इसका प्रारम्भ किया है वहीं इसकी पूर्ति हो जाती है। कदाचित् मरण हो जाय तो परभवसम्बन्धी जिस आयुका बन्ध किया हो वहाँ जाकर यह जीव उसकी पूर्ति करता है। फिर भी इसका प्रस्थापक जीव जब अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करनेके बाद मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी क्षपणा करके कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि हो जाता है तभी उसका मरण होकर अगले भवमें उसकी पूर्णता होती है ऐसा नियम है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मोक्षमार्गमें यह सम्यग्दर्शन धर्मका मूल है। यह अचल मोक्षरूपी प्रासादपर आरोहण करनेके लिये सोपानके समान है (९)। दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तपके भेदसे आराधना चार प्रकारकी है। उनमें इसका स्थान प्रथम है (१०)। इसके होनेपर ही अन्य आराधनाओंकी सफलता है। अन्य सब आराधनाऐं इसके बिना पत्थरके भारी बोझके समान हैं। परन्तु इसके होनेपर वे महामणिके समान पूज्य हैं (प० १५)। यह हितकी प्राप्ति अहितका परिहार करानेमें समर्थ है (प० १६)। संसारी प्राणी चाहे सुखी हों या दुःखी, उन्हें सदा धर्मकार्योंमें ही लगे रहना चाहिये। कारण कि सुखी जीवोंके लिये यह सुखकी अभिवृद्धिमें निमित्त है और दुःखी जनोंके दुःखका उपशम भी इसीसे होता है (प० १८)। धर्म प्रयत्नसे सींचे गये उस वृक्षके समान है जिसकी प्रयत्नपूर्वक भले प्रकार आराधना करनेसे नियमसे उत्तम फलकी प्राप्ति होती है (१९)। तात्पर्य यह है कि धर्म अपूर्व कल्पवृक्षके समान है। कल्पवृक्षसे तो याचना करने पर ही फलकी प्राप्ति होती है। किन्तु जो रत्नत्रयस्वरूप धर्मकी उपासना करता है उसे बिना याचना किये ही स्वर्गकी प्राप्तिके साथ अन्तमें मोक्षस्वरूप उत्तम फलकी प्राप्ति होती है। इसलिये स्वात्मातिरिक्त अन्य सब पदार्थोंमें स्नेहका परित्याग कर रत्नत्रयकी आराधना करना ही श्रेयस्कर है, क्योंकि जिसका हृदय थोड़ा भी स्नेहसे अनुरक्त है वह ज्ञान और चारित्रकी उपासना करता हुआ भी स्नेह (तेल) युक्त दीपकके समान कज्जल जैसे मलिन कर्मोंको ही जन्म देता है (२३१)। अतः बाह्य पदार्थों में मूर्च्छाका परित्याग करके ही धर्मकी आराधना करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

पुण्य-पाप

सर्वार्थसिद्धिमें लिखा है—पुनाति आत्मानं इति पुण्यम्। पाति रक्षति आत्मानं शुभादिति पापम्। जो आत्माको पवित्र करे उसे पुण्य कहते हैं तथा जो शुभसे आत्माकी रक्षा करे वह पाप है। अब प्रश्न यह है कि ऐसे कौनसे कार्य हैं जिनके करनेसे आत्मा पवित्र होता है ? समाधान यह है कि प्रथम तो रत्नत्रयकी आराधना यह मुख्य कार्य है उसकी उपासनासे यह आत्मा कर्मकलंकसे मुक्त हो अनन्त सुखका भोक्ता बनता है। आत्माको पवित्र करनेका यह ऐसा मार्ग है जिस पर आरूढ़ होनेके लिये मन, वचन और कायपूर्वक शुभ प्रवृत्तिका होना अनिवार्य है। किन्तु इसमें भी परिणामोंकी संम्हाल मुख्य है, क्योंकि पुण्य और पापका कारण परिणामोंको ही माना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गया है (२३) वे परिणाम शुद्ध और अशुद्धके भेदसे दो प्रकारके हैं। पराश्रित बुद्धिके त्यागपूर्वक स्वभावभूत आत्माकी उपासनासे जो रत्नत्रयरूप परिणामोंकी प्राप्ति होती है वे परिणाम शुद्ध कहलाते हैं। अशुद्ध परिणाम दो प्रकारके हैं—शुभ और अशुभ। इन्हींका नाम पुण्य और पाप भी है। मोक्षमार्गके अनुरूप देवपूजा, गुरूपास्ति, स्वाध्याय और दान आदि जितनी भी मन, वचन और कायकी सत् प्रवृत्ति होती है वह सब शुभ या पुण्यरूप मानी जाती है तथा संसारवर्धक विषय-कषायरूप जिनती भी मन, वचन और कायकी असत् प्रवृत्ति होती है वह सब अशुभ या पापरूप प्रवृत्ति मानी जाती है। लौकिक जन भी यह जानकर कि शुभ प्रवृत्ति पुण्यरूप होकर सुखका कारण है और अशुभ प्रवृत्ति पापरूप होकर दुखका कारण है, सदा ही शुभ प्रवृत्ति करनेमें आदरभाव बनाये रखते हैं। यही कारण है कि आगे २३९वें पद्यमें आचार्यने शुभ, पुण्य और सुखको हितरूप स्वीकार करके उन्हें अनुष्ठेय कहा है तथा अशुभ, पाप और दुःखको अहितरूप जानकर उनके अनुष्ठान करनेका निषेध किया है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि शुभ, पुण्य और सुख सदा ही अनुष्ठेय हैं। किन्तु बात यह है कि परमार्थसे तो प्रवृत्तिमात्र संसारकी जननी होनेके कारण मोक्षमार्गमें निषिद्ध ही मानी गई है। परन्तु जब तक छोड़ने योग्य उनसे मन, वचन और कायका सम्बन्ध अभिप्रायपूर्वक नहीं छूट जाता तभी तक उनमें निवृत्तिका अभ्यास करना योग्य है। परन्तु जहाँ अशुभसे निवृत्तिके साथ शुभमें प्रवृत्तिका भी अभाव होकर आत्मा अपने ज्ञायकस्वभावमें लीन हो जाता है, तभी वह अव्यय मोक्षपदकी प्राप्तिका अधिकारी होता है (२३६)। आगे इसी बातको विशदरूपसे समझाते हुए आचार्य कहते हैं कि राग द्वेषका होना ही प्रवृत्ति है और इनके निषेधका नाम ही निवृत्ति है। किन्तु ये दोनों ही बाह्य पदार्थोंके सम्बन्धसे होते हैं, इसलिये इनका त्याग करना ही श्रेयस्कर है (पृ० २३७)।

इस प्रकार हम देखते हैं कि विकल्पकी भूमिकामें शुभ, पुण्य और सुख आश्रय करने योग्य भले ही माने गये हों, परन्तु अन्तमें सर्वथा हेयरूप अशुभ, पाप और दुःखके छूटनेके साथ शुभ, पुण्य और इन्द्रिय सुखमें भी हेय बुद्धि होकर शुद्धोपयोगके बलसे वे स्वयं छूट जाते हैं (प० २४०)। परम पदको प्राप्त करनेका एकमात्र यही मार्ग है।

८. दैव और पुरुषार्थ

अकलंकदेवने अष्टशतीमें दैव और पुरुषार्थकी व्याख्या करते हुए जो कुछ लिखा है उसका भाव है कि पहले उपार्जित किया हुआ कर्म और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वगत योग्यता इन दोनोंका नाम दैव है। तथा वर्तमानमें बुद्धिपूर्वक की गई चेष्टाका नाम पुरुषार्थ है[1]। आचार्य समन्तभद्र कहते हैं कि प्राणीमात्रके संसारके प्रत्येक कार्यमें गौण-मुख्यभावसे इन दोनोंका सद्भाव नियमसे पाया जाता है। कहीं पुरुषार्थकी प्रधानता रहती है और दैव गौण रहता है तो कहीं दैवकी प्रधानता रहती है और पुरुषार्थ गौण रहता है। बुद्धिपूर्वक जो कार्य किया जाता है उसमें पुरुषार्थकी मुख्यता रहती है और अबुद्धिपूर्वक जो कार्य होते हैं उनमें दैव मुख्य हो जाता है[2]। इसी तथ्य को ध्यानमें रखकर आचार्यने अनेक पद्योंमें दैव या विधिकी प्रधानता जता कर यह तथ्य उद्घाटित किया है कि यह अज्ञानी अतएव मिथ्यादृष्टि प्राणी उदयागत कर्मके परवश होकर किस प्रकार अनन्त काल तक नरक निगोदादि दुःखोंका पात्र बना रहता है। इसी तथ्यको आलंकारिक शैलीमें परमतमें प्रसिद्ध इन्द्रकी कल्पित कहानीको दृष्टान्तरूपमें उपस्थित कर आचार्यदेव लिखते हैं कि जिसका मन्त्री बृहस्पति था, शस्त्र वज्र था, सैनिक देवगण थे, दुर्ग स्वर्गलोक था, हाथी ऐरावत था तथा जिसके ऊपर विष्णुका अनुग्रह था, इस प्रकार अद्भुत बलसे संयुक्त भी इन्द्रको युद्धमें दैत्यों द्वारा पराजयका मुख देखना पड़ा, इसलिये यह निश्चित है कि प्राणी-मात्रके लिये दैव (उदयागत कर्म) ही शरण है (पृ० ३२)। दैवके आगे पुरुषार्थका कुछ वश नहीं चलता वह तो तिरस्कार करने योग्य ही है।

उदयागत कर्मके परवश हुआ यह अज्ञानी प्राणी कैसे विफल पुरुषार्थ होकर दुःखका भाजन बनता रहता है इसे एक दूसरे दृष्टान्त द्वारा समझाते हुए आचार्यदेव पुनः कहते हैं कि विषयजन्य सुखकी प्राप्तिके लिये कितना ही पुरुषार्थ क्यों न किया जाय, जब तक यह अज्ञानी प्राणी उदयागत कर्मके अधीन होकर प्रवृत्ति करता रहता है तब तक वह कभी भी अपने पुरुषार्थमें सफल नहीं हो सकता (२३३)। इस प्रकार यह अज्ञानी जीव किस प्रकार उदयागत कर्मके परवश वर्तता रहता है इसका उक्त कथनसे समर्थन होने पर भी आदिदेव भगवान् ऋषभदेवका उदाहरण उपस्थित कर (प० ११९) यह भी तो कहा जा सकता है कि उदयागत कर्मका फल भोगनेमें ज्ञानी भी तो विवश है। ऐसी अवस्थामें यह क्यों

१. पुराकृतं कर्म योग्यता च दैवम्। उभयं अदृष्टम्। पुरुषार्थः पुनः इहचेष्टितं दृष्टम्।

२. आप्तमीमांसा ९१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहते हो कि उदयागत कर्मका फ़ल भोगनेमें अज्ञानी ही विवश है, ज्ञानी नहीं।

समाधान यह है कि कर्मकी उदय-उदीरणा अज्ञानीके भी होती है और ज्ञानीके भी होती है। परन्तु इन दोनोंमें इतना ही अन्तर है कि अज्ञानी रागरूपी रससे लिप्त होकर कर्मके फलको भोगता है और ज्ञानी रागरूपी रससे लिप्त नहीं होता, इसलिये ज्ञानीके कर्मकी उदय-उदीरणा होने पर भी वह परमार्थसे उसका भोक्ता नहीं होता, ज्ञाता ही रहता है।

भगवान् ऋषभदेवको छह माहके उपवासके बाद छह माह तक भले ही आहारका लाभ न हुआ हो, पर उस अवस्थामें भी एक क्षणके लिये भी उनके विकल परिणाम नहीं हुए, प्रत्युत वे उसके ज्ञाता-दृष्टा ही बने रहे (११८)। यह है ज्ञानीकी भूमिका। ज्ञानी भी हो और कर्मोदयके वश हो अर्थात् परमार्थसे अपने कर्मफलका ज्ञाता न होकर अपनेको उसका भोक्ता भी मानता रहे ये दो बातें एक साथ नहीं बन सकतीं। इसीलिये पद्य २४६ में आचार्यदेव कहते हैं कि जो योगी है उसके जैसे पाप कर्मका भोग नहीं होता, वैसे ही पुण्यकर्मका भी भोग नहीं होता, वे दोनों निष्फल होकर स्वयं झड़ जाते हैं।

अब आगे हम यही देखेंगे कि वे दोनों निष्फल होकर कैसे झड़ जाते हैं। जहाँ भी आगममें मोक्षमार्गकी चर्चा आई है वहाँ यह तो स्वीकार किया ही है कि यदि कोई लौकिक प्रयोजनके बिना आत्महित बुद्धिसे स्वाध्याय आदि शुभ कर्ममें प्रवृत्त होता है तो उसके पाप कर्मके अनुभागकी प्रतिसमय अनन्तगुणी हानि होने लगती है और उस समय होनेवाले विशुद्ध परिणामके बलसे सातावेदनीय आदि परावर्तमान पुण्य प्रकृतियोंका ही बन्ध होने लगता है। परिणामोंकी यह भूमिका मोक्षमार्गके अनुरूप शुभ परिणामोंके निमित्तसे तो होती ही है। साथ ही जो स्वभाव सन्मुख होकर साक्षात् मोक्षमार्ग पर आरूढ होनेके लिये आत्मपुरुषार्थको जागृत करने लगता है उसके न केवल यह भूमिका बनती है, किन्तु इसके साथ ही यथासम्भव शुद्धोपयोगके बलसे शुभ और अशुभ कर्मोंकी निर्जरा भी होने लगती है। इसी तथ्यको ध्वनित करते हुए आचार्यदेवने पद्य २५७ में जो यह कहा है कि पीछे उदयमें आने योग्य कर्मको तीव्र तपके बलसे जो साधु उदयमें लाकर उसकी निर्जरा करता है वह कर्म यदि स्वयं ही उदयको प्राप्त हो जाता है तो इसमें साधुकी क्या हानि है। तो इस द्वारा आचार्यदेवने अप्रशस्त कर्मोंके अनुभाग-काण्डकघात और प्रशस्त तथा अप्रशस्त दोनों प्रकारके कर्मोंके स्थितिकाण्डकघातके साथ गुणश्रेणि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निर्जरा और गुणसंक्रमका ही निर्देश कर दिया है, क्योंकि ऐसा नियम है कि जो संज्ञी, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त चारों गतिका जीव क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि और प्रायोग्यलब्धिपूर्वक सर्वविशुद्ध ज्ञायकस्वभाव आत्माके सन्मुख होकर तीन करण परिणाम करता है उसके स्वयं ही उदयागत कर्मकी तो पूर्वोक्त विधिसे हानि होने ही लगती है, जिन कर्मोंका उस समय उदय नहीं पाया जाता उन कर्मोंका भी स्वयं ही काण्डकघात होकर गुणश्रेणिनिर्जरा होने लगती हैं। एक ओर आत्मा स्वोन्मुख होकर स्वयंको प्राप्त करनेका अनन्त पुरुषार्थ करता है और दूसरी ओर संचित कर्मोंकी निर्झरा स्वयं होने लगती है। इसके साथ नवीन बन्धमें जो उत्तरोत्तर हानि होने लगती है वह अलग। यह उस आत्मा की कथा है जो सबसे पहले उदयागत कर्मकी उपेक्षा कर आत्माको प्राप्त करनेका पुरुषार्थ करता है। इससे सिद्ध है कि जहाँ संसारकी परिपाटीमें दैवकी मुख्यता है और पुरुषार्थ गौण है। वहीं राग, द्वेष और मोहके परवश होकर अनादि कालसे भूले हुए जीवके अपने स्वभावभूत आत्माकी प्राप्तिमें पुरुषार्थ मुख्य है और दैव गौण है। इतना अवश्य है कि जो व्यक्ति उन्नतिके शिखरपर चढ़कर भी अणुमात्र रागका पक्ष लेता है उसका मध्यान्हके सूर्यके समान पतन होना अवश्यंभावी है। इसी बातको ध्यानमें रखकर आचार्यदेवने राग-द्वेषके परवश न होनेका इसारा करते हुए साधुके प्रति ये उद्गार प्रगट करते हुए कहा है–भले ही तीन गुप्तियोंका दृढ़तासे पालन करो, धैर्यपूर्वक हिताहितके विचारमें भले ही सावधान बने रहो, इतना सब तो हो, फिर भी कहीं मुनिपदके योग्य नित्य-नैमित्तिक क्रियामें असावधानतावश कोई दोष लग जाय तो उसका मुनिपदसे पतन होना अवश्यंभावी है (२४८)। इसलिये आत्महित चाहनेवालोंको चाहिये कि वे बाह्य संयोग आदिके बड़प्पनमें स्वयंको न रिझाकर आत्मलाभकी दिशामें प्रयत्नशील बननेके उपायमें लगें। दैव अर्थात् पुराकृत कर्मकी उपेक्षाकर आत्महितके कार्यमें लगनेका इसके सिवाय अन्य कोई मार्ग नहीं प्रतीत होता इतना सुनिश्चित है।

९. साधुका आगमाभ्यास प्रथम कर्तव्य

मोक्षमार्गमें आचार्य परम्परासे प्राप्त सम्यक् श्रुतकी प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। जो साधु अपने मनरूपी मर्कटको अपने वशमें रखना चाहता है उसे अपने चित्तको सम्यक् श्रुतके अभ्यासमें नियमसे लगाना चाहिये। श्रुत-स्कन्ध हरे-भरे, फूल-पत्तों से लदे हुए एक वृक्षके समान है। जैसे वृक्षमें अनेक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शाखा-उपशाखाऐं होती हैं, फूल-फल होते हैं वैसे ही श्रुत भी अनेकान्त स्वरूप पदार्थकी नय-उपनयका आश्रय लेकर व्याख्या करनेमें प्रवीण है (१६९)। यह हम श्रुतके बलसे ही जानते है कि जो वस्तु एक अपेक्षासे तत्स्वरूप है वही वस्तु दूसरी अपेक्षासे अतत्स्वरूप भी है। यह विश्व अनादि-अनन्त भी है यह हम इसीसे समझते हैं (१७०)। न कोई वस्तु सर्वथा स्थायी है, और न सर्वथा क्षणविनाशीक ही है (१७१)। किन्तु एक ही समयमें वह उत्पाद-व्यय और ध्रौव्यस्वरूप त्रयात्मक सिद्ध होती है (१७१)। इसप्रकार विश्वमें जितने भी पदार्थ हैं उनके सामान्य स्वरूपके निर्णय करनेमें सम्यक् श्रुतकी जितनी उपयोगिता है, प्रत्येक पदार्थके असाधारण स्वरूपके निर्णय करनेमें भी श्रुतकी उतनी ही उपयोगिता है। यह भी हम श्रुतसे ही जानते हैं कि प्रत्येक आत्मा ज्ञानस्वभाव है, इसलिये स्वभावसे च्युत न होकर उसमें रमना ही उसकी प्राप्ति है और वही उसका मोक्ष है (१७४)।

इस समय रयणसार हमारे सामने है। उसमें प्रक्षिप्त गाथाओंको चुन-चुनकर यदि अलग कर दिया जाय तो उसे भी आचार्य कुन्दकुन्दके आगमानुसारी रचनाओंमें वही स्थान प्राप्त है जो स्थान समयप्राभृत और प्रवचनसार आदिका स्वीकार किया गया है। उसमें श्रावक और साधुके मुख्य कार्योंका निर्देश करते हुए लिखा है कि जैसे श्रावकधर्ममें दान और पूजा मुख्य हैं। इनके बिना वह श्रावक नहीं हो सकता। वैसे ही मुनिधर्ममें ध्यान और अध्ययन ये दो कार्य मुख्य हैं। इनके बिना मुनि मुनि नहीं।[1] यही कारण है कि प्रवचनसारमें आचार्य कुन्दकुन्द साधुको आगमचक्षु स्वीकार करते हुए (२३४) कहते हैं कि नाना प्रकारके गुण-पर्यायोंसे युक्त जितने भी पदार्थ हैं वे सब आगमसिद्ध हैं, ऐसा जो जानते हैं और अनुभवते हैं वस्तुतः वे ही साधुपदसे अलंकृत सच्चे साधु हैं (२३५)। कारण कि जिनकी आगमके अनुसार जीवादि पदार्थोंमें श्रद्धा नहीं है वे बाह्यमें साधु होकर भी सिद्धिको प्राप्त करनेके अधिकारी नहीं होते यह स्पष्ट है (२३७)।

मोक्षमार्गमें आगम सर्वोपरि है। उसके हार्दको समझे बिना कोई भी संसारी प्राणी मोक्षमार्गके प्रथम सोपानस्वरूप सम्यग्दर्शनको भी प्राप्त नहीं कर सकता। ग्रन्थकारने सम्यग्दर्शनके जिन दस भेदोंका ग्रन्थके प्रारम्भमें उल्लेख किया है उनमेंसे अवगाढ़ सम्यग्दर्शन तो सकल श्रुतधर श्रुतकेवलीके ही होता है। इससे ही उसकी प्रारम्भमें श्रुताधारता स्पष्ट हो जाती है।

---

१. दाणं पूया मुक्खं सावयधम्मे ण सावया तेण विणा।
झाणाज्झयणं मुक्खं जइधम्मे तं विणा तहा सो वि ॥रयण० गा० १०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परमावगाढ, सम्यग्दर्शन मुख्यतया केवलीके माना गया है सो वे तो श्रुतके जनक ही हैं। जिससे यह सहज ही ध्वनित होता है कि जो श्रुतके अध्ययन, मननपूर्वक सम्यग्दर्शनको प्राप्त करता है वही उसका समग्रभावसे उपदेष्टा हो सकता है। अब रहे सम्यग्दर्शनके शेष आठ भेद सो उनकी प्राप्तिके मूलमें भी किसी न किसी रूपमें श्रुतके अभ्यासकी सर्वोपरिता स्वीकार की गई है। वह भी स्वयं नहीं, किन्तु पूरी तरह आम्नायके ज्ञाता गुरुकी सन्निधिपूर्वक ही स्वीकार की गई है। समग्र आगमपर दृष्टिपात करनेसे यही तथ्य फलित होता है(११-१४)।

१०. मोक्षमार्गका गुरु कैसा होता है

आगममें मोक्षमार्गका गुरु कैसा होना चाहिये इसका स्पष्टरूपसे निर्देश करते हुए रत्नकरण्डश्रावकाचारमें लिखा है कि जिसमें अणुमात्र भी विषय-सम्बन्धी आशा नहीं पाई जाती, जो आरम्भ और परिग्रहसे रहित है तथा जो ज्ञान, ध्यान और तपमें लीन है, मोक्षमार्गमें उसे ही गुरु माना गया है (४)। यद्यपि इस ग्रन्थमें गुरुका सीधा लक्षण तो दृष्टिगोचर नहीं होता। पर इसमें यतिपतिमें सम्यक् श्रुतका अभ्यास, निर्दोष वृत्ति, पर प्रतिबोधन करनेमें प्रवीणता, मोक्षमार्गका प्रवर्तन, ईर्षारहित वृत्ति, भिक्षावृत्तिमें दीनताका अभाव और लोकज्ञत्ता आदि जिन गुणोंका विधान किया गया हैं (६) उससे मोक्षमार्गका गुरु कैसा होना चाहिये यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है। आगे (६६-६७) पद्योंमें जिन विशेषताओंका निर्देश किया गया है उनपर दृष्टिपात करनेसे भी उक्त तथ्यका ही समर्थन होता है। इतना अवश्य है कि शिष्योंकी सम्हाल करनेमें उसे प्रमादी नहीं होना चाहिए (१४१-१४२)। और न स्नेहालु या शिष्योंके दोषोंके प्रति दुर्लक्ष्य करनेवाला होना चाहिये।

यह मोक्षमार्गके गुरुका संक्षेपमें स्वरूप निर्देश है। यह हो सकता है कि कचित्, कदाचित् उसमें मूलगुणोंके पालनमें या उत्तरगुणोंका समग्रभाव से परिशीलन करनेमें कुछ कमी देखी जाय या शरीर संस्कार आदि रूप प्रवृत्ति भी दृष्टिगोचर हो तो भी इतनेमात्रसे उसका मुनिपद सर्वथा खण्डित नहीं हो जाता। यही कारण है कि नैगमादिनयोंकी अपेक्षा तत्त्वार्थसूत्रमें पुलाक, वकुश और कुशील इन तीन प्रकारके मुनियोंको भी निर्ग्रन्थरूपमें स्वीकार किया गया है।

यहाँ यह कहा जा सकता है कि जिन मुनियोंमें मूलगुणों और उत्तर-गुणोंमें कमी देखी जाय उन्हें मुनि मानना कहाँ तक उचित है। प्रश्न

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मौलिक है और पुराना भी। ग्रन्थकारने तो इस विषयकी विशेष चर्चा नहीं की। मात्र इतना ही लिखा है कि जैसे मृगगण हिंस्र प्राणियोंके भयवश रात्रिमें नगरके समीप आ जाते हैं वैसे ही इस कालमें खेद है कि मुनिजन भी भयवश रात्रिमें नगरके समीप आ जाते हैं।[1] किन्तु इस विषयकी विशेष चर्चा सोमदेवसूरि और पं० आशाधरजीने विशेषरूपसे की है। ग्यारहवीं शताब्दिके विद्वान् सोमदेवसूरि लिखते हैं कि जिस प्रकार जिनेन्द्रदेवकी लेपादिसे युक्त जितप्रतिमा पूजी जाती है वैसे ही पूर्वकालके मुनियोंकी छाया मानकर वर्त्तमानकालके मुनि पूज्य हैं। मुनियोंको मात्र भोजन ही तो देना है, इसमें वे सन्त हैं कि असन्त इसकी क्या परीक्षा करनी।[2] १३ वीं शताब्दिके विद्वान् पं० आशाधरजी भी इसी मतके जान पड़ते हैं। वे भी इसी बातका समर्थन करते हुए लिखते हैं कि 'जिस प्रकार प्रतिमाओंमें जिनदेवकी स्थापना की जाती है उसी प्रकार पूर्वकालीन मुनियोंकी इस कालके मुनियोंमें स्थापनाकर भक्तिपूर्वक उनकी पूजा करनी चाहिये। अधिक खोद-विनोद करनेमें कोई लाभ नहीं।'[3]

इस प्रकार हम देखते हैं कि मुनियोंके आचार सम्बन्धी यह प्रश्न उत्तरोत्तर जटिल होता गया है। वर्त्तमानमें जो मुनि हैं उन्हें हम मुनि न मानें और मनमें वर्त्तमान मुनियोंमें पिछले मुनियोंकी स्थापनाकर बाह्यमें उनकी पूजा करें, आहार दें, उनका उपदेश सुनें ऐसा करना कहाँ तक उचित है ? इस विषयपर समर्थ आचार्योंके वचनोंसे कुछ प्रकाश पड़ता है या नहीं यह हमें देखना है।

तत्त्वार्थसूत्रके अनुसार निर्ग्रन्थोंके उत्तर भेदों पर विशद प्रकाश डालते हुए मूलगुण आदिकी अपेक्षा कमीवाले मुनियोंके विषयमें तत्त्वार्थवार्तिकमें जो कुछ कहा गया है उसे यहाँ हम शंका-समाधानके रूपमें अविकल दे देना चाहते हैं। यथा—

शंका—जैसे गृहस्थ चारित्रके भेदसे निर्ग्रन्थ नहीं कहलाता वैसे ही पुलाकादिकमें भी चारित्रका भेद होनेसे निर्ग्रन्थपना नहीं बन सकता ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं, क्योंकि जैसे चारित्र और अध्ययन आदिका भेद होनेपर भी जातिसे वे सब ब्राह्मण कहलाते हैं वैसे ही पुलाकादिक भी निर्ग्रन्थ कहलाते हैं।

---

१. इतस्ततश्च त्रस्यन्तो विभावर्यां यथा मृगाः।
वनाद्विशन्त्युपग्रामं कलौ कष्टं तपस्विनः ॥१९७॥

२. यशस्तिलकचम्पू, उत्तरखण्ड, ४०५।

३. सागारधर्मामृत अ० २ श्लो० ६४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसके कारणका निर्देश करते हुए वहाँ बतलाया है कि 'यद्यपि निश्चयनयकी अपेक्षा गुणहीनोंमें उक्त संज्ञाकी प्रवृत्ति नहीं होती, परन्तु संग्रह और व्यवहारनयकी अपेक्षा निर्ग्रन्थके समस्त भेदोंका उसमें संग्रह हो जाता है। इसका विशेष खुलासा करते हुए वहाँ पुनः लिखा है कि बात यह है कि उक्त पुलाक, वकुश और कुशील इनमें वस्त्र, आभूषण और आयुध आदि नहीं पाये जाते। मात्र सम्यग्दर्शन और निर्ग्रन्थ रूपकी समानता देखकर ही उन्हें निर्ग्रन्थ स्वीकर किया गया है।

शंका—इस पर पुनः शंका हुई कि जिन्होंने व्रतोंको भंग किया है ऐसे व्यक्तियोंमें भी यदि निर्ग्रन्थ शब्दका प्रयोग करते हैं तो श्रावकोंको भी निर्ग्रन्थ कहना चाहिए ?

समाधान—श्रावकोंमें निर्ग्रन्थ रूपका अभाव है, इस कारण उनमें निर्ग्रन्थ शब्दकी प्रवृत्ति नहीं होती। हमें तो निर्ग्रन्थ रूप प्रमाण है।

शंका—यदि आपको निर्ग्रन्थ रूप प्रमाण है तो अन्य जो उस रूपवाले हैं उनमें निर्ग्रंथपनेकी प्राप्ति होती है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनमें सम्यग्दर्शन नहीं पाया जाता, इसलिए उन्हें निर्ग्रन्थ नही माना जा सकता। किन्तु जिनमें सम्यग्दर्शनके साथ नग्नता दिखाई देती है उनमें निर्ग्रन्थ व्यवहार करना उचित है। केवल नग्नता देखकर निर्ग्रन्थ व्यवहार करना उचित नहीं।

श्लोकवार्तिककारका भी यही अभिप्राय है।

इन दोनों समर्थ आचार्योंका यह अभिप्राय उस प्रकाशस्तम्भके समान है जो विशाल और गहरे समुद्रमें प्रकाश और मार्गदर्शन दोनोंका काम करता है। इस समय मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविका सबके लिए इस मंगलमय अभिप्रायके अनुसार चलनेकी बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि इस अभिप्रायके मूलमें सम्यग्दर्शन मुख्य है। वह आत्मधर्मका आधार स्तम्भ है। इसमें यही तो कहा गया है कि क्वचित् कदाचित् बाह्य चारित्रमें परिस्थिति वश यदि किसी प्रकार की कमी आ भी जाय तो उतनी हानि नहीं, जितनी कि सम्यग्दर्शनसे च्युत होनेपर इस जीवको उठानी पड़ती है। इसी बातको ध्यानमें रखकर आचार्य कुन्दकुन्द दर्शनप्राभृतमें कहते हैं—

दंसणभट्ठा भट्ठा दंसणभट्ठस्स णत्थि णिव्वाणं।
सिज्झंति चरियभट्ठा दंसणभट्ठा ण सिज्झंति ॥३॥

इसका अर्थ करते हुए पण्डितप्रवर जयचन्दजी छावड़ा लिखते हैं—जो पुरुष दर्शनसे भ्रष्ट हैं वे भ्रष्ट हैं, जो दर्शनसे भ्रष्ट हैं उनको निर्वाण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं होता, क्योंकि यह प्रसिद्ध है कि जो चारित्र भ्रष्ट हैं वे तो सिद्धिको प्राप्त हो जाते हैं, परन्तु जो दर्शनभ्रष्ट हैं वे सिद्धिको प्राप्त नहीं होते ॥३॥

इसी बातको भावार्थमें स्पष्ट करते हुए वे पुनः कहते हैं—जैसे वृक्षकी शाखा आदि कट जाये और जड़ बनी रहे तो शाखा आदि शीघ्र ही पुनः उग आयेंगे और फल लगेंगे, किन्तु जड़ उखड़ जानेपर शाखा आदि कैसे होंगे ? इसी प्रकार धर्मका मूल दर्शन जानना ॥३॥

यह सब शास्त्रोंका निचोड़ है। जीवनमें जिनागमके अनुसार अनेक प्रकारके जीवाजीवादि पदार्थोंके सम्यक् निर्णय पूर्वक हेय-उपादेयका जानना ही सम्यग्दृष्टिका लक्षण है[1]। इसके होनेपर व्रत, संयम नियमका आचरण करना ही इष्ट फलको देनेवाला होता है, अन्यथा वे न होनेके समान हैं, क्योंकि केवल उनके होनेसे संसारका छेद नहीं होता।

इस पूरे कथनका सार यह है कि कदाचित् दूसरेकी बलजवरीसे पाँच मूलगुणों और रात्रि भोजन त्यागरूप व्रतमें दोष लग जाय या क्वचित् कदाचित् उपकरण और शरीरके संस्कार आदिका परिणाम हो जाय या कदाचित् किसी साधुके उत्तरगुणोंमें विराधना हो जाय तो भी उसके द्रव्यलिंगकी अपेक्षा इस प्रकारकी विविधता होनेपर भी वह साधुपदसे च्युत नहीं होता। ऐसा होनेपर भी उसके संयमस्थानोंसे सर्वथा पतन नहीं होता। जघन्यादिके भेदसे उसके संयमस्थान बने रहते हैं[2]। यही कारण है कि आगममें ऐसे मुनियोंको भी स्वीकार कर उनकी गुरु पदपर प्रतिष्ठा की गई है। स्वपक्षके समर्थनमें यह दो आचार्योंका अभिप्राय है जो अनुकरणीय है।

११. मुनिपदके अयोग्य आचारका निषेध

किन्तु लोकमें ऐसे मुनियोंकी कमी नहीं जो गुरुपर्व क्रमसे प्राप्त आगमकी अवहेलना कर उत्सूत्र आचरण करनेमें हिचकिचाहटका अनुभव नहीं करते। ऐसे मुनियोंको ध्यानमें रखकर ग्रन्थकारने ये उद्गार प्रकट किये हैं कि ग्रहण किये गये तपको स्त्रियोंके कटाक्षरूपी लुटेरों द्वारा यदि लूट लिया जाता है तो जन्म परम्पराको बढ़ानेवाले उस तपकी अपेक्षा गृहस्थ होकर जीवन यापन करना ही श्रेष्ठ है (१९८)। वे इतना ही कह कर नहीं रह जाते। वे पुनः उसे समझाते हुए कहते हैं कि साधो! यह

---

१. सूत्रपाहुड गा० ५।

२. तत्त्वार्थवार्तिक अ० ९ सू० ४७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शरीर और स्त्री दोनों एक डग भी निश्चयसे तेरे साथ जानेवाले नहीं हैं। इनमें अनुराग कर तू धोखा खा रहा है। इस शरीरसे जो तूने गाढ़ स्नेह कर रखा है और इस क़ारण विषयोंमें अपनेको उलझा रखा है उसे छोड़, इसीमें तेरा कल्याण है (१९९)। हम यह जानते हैं कि सर्वथा भिन्न दो पदार्थ मिलकर एक नहीं हो सकते। फिर भी तू पूर्वोपार्जित किसी कर्मके अधीन होकर इन शरीर आदि पर पदार्थोंमें अभेद बुद्धि करके तन्मय हो रहा है। पर वास्तवमें वे तुझ स्वरूप हैं नहीं। फिर भी तू उनमें ममत्व-बुद्धि करके इस संसाररूपी वनमें छेदे-भेदे जानेकी चिन्ता न करके भटक रहा है (२००)। विचार कर यदि तू देखेगा तो यह निश्चय करनेमें देर नहीं लगेगी कि ये माता-पिता और कुटुम्बीजन तेरे कोई नहीं हैं। इनका सम्बन्ध शरीर तक ही सीमित है। अतः शरीर सहित इनमें अनुराग करनेसे क्या लाभ ? उसे छोड़।

परमार्थसे देखा जाय तो तू कर्मादि पर वस्तुके सम्बन्धसे रहित होनेके कारण शुद्ध है, ज्ञेयरूप समस्त विषयोंका ज्ञाता है तथा रूप-रसादिसे रहित ज्ञानमूर्ति है। यह तेरा सहज स्वरूप है। फिर भी इस शरीरमें अनुरागवश तू इस द्वारा अपवित्र किया जा रहा है। सो ठीक ही है, कारण कि यह अपवित्र जड़ शरीर लोकमें ऐसी कौन सी वस्तु है जिसे अपवित्र नहीं करता (२०२), अतः इस शरीरके स्वभावको हेय जानकर उसमें साहसपूर्वक मूर्च्छाको छोड़ देना यही तेरा प्रधान कर्तव्य है। यह मोह बीजके समान है। बीजसे ही वृक्षकी जड़ और अंकुर उत्पन्न होते हैं। मोहकाभी वही काम है। राग-द्वेषकी उत्पत्तिका मूल कारण यह मोह ही है। एकबार पर पदार्थोंमें अहंबुद्धिका त्याग हो जानेपर राग-द्वेष स्वयं काल पा कर विलयको प्राप्त हो जाते हैं (१८१)।

इन्द्रियाँ पाँच हैं—स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र। उनमें स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रियाँ सबसे प्रबल हैं। कदाचित् शेष इन्द्रियोंके विषयोंसे यह विरक्त भी हो जाय, पर इन दो इन्द्रियोंके विषयसे विरक्त होना आसान नहीं है। हमने देखा है कि साधु इष्ट और गरिष्ठ भोजन लेता है तो भी वह उतना अपवादका पात्र नहीं होता जितना कि स्पर्शन-जन्य दोषके कारण उसे न केवल अपवादका पात्र होना पड़ता है, अपितु लोकमें उसकी प्रताड़ना भी की जाती है। यही कारण है कि इस ग्रन्थमें स्त्रीके दोष दिखा कर साधुको किसी भी प्रकारसे स्त्री सम्पर्कसे दूर रहनेकी शिक्षा पद-पदपर दी गई है। और कहा गया है कि मन तो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

GC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नपुंसक है। वह विषयका उपभोग क्या करेगा। उसमें यह सामर्थ्य ही नहीं (१३७)।

यद्यपि हम यह जानते हैं कि प्राचीन कालमें भी ऐसे पण्डित और साधु होते रहे हैं जिन्होंने अपने मलिन चारित्र द्वारा निर्मल जैनमार्गको मलिन करनेमें कोई कोर-कसर नहीं रख छोड़ी[1]। मूलाचारमें ऐसे साधुओंको पाँच प्रकारका बतलाया गया है। उनके नाम हैं—पार्श्वस्थ, कुशील, संसक्त, अपगतसंज्ञ और मृगचरित्र। वहाँ इन्हें संघ बाह्य कह कर इनकी वन्दना करनेका भी निषेध किया गया है[2]। लिंगपाहुडमें भी आचार्य कुन्दकुन्दने ऐसे मुनियोंको मुनिपदके अयोग्य कहा है[3]। अतः समग्र ग्रन्थका सार यह है कि साधु जैसे ऊँचे पदको ग्रहण कर हर प्रकारसे उसकी संम्हाल करनी चाहिये। बालक तो पालना आदिसे गिरनेसे डरता है, फिर साधु संयम जैसे महान् पदका अधिकारी होकर भी उससे गिरनेमें भय न करे यह आश्चर्यकी बात है[4]।

१२. अन्तिम निवेदन

यह लघुकाय ग्रन्थ होनेपर भी विषयकी दृष्टिसे सर्वांगपूर्ण है। इसमें न केवल मोक्षमार्गकी प्ररूपणा दृष्टिगोचर होती है अपि तु 'बिन जानेतैं दोष गुणनको कैसे तजिये गहिये।' इस नीतिके अनुसार इसमें बन्धमार्ग और उसके फलको भी दिखलाया गया है। जीवका पराश्रित परिणाम ही बन्धमार्ग है और जीवका स्वाश्रित परिणाम ही मोक्षमार्ग है यह वस्तुस्थिति है। ऐसा होते हुए भी चाहे बन्धमार्ग हो या मोक्षमार्ग हो, दोनोंमें बाह्य और इतर सामग्रीकी समग्रता रहती ही है। उसके होनेमें बाधा नहीं आती, क्योंकि प्रत्येक समयमें जो भी पर्याय होती है वह स्वभावदृष्टि से स्वयं होकर भी कार्य-कारणकी दृष्टिसे स्व और परके निमित्तसे ही होती है यह नियम है। जिनागम भी यही है। फरक मात्र दृष्टिका है। परसे मेरा भला-बुरा होता है यदि ऐसी दृष्टिवाला है तो वह अज्ञानी है, मिथ्यादृष्टि है और यदि मेरा भला-बुरा करनेवाला मैं स्वयं हूँ, पर तो निमित्तमात्र है ऐसी दृष्टिवाला है तो वह या तो ज्ञानी

---

१. पण्डितै भ्रष्टचारित्रैः वठरैश्च तपोधनैः।
   शासनं जिनचन्द्रस्य निर्मलं मलिनीकृतम् ॥

२. मूलाचार षडावश्यक अधिकार गा० ९५।

३. देखो गाथा १४,१७,२० आदि।

४. आत्मानुशासन प० १६६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है या ज्ञानमार्गके सन्मुख है। इस ग्रन्थमें सम्यग्दर्शनको प्रमुखता देनेका यही कारण है, ज्ञान, चारित्र और तप उसके अनुषंगी है। उसके बिना ये सब इष्टफलको नहीं फलते। इसका अर्थ यह नहीं कि इनकी उपेक्षा की जाय।

इतना अवश्य है कि ज्ञानमार्गके सन्मुख हुए प्राणीकी अज्ञानभावके साथ विषय-कषायमें अरुचि होनी ही चाहिये। विषय-कषायमें अरुचिका अर्थ है स्त्री, भोजन, भाजन, मकान आदि जो बाह्य पदार्थ हैं उनमें अपने चित्तको नहीं रमाना। इसमें जो पद-पदपर स्त्रियोंमें दोषदर्शनका निर्देश दृष्टिगोचर होता है उसका प्रयोजन स्त्री निन्दासे नहीं है। इसके कर्ता भदन्त गुणभद्रसूरि वीतराग वनवासी सन्त हैं। वे भला ऐसा क्यों करते। उनके सामने तो साधुओंकी किसी प्रकार साधुता बनी रहे, वे रुद्रादिकी तरह उन्मार्गगामी न हो जायें, मात्र इस प्रयोजनसे इस शास्त्रकी रचना की है। इसलिये इसे स्त्री निन्दाकी दृष्टिसे नहीं देखना चाहिये। जान पड़ता है कि शिथिलाचारमें पगे हुए साधु इससे कैसे विरक्त हों इस महान् प्रयोजनको ध्यानमें रखकर ही उन्होंने हितबुद्धिसे लघुकाय इस ग्रन्थकी रचना की है। यह अनेक छन्दोंमें लिखा गया है। उनका विवरण इस प्रकार है—

क्रम	छन्दनाम	संख्या	क्रम	छन्दनाम	संख्या
१	अनुष्टुभ्	१०३	८	पृथ्वी	८
२	शार्दूलविक्रीडित	५७	९	स्रग्धरा	६
३	वसन्ततिलका	२६	१०	मन्दाक्रान्ता	३
४	आर्या	२१	११	वंशस्थ	३
५	शिखरिणी	१५	१२	उपेन्द्रवज्रा	१
६	हरिणी	१४	१३	वैतालीय	१
७	मालिनी	९	१४	रथोद्धता	१
			१५	गीति	२

कुल छन्द २७० हैं। इनके अतिरिक्त भाषा टीकामें पं० जी ने अन्य प्राकृत ग्रंथोंसे प्रकृत विषयकी पुष्टिमें ३ गाथाऐं भी उद्धृत की हैं।

इस ग्रंथके लिखते समय यह बहुत सम्भव है कि भर्तृहरिका शतकत्रय ग्रंथकारके सामने रहा हो। तुलनाके लिये देखिये जैन संस्कृति संरक्षक संघ सोलापुरसे प्रकाशित आत्मानुशासन। और भी बहुत सी बातें हैं जिनके कारण उत्कृष्ट काव्यमें इसकी परिगणना की जाती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हमें प्रसन्नता है कि वर्णी संस्थानसे इसका प्रकाशन हो रहा है। इसके सम्पादनमें डॉ० फूलचन्द जैन प्रेमी जैनदर्शनविभागाध्यक्ष प्राध्यापक सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी और प्रिय बन्धु पं० हीरालाल जी गंगवाल बी० ए०, एल० एल० बी० इन्दौरका यथासम्भव पूरा सहयोग मिला है इसके लिये हम उक्त दोनों विद्वानोंके हृदयसे आभारी हैं। इसी प्रकार ब्र० नेमिनाथका भी इसमें भरपूर सहयोग मिला है।

मेरा स्वास्थ्य अब उतना अच्छा नहीं रहता। उम्रकी दृष्टिसे भी वैसाख वदी ४ को ही मैं ८३वें वर्षमें प्रवेश कर गया हूँ। फिर भी अपने मित्रोंको और खासकर प्रो० जमुनालालजी इन्दौरको मैंने स्वयं इसकी प्रस्तावना लिख देनेकी स्वीकृति दी थी। तथा मान्य पं० नेमिचन्द जी पाटनी जयपुरने मुझे वर्णी संस्थानसे इस ग्रन्थके प्रकाचित करनेकी छूट दी थी। इतना ही नहीं इसके प्रकाशनमें भाई श्री पं० राजमल्ल जी भोपालका यथासम्भव सहयोग मिला है। इसके लिये मैं इन सबका भी हृदयसे आभारी हूँ। मुझे प्रसन्नता है कि कतिपय आवश्यक विषयोंको ध्यानमें रखकर मैंने आगम और कालक्रमके अनुसार सन्मार्गमें होनेवाले परिवर्तनको ध्यानमें रखकर संक्षेपमें इसकी प्रस्तावना लिखी है। आशा है विद्वज्जन उसे उसी दृष्टिसे पढ़ेंगे। विज्ञेषु किमधिकम्।

१३. ग्रन्थकर्ता

आत्मानुशासन भदन्त गुणभद्र सूरिकी अमर कृति है। इसमें कुल २७० पद्य हैं। अन्तिम पद्य श्री नाभिसूनु ऋषभ जिनका अन्तिम मंगलाचरणके रूपमें आया है। किन्तु संस्कृत टीकाकारने जिस प्रतिपरसे इस ग्रन्थकी टीका लिखी है, सम्भवतः उस प्रतिमें इस पद्यके नहीं रहनेसे इसपर संस्कृत टीका नहीं लिखी जा सकी। यही कारण है कि वर्तमानमें इसमें कुल २६९ पद्य माने जाते हैं।

२६९वें पद्यमें भदन्त गुणभद्रने अपने नामका उल्लेख कर स्वयंको आचार्य जिनसेनके चरणोंके स्मरणके आधीन चित्तवाला सूचित किया है। लगता है कि इनकी शिक्षा दीक्षा आचार्य जिनसेनके सानिध्यमें ही हुई होगी। क्योंकि यह बात इसलिये भी ठीक प्रतीत होती है, कारण कि आ० जिनसेनके अवशिष्ट रहे महापुराणके कार्यको इन्होंने ही सम्पन्न किया है।

वैसे पं० परमानन्दजीने इन्हें आचार्य जिनसेनके सधर्मा (गुरुभाई) और दशरथ गुरुके शिष्य लिखा है[1]। किन्तु डॉ० नेमिचन्दजी शास्त्रीके

१. जैन धर्मका प्राचीन इतिहास द्वि० भा०, पृ० १८२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुसार तो इनके प्रमुख गुरु आचार्य जिनसेन ही थे। इतना अवश्य है कि भदन्त गुणभद्रने आचार्य दशरथको भी अपना गुरु माना है[1]। इनका जन्मस्थान दक्षिण आरकट जिलेका 'तिरुम रुडकुण्डम' माना जाता है।

लगता है कि आचार्य जिनसेनके कालमें ही ये साहित्य साधनामें लग गये थे। आचार्य जिनसेनके अधूरे रहे महापुराणको इन्होंने उनके बाद शक सम्वत् ८२० में सम्पन्न किया है। ऐसा उत्तर पुराणकी प्रशस्तिसे ज्ञात होता है, इसलिए बहुत सम्भव है कि उसके बाद ही इन्होंने आत्मानुशासनको मूर्तरूप दिया हो। इनकी तीसरी रचना जिनदत्तचरित काव्य है। इन तीनके अतिरिक्त इनकी और कोई रचना हो ऐसा हमें ज्ञात नहीं होता। आत्मानुशासनकी कथ्यवस्तुके अवलोकनसे ही यह ज्ञात होता है कि ये साहित्य साधनाके साथ ज्ञानाराधनामें भी सतत तल्लीन रहते थे। अन्यथा उनके मुखसे ऐसे उद्‌गार कभी प्रकट नहीं होते कि 'आत्मा ज्ञानस्वभाव है और स्वभावकी प्राप्ति ही मोक्ष है। जिसे मोक्षको प्राप्त करनेकी इच्छा है, उसे ज्ञानभावना करनी चाहिये (१७४) ज्ञानभावनाका फल ज्ञान ही है। आदि।

भाषा टीकाकार

इस ग्रंथपर दो टीकाऐं हिन्दीमें लिखी गई हैं और एक टीका संस्कृतमें। संस्कृत टीका पञ्जिकाके रूपमें लिखी गई है। हिन्दी टीकाओंमें स्व० श्री पं० बंशीधर शा० सोलापुर जी द्वारा लिखित टीका हमारे सामने नहीं है। मात्र श्री पं० बालचन्दजी द्वारा लिखी गई और जैन संस्कृति संरक्षक संघ सोलापुर द्वारा प्रकाशित हुई टीका हमारे सामने अवश्य है। यद्यपि यह सर्वांगपूर्ण हैं, फिर भी हमने जिन दो कारणोंसे आचार्यकल्प पं० टोडरमल्लजो द्वारा लिखित टीकाको वर्णी संस्थानसे प्रकाशित करनेका निर्णय लिया वे हैं—

(१) ढूंढारी बोली भी हिन्दी भाषाका एक उपभेद है। जैसे हम प्राकृत संस्कृत और अपभ्रंश भाषाओंकी सुरक्षाकी ओर पूरा ध्यान देते हैं वैसे ही हमें विविध प्रदेशोंमें बोली जानेवाली इन हिन्दी भाषाके उपभेदोंकी भी सुरक्षा करनी चाहिये। और उनकी सुरक्षाका सर्वोत्तम उपाय है उन बोलियोंमें लिखे गये साहित्यकी सुरक्षा करना तथा प्रकाशमें लाना।

१. तीर्थङ्कर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा ३, पृ० ८।
२. वही पृ० ८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) यह तो आत्मानुशासन पर काम करनेवाले सभी विद्वानोंने स्वीकर किया है कि इस समय हिन्दीमें जितनी भी टीकाएँ प्रचलित हैं वे सब टीकाएँ आ० क० पं० टोडरमल्लजी द्वारा लिखित टीकाके प्रति आभारी हैं।

इसके प्रकाशनके ये दो कारण तो हैं ही। साथ ही वह सरस और ग्रन्थके हार्दको स्पष्ट करनेवाली भी है। इसमें प्रायः ऐसा एक भी पद्य नहीं है जिसका अर्थ लिखनेके बाद भावार्थ द्वारा उसे स्पष्ट नहीं किया गया हो। मात्र २२० वे पद्यके तीसरे चरणका अर्थ लिखनेमें पण्डित जी मौन रहे आये। उसे उन्होंने स्पर्श नहीं किया। सम्भवतः उस समय उनके विरुद्ध जो वातावरण तैयार हो रहा था उसकी इससे सूचना मिलती जान पड़ती है।

अपने कालके आगमधर विद्वानोंमें पं० जी सर्वोपरि हैं। जिन मनीषियोंने इन्हें आचार्यकल्प पदसे अलंकृत किया है, वह सोच समझकर ही किया है। यह इन्हींका काम है कि इन्होंने गोम्मटसार जीवकाण्ड, कर्मकाण्ड, लब्धिसार क्षपणासार जैसे गुरुतर ग्रन्थोंको पठनीय बनाया। जैनधर्मके हार्दको स्पष्ट करनेके अभिप्रायसे मोक्षमार्ग प्रकाशक जैसे अपूर्व ग्रन्थकी रचना की। मुलतानके जैनबन्धुओंका समाधान करनेके अभिप्रायसे लोकमें 'रहस्यपूर्ण चिट्ठीके' नामसे प्रसिद्ध चिट्ठी लिखी। त्रिलोकसार, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय और प्रस्तुत ग्रन्थ आत्मानुशासनकी सुन्दर, सरस और आगमानुकूल टीकाएँ लिखीं। जैसे लोकमें यह प्रसिद्धि है कि भगवद् वाणीके हार्दको स्पष्ट करनेके अभिप्रायसे यदि भगवान् कुन्दकुन्दने समयसार जैसे अध्यात्म ग्रन्थकी रचना न की होती तो आज पूरा विश्व गाढ़ अज्ञानान्धकारमें डूबा होता। वैसे ही यह कहना भी उपयुक्त प्रतीत होता है कि यदि जयपुरने आचार्यकल्प पं० टोडरमल्लको जन्म न दिया होता तो इस कालमें सिद्धान्तके रहस्यको जाननेवाले विद्वानोंका अभाव ही बना रहता। उनके द्वारा किये गये कार्योंको पूर्वाचार्यों द्वारा किये गये कार्योंसे कम नहीं आँका जा सकता। आगममें यह वचन आया है— 'द्रव्यानुसारि चरणं चरणानुसारि द्रव्यम्' उसके हार्दको इस कालमें जिस महानुभावने उद्घाटित किया है वे और कोई नहीं, पंडितप्रवर टोडरमल्लजी ही हैं। उसके लिये हृदयके कपाटको खोलकर मोक्षमार्गप्रकाशकके ७ वें अध्यायका स्वाध्याय करना उतना ही आवश्यक है जितना कि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्तमान पर्यायके संधारण करनेके लिये श्वासोच्छ्वासको लेते रहना आवश्यक है।

डा० हुकमचन्द भारिल्ल जयपुरने 'पण्डित टोडरमल व्यक्तित्व और कृतित्व' नामसे एक शोधप्रबन्ध लिखा है। उससे मालूम पड़ता है कि इनका वास्तव्य काल वि० सं० १७७३-७४ से लेकर १८२३-२४ तक रहा है। अधिकतर समय इनका साहित्य साधनामें ही व्यतीत हुआ है। विशेष जानकारीके लिये डा० भारिल्ल द्वारा लिखित 'पण्डित टोडरमल्ल व्यक्तित्व और कृतित्व' ग्रन्थका अवलोकन करना चाहिये।

फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री
दिनांक २५-८-८३ वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दो शब्द

भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास, तत्त्वज्ञान एवं विज्ञान जैसे विविध विषयोंकी बहुमूल्य सामग्री प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, देशी तथा दक्षिण भारतीय भाषाओंके विपुल जैन वाङ्मयमें उपलब्ध है। किन्तु इस दिशामें अनुसंधान, प्रकाशन, अन्तरशास्त्रीय अध्ययन एवं सम्पादन की जितनी अपेक्षा है उतना कार्य हो नहीं पा रहा है। इसके लिए आवश्यक है अपने ज्ञानके प्रतीकोंके युगानुकूल सहज एवं व्यावहारिक प्रस्तुति में सक्षम उत्क्रान्त प्रतिभाओं की। हमारे महान् जैनाचार्योंने जीवनके अन्तः और बाह्य इन दोनों पहलुओंको खूब बारीकीसे देखा, समझा तथा अनुभव किया और पर-कल्याणकी भावनासे ओतप्रोत हो वाणी एवं लेखनी द्वारा प्रकट किया। प्रस्तुत कृतिके मूल ग्रन्थकार भदन्त गुणभद्र (नवीं शती) भी इसी परम्पराके आचार्योंमें से एक थे।

प्रस्तुत ग्रन्थ आत्मतत्त्वकी श्रद्धा करानेवाला अनुपम काव्य ग्रन्थ है। वैसे प्रत्येक साहित्य बाह्यरूपमें अपने देश और कालकी सीमासे किसी न किसी रूपमें बँधा होता है। किन्तु उसके अन्तर्जगतमें सामञ्जस्य सर्वकल्याण, आध्यात्मिक-विकास तथा सत्-चित् एवं आनन्दके जो स्थायी तत्त्व निहित रहते हैं वे देश तथा कालातीत होते हैं। सुभाषितमय इस सम्पूर्ण ग्रन्थमें भी काव्योचित विविध दृष्टान्तों, अलंकारों एवं छन्दोंके माध्यमसे जीवन-उत्कर्षके लिए मर्मकी बात सहजरूपमें कही गई है। इस ग्रन्थका प्रत्येक श्लोक अपने आपमें स्वतन्त्र काव्य भी है। इस कृति की यह भी विशेषता है कि अध्यात्म-विद्यासे सम्बन्धित प्रायः सभी विषयों को प्रमुख आधार बनाकर सुभाषितों द्वारा सहृदयोंके कोमलतम अन्तस् को बड़ी सूक्ष्मता एवं कलात्मकतासे छूनेका सफल प्रयास इस ग्रन्थमें हुआ है। मानवोचित गुणोंका पाथेय जुटाने, उसे दिग्भ्रमित होनेसे बचाने तथा सही मार्गदर्शन करते रहनेकी प्रशस्त पृष्ठभूमिके सूत्र इस ग्रन्थके प्राण हैं। जीवन-उत्कर्षकी ये अनुभूत प्रणालियाँ मुमुक्षु जीवको शान्ति और आनन्द प्रदान करती हैं। यही कारण है कि यह ग्रन्थ आरम्भसे ही सभीके आकर्षणका केन्द्र रहा है। इसी महत्तासे प्रभावित हो कुछ आचार्यों एवं विद्वानोंने इस ग्रन्थ पर व्याख्या लिखकर अपनी लेखनीको सार्थक बनाया है।

इस ग्रन्थकी विविध विशेषताओंसे प्रभावित हो पण्डित टोडरमलजी (१८वीं शती)ने देशभाषामें इसका सरल अनुवाद किया। यह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुवाद मिश्रित प्राचीन हिन्दी भाषाका सुन्दर उदाहरण है, जिसमें राजस्थानके ढूंढार प्रदेशकी ढूंढारी भाषा, ब्रजभाषा तथा खड़ी बोली का पुट है। आज भी देशके कोने-कोनेमें स्थित जैन मंदिरोंमें नियमित रूप से चलनेवाले प्रवचन, स्वाध्याय एवं तत्त्व चर्चाओं आदिमें इस भाषाके शास्त्र भी बड़ी रुचिके साथ पढ़े जाते हैं। इस दृष्टिसे इस भाषाका अपना माधुर्य और वैशिष्ट्य है। पं० टोडरमलजीके लेखनका प्रमुख उद्देश्य उच्च आध्यात्मिक एवं सैद्धान्तिक ज्ञानको प्रचलित देश-भाषामें सरल ढंगसे प्रस्तुत करना था। गहरेसे गहरे तथ्योंको भी बड़ी ही सहज रीतिमें व्यक्त करनेकी उनकी विशेषता है। क्योंकि किसी कविके अन्तर्मनको पूरी तरह समझकर उसकी भावग्राही व्याख्या करना भी अपने-आपमें काफी कठिन कार्य है, किन्तु अद्भुत प्रतिभा और विविध शास्त्रोंके तलस्पर्शी ज्ञानके धनी पं० टोडरमलजी इस गुरुतर दायित्वके निर्वाहमें खरे उतरे तथा मूल रचयिताके परे भावोंको समीचीन रूपमें प्रस्तुतकर इस ग्रन्थमें अन्तर्निहित विशेषताओंका पूरी तरह प्रकाशन किया है।

प्रस्तुत ग्रन्थके मार्गदर्शन तथा सम्पादनका प्रमुख कार्य जैन सिद्धान्त के मर्मज्ञ विद्वान् सिद्धान्ताचार्य पण्डित फूलचन्द्रजी शास्त्री द्वारा सम्पन्न हुआ है। सम्पादकीय वक्तव्यमें आपने जैन तत्त्वज्ञानसे सम्बन्धित जिन विषयोंपर जिस गहनता, प्रामाणिकता एवं आधिकारिक रूपमें लिखा, उसका अपना स्वतन्त्र महत्त्व है। वस्तुतः आदरणीय पण्डितजीका सम्पूर्ण जीवन ही एक जीवट व्यक्तित्वके रूपमें हमारे सामने है। जैन धर्म-दर्शन एवं सिद्धान्तसे सम्बन्धित ग्रन्थोंके अध्ययन, मनन, चिन्तन, सम्पादन, अनुवाद, स्वतंत्र लेखन तथा प्रवचन आदि प्रवृत्तियोंसे उनका जीवन ओत-प्रोत है। इन्हीं प्रवृत्तियोंके द्वारा जैन धर्म-दर्शन और उनके साहित्यका संवर्धन, संरक्षण तथा प्रचार-प्रसार ही सम्पूर्ण जीवनका एकमात्र ध्येय बनाकर चलनेवाले ऐसे विद्वान् विरले होते हैं।

मुझे श्रद्धेय पण्डितजी जैसे गरिमामण्डित वयोवृद्ध विद्वान्के सानिध्य में उन्हींके निर्देशसे इस ग्रन्थके सम्पादनमें सहयोग करने एवं बहुत कुछ सीखने-समझनेका जो सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसे मैं परम गौरवकी वस्तु मानता हुआ आनन्दका अनुभव कर रहा हूँ।

डॉ० फूलचन्द जैन प्रेमी
अध्यक्ष
जैन दर्शन विभाग,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी

रक्षाबन्धन पर्व
दिनांक २३–८–१९८३.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय सूची

मंगलाचरणपूर्वक आत्मानुशासन के कथनकी प्रतिज्ञा	१
पापहारी सुखकारी शिक्षा देनेकी सूचना	२
उक्त शिक्षासे भयभीत न होने की प्रेरणा	३
यथार्थ उपदेशकोंकी दुर्लभता	४
गणी वक्ताका स्वरूप	५-६
अधिकारी श्रोताका स्वरूप	७
पाप-पुण्यके त्यागपूर्वक धर्माचरणकी प्रेरणा	८
धर्मादिमें उत्तरोत्तर कारणता के निर्देशपूर्वक आप्तकी उपासनाकी शिक्षा	९
मूढतारहित सम्यग्दर्शन और उसके भेद-प्रभेद	१०
सम्यग्दर्शनके दश भेदोंके नामों के साथ उनका स्वरूप कथन	११-१५
सम्यग्दर्शनके कारण शमादिक्की पूज्यताका निर्देश	१५
इष्ट प्रयोजनकी सिद्धिके लिये सुकुमार क्रिया करनेकी सूचना	१६-१७
धर्म जीवनका आवश्यक अंग है इसकी सिद्धि	१८-२१
सर्वत्र धर्मकी उपादेयता	२२
पुण्य और पापमें सर्वत्र आत्मपरिणाम ही मुख्य कारण हैं	२३
धर्मको भूलना वृक्षकी जड़ उखाड़कर उसके फल भोगनेके समान है	२४
धर्मकी उपयोगिताके साथ उसके बिना होनेवाला दुष्परिणाम	२५-२६
धर्मको भूलना ही पापका कारण है, सुखानुभव नहीं	२७
धर्माचरण ही सुखप्रद, पाप कार्य नहीं	२८-२९
धर्म और यश आदि प्रयोजनको ध्यानमें रखकर परनिन्दा आदि करनेका निषेध	३०
सोदाहरण पुण्य करनेकी प्रेरणा	३१
इन्द्रके उदाहरणद्वारा जीवनमें दैवकी मुख्यताकी सिद्धि	३२
पृथिवी आदिके उदाहरणद्वारा आप्त ही निःस्वार्थ जीवनयापन करनेवाले सत्पुरुष हैं उसका उल्लेख	३३
इन्द्रियसुखकी अनुपादेयताकी सकारण सिद्धि	३४-३९
परिव्राजकके लांड़ूके उदाहरणको जानकर विषयसेवनसे हँसीका पात्र बनना उचित नहीं	४०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्धेके रस्सी वलने तथा हाथीके स्नान करनेके समान गृहस्थाश्रम-
की व्यर्थताका समर्थन ४१
सोदाहरण आशाग्रहके निग्रह करनेपर ही सुखकी प्राप्तिका निर्देश ४२
तृष्णायुक्त सुख सुखाभास ही है ४३
उदाहरणद्वारा दैवकी लीलाका समर्थन ४४
नदीके उदाहरणद्वारा न्यायपूर्वक धनसे सम्पत्ति नहीं बढ़नेका समर्थन ४५
यथार्थ धर्म, सुख, ज्ञान और गतिका निर्देश ४६
वर्तमान कष्टकी अपेक्षा परलोकके लिये कष्ट सहना हितकर ४७
आन्तरिक शान्तिके लिये राग-द्वेषका परिहार करना आवश्यक ४८
यही तृष्णा नदीके पार होनेका उपाय ४९
पुनः पुनः भोगे गये भोगोंको भोगकर भी तृष्णा शान्तिके बिना
आन्तरिक शान्ति असम्भव ५०
भावी जीवनकी चिन्ता किये बिना कामी पुरुष क्या क्या निन्द्य
कार्य नहीं करता ५१
नश्वर विषयोंको आँख खोलकर देखनेका निर्देश ५२
अतीत दुःखोंको भले ही भूल जाय, वर्तमान दुःख और उनके
कारणोंका तो स्मरणकर, उनकी प्राप्तिमें कितना कष्ट है ५३
अपनी स्थिति समझे बिना ही यह प्राणी विषयाभिलाषा क्यों करता है ५४
कीचड़में फसे हुए प्यासे बैलके समान तृष्णाकी वृद्धि केवल संक्लेश-
का कारण होती है ५५
ईंधनके बिना अग्निके समान विषयोंके बिना भी तृष्णाका शान्त
होना असम्भव ५६
मोहनिद्राके वशीभूत हुए प्राणीकी दशा ५७-५८
बन्दीगृहके समान शरीरमें प्रीति करना व्यर्थ है ५९
न कोई शरण है और न कोई मित्र इत्यादि जानकर प्रमादके बिना
धर्मका सेवन करना ही श्रेयस्कर ६०-६१
दीपककी शिखाके समान नष्ट होनेवाले भोगोंकी आशा करना व्यर्थ ६२
अग्निसे वेष्ठित एरंडमें फसे हुए कीड़ेके समान शरीरमें फसकर तू
व्यर्थ दुःख भोग रहा है ६३
इन्द्रियोंके दास होनेकी अपेक्षा तू ही उन्हें दास बनाकर शाश्वत
सुखकी उपासनामें लग ६४
संसारमें धनी व निर्धन कोई भी सुखी नहीं है ६५
स्वाधीन सुखके कारण तपस्वियोंकी प्रशंसा ६६-६८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पतन होनेवाले शरीरमें अपना आग्रह रखना व्यर्थ है	६९
इससे अनिश्वर पदकी प्राप्ति सम्भव	७०
दुर्बुद्धिजनोंका लक्षण	७१-७२
जीवन-मरणका लक्षण	७३
उससे संसारी जीवकी रक्षा होना सम्भव नहीं	७४-७५
संसारमें विधिसे बलवान् कोई नहीं, वही सब कुछ	७६-७८
मृत्युसे रहित स्थानादिमें जीवोंका रहना योग्य	७९
स्त्रीका शरीर प्रीतिके योग्य नहीं	८०
काने गन्नेके समान मनुष्य शरीरको जानकर उसे धर्मका साधन बना सारभूत करनेका निर्देश	८१
मरनेकी शंका और जीनेकी आशाके साथ कितने कालतक यह जीव इस शरीरमें टिक सकता है	८२
बन्धुजनोंको आत्महितमें सहकारी मानना व्यर्थ	८३-८४
धनरूपी ईंधनसे तृष्णारूपी अग्निके भड़कनेपर भी अज्ञानी जीव इसमें शान्ति मानता है	८५
वृद्धावस्थामें धवल बालोंके मिससे मानों बुद्धिकी शुद्धि ही निकल रही है, अतः विचारा परलोकके हितमें कैसे विचार कर सकता है	८६
संसारमें पड़े हुए जीवको मोहरूप मगर-मच्छसे संरक्षण मिलना कठिन है	८७
घोर तपश्चरणका उदाहरणपूर्वक निर्देश	८८
बालपन आदि तीनों पनोंकी वृत्तिमें धर्माराधनके क्षण कम	८९-९१
विषयी प्राणीकी प्रवृत्तिमें 'परिचितेष्ववज्ञा' का कोई मतलब नहीं	९२
भ्रमरके समान व्यसनीकी दशा होती है	९३
सुबुद्धिको पाकर प्रमाद करना अविवेकका लक्षण है	९४
धर्मकी उपेक्षाकर धनीके पीछे लगना योग्य नहीं	९५
कृष्णराजके भाण्डागारके तुल्य धर्मका स्वरूप सबको गम्य नहीं	९६
शरीरको आपदाका स्थान बता यतिजन सबको संसारसे विरक्त करते हैं	९७-९८
गर्भ और जन्मके दुःखसे डरकर प्राणी मरणसे भय करता है	९९
इस प्राणीकी अजाकृपाणीय और सुखके लिये अन्धकवर्तकीयकी सी दशा हो रही है	१००

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपनेको ज्ञानी पण्डित माननेवाले भी कामके परवश हैं, १०१
दाताके तीन प्रकार १०२
विरक्तके परिग्रहत्यागमें उदाहरण १०३
परिग्रहके त्यागमें अज्ञानी, पुरुषार्थी और ज्ञानीकी वृत्ति १०४
विवेकी शरीरादिको त्यजने योग्य अनुभवते हैं १०५
अज्ञान आदिकी प्रवृत्तिका और विरक्तिका फलनिरूपण १०६
दया-दान आदिमें प्रवृत्त होनेका फल परम पद १०७
कुटीप्रवेशके फलके समान परिग्रह त्यागका फल मोक्ष १०८
कौमार ब्रह्मचारी कौन यह जानकर उसे प्रणाम करनेकी शिक्षा १०९
योगिगम्य परमात्मा बननेके रहस्यका कथन ११०
मनुष्य पर्यायकी अस्थिरता जानकर इस पर्यायमें तपद्वारा मोक्ष प्राप्ति सम्भव है, अतः तप करनेकी प्रेरणा १११
परमार्थसे समाधिमें कष्टका लेश नहीं ११२
अन्य सबकी हेयता जान तपकी उपादेयताका कथन ११३
अनादि रागादिको जीतनेमें समर्थ तापसंहारक तपमें रमनेको शिक्षा ११४
समाधिसे वर्तमान पर्यायको सार्थक करनेवाले सन्यासीकी प्रशंसा ११५
वैराग्य और तपके कारणभूत ज्ञानकी महिमा ११६-११७
विधिका विलास अलंध्य है इसका आदि जिनके उदाहरणद्वारा समर्थन ११८-११९
संयमी दीपकके समान कर्मरूपी कज्जलका वमन करता है १२०-१२१
आगमज्ञानसे अशुभसे शुभरूप होकर शुद्ध होता है, उदाहरणद्वारा इसका समर्थन १२२
श्रुतनिमित्तक राग भी प्रभातके संध्यारागके समान अभ्युदयका कारण है १२३
उदाहरणद्वारा अधोगतिके कारण रागका निषेध १२४
जो मार्गमें सामग्री लगती है मोक्षके पथिकके पास वह सब है, अतः उसे मोक्ष प्राप्त करना कठिन नहीं १२५
स्त्रीविषयक राग मोक्षमार्गमें बाधक है इसका सोदाहरण सकारण निर्देश १२६-१३६
शब्दशास्त्रकी दृष्टिसे नपुंसक मनकी बलवत्ता १३७
राज्यकी अपेक्षा तप क्यों पूज्य है, इसका निर्देश १३८
स्थानभ्रष्ट पुष्पके समान गुणक्षति लघुताका कारण १३९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चन्द्रमाके लांछनके समान एक भी दोष निन्दाका कारण होता है १४०
दोषोंको आच्छादित करनेवाले गुरुकी अपेक्षा दोषदर्शी दुर्जन ही गुरु है १४१
कठोर गुरूक्तियाँ भव्यके मनको आह्लादित करनेवाली होती हैं— १४२
इस समय सच्चे धर्मोपदेष्टा तो दुर्लभ हैं ही, उसे कहने और सुनने वाले भी दुर्लभ हैं १४३
किसके द्वारा की गई निन्दा प्रीतिकर और किसके द्वारा की गई स्तुति अप्रीतिकर होती है इस बातका निर्देश १४४
ग्रहण किसे करना और त्यागना किसे इसका निर्णय १४५
कौन हितको और कौन अहितको करनेवाले होते हैं १४६
गुण-दोष और उनके कारणोंको जाननेवाला ही विद्वान् है १४७
बुद्धिमान् और निर्बुद्धिमें सकारण अन्तरका निर्देश १४८
इस समय समीचीन आचरण करनेवाले विरल हैं १४९
वेषधारी साधुओंके संसर्गसे दूर रहनेकी शिक्षा १५०
साधु अप्रार्थ्य वृत्ति होता है, उसका याचना करना व्यर्थ है १५१
अविवेकी दीन और अभिमानीको देखे बिना ही परमाणु सबसे छोटा और आकाशको सबसे बड़ा कहता है १५२
तराजूके उदाहरणद्वारा याचक और अयाचकमें भेदका समर्थन १५३-१५४
धनीसे निर्धनपना क्यों श्रेष्ठ है इसका समर्थन १५५
मानधन आशारूपी खानको भर देता है १५६-१५७
आहार ग्रहणमें लज्जाशील साधु परिग्रहको ग्रहण कैसे कर सकता है १५८
साधुका रागद्वेषके वश होना कलिका ही प्रभाव है १५९
अपनेको भूल कर्मके फलमें सन्तुष्ट होना योग्य नहीं १६०
तपश्चर्याके फलस्वरूप लौकिक अल्प फलमें क्यों सन्तुष्ट होता है १६१
साधुका जीवन दैवकी बलवत्तासे परे होता है १६२
दैवका वश कहाँ चलता है और कहाँ नहीं चलता १६३
कौन साधु स्तुतिका और कौन साधु निन्दाके पात्र है १६४
तप छोड़ विषयमें फँसना आश्चर्यकारी है १६५
तपसे च्युत होनेवाला साधु बालकसे भी गया बीता है १६६
शुद्धिके कारणरूप तपको अन्य पुरुष मैला कर देते हैं १६७
संयमको छोड़नेवाले साधुका अमृत पीकर उसे वमन करनेके समान है १६८
बाह्य शत्रुके समान राग-द्वेष अन्तरंग शत्रुको भी जीतो १६९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राग-द्वेषको जीतनेके लिये मनको आगमाभ्यासमें रमाओ १७०
आगमाभ्यासमें मनको रमानेकी विधिका निर्देश १७१-१७३
ज्ञानभावना क्यों करनी चाहिये इसका निर्देश १७४
ज्ञान भावनाका फल केवलज्ञान ही है, अन्य नहीं १७५
शास्त्राभ्याससे भव्य और अभव्यकी दशा क्या होती है इसका निर्देश १७६
ध्यानका फल राग-द्वेषका परिहार १७७
मथानी के उदाहरण द्वारा संसार परिभ्रमणके कारणका निर्देश १७८-१७९
तत्त्वज्ञानका अभ्यास ही मोक्षका कारण १८०
शुभ, अशुभ और दोनोंसे निवृत्त होनेका फल १८१
ज्ञानअग्निके द्वारा संसारके बीज राग-द्वेषको जला देना चाहिये १८२
मोह और पुरातन फोड़ेमें कोई अन्तर नहीं १८३
सुबुद्धि जन मित्र तथा पुत्रादिके न होनेपर शोक नहीं करते १८४-१८५
हानिके होनेपर शोक नहीं करना सुखी होनेका उपाय १८६
सकल संन्यासका नाम ही सुख है, उससे विपरीतपनेका नाम दुःख है १८७
जन्म और मरण इन दोनोंमें अन्तर नहीं १८८
तप और श्रुतका फल राग-द्वेषकी निवृत्ति है. लाभ पूजादि नहीं १८९-१९०
विषयाभिलाषा महान् अनर्थकी जनक १९१-१९२
विषयविरक्ति ही अध्यात्मी होनेका उपाय १९३
शत्रुके समान जानकर शरीरको क्षीण करनेकी शिक्षा १९४
अनर्थ परम्पराका मूल कारण शरीर १९५
जो शरीरको पोषते हैं, विषय सेवते हैं वे मानो विष खाकर जीना चांहते हैं १९६
कष्ट है कि इस कालमें मुनि गाँवके पास रात्रि बिताते हैं १९७
संसारके कारण कुतपसे गृहस्थ वने रहना उत्तम है १९८
साधुका स्वार्थको भूलकर स्त्रीकी संगति करना महादुःखका मूल है १९९
शरीरमें अभेद बुद्धिका फल ही संसारमें भटकना है २००
जन्म, जरा, मृत्युसे व्याप्त शरीरमें आस्था रखना आश्चर्यकारी है २०१
शुचिर्भूत आत्मा शरीरके संयोगसे ही अशुचि हुआ है, धिक् है उसे २०२
शरीर अशुचि है, मैं शुचि हूँ ऐसे भेदज्ञानसे शरीरका त्याग करना बड़े साहसका काम है २०३
मुनि रोगके होनेपर खेद नहीं करते तथा अपना कार्य जानकर शरीरको त्याग देते हैं २०४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मात्र गृहस्थ योग्य उपचार करते हैं, फिर भी अप्रतीकार्य जानकर उपवासादि विधिसे उसे त्याग देते हैं २०५

अज्ञानीका सुख शिरके भार कंधेपर ले लेनेके समान है २०६

शरीरको प्रतीकारके अयोग्य देखकर उद्वेग नहीं करना ही प्रतिक्रिया है २०७

शरीर ग्रहणका नाम संसार, उसमें आसक्तिका त्याग करना ही मुक्ति है २०८

जो अपने खोटे आचरणसे आत्माको अपूज्य बना देता है उस शरीरको धिक्कार हो १०९

ज्ञानी शरीर, कर्म और आत्माको भिन्न-भिन्न जानता है २१०-२११

कषायादिकको न जीतना ही अज्ञता है २१२

उत्तम गुणोंके बाधक कषायोंको जीतनेके लिये प्रयत्न करो २१३

क्रोधादि और उपशान्त भावमें चूहे-बिल्लीके समान जाति विरोध है, उससे दोनों लोकोंकी हानि होती है २१४

कषायोंको जीतनेके लिये मात्सर्य भावके त्यागकी शिक्षा ठ१५

क्रोधसे होनेवाली कार्य हानिका सोदाहरण समर्थन २१६

मानमें बाहुबलीको उदाहरण रूपमें उपस्थित करनेकी परम्परा है २१७

वर्तमानमें गुण रहित होकर भी अहंकारसे अभिभूत पाये जाते हैं २१८

अपनेसे उत्तरोत्तर अधिक गुणवाले होनेपर भी मान करते हैं २१९

थोड़ा भी छल विषके समान है इसकी सोदाहरण निन्दा २२०

मायासे भयभीत रहनेकी प्रेरणा २२१

कपट व्यवहार स्वयंके छिपानेपर भी वह प्रगट हो जाता है २२२

लोभवश चमरमृगकी परवशता २२३

निकट संसारीको ही विषयविरक्ति आदि गुण प्राप्त होते हैं २२४

जिन्होंने आत्माके सारको जान लिया है वे ही क्लेश जालसे मुक्त होते हैं २२५

संसारसे विमुक्त जीव मुक्तिके भाजन कैसे नहीं होते, होते ही हैं २२६

रत्नत्रयधारीको ही संसारसे भयभीत होकर इन्द्रिय चोरोंसे बचना चाहिये २२७

पीछी आदि संयमके साधन हैं उनमें मोह करना व्यर्थ है २२८

धीर बुद्धि साधु आत्माकी प्राप्तिमें ही अपनेको कृतकृत्य मानता है २२९

ज्ञानके गर्ववश आशारूप शत्रुको अल्प गिनना योगग्य नहीं २३०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञान-चारित्रसे युक्त साधुको संसारसे राग छोड़नेका उदाहरणद्वारा समर्थन २३१
कष्टका कारण पुनः पुनः राग-द्वेषकी प्राप्ति २३२
मोक्षप्राप्तिके पूर्व प्राणी दुखी ही रहता है २३३
मोक्षप्राप्तिके उपायभूत रत्नत्रयका समर्थन २३४
मोक्षके इच्छुकको यह अभोग्य है यह भोग्य है ऐसे विकल्पके त्यागका अभ्यास करना चाहिये २३५
अविनाशी पद क्या है इसका स्पष्टीकरण २३६
प्रवृत्ति और निवृत्तिका स्वरूप २३७
कौन भावना भाने योग्य हैं और कौन नहीं २३८
तीन युगलोंमें आदिके तीन व्यवहारमें प्रयोजनीय २३९
अशुभके छूटनेपर पाप और दुःख स्वयं छूट जाते हैं तथा शुभकी परिसमाप्ति शुद्धमें होकर अन्तमें परमपद प्राप्त होता है २४०
आत्मा है और वह संसारके कारणोंसे वर्तमानमें बद्ध है, अन्तमें रत्नत्रय पाकर वह मुक्त होता है २४१
ममेदं भाव ईतिके समान २४२
भवभ्रमणका कारण और उससे छूटनेका उपाय २४३
पर वस्तुमें आसक्तिरूप अज्ञानको छोड़ विवेकका होना ही विवेकी जनोंकी कुशलता है २४४
बन्ध और मोक्षका क्रम २४५
योगीका स्वरूप निर्देश २४६
गुणयुक्त तपमें साधारणसी भी क्षति उपेक्षा करने योग्य नहीं २४७
जैसे घरमें छिद्र होना योग्य नहीं वैसे ही यतिका गुप्ति आदिमें असावधान रहना योग्य नहीं २४८
परदोष कथन हितकारी नहीं २४९
दोषदर्शी महात्माके पदको नहीं प्राप्त होता २५०
योगीको अपना पहलेका जीवन अज्ञानता पूर्ण प्रतीत होता है २५१
शरीरमें भी स्पृहा रहित योगियोंका आशाबेलिको पुष्ट करना कैसे योग्य हो सकता है २५२
जब शरीर ही आत्मासे जुदा है तो अन्य पदार्थ तो जुदे हैं ही २५३
मोक्षार्थी संतापके कारणरूप शरीरसे मोह छोड़कर परम सुखी हुए हैं २५४
अनादि कालीन मोहके त्यागीका ही परलोक विशुद्ध होता है २५५
परमें मूर्छा रहित साधुके ऐसा कौन पदार्थ है जो सुखका साधन न बने २५६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्मके उदय-उदीरणासे साधु खेदखिन्न नहीं होते २५७

निर्भय साधु गिरिगुफा आदिमें ध्यान करते हैं २५८

मोक्षार्थी निस्पृह साधुओंका जीवन और मंगलकामना २५९-२६२

जो सांसारिक सुख-दुःखसे उदासीन रहते हैं सब ही मणिके समान प्रकाशरूप रहते हैं २६३

साधुओंका आचार आश्चर्यका स्थान है २६४

वैशेषिकोंका मुक्तिमें गुणोंका अभाव मानना मिथ्या है २६५

जीवका स्वरूप २६६

सिद्धोंके युक्तिपूर्वक सुखका समर्थन २६७

आत्मानुशासनको जानकर उसके चिन्तवनका फल २६८

गुरुके स्मरणपूर्वक कर्तारूपमें स्वयंके नामका उल्लेख २६९

आदिजिन हम सबके लिये मंगल स्वरूप होनेकी कामना २७०

●

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥ श्री परमात्मने नमः ॥

आचार्यवर्य श्रीगुणभद्रस्वामिप्रणीत

आत्मानुशासन

आ० क० श्री पं० टोडरमलजी रचित

हिंदी वचनिका सहित

❀

हिन्दीकारका मंगलाचरण

दोहा—श्रीजिनशासन गुरु नमौं, नानाविध सुखकार ।
आतमहित उपदेशतैं, करैं मंगलाचार ॥ १ ॥

॥ सवैया ॥

सोहै जिनशासनमें आत्मानुशासन श्रुत
जाकी दुःखहारी सुखकारी सांचीं शासना,
जाको गुणभद्र कर्त्ता गुणभद्र जाको जानि
भद्र गुणधारी भव्य करत उपासना ।
ऐसे सार शास्त्रको प्रकाशे, अर्थ जीवनिको
बनैं उपकार नाशैं मिथ्या भ्रमवासना,
तातैं देश भाषा करि अर्थको प्रकाश करौं
जातैं मन्दबुद्धिहूके होत अर्थ भासना ॥ २ ॥

अथ श्री गुणभद्र नामा मुनि अपना धर्मभाई लोकसेन मुनि विषय-विमोहित भया ताका संबोधनका मिस करि सर्वजीवनिकों उपकारी जो भला मार्ग ताका उपदेश देनेका अभिलाषी होत संता निर्विघ्न शास्त्रकी संपूर्णता आदि अनेक फलकूं बांछता अपने इष्ट देव को नमस्कार करता संता प्रथम ही लक्ष्मी इत्यादि सूत्र कहै हैं:—

आर्या छंद

लक्ष्मीनिवासनिलयं विलीनविलयं निधाय हृदि वीरम् ।
आत्मानुशासनमहं वक्ष्ये मोक्षाय भव्यानाम् ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थः—मैं जु हौं शास्त्र कर्त्ता गुणभद्र सो वीर कहिये वर्द्धमान तीर्थंकर देव अथवा कर्मशत्रु नाशनेकों सुभट वा विशिष्टाई कहिए[1] लक्ष्मी ताकौं "राति" कहिये ग्रहैं ऐसा सर्व अरहंतादिक ताहि अपना हृदय विषैं अवधारण करि आत्माको हितरूप शिक्षाका दैनहारा ऐसा जु आत्मानुशासन नामा शास्त्र ताहि कहूंगा।

ऐसे अपने इष्टदेवका ध्यान रूप मंगलाचरण करि शास्त्र करनेकी प्रतिज्ञा करी। कैसा है वीर, आत्मस्वभावरूप वा अतिशय रूप जो लक्ष्मी ताके निवास करनेका स्थान है, मंदिर है। बहुरि कैसा है, विलीन कहिये विनष्ट भया[2] है विलय कहिये पाप स्वभाव, ताका नाश जाके, ऐसा है। अविनाशी स्वरूप को प्राप्त भया है। ऐसे इनि विशेषणनि करि अपना इष्टदेवका वीर ऐसा नाम सार्थक दिखाया। बहुरि ताका सर्वोत्कृष्टपना प्रकट किया। बहुरि जो यहु शास्त्र कहौंगा सो भव्य जीवनिकै मोक्ष होनेकै अर्थि कहौंगा, अन्य किछू मान लोभादिकका प्रयोजन नाहीं है। याहीं तैं हित अभिलाषा जीवनिको उपादेय है। आगैं शास्त्रका अर्थ विषैं शिष्यनिका भयकों दूरि करि जैसी प्रवृत्ति पाइए हैं सो ही अंग या विषै है, ताका भाव कों दिखावता "दुःखात्" इत्यादि सूत्र कहै हैं :—

आर्या छन्द

दुःखाद्बिभेषि नितरामभिवाञ्छसि सुखमतोऽहमप्यात्मन् ।
दुःखापहारि सुखकरमनुशास्मि तवानुमतमेव ।।२।।

अर्थ—हे आत्मा! तूं अतिशय करि दुःखतैं डरै है। अर सुखकौं सर्व प्रकार चाहै है, यातैं मैं भी दुःखका हरनहारा, सुखका करनहारा ऐसा जो वांछित अर्थ है तिस ही कौं उपदेशौ हौं।

भावार्थ—काहूके ऐसा भय होयगा कि श्री गुरु सुखकों छुडाय मोकूं कष्ट साधन बतावेगै। वहुरि इस भयतैं शास्त्र विषैं अनादर कौं कहैं हैं, ऐसा भय मति करै। दुःख दूर करिनैंका, सुख पावनैंका तेरा अभिप्राय है तिस ही प्रयोजन लीयैं हम तोकौं सांचा उपाय उपदेशैं हैं।

आगैं सो[3] उपदेशरूप वचन यद्यपि कदाचित् तोकों कड़वा भी लागै तो तूं[4] तिसितैं डरे मति ऐसा कहै है—

---

१. विशिष्ट कहिए मु० १–११
२. विलै भया ज० पू० १ -५
३. आगे कहै हैं सो मु० २–२८
४. ऐसा उपदेशका सूत्र कहै मु० २–१८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आर्या

यद्यपि कदाचिदस्मिन् विपाकमधुरं तदात्वकटु किंचित् ।
त्वं तस्मान्मा भैषीर्यथातुरो भेषजादुग्रात् ।।३।।

अर्थ—यद्यपि इस शास्त्रविषैं कहीं उपदेश किछू तत्काल कड़वा लागै तो तूं तिसतैं डरै मति । वह उपदेश कैसा है ? फल–काल विषैं मीठा है । जैसैं रोगी उग्र कडवा औषधतैं नाहीं डरै ।

भावार्थ—जैसे स्याना रोगी यद्यपि ग्रहण कालविषैं कोई औषध किछू कडवा भी लागै तो भी तिसतैं सुख होनेरूप मीठा फल होता जानि तिसितैं डरै नांहीं, ताकौं आदरतैं ग्रहण करै है । तैसैं तूं स्याना संसारी है सो यद्यपि ग्रहण काल विषैं कोई इस शास्त्रका उपदेश किछू असुहावना भी लागै तो भी तिसतैं सुख होनेरूप मीठा फल जानि तिसतैं डरै मति, तोकौं आदर तैं ग्रहण करना योग्य है ।

आगैं कोई तर्क करै कि उपदेश दाता तो बहुत हैं तातैं तुम्हारा निष्फल खेद करने करि कहा साध्य है, ऐसैं पूछैं उत्तर कहै हैं :—

आर्या

जना घनाश्च वाचालाः सुलभाःस्युर्वृथोत्थिताः ।
दुर्लभा ह्यन्तरार्द्रास्ते जगदभ्युज्जिहीर्षवः ।।४।।

अर्थ—मनुष्य तौ खोटा उपदेशादिरूप वचन कहनहारै अर मेघ खोटा गर्जन करनहारै बहुरि मनुष्य तौ निरर्थक महंतता करि उद्धति भये अर मेघ निरर्थक बादलारूप उठै, ऐंसे तो मनुष्य वा मेघ सुलभ हैं । बहुरि मनुष्य तो अंतरंग धर्म बुद्धि करि भीजै अर मेघ अंतरंग जल करि भीजै, बहुरि मनुष्य तो संसार दुःख तैं जीवनिका उद्धार करनेकी इच्छाकों धारै अर मेघ अन्नादिक उपजावनै तैं लोकका उद्धार करनेका कारणपणां को धारे, ऐसै मनुष्य वा मेघ दुर्लभ हैं ।

भावार्थ—उपदेश दाता बहुत हैं, परन्तु हम जैसे धर्म बुद्धि तैं जीवनिका उद्धार करने कूं उपदेश देवैंगे तैसैं उपदेश देनहारे थोरे हैं । तातैं हमारा उद्यम निरर्थक नाहीं है ।

आगे ऐसे हैं तो कैसे गुणनि करि संयुक्त उपदेश दाता होय है, ऐसा प्रश्न होत संतैं "प्राज्ञ" इत्यादि दोय श्लोक कहै हैं :—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूलविक्रीडित छंद।

प्राज्ञः प्राप्तसमस्तशास्त्रहृदयः प्रव्यक्तलोकस्थितिः,
प्रास्ताशः प्रतिभापरः प्रशमवान् प्रागेव दृष्टोत्तरः।
प्रायः प्रश्नसहः प्रभुः परमनोहारी परानिन्दया,
ब्रूयाद्धर्मकथां गणी गुणनिधिः प्रस्पष्टमिष्टाक्षरः ॥५॥

अर्थ—ऐसा गणी सभानायक होइ सो धर्म कथा कों कहै। कैसा? बुद्धिवान होइ, जातैं बुद्धिहीनका वक्तापणाँ बनैं नांही। बहुरि पाया है समस्त शास्त्रनिका रहस्य जिहिं ऐसा होइ; जातैं अनेक अंग जानैं बिनां यथार्थ अर्थ भासै नाहीं। बहुरि प्रकट है लोकव्यवहार जाकै ऐसा होइ; जातैं लोकरीति जानैं बिना लोक विरुद्ध हो है। बहुरि प्रकर्षपनैं अस्त भई है आशा जाकै ऐसा होइ; जातैं आशावाला रंजायमान मन किया चाहै, यथार्थ अर्थ प्ररूपै नाही। बहुरि कान्ति करि उत्कृष्ट होइ; जातैं शोभायमान न भए महंतपनौं शोभै नाहीं। बहुरि उपशम परिणाम युक्त होइ; जातैं तीव्रकषाई सर्वकों अनिष्ट निंदाका स्थान हो है। बहुरि प्रश्न कीएं पहलैं ही देख्या है उत्तर जानैं ऐसा होइ; जातैं आप ही प्रश्न उत्तर करि समाधान करै तो श्रोतानिकै उपदेश की दृढता होइ, बहुरि प्रचुर प्रश्ननिका सहनहारा होइ; जातैं प्रश्न किये खेद खिन्न होइ तो श्रोता प्रश्न न करि सकै, तब तिनि का संदेह कैसे दूरि होइ। बहुरि प्रभु होइ; जातैं जाकौं आपतैं ऊँचा जानौ ताहीका कह्या मानिए है। बहुरि औरनिके मनका हरनहारा होइ; जातैं जो असुहावना लागै ताकी सीख कैसै मानै। बहुरि गुणनिका निधान होइ; जातैं गुण बिना नायकपनों शोभै नाहीं। बहुरि स्पष्ट अर मीठे जाकै उपदेशरूप वचन[1] होइ; जातैं प्रगट वचन बिना समझै नाहीं, मीठा बोले बिना रुचि न होइ। ऐसा गणी[2] होइ सो औरनिकी निंदा वा औरनि करि निंद्य न होइ, ऐसी रीति करि धर्म कथा कों कहै।

भावार्थ—आप विषैं इतनैं गुण होइ तब शास्त्र कहने का अधिकारी होनां योग्य है।

---

१. अक्षर ज० उ० ५–१
२. गुणी ज० उ० ५–२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हरिणी छंद।

श्रुतमविकलं शुद्धा वृत्तिः परप्रतिबोधने,
परणतिरुरूद्योगो मार्गप्रवर्तनसद्विधौ।
बुधनुतिरनुत्सेको लोकज्ञता मृदुताऽस्पृहा,
यतिपतिगुणा यस्मिन्नन्ये च सोऽस्तु गुरुः सताम् ॥६॥

अर्थ—जिस विषैं ऐसे गुण होइ, संपूर्ण संदेह रहित तो शास्त्र ज्ञान होइ। बहुरि शुद्ध दोषरहित यथायोग्य मन वचन कायकी प्रवृत्ति होइ। बहुरि औरनिका संबोधनविषै परिणाम होइ। बहुरि जिनमार्गका प्रवर्तावनेंकी भली विधिविषैं भला उद्यम होय। बहुरि ज्ञानीनि करि कीन्ही हुई नमन क्रिया होइ वा अधिक ज्ञानीनिका विनय करि नमन होइ। बहुरि उद्धतपनातिकरि रहित होइ। बहुरि लोकरीतिका ज्ञातापना होइ। बहुरि कोमलपनां होइ। बहुरि वांछारहितपनां होइ। ऐसे ये गुण होइ। बहुरि और भी ऐसै ही यतीश्वरसम्बन्धी गुण जा विषैं होइ, सो सत्पुरुषनिका उपदेशदाता गुरु होहु।

भावार्थ—पूर्वोक्त गुण सहित गुरु होइ सो सतपुरुषनिका भला करै तातैं हमारा भी यहु आशीर्वाद है जो ऐसा ही उपदेश दाता गुरु होहु जाकरि जीवनिका बुरा होइ सो उपदेशदाता गुरु काहूके मति होहु।

आगैं ऐसा उपदेशक होय तो शिष्य कैसा हो है ऐसैं पूछैं होय कहै हैं:—

शार्दूलविक्रिडित छंद

भव्यः किं कुशलं ममेति विमृशन् दुःखाद्भृशं मीतवान्[1]
सौख्यैषी श्रवणादिबुद्धिविभवः श्रुत्वा विचार्य स्फुटम्।
धर्मं शर्मकरं दयागुणमय युक्त्यागमाभ्यां स्थितं
गृह्णन्धर्मकथां श्रुतावधिकृतः शास्यो निरस्ताग्रहः ॥७॥

अर्थ—जो ऐसा शिष्य है सो धर्मकथा सुननेविषैं अधिकारी किया है। कैसा? प्रथम तो भव्य होइ; जातै जाका भवितव्य भला होनेका न होइ तो सुनना कैसे कार्यकारी होइ? बहुरि मेरा कल्याण कहा है ऐसा विचारता होइ; जातैं जाके अपना भला बुरा होनेका विचार नाहीं सो

---

१. भीतिमान् मु० ७-१६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

काहेको सीख सुनैं। बहुरि दुःखतैं अतिशय करि डरता होइ, जातैं जाकै नरकादिकका भय नाहीं सो पाप छोड़ने का शास्त्र काहे को सुनैं। बहुरि सुखका अभिलाषी होइ, जातैं आगामी सुख चाहै तो धर्म साधनका शास्त्र सुनै। बहुरि श्रवण आदि बुद्धिका विभव जाके पाइये ऐसा होइ। तातैं सुननेकी इच्छाका नाम शुश्रूषा[1] है। सुननेका नाम श्रवण है। मनकरि जाननेका नाम ग्रहण है। न भूलने का नाम धारणा है। विशेष विचार करनेका नाम विज्ञान है। प्रश्नोत्तर करि निर्णय करना ताका नाम ऊहापोह है। तत्त्व श्रद्धानके अभिप्रायका नाम तत्त्वाभिनिवेश है। ऐसैं ए बुद्धिके गुण हैं सो जाके पाइए है, जातैं इनि बिना शिष्यपना[2] बनैं नाहीं। बहुरि सुखकारी, दया गुणमई, अनुमान आगम करि सिद्ध भया ऐसा जो धर्म ताकौं सुनि करि, विचार करि ग्रहण करता होइ; जातैं ऐसा ही धर्म, ऐसै ही शिष्यकै कार्यकारी हो है। बहुरि नष्ट भया है खोटा हठ जाकै ऐसा होइ; जातैं हठ करि आपाथापी होइ ताकौं सीख लागै नाहीं।

भावार्थ—ऐसा गुण सहित होइ सोई धर्म कथाके सुननेका अधिकारी होइ, वाहूका भला होइ। इनि गुणनि विनां धर्म कथाका सुनना कार्यकारी न हो है।

आगैं कहै हैं-ऐसा शिष्य है सो गुरु उपदेशतैं सुखका अर्थीपना करि धर्म उपार्जन ही के अर्थि प्रवर्तो; जातैं ऐसा न्याय है—

आर्या छंद

पादाद्दुःखं धर्मात्सुखमिति सर्वजनसुप्रसिद्धमिदम्।
तस्माद्विहाय पापं चरतु सुखार्थी सदा धर्मम् ॥८॥

अर्थ—पाप तैं दुःख हो है, धर्म तैं सुख हो है। ऐसैं यहु वचन सर्व जननि विषैं भले प्रकार प्रसिद्ध है। सर्व ही ऐसैं मानै हैं, वा कहै हैं। तातैं सुखका अर्थी है जाकौं सुख चाहिये सो पाप को छोड़ि सदाकाल धर्मकूं आचरौ[3]।

भावार्थ—पापका फल दुःख अर धर्मका फल सुख ऐसे हम ही नाहीं कहैं हैं, सर्व कहैं हैं। तातैं जो सुख चाहिये है तो पाप छोड़ि धर्म कार्य करो।

---

१. शुश्रुशि ज० उ० ७–३
२. शिष्णपात्रना ज० उ० ७–६
३. आचरं ज० पू० ८–६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगे कहै हैं—विशेष सुखकी प्राप्तिका अर्थी हूवा धर्मकौ अंगीकार करता सर्व ही जीव हैं ताहि विचार करि कोई आप्त जो यथार्थ उपदेशदाता सो अपना आश्रय करना; जातैं सुखकी प्राप्तिका मूल कारण आप्त है, सोई कहै हैं—

शार्दूलविक्रीडित छंद

सर्वः प्रेप्सति सत्सुखाप्तिमचिरात् सा सर्वकर्मक्षयात्
सद्वृत्तात् स च तच्च बोधनियतं सोऽप्यागमात् स श्रुतेः ।
सा चाप्तात् स च सर्वदोषरहितो रागादयस्तेऽप्यतः
तं युक्त्या सुविचार्य सर्वसुखदं सन्तः श्रयन्तु श्रिये ॥९॥

अर्थ—सर्व जीव भला सुखकी प्राप्तिकौं शीघ्र वांछै हैं। सो यह वांछा प्रत्यक्ष भासै है। बहुरि सुखकी प्राप्ति सर्व कर्मके नाश तैं हो है, जातैं सुखका रोकनहारा कोई कर्म है ताका नाश भए बिना सुख कैसैं होई। बहुरि सो कर्मका क्षय सम्यक्चारित्र तैं हो है। जातैं बुरा आचरण तैं निपजा कर्म सो भला आचरण बिना कैसे नष्ट होइ। बहुरि सो सम्यक् चारित्र ज्ञानतैं निश्चित है। जातैं ज्ञान बिना बुरा भला आचरणका निश्चय कैसे होइ। बहुरि सो ज्ञान आगमतैं हो है। जातैं आगम बिना बुरा भलाका ज्ञान होता नांहीं। बहुरि आगम है सो श्रुति जो अर्थप्रकाशक मूल उपदेश तिस विना होता नांहीं। जातैं आगम रचना कोई अनुसारतैं हो है। बहुरि श्रुति है सो आप्त जो यथार्थ उपदेशदाता तिसतैं हो है। जातैं उपदेश दाता बिना उपदेश कैसैं कोइ। बहुरि सो आप्त सर्व दोष रहित है। जातैं दोष सहित आप्त होता नांहीं। बहुरि दोष रागादि हैं। जातैं राग, द्वेष, काम, क्रोध, क्षुधा, निद्रा आदि होतैं यथार्थ उपदेश देइ सकै नांहीं। तातैं एई आप्तपना के घातक दोष हैं। ऐसैं अनुक्रम कह्या। यातैं सत्पुरुष हैं ते युक्ति करि भलैं विचारि सर्व सुखका दाता जो आप्त ताकौं सुखरूप लक्ष्मी.कै अर्थि आश्रय करौ।

भावार्थ—जाकों सुख चाहिये सो पहलैं आप्तका निश्चय करि वाका उपदेश्या मार्गकों अंगीकार करै।

आगैं तिस आप्तकी[2] सिद्धि होत संतै तिस भगवान आप्तकरि सत्पुरुषनिको उपाय सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप इनि च्यारि आराधनारूप

१. तिहितैं मु० ९–१२
२. आत्मा ज० पू० ९–४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिखाया है। तहां सम्यग्दर्शन आराधना पहलैं ताकौं दिखावता संता सूत्र कहै है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द।

श्रद्धानं द्विविधं त्रिधा दशविधं मौढ्याद्यपोढं सदा,
संवेगादिविवर्धितं भवहरं त्र्यज्ञानशुद्धिप्रदम्।
निश्चिन्वन् नवसप्ततत्त्वमचलप्रासादमारोहतां,
सोपानं प्रथमं विनेयविदुषामाद्येयमाराधना ॥१०॥

अर्थ—श्रद्धान जो सम्यग्दर्शन, विपरीत अभिप्राय रहित आत्मा का स्वरूप सो दोय प्रकार है—उपदेशादि वाह्य निमित्त विना होइ सो निसर्गज है। अर उपदेशादि वाह्य निमित्ततैं होइ सो अधिगमज है। अथवा सो श्रद्धान तीन प्रकार है दर्शनमोहका उपशमतैं होइ सो औपशमिक है, क्षयतैं होइ सो क्षायिक है। क्षयोपशमतैं होइ सो क्षायोपशमिक है। अथवा सो श्रद्धान दश प्रकार है—आज्ञा सम्यक्त्वादि इहां ही दश भेद कहेंगे। बहुरि सो श्रद्धान कैसा है, सदा काल मूढ़ता आदि पच्चीस दोषनिकरि रहित है। तहाँ लोकमूढ, समयमूढ़, देवमूढ़ इनि भेदनितैं तीन मूढ़ता अर जाति, कुल आदि आठ मद अर मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, मिथ्याचारित्र[1] अर इनिकै धारक जीव ऐसैं छह अनायतन। अथवा असर्वज्ञ, असर्वज्ञ-स्थान, असर्वज्ञका ज्ञान, असर्वज्ञका ज्ञानयुक्त पुरुष, असर्वज्ञका आचरण, असर्वज्ञका आचरणसहित पुरुष ऐसै छह अनायतन हैं। ए सम्यक्त्वके स्थान नाहीं, तातैं इनिको अनायतन कहिये हैं। बहुरि शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, मूढदृष्टि, च्यारि तो ए, अर उपगूहन, स्थितीकरण, वात्सल्य, प्रभावनाका अभाव सो च्यारि ए ऐसै आठ भये। ऐसैं सम्यग्दर्शन-के पच्चीस दोष हैं, तिनिकरि जो रहित होइ सोई निर्मल श्रद्धान है। जातैं इनि दोषनिकों लगे सम्यक्त्वका अभाव होइ, कैसे सम्यक्त्व मैला होई। बहुरि सो श्रद्धान कैसाहै ? संवेगादि गुणानिकरि निर्मलपनातैं वर्द्धमान है, वा या करि संवेगादि गुण बधै हैं। इहाँ संसारतैं भय वा धर्म, धर्मका फलकों देखि हर्ष करना ताका नाम संवेग है। आदि शब्दतैं निन्दा, गर्हा आदि जानना। बहुरि सो श्रद्धान संसारका हरनहारा है। बहुरि कुमति, कुश्रुत, विभंगरूप तीन अज्ञान तिनिकौं शुद्धताका दैनहारा है। कुज्ञान थे तेई सम्यक्त्व भए सुज्ञान हो है। बहुरि जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर,

१. मिथ्या दर्शन चारित्र ज० उ० १०–४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निर्जरा, मोक्ष, पुण्य, पाप ए नव तत्त्व अथवा पुण्य पाप गर्भित किये सात तत्त्व तिनिका निश्चय करता है। बहुरि जहांतैं जीव न चले ऐसा प्रासाद मोक्षमंदिर ताकों चढ़ते ऐसै जे शिष्यनिविषैं पंडित बुद्धिवान तिनकों पहला सिवाण है। याकौं पहले भये पीछे अन्य साधन हो है। बहुरि च्यारि आराधनाविषै यहु प्रथम आराधना है। ऐसा श्रद्धान है।

भावार्थ—ऐसा श्रद्धानका स्वरूप वा महिमा जानि अंगीकार करनां। तहाँ औपशमिक सम्यक्त्व तौ जैसे कादा जाके नीचे बैठ्या ऐसा जल ऊपरि निर्मल होइ तैसा जानना। अर क्षायिक सम्यक्त्व हरितमणि समान सर्वथा निर्मल जानना। अर क्षायोपशमिक ऊगता सूर्यवत् किछू रागमलसहित जानना।

अब दश प्रकार सम्यक्त्वका सूचनेंके अर्थि आज्ञा इत्यादि संग्रहरूप सूत्र कहै हैं—

आर्या छन्द

आज्ञामार्गसमुद्भवमुपदेशात् सूत्रबीजसंक्षेपात्।
विस्तारार्थाभ्यां भवमवपरमावादिगाढं च ॥११॥

अर्थ—आज्ञा अर मार्गतैं उत्पन्न, बहुरि उपदेशतैं उत्पन्न, बहुरि सूत्र अर बीजतैं अर संक्षेपत उत्पन्न, बहुरि विस्तार अर अर्थनितैं उत्पन्न ऐसे आठ तौ ए भये। बहुरि अव अर परमाव[1] है आदि विषै जाकै ऐसा गाढ़ सो अवगाढ़ परमावगाढ़ दोय ये भये, ऐसे दश सम्यक्त्वके भेद जाननें।

भावार्थ—हेय, उपादेय तत्त्वनिविषै विपरीत अभिप्राय रहित सो सम्यक्त्व एक प्रकार है। ताहीकै आज्ञादिक आठ कारणनितैं उपजनेकी अपेक्षा आठ भेद किये हैं। अर ज्ञानकी प्रकर्षताका सहकारकरि विशेषपना-की अपेक्षा अवगाढ़ परमावगाढ़ ए दोय भेद किये हैं। ऐसें ए दश भेद जाननें।

आगे इसहीका विशेष वर्णनके अर्थि आज्ञा सम्यक्त्व इत्यादि तीन काव्य कहै हैं—

स्रग्धरा छन्द

आज्ञासम्यक्त्वमुक्तं यदुत विरुचितं वीतरागाज्ञयैव
त्यक्तग्रन्थप्रपञ्चं शिवममृतपथं श्रद्दधन्मोहशान्तेः ॥
मार्गश्रद्धानमाहुः पुरुषवरपुराणोपदेशोपजाता,
या संज्ञानागमाब्धिप्रसृतिभिरुपदेशादिरादेशि दृष्टिः ॥१२॥

---

१. अवरि अपरमाव ज० उ० ११–५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—हे भव्य ! जो शास्त्र-पठन बिना वीतरागकी आज्ञा ही करि, वचन सुननें ही करि श्रद्धान होइ सो आज्ञा सम्यक्त्व कह्या है। बहुरि ग्रन्थ विस्तारका सुननें बिना बाह्याभ्यंतर परिग्रहरहित ऐसा कल्याणरूप मोक्षका मार्ग ताहि दर्शनमोहकी शांति होनें तैं श्रद्धान करता जो होइ ताहि मार्गश्रद्धान कहै हैं। बहुरि उत्कृष्ट पुरुष तीर्थंकरादिक तिनके पुराणनिका उपदेशतैं जो निपजी सो सम्यग्ज्ञानकरि आगम समुद्रविषै प्रवीण पुरुषनिकरि उपदेश है आदि विषै जाकै, ऐसी दृष्टि कही है, यहु उपदेश सम्यक्त्व है।

स्रग्धरा छंद

आकर्ण्याचारसूत्रं मुनिचरणविधेः सूचनं श्रद्दधानः
सूक्तासौ सूत्रदृष्टिर्दुरधिगमगतेरर्थसार्थस्य बीजैः।
कैश्चिज्जातोपलब्धेरसमशमवशाद् बीजदृष्टिः पदार्थान्
संक्षेपेणैव बुद्ध्वा रुचिमुपगतवान् साधु संक्षेपदृष्टिः ॥१३॥

अर्थ—मुनिके आचरणका विधानकों प्रतिपादन करता जो आचारसूत्र ताहि सुनि करि श्रद्धान करता जो होइ सो सूत्रदृष्टि भले प्रकार कही है। यह सूत्र सम्यक्त्व है। बहुरि केई बीज जे गणितज्ञानकों कारण तिनि करि अनुपमदर्शनमोहका उपशमके वशतैं दुष्कर है जाननेकी गति जांकी ऐसा जु पदार्थनिका समूह, ताकी भई है उपलब्धि श्रद्धानरूप परिणति जाकै ऐसा करणानुयोगका ज्ञानी भव्य ताकै बीजदृष्टि हो है। यहु बीज सम्यक्त्व जानना। बहुरि पदार्थनिको संक्षेपपनैं ही करि जांनि श्रद्धानकों प्राप्त भया सो भली संक्षेपदृष्टि है। यहु संक्षेप सम्यक्त्व जानना।

स्रग्धरा छंद

यः श्रुत्वा द्वादशाङ्गीं कृतरुचिरथ तं विद्धि विस्तारदृष्टिं,
संजातार्थात् कुतश्चित् प्रवचनवचनांन्यन्तरेणार्थदृष्टिः।
दृष्टिः साङ्गाङ्गबाह्यप्रवचनमवगाह्योत्थिता यावगाढः
कैवल्यालोकितार्थे रुचिरिह परमावादिगाढेति रूढा ॥१४॥

अर्थ—अब जो द्वादशांगरूप वानीकों सुनि कीन्हीं जो रुचि श्रद्धान ताहि विस्तार दृष्टि हे भव्य ! तू जांनि। यहु विस्तार सम्यक्त्व है। बहुरि जैनशास्त्रके बचननि बिना कोई अर्थका निमित्ततैं भई सो अर्थदृष्टि है। यहु अर्थसम्यक्त्व जाननां। बहुरि अंग अर अंगबाह्यसहित जैनशास्त्र ताकौं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवगाहि करि जो निपजी सो अवगाढदृष्टि है। यहु अवगाढसम्यक्त्व जाननां। बहुरि केवलज्ञानकरि अवलोक्या पदार्थविषै श्रद्धान सो इहाँ परमावगाढदृष्टि प्रसिद्ध है। यहु परमावगाढ़सम्यक्त्व जाननां। ऐसे ए दश भेद कहे।

भावार्थ—इहाँ दश भेद सम्यक्त्वके कहे। तहाँ वीतराग वचननि ही तैं श्रद्धान होइ सो आज्ञासम्यक्त्व है। मोक्षमार्गके ही श्रद्धानतैं होइ सो मार्गसम्यक्त्व है। उत्तम पुरुषनिका पुराणादिक सुननेतैं श्रद्धान होइ सो उपदेशसम्यक्त्व है। मुनिका आचार सुननेतैं श्रद्धान होइ सो सूत्रसम्यक्त्व है। बीज गणितादि[1] करि करणानुयोग[2] के निमित्ततैं श्रद्धान होइ सो बीज-सम्यक्त्व है। संक्षेपपनै पदार्थनिका श्रद्धानतैं होइ सो संक्षेपसम्यक्त्व है। द्वादशांगकों सुनि श्रद्धान होइ सो विस्तारसम्यक्त्व है। कोई दृष्टान्तादि-रूप[3] पदार्थतैं श्रद्धान होइ सो अर्थ सम्यक्त्व है। श्रुतकेवलीके श्रद्धान होइ सो अवगाढ़सम्यक्त्व है। केवलज्ञानीके श्रद्धान है सो परमावगाढ़ सम्यक्त्व है। ऐसै एक सम्यक्त्वके अन्य निमित्ततैं दश भेद जाननैं।

इहाँ प्रश्नः—जो चारि प्रकार आराधनाविषै सम्यक्त्व आराधना पहले काहे तैं करिए है ऐसे पूछैं कहै हैं—

आर्या छंद

शमबोधवृत्ततपसां पाषाणस्येव गौरवं पुंसः।
पूज्यं महामणेरिव तदेव सम्यक्त्वसंयुक्तम् ॥१५॥

अर्थ—पुरुष आत्मा ताकै मंदकषायरूप उपशम परिणाम, शास्त्रा-भ्यासरूप ज्ञान, पापत्यजनरूप चारित्र, अनशनादिरूप तप इनिकों महंत-पणों है सो पाषाणका बोझ समान है। विशेष फलका दाता नांहीं। बहुरि सोई सम्यक्त्वसंयुक्त होइ तो महामणिका गुरुत्ववत् पूजनीक है। बहुत फलका दाता महिमायोग्य है।

भावार्थ—जैसें पाषाणकी अर मणिकी यद्यपि एक जाति है, तथापि कांतिकै विशेषतैं पाषाणका बहुत भार वहै तौ भी महिमा न पावै। अर मणिका स्तोक भार वहै तौ बहुत महिमा योग्य होइ। तैसें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वसहित क्रियानिकी यद्यपि एक जाति है तथापि अभिप्रायके विशेषतैं

---

१. उपदेशसम्यक्त्व है। बीजगणितादि ज० पृ० १८-७
२. करुणानुयोग ज० पृ० १४—७
३. दृष्टादिरूप मु० १४—५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिथ्यात्वसहित क्रियाका बहुत भार वहै तो भी महिमा न पावे। अर सम्यक्त्व सहित क्रियाका किंचित् भी भार वहै तो बहुत महिमा योग्य हो है।

आगैं ऐसै सम्यक्त्व आराधना विषै प्रवर्तें है ऐसा जो आराधकताका स्वरूपकौं कहि ताका भयकों दूरि करता संता सूत्र कहै है—

आर्या छंद

मिथ्यात्वातंकवतो हिताहितप्राप्त्यनाप्तिमुग्धस्य।
बालस्येव तवेयं सुकुमारैव क्रिया क्रियते ॥१६॥

अर्थ—मिथ्यात्वरूप महारोगसंयुक्त अर हित-अहितकी प्राप्ति-अप्राप्ति-विषै मूर्ख ऐसा बालक समान जो तूं सो तेरी यहु सुकुमाल ही क्रिया करिये है।

भावार्थ—हे शिष्य! जैसै रोगी हित-अहितकौं न जानता बालकताका कोमल ही प्रतीकार करिये, तैंसैं तूं मिथ्यात्वसहित हित-अहितकौं नाहीं पहचानता अज्ञानी है बालक समान। सो[1] तुझको कोमल धर्मका साधन उपदेशिए है। इहाँ ऐसा रहस्य है—पुष्ट होइ वा हित प्राप्ति अहित-नाश-का लोभ होइ वा बड़ी अवस्था होइ तौ कठोर साधन भी साधै। तीनों न होइ तब उसतैं सधता भासै सोई साधन बताइए है। तैसैं श्रद्धानवन्त होइ वा मोक्षकी प्राप्ति बंधका नाशका इच्छुक होइ, वा बड़ी पदवीका धारक होइ तौ कठिन[2] धर्म भी साधै। तीनों तेरै नांहीं, ताते तुझितैं सधता भासै है सोई सम्यक्त्वादिरूप कोमल धर्मका साधन बतावै है।

आगें अब चरित्र आराधनाका विचारका अनुक्रमकौं करता आचार्य सो तिसका आराधक कौं योग्य ऐसी ही सुगम अणुव्रत चरित्र आराधनां कों दिखावता संता सूत्र कहै है—

आर्या छंद

विषयविषमाशनोत्थितमोहज्वरजनिततीव्रतृष्णस्य।
निःशक्तिकस्य भवतःप्रायःपेयाद्युपक्रमःश्रेयान् ॥१७॥

अर्थ—विषयरूपी विषम भोजनतैं उत्पन्न भया मोहरूपी ज्वर जा[3] करि उत्पन्न भई है तीव्र तृष्णा जाकैं, ऐसा शक्ति रहित भया जो तूं सो तेरे पेय आदि अनुक्रम है सोई कल्याणकारी है।

१. अज्ञानी है, सो ज० पू० १६–६।
२. इच्छुक होइ तो कठिन मु०, १७–२१
३. ज्वर जाकै ऐंसा शक्ति रहित ज० उ० १७–६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसै काहूकै विरुद्ध भोजनतैं ज्वर भया ता करि तृषा बहुत भई, बहुरि सामर्थ्य घटि गया, ताकौं पीवनें योग्य आदि भोजनका अनुक्रम सोई गुणकारी है। गरिस्ठ भोजन करै, अर पचै नांहीं तब उलटा रोग बधै तैसै हे शिष्य ! तेरे विषय वासनातै मोह उत्पन्न भया, ताकरि परवस्तुकी तृष्णा भई। बहुरि आतम शक्ति घटि गई ताको अणुव्रतरूप साधनका अनुक्रम सोई गुणकारी है। मुनिपद ग्रहण करै अर सधै नांहीं तब उल्टा संसार बधै। इहाँ प्रयोजन यहु है यावत् अंतरंग राग परिणाम रहै तावत अनुक्रमतैं थोरा-थोरा साधनकरि धर्म बधावनां।

आगै यहु तिस चारित्र आराधनाका प्रारंभ किसकौं करनां योग्य है—

आर्या छंद

सुखितस्य दुखितस्य च संसारे धर्मएव तव कार्यः।
सुखितस्य तदभिवृद्धयै दुःखभुजस्तदुपघाताय ॥१८॥

अर्थ—संसार[1] विषै सुखी वा दुखी जो तूं सो तुझकौं धर्म ही करनां योग्य है। सुखीकै तौ तिस सुख की बधवारीकै अर्थि है। अर दुःख भोगताकै तिस दुःखका नाशकै अर्थि है।

भावार्थ—जैसै जाकै पूंजी होइ ताकौं भी धन कुमावना योग्य है, अर जाके ऋण होइ ताँकों भी धन कुमावना ही योग्य है। पूंजी होइ अर धन कुमावै तो पूंजी की वृद्धि होइ, अर ऋण होइ अर धन कुमावै तो ऋण का नाश होइ। तैसैं जाकै पुण्य उदय तैं सुख पाईए है ताकों भी धर्म ही करनां योग्य है। अर जांकै पाप उदय तैं दुख पाईये है ताकों भी धर्म करनां योग्य है। सुखी होइ[2] धर्म करै तैं सुख बधवारी होइ। दुखी होइ धर्म करै तो दुःखका नाश होइ। तातैं सर्व अवस्था विषैं धर्मका साधन भला है, यहु तात्पर्य जाननां।

आगैं विषय सुख है सो धर्मका फल है यातैं धर्म की रक्षा कर्ता पुरुष करि विषय सुख भोगवना योग्य है। सोही कहै है—

(आर्या छंद)

धर्मारामतरूणां फलानि सर्वेन्द्रियार्थसौख्यानि।
संरक्ष्य तांस्ततस्तान्युच्चिनु यैस्तैरुपायैस्त्वम् ॥१९॥

---

१. संसारी विषै ज० पू० १८–१।
२. अभात्र हो है—वर्तः सुखस्य ज० उ० १९–९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—समस्त इन्द्रिय विषयनिकै सुख है तै धर्मरूपी जो बाग ताकै सम्यक्त्व संयमादिक वृक्ष तिनिके फल हैं। तातैं तू जिंहि तिंहि उपायनि-करि तिन वृक्षनिकों राखि तिनका फलनिको चूंटि ग्रहण करिहू।

भावार्थ—जैसे स्याना पुरुष है सो जिनि बागनिका वृक्षनिके चोखे फल लागै तिनि वृक्षनिकी तो रक्षा करै अर उनके फल लागै तिनिकौ ग्रहण करै। तैसें तू विवेकी है तौ जिन धर्मका अंगनिका सुखरूप फल निपजै तिस धर्मके अंगनिकी तो रक्षा करि अर उनका फल सुख निपजै ताकौ भोगि। ऐसे ही किये सुखका विच्छेद न हो हैं। इहाँ विषय सुखकी प्राप्ति कै अर्थिधर्मकौ आचरता जो जीव ताकै विषय सुखका अभाव हो है। ऐसी आशांकाकरि तू धर्मतैं विमुख मति होहु जातैं ऐसा न्याय है—

आर्या छंद

धर्मःसुखस्य हेतुर्हेतुर्न विराधकः स्वकार्यस्य।
तस्मात् सुखभंगभिया मा भूर्धर्मस्य विमुखस्त्वम् ॥२०॥

अर्थ—धर्म है सो सुखका कारण है। बहुरि सुखका कारण होइ सो अपने कार्यका विरोधी होइ नाहीं। तातैं तूं सुखका भंग होने का भय करि धर्म तैं विमुख मति होहु।

भावार्थ—लोकविषैं यहु प्रसिद्ध है जिस कार्यका जो कारण, होइ सो तिस कार्यका सो कारण विरोधी नाश करणहारा न होइ। इहाँ सुख तो कार्य है अर धर्म कारण है, सो धर्म सुखका भंग कैसे करेगा? क्योंकि सुख तो धर्मका फल है। सो अपने फलकों आपही कैसे घातें? तातैं[1] धर्मका साधन करता "मेरा सुख विषै भंग होगा" ऐसा भयकरि धर्म विषै अनादर मति करें। कारण तैं कार्य की वृद्धि ही हो है, तातैं धर्म-साधै सुखकी वृद्धि ही हो है, ऐसा निश्चय करि धर्मविषैं प्रीति ही करनी योग्य है।

आगैं इस ही अर्थ करैं दृष्टान्तद्वारा करि दृढ़ करता संता सूत्र कहै हैं—

आर्या छंद

धर्मादवाप्तविभवो धर्मं प्रतिपाल्य भोगमनुभवतु।
बीजादवाप्तधान्यः कृषीवलस्तस्य बीजमिव ॥२१॥

---

१. कैसे करेगा तातें ज० पू० २०-४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—धर्म तें पाया है सुखसंपदारूप विभव जानैं, ऐसा जीव है सो धर्मको पालिकरि भोगको भोगवो। जैसै बीज तैं पाया है अन्न जिहिं ऐसा खितहड़ है, सो तिस अन्नका बीजकौ राखै।

भावार्थ—जैसै अन्न निपजै है सो बीज बोएं निपजै है। बीज बिना खेदखिन्न भयें भी अन्न निपजै नाहीं। तातै स्याना खितहड़ ऐसै बिचारैः— जो मेरे बोजतैं अन्न भया है सो अब भी बीज राखै मेरे आगैं भी अन्नकी प्राप्ति होसी। तातैं बीज कौं राखि अन्न भोगवना। तैसैं सुख हो है सो धर्म किये हो है। धर्म बिना खेदखिन्न भयें भी सुख होइ नाहीं। तातैं तू स्याना है सो ऐसे बिचारि जो मेरे धर्मका फल तैं सुख भया है सो अब भी धर्म साधैं मेरे आगामी सुखकी प्राप्ति होसी। ताते धर्मको राखि सुख भोगवना। बहुरि ऐसैं विचारि जैसै धर्म रहै तैसै पुण्य का उदय तें निपज्या सुखकौं भोगवो।

आगे धर्मतैं कैसा फल पाइए है ऐसें पूछें कहे है—

आर्या छंद

संकल्प्यं कल्पवृक्षस्य चिन्त्यं चिन्तामणेरपि।
असंकल्प्यमसंचिन्त्यं फलं धर्मादवाप्यते ॥२२॥

अर्थ—कल्पवृक्षका तो संकल्प योग्य जाकों वचनकरि जाचिये ऐसा फल है। बहुरि चिंतामणिका भी चिंतवन योग्य मनकरि जाकों जाचिये ऐसा ही फल है। बहुरि धर्मतैं संकल्प योग्य नाहीं, अर चिंतवन योग्य नाहीं। ऐसा कोई अद्भुत फल पाइए है।

भावार्थ—लोकविषैं कल्पवृक्ष चिंतामणिकौं उत्तम फलके दाता बताइए है सौ वै तो वचन मनकरि जाकौं जाचै ऐसा किंचित् विषय सामग्रीरूप ही फलको निपजावै है। बहुरि धर्म है सो वचन मन गोचर नाहीं, ऐसा अद्भुत सुखरूप मोक्ष फलकौं निपजावै है। तातैं कल्पवृक्ष चिंतामणि तें भी धर्मकी प्राप्तिकौं उत्तम जानि याका साधन विषैं तत्पर रहना योग्य है। आगैं ऐसा धर्म काहे तें उपार्जन करिए है ऐसे पूछे कहै है—

आर्या छंद

परिणाममेव कारणमाहुः खलुः पुण्यपापयो प्राज्ञाः।
तस्मात् पापापचयः पुण्योपचयश्च सुविधेयः ॥२३॥

अर्थ—बुद्धिवंत हैं ते निश्चयकरि पुण्य पापका कारण परिणाम ही कौ कहै हैं। तातैं पापका नाश अर पुण्यका संचय भले प्रकार करना योग्य है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—कोई शरीरकी सामर्थ्य न होनेंकरि, कोई धनादिक न होनें करि, कोई सहायादिक न होनेंकरि धर्म साधन न होता मानैं है सो यहु भ्रम है। परको दोष लगाइ उपदेशको निरर्थक करो मति, तुम सुनौ। पुण्य अर पापका कारण परिणाम ही है। जातैं पर का किया पुण्य पाप होता नाहीं। अपने ही परिणमनितैं पुण्य पाप हो है, तातैं अशुभ परिणाम छाँडना शुभ परिणाम करना। ऐसे तुमको पापका नाश, पुण्य का संचय करना योग्य है।

आगैं जे जीव धर्मका संचय कों न करत संते विषय सुखनि कों भोगवै हैं तिनकी निंदा दिखावतां सूत्र कहै है—

आर्या छंद

कृत्वा धर्मविघातं विषयसुखान्यनुभवन्ति ये मोहात्।
आच्छिद्य तरून्मूलात् फलानि गृह्णन्ति ते पापाः ॥२४॥

अर्थ—जे जीव मोह भ्रमतैं धर्मका घातकरि विष सुखनिकौं भोगवै हैं ते पापी मूल तैं वृक्षनिकौं छेदि करि फलनि कौं ग्रहै हैं।

भावार्थ—जैसे कोई पापी फल ही कौं चाहै परंतु रौद्रभावनि तैं वृक्षकौं जड़तैं काटि जे फल हाथि लागै तिनकौं ग्रहण करै, तैसै मोही जीव सुख ही कौं चाहै। परंतु पाप बुद्धितैं धर्मका घात करि जो सुख उदै आवै ताकों भोगवै। इहाँ इतना समझना जैसैं वृक्ष कों काटो वा राखो फल तो जेता पाइए है तितना ही हाथि लागै। वृक्षकौं काटें आगामी फलप्राप्ति होनी नाहीं, राखै आगामी फल प्राप्ति होइ। तैसैं धर्मको राखौ वा घातौ। सुख तो जेता उदय होना है सो ही होसी। धर्म कौं घातें आगामी सुख प्राप्ति होनी नाहीं। राखै आगामी सुखकी प्राप्ति हो है। इहाँ प्रश्न जो धर्म का घात करि सुखका भोगवना कहा, अर धर्मकौं राखि सुखका भोगना कहा, ता का उत्तर। धर्म का अवसर विषैं भी पापरूप रहना, अन्यायरूप पाप कार्य करना मिले विषयनितै घनें विषयनि की तृष्णा करनी, कषाय-परिणाम तीव्र राखनैं। इत्यादि प्रवृत्ति लिए विषय-सुखका भोगवनां सो तौ धर्मका घातकरि सुखका भोगवनां जाननां। बहुरि धर्मका अवसर विषै धर्म साधना। अन्यायरूप पापकार्य न करना। मिले विषयनि विषैं संतोष-रूप रहना। कषाय बहुत न करनी इत्यादि प्रवृत्ति लिएं। किछू विषयसुख का जो भोगवना सो धर्म राखि सुखका भोगवना जानना। बहुरि जहाँ कषाय ही न होइ तहाँ विषय सामग्रीका त्याग कियें दुख सामग्री मिले भी निराकुल रहे है। हाँ तहाँ परमार्थ धर्मकों राखि परमार्थ सुखका भोग-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वना जानना। इहाँ तर्क–जो यहु उपदेश छिपावनेमात्र है। व्यक्तरूप नाहीं, जातैं तिस विषयसुखका भोगवने विषैं धर्म उपार्जन करने को सर्वथा असमर्थपनों हु ऐसे तर्क कियें कहै हैं:—

आर्या छंद

कर्तृत्वहेतुकर्तृत्वानुमतैः स्मरणचरणवचनेषु।
यः सर्वथाभिगम्यः स कथं धर्मो न संग्राह्यः ॥२५॥

अर्थ—कर्तापनों सो कृत, अर हेतुकों कर्तापनों सो कारित, कर्ताका अनुसारी अभिप्राय सो अनुमोदन, इनि तीनूं करि स्मरण, मनका विचार अरू आचरण चरण, काय करि अंगीकार अर वचनभाषा करि बोलना इनि विषैं जो धर्म सर्व प्रकार पावनें योग्य है सो धर्म कैसै संग्रह न करना?

भावार्थ—जो एक ही प्रकार धर्म होता होइ तौ सर्व विषयनिका त्याग कियें ही धर्महोइ परन्तु यावत्सर्व विषयका त्याग न होइ सकै तावत् अनेक प्रकार करि थोरा थोरा धर्म ही का संचय करना। जैसे अनेक व्यापारनि करि धन भेला करै तैसै अनेक प्रकार धर्म साधनिकरि धर्मका संचय करना। सो धर्मका संचय नव प्रकार हो है। मन करि धर्म करना, करावना, अनुमोदना। वचन करि धर्म करना, करावना, अनुमोदना। काय करि धर्म करना, करावना, अनुमोदना। बहुरि धर्मके अनेक अंग हैं तिनि-विषैं जो धर्म बनै सोई करना। बहुरि एक भी धर्म थोरा घनां जेता बनैं तेताही करना। ऐसै सर्व प्रकार धर्म का संचय हो है, तातैं सुलभ है। बहुरि तूं कठिनता प्रगटि करि धर्मविषैं निरुद्यमी भया चाहै है सो जैसै निरुद्यमी पुरुष दरिद्री होइ दुःख पावै तैसै तूं पुण्यहीन होइ नरकादिविषैं दुःख पावैगा। तातैं धर्मका संग्रह ही करना योग्य है।

आगें ऐसा धर्म जीवनिका चित्तविषै वर्तमान होत संते बहुरि न वर्तमान होत संते जो फल हो है ताकौ दिखावता संता सूत्र कहै है—

वसन्ततिलका छन्द

धर्मो वसेन्मनसि यावदलं स तावात्,
हन्ता न हन्तुरपि पश्य गतेऽथ तस्मिन्।
दृष्टा परस्परहतिर्जनकात्मजानां
रक्षा ततोऽस्य जगतःखलु धर्म एव ॥२६॥

अर्थ—हे शिष्य! तू देखि, यावत् मन विषै अत्यर्थपनैं धर्म बसै है, तावत् अपने हननेवालाका भी आप हननेवाला न हो है। बहुरि तिस धर्म-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को गएं संतैं पिता पुत्रनिके भी परस्पर घात क्रिया देखिए है। तातैं प्रकट इस जगतकी रक्षा धर्म ही है।

भावार्थ—धर्म बुद्धि होतैं तौ काहू कोई न मारै अर धर्मबुद्धि न होइ तब वह वाकौं मारै। तातैं धर्म न होइ तो बलवान् निर्बल कों मारै। उसतैं बलवान् वाकौं मारै। ऐसै सर्व लोक नष्ट होइ। परंतु स्वयमेव लोकविषै धर्मकी प्रवृत्ति है, तातैं जीवनिके परस्पर रक्षा करनेंके भी परिणाम हैं। तिर्यंचादिक भी बिना प्रयोजन छोटे जीवनिकौं भी न मारते देखिए हैं। तातैं लोकका रक्षक धर्म ही है। बहुरि जो धर्म लोकका रक्षक है सो ताके साधनेवालाका रक्षक कैसैं न होगा? तातैं अपना भी रक्षक धर्म ही कों जानि ताका सेवन करना योग्य है।

इहाँ प्रश्नः—जो विषय सुखकौं भोगवते प्राणी तिनकै पापका उपजना संभवै है, तातैं धर्म कैसे होइ? ऐसी आशंका करि उत्तर कहै हैंः—

आर्या छन्द

न सुखानुभवात् पापं पापं तद्धेतुघातकारम्भात्।
नाजीर्णं मिष्टान्नान्ननु तन्मात्राद्यतिक्रमणात्॥२७॥

अर्थ—सुखके भोगवनें तैं पाप नाहीं है। तिस सुखका कारण जु है धर्म ताका घात करनेंवाला जो कार्य ताका आरंभ करनेतैं पाप हो है। इहाँ दृष्टान्त कहै है:—मिष्ट अन्नका भोजन तैं अजीर्ण न हो हैं। तिस भोजन-की मात्रादिकताका उल्लंघन तैं अजीर्ण हो है।

भावार्थ—जैसैं अजीर्णका कारण मिष्ट भोजन नाहीं, आसक्तता तैं अधिक भोजनादिक अजीर्णका कारण है। तैसैं पापका कारण विषयसेवन नाहीं, धर्मका घात करि बहुत कषायादिककी प्रवृत्ति सो पापका कारण है। इंद्रादिक देव वा भोगभूमिया वा तीर्थंकरादिककै विषय सामग्री पाइए हैं तिनि का सेवन भी है। परंतु नरकादिकका कारण पापका बंध होता नाहीं। बहुरि तंदुल मच्छादिकै बहुत तृष्णातैं वा पर्वतादिककै मिथ्यात्वा-दिकतैं बहुत विषयसेवन कियें बिनां ही धर्मका घात करने करि नरकादिक-का कारण पाप बंध हो है। तातैं मोतैं विषय छूटै नाहीं, विषय छूटैं बिना धर्म होइ नाहीं, ऐसी आशंका करि धर्मकी अरुचि करनीं नाहीं। इहाँ प्रश्नः—जो ऐसै हैं तो विषय छोरि मुनि पद काहे कौं ग्रहण करै है। ताका समाधानः—नरक तिर्यंचादिरूप बंधको कारण जो पाप ताका अभाव तौ गृहस्थ अवस्थाविषैं ही साधन कियें हो है। परंतु इहाँ स्वर्गादिकका कारण परंपरा मोक्षकौं साधै ऐसा धर्म सधै है। तातैं धर्म वृद्धिकरि जो जीव

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साक्षात् मोक्ष कौं साध्या चाहै सो सर्वविषय छोरि मुनिपद अंगीकार करै है।

ऐसै आगै कोऊ तर्क करै है:—जो शिकार खेलना आदि हिंसादिरूप कार्य ताकै भी धर्मवत् सुखका कारणपनांकी सिद्धि है। जैसे धर्म तैं सुख उपजता कहौ हौ तैसे शिकार आदि कार्यनितैं भी सुख होता देखिये है, तातैं धर्मका घातक आरंभ तैं पाप हो है ऐसा कैसे कहौ हौ ? जातैं पापका कारणकै सुखका कारणपनाका विरोध है। ऐसी आशंका करि ताकौं निराकरण करता संता सूत्र कहै है :—

शार्दूल विक्रीडित

अप्येतन्मृगयादिकं यदि तव प्रत्यक्षदुःखास्पदं।
पापैराचरितं पुरातिभयदं सौख्याय संकल्पतः ।।
संकल्पं तमनुज्झितेन्द्रियसुखैरासेविते धीधनै-
र्धर्म्ये कर्मणि किं करोति न भवान् लोकद्वयश्रेयसि ।।२८।।

अर्थ—जो यहु शिकार आदि कार्य हैं सो प्रत्यक्ष दुःखका ठिकानां हैं। बहुरि पापी जीवनिकरि आचारया हुवा है। बहुरि आगै नरकादिविषैं बहुत भयका दाता है। ऐसा है तो भी तेरे संकल्प जो मनका उल्लास तातैं सुखकै अर्थि हो है। तिस संकल्पकौ तू धर्म कार्यनिविषै क्यों न करै है ? कैसा है धर्म-कार्य-मिलें हैं इंद्रियसुख जिनकौं ऐसे बुद्धि धनसंयुक्त जीव तिनकरि सेवनीक है। अर इसलोक-परलोकविषैं कल्याणकारी है।

भावार्थ—शिकारादि कार्य कौं तूं सुख का कारण माने है सो है तो प्रत्यक्ष दुःखका स्थानक, जातैं तहाँ खेद, क्लेश, आकुलता विशेष हो है। परंतु तेरै तिस कार्य करनैंका उल्लास भया सो तेरी मानितैं सो कार्य सुखके अर्थि हो है। बहुरि जो दुःखका स्थानक ही तेरी मांनितैं सुखके अर्थि भया अर जो खेद, क्लेश, आकुलता घटनेंतैं प्रत्यक्ष सुखका स्थानक धर्म-कार्य तिसविषै तैसी जो मानि करै तो सुखके अर्थि कैसै न होइ ? बहुरि तू जानेगा शिकार आदि कार्य तो भोगी पुरुषन के करनेके हैं, अर धर्म कार्य योगीनका करनेका है, सो ऐसें नांहीं, शिकार आदि कार्यको तो अहेड़ी आदि पापी ही करै हैं। अर धर्म कार्यकौं चक्रवर्ती आदि महाभोगी सो आदरैं हैं। बहुरि आगामी भला जाते होइ तिस दुःखविषै भी सुख मानिये सो शिकार आदि कार्य तौ नरकादि दुखकौं कारण है। धर्म है सो स्वर्ग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मोक्षके सुखकौं कारण हैं। तातैं शिकारादि कार्य छोरि सुखकै अर्थि धर्म ही अंगीकार करना योग्य है।

आगैं शिकार खेलनांविषै आसक्त जे जीव तिनिकै अत्यन्त निर्दयपनां कौं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

अनुष्टुप्छंद

भीतमूर्तीर्गतत्राणा निर्दोषा देहवित्तकाः।
दन्तलग्नतृणा घ्नन्ति मृगीरन्येषु का कथा ।।२९।।

अर्थ—भयवान है मूर्ति जिनकी, अर रक्षाकरि रहित अर दोषकरि रहित अर शरीर मात्र धनकरि सहित अर दाँतनि विषैं लगैं हैं तृण जिनिके ऐसी जै हिरणी तिनिकौं मारैं है औरनविषै अदयाकी कहा बात है ?

भावार्थ—लोकविषै राजादिक समर्थ पुरुष हैं तै भी एक तो भयवांन कौं न मारै, वाकूं अपणें शरणैं राखै। बहुरि जाका रक्षक न होइ ताकौं न मारै, अनाथकी रक्षा ही करै। बहुरि जामैं चोरी आदि दोष नाहीं ताकौं न मारै, शिष्टकी प्रतिपालनां ही करै। बहुरि जांके धन न होइ ताकूं न मारै, रंकनिकी सहाय ही करै। बहुरि दाँतां तिणाँ लियाँ होइ ताकौं न न मारै। मान छोड़ि निर्भय ही करै। बहुरि स्त्रीकौं न मारै। स्त्री आदि-की हत्या पुरुषार्थका धारी न करै। ऐसे एक-एक वार्ता जाकै पाइये तांकौं भी मारना युक्त नाहीं। सो हरिणीनिविषैं तो ए सर्व बात पाइए हैं। तिनकों भी शिकार खेलने वाले मारे हैं तौ उनके औरनकी दया कैसे होय ? तातैं शिकारी पुरुष महानिर्दय महापापी जानने।

आगैं हिंसाका त्याग रूप व्रतविषैं दृढ़पनौं करि अनृत स्तेयका त्याग रूप व्रतविषैं तिस दृढ़पनां करनेकौं सूत्र कहै हैं :—

आर्याछन्द

पैशुन्यदैन्यदम्भस्तेयानृतपातकादिपरिहारात्।
लोकद्वयहितमर्जय धर्मार्थयशःसुखायार्थम् ।।३०।।

अर्थ—दुष्टता अर दीनता, कपट अर चौरी अर असत्य अर हत्या[1] आदि पातिक इत्यादि पाप कार्यनि का त्याग करनैं तैं हे भव्य ! तू दोऊ लोक सम्बन्धी हितका उपार्जन करि। इहां प्रयोजन कहै हैं। धर्म, अर्थ, जस, सुख, पुण्य इनिके अर्थि ऐसा कार्य करि। ऐसै हम तोकौं प्रेरैं हैं।

१. मुनि हत्या०.ज० पू० ३०–४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—अनृत, स्तेय विषै गर्भित ऐसा दुष्टपनां, दीनपनां, ठिगपनां, चोरपनां, असत्य बोलना महापाप रूप पातककार्य करनां इत्यादिक कार्यनिका त्याग करना योग्य है। इनका त्याग इसलोक-परलोक विषै हितकारी है। जातैं इनिके त्यागतैं अणुव्रत, महाव्रत रूप धर्म हो है। बहुरि लोक-विषैं विश्वास होनैं करि धन उपार्जनके निमित्त बनै हैं। बहुरि लोक विरुद्ध कार्य छोड़नें तैं जस हो है। बहुरि आकुलता मिटनेतैं वा सुखका कारन तैं सुख हो है। बहुरि साता वेदनीयादि पुण्यका बन्ध हो है। तातैं इस लोक परलोकविषैं इनका त्यागकौं हितकारी जांनि हे भव्य! तुम ऐसा कार्य करौ।

इहाँ तर्कः—जो व्रतीनिकै भी उपसर्ग दुःख आयें अपनी रक्षाकै अर्थि हिंसा, अनृत आदि पाप कदाचित् होइ, ऐसा तर्क किए इहां सूत्र कहै है.—

(वसन्ततिलका छन्द)

पुण्यं कुरुष्व कृतपुण्यमनीदृशोऽपि
नोपद्रवोऽभिभवति प्रभवेच्च भूत्यै।
संतापयन् जगदशेषमशीतरश्मिः
पद्मेषु पश्य विदधाति विकासलक्ष्मीम् ॥३१॥

अर्थ—हे भव्य हो! तुम पुण्यकौं करौ। जातैं पुण्य किया तिसको, जिस सारिखा न देख्या ऐसा भी उपद्रव है सो नांहीं पीडै है। बहुरि वह उपद्रव है सो ही विभूति कै अर्थि हो है। तूं इहाँ दृष्टान्त देखि-समस्त जगतकौं आताप देता ऐसा सूर्य है सो कमलनि विषै विकासरूप लक्ष्मीकूं करै है।

भावार्थ—उपसर्ग दुःखदायक कारण है सो पुण्यवाननि कौं दुःख देनेको समर्थ नाहीं। जैसे सूर्य औरनिकौं आतप उपजावे, कमलनिको प्रफुल्लित करै। तैसे उपद्रव है सो पाप उदय होइ तिनकूं दुःख देवै है। जिनकै पुण्यका उदय है तिनंनिकूं विभूतिका दाता हो है। सो प्रत्यक्ष देखिये है। जिस उपद्रवविषैं सर्वकूं बड़ा दुःख होई अर कोईके पुण्य उदय होय ताकै तिस उपद्रव ही विषै धनादिकका लाभ हो। तातैं धर्मात्मा पुरुष है सो उपसर्ग आएं भी धर्मको छोडि हिंसादि पाप रूप नाहीं प्रवर्तैं हैं।

आगे पुरुषार्थ ही तैं शत्रुनिकौं दूरि करि उपसर्ग निवारनिकौं समर्थ-पनां है। तातैं पुण्यकरि पूरी परौं[1] किछू सिद्धि नाहीं ऐसी आशंका करि समाधान करने रूप सूत्र कहे हैं।

१. पूरी परी–मु० ३१–४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूलविक्रीडित छन्द

नेता यत्र बृहस्पतिः प्रहरणं वज्रं सुरा सैनिकाः,
स्वर्गो दुर्गमनुग्रहः खलु हरेरैरावणो वारणः ।
इत्याश्चर्यबलान्वितोऽपि बलभिद्भग्नः परैः संगरे,
तद्व्यक्तं ननु दैवमेव शरणं धिग्धिग्वृथा पौरुषम् ॥३२॥

अर्थ—जहां वृहस्पति तो मन्त्री अर वज्र हथियार अर देव सेनाविषै चाकर, स्वर्ग गढ़ अर हरि जो ईश्वर ताका अनुग्रहसहाय, अर ऐरावत हाथी पाईए ऐसा आश्चर्यकारी बलसहित है तो भी इन्द्र है सो औरनि करि संग्रामविषै हारचा। तातैं निश्चय करि यह प्रगट है:—दैव है, सो ही शरण सहाय है। वृथा निःफल जो पुरुषार्थ है सो ताकू धक्कार है, धिक्कार है।

भावार्थ—जो जीव पुरुषार्थकरि दुःख निवारना मानि जैसैं अपना पुरुषार्थ सधै तैसैं उपाय करै है ताकों कहै हैं:—पुरुषार्थ तौ निष्फल है। पुण्य कर्म है ताहीका नाम दैव हैं, सोई सहाय है। ताकौं होतैं पुरुषार्थ भी कार्यकारी हो है। उस बिना पुरुषार्थ किछू कार्यकारी नाहीं। इहां वैष्णव मत अपेक्षा उदाहरण कह्या। जो देवतानिका इन्द्र बलवान है तौ भी दैत्यनि करि संग्राम विषै हारचा। अथवा यहीका जैन मत अपेक्षा अर्थ कीजिये तौ इन्द्र नामा विद्याधर भया है वानैं मंत्री आदिकका बृहस्पति आदि नाम धरया है, सो बहुत पुरुषार्थकरि संयुक्त भया सो भी रावण करि हारचा, तातैं पुरुषार्थकौ निरर्थक जानि पुण्यकर्म ही कार्यकारी जानि पुण्यका साधन करना योग्य है।

इहां तर्कः—जो हिंसादिकका त्याग देख्या नाहीं ताका आचरण करनेवाला भी असंभव भासै है। जातैं तिनकी पहलैभई वार्तामात्र ही सुननेंमें आवै है। ऐसे कहतां पुरुषको उत्तर कहै हैं:—

शार्दूलविक्रीडित छन्द

भर्तारः कुलपर्वता इव भुवो मोहं विहाय स्वयं
रत्नानां निधयः पयोधय इव व्यावृत्तवित्तस्पृहाः ।
स्पृष्टाः कैरपि नो नभो विभुतया विश्वस्य विश्रान्तये ।
सन्त्यद्यापि चिरन्तनान्तिकचराःसन्तः क्रियन्तोऽप्यमी ॥३३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—चिरकालवर्ती बडे मुनि तिनिके शिष्य उनके मार्ग विषै प्रवर्तते ऐसै केई सत्पुरुष अब भी प्रत्यक्ष पाईए हैं। कैसे हैं सत्पुरुष—आप मोहको कुलाचलवत् पृथ्वीका भर्ता है। जैसै कुलाचल पर्वत पृथ्वी कौं धारै है अर पृथ्वीविषै मोहकरि[1] रहित, तैसै सन्त पुरुष हितविषैं लगाई पृथ्वी-स्थित जीवनिकों पोखै है अर तिन जीवनिविषै मोह करि रहित है। बहुरि कैसै हैं—समुद्रवत् रत्ननिके निधि हैं, अर नाहीं है धनकी वांछा जिनकै ऐसै भी हैं। जैसैं समुद्र मोती आदि रत्ननिकी खानि है अर धनकी वांछा करि रहित है तैसै सन्त पुरुष सम्यग्दर्शन आदि रत्ननिकी खानि हैं अर धनादिककी वांछाकरि रहित है। बहुरि कैसै हैं? आकाशवत् किनिहू करि स्पर्शित नाहीं हैं। अर विभुता जो परम महंतताकरि सर्व जगतकी विश्रांतिकै अर्थि होइ रहै हैं। जैसै आकाश कोई पदार्थनिकरि लिप्त नाहीं, अखंडपनाकरि सर्व जगतका रहनेका स्थान है, तैसै सन्त पुरुष कोई पर भावनि करि लिप्त नाहीं, अर महंतपनाकरि सर्व जगतका दुःख दूरि करनेका ठिकाना है। ऐसै केई सत्पुरुष अब भी पाईए हैं।

भावार्थ—जिस कालविषै इस ग्रंथकी रचना भई है तिस कालविषै यथार्थ मुनि धर्मके धारक केई जीव रहि गए अर शिथिलाचारी बहुत भए। तहाँ काहू ने ऐसी तर्क करी जो मुनिधर्म बहुत कठिन है ताका आचरणकी चौथे कालविषै भई बातैं ही सुनिए हैं। परंतु कोई आचरनेवाला तौ दीसता नांहीं। ताकौ कहै हैः—अब भी कोई कोई मुनि धर्मका धारक प्रत्यक्ष पाईए है। तूं धर्म का अभाव करि अपना शिथिलाचारको पुष्ट काहेको करै है। कोई क्षेत्र काल विषै धर्मात्मा थोरे होंहि वा न होंइ तौ धर्मका[2] स्वरूप तो यथावत् ही मानना योग्य है।

आगें इन संतनिकरि आचर्या जो मारग तिसतैं जुदा जु यह लोक सो संसारकी स्थिति कौ न देखता संता कहा करै है, सो कहै हैंः—

शिखरिणी छंद

पिता पुत्रं पुत्रः पितरमभिसंधाय बहुधा।
विमोहादीहेते सुखलवमवाप्तुं नृपपदम्॥
अहो मुग्धो लोको मृतिजननदंष्ट्रान्तरगतो।
न पश्यत्यश्रान्तं तनुमपहरन्तं यममुमम्॥२४॥

१. मोहकर ज० पू० ३३-५.
२. थोरे होइ तो धर्मका ज० उ० ३३-७.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—पिता तो पुत्रकौं अर पुत्र पिता कौं बहुत प्रकार ठिग करि मोहतें सुखका है अंश जामैं ऐसा राजपद पावनैको वांछे है। अहो बड़ा आश्चर्य है मूरख लोग मरण जन्मरूप डाढ़कै मध्य प्राप्त भया निरंतर शरीरकों हरता जो यहु यम ताकौं नाहीं अवलोकै है।

भावार्थ—जैसै कोई सिंहकी डाढ़विषै आया पशु सो अपना शरीरकौं चाबता जो सिंह ताकों तौ विचारै[1] नाहीं, अर क्रीड़ा करनेका उपाय करै। तहाँ बड़ा आश्चर्य हो है। तैसै जन्म मरण दशा है सो यमकी डाड़ है। ताकै बीच कालविषै प्राप्त भया यह लोक सो अपना आयुकौ हरता जो काल ताका तौ विचार ही करै नाहीं अर राज्यादिक पद लेनैका नांनां उपाय करै है सो यहु बड़ा आश्चर्य है। ऐसा मूर्खपनाको छोड़ि यमका चिंतवनि राखि विषयवांछा करनी योग्य नाहीं है।

आगे विषयनिविषै मोहित जो जीव तांकै पुत्रका मारनां आदि अकार्य-की प्रवृत्ति हो है ताविषै कारण कहा है सो कहै हैं:—

अन्धादयं महानन्धो विषयान्धीकृतेक्षणः।
चक्षुषाऽन्धो न जानाति विषयान्धो न केनचित् ।।३५।।

अर्थ—विषयनि करि अन्ध किया है—सम्यग्ज्ञानरूपी नेत्र जाका ऐसा यहु जीव है सो अन्ध तैं भी महाअंध है। इहाँ हेतु कहै हैं। अंध है सो तो नेत्रनिही करि नाहीं जानै है अर विषयकरि अंध है सो काहूकरि भी न जानै है[2]।

भावार्थ—अंधपुरुषकौं तौ नेत्रनिही करि नाहीं सूझै है। मन करि बिचारना, कानां करि सुनना इत्यादि ज्ञानतौ वाकै पाईए है। बहुरि जो विषयवासनाकरि अंध भया है ताकै काहू द्वारै ज्ञान न होइ सकै है। विष-यनिविषै दुःख होता नेत्रनि करि दीसै, मनकरि विचारै, भासै, सीख देनैंवाला सुनावै इत्यादि ज्ञान होनैंके कारन बनैं परंतु विषय वासनाकरि ऐसा अंध होइ काहूकौ गिनै नाहीं। तातैं अंध होना निषिद्ध है। तिसतैं भी विषयनिकरि अंध होना अति निषिद्ध जानना।

आगे कहै हैं किंचित् विषय की वांछा करि तिनिकै अर्थि तेरी प्रवृत्ति है सो यह वांछा तौ सब ही प्राणीनिकै है परंतु या वांछा करि कौनकै मनवांछित पदार्थकी सिद्धि भई? काहूकै ही न भई।

१. ताका तो तै विचार ही करै नाहीं मु० ३४-१३.
२. काहू करि न जानै ज० उ० ३५-३.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आशागर्तः प्रतिप्राणि यस्मिन् विश्वमणूपमम् ।
कस्य किं कियदायाति वृथा वो विषयैषिता[1] ।।३६।।

अर्थ—अहो प्रांणी ! यह आशारूप औंडा खाडा सब ही प्राणीनके है। जाविषै समस्त त्रैलोक्यकी विभूति अणू समान सूक्ष्म है। जो त्रैलोक्यकी विभूति एक प्राणीके आय परै तौ हूं तृष्णा न भाजै। कौनकै कहा कैतायक आवै। तातैं तेरै विषयकी वांछा वृथा है।

भावार्थ—त्रैलोक्य विषैं विभूति तौ अल्प अर एक-एक जीवके आशा रूप गर्त कहिये आ खाड़ा अगाध जाविषै त्रैलोक्यकी विभूति अणू समान है सो एक हू जीवका खाडा कैसे पूर्ण होय। तातैं तेरे विषयकी अभिलाषा वृथा है।

आगैं कहै हैं कि याहीतैं विषय सुखकूं छांडि करि महा पुण्यके उपार्जिवे निमित्त मुनि प्रवर्तैं है। या विषयकै सुखकी प्रवृत्तिकरि भव-भवविषैं नवे नवे शरीर धरै हैं। तातैं जे आत्मा-कल्याणविषैं प्रवीण हैं ते विचारि आत्म-कार्यविषैं प्रवर्तैं हैं। जो समस्त प्रभाव है सो पुण्यका फल है सो ही दिखावै है।

शार्दूल विक्रीडित छंद

आयुः श्रीवपुरादिकं यदि भवेत् पुण्यं पुरोपार्जितं
स्यात् सर्वं न भवेन्न तच्च नितरामायातितेऽप्यात्मनि ।
इत्यार्याः सुविचार्य कार्यकुशलाः कार्येऽत्र मंदोद्यमा
द्रागागामिभवार्थमेव सततं प्रीत्या यतन्तेतराम् ।।३७।।

अर्थ—या जीवके सुर मनुष्यादिविषै दीर्घायु, लक्ष्मी, सुन्दर शरीर जो होय है सो पूर्व जन्म पुण्य उपार्जिवे करि हैं। जाने पुण्य उपार्ज्याहोय ताकै सर्व होय। अर जो पुण्य उपार्ज्या न होय तो अनेक उद्यम खेद करै तोऊ सर्वथा कछू ही न होय। तातैं कार्यविषै प्रवीण पुरुष विचारि करि या भवके कार्यविषै तो मंद उद्यमी हैं अर शीघ्र ही आगामी भवके अर्थि प्रीति सेती निरंतर अत्यन्त यत्न करैहैं।

भावार्थ—पूर्व भवविषै जानै दया, दीन, तपादिक करि विशेष पुण्य उपार्ज्या होय ताहीकै दीर्घ आयु, सुन्दर काय, विभूत्यादिक होय है। अर

---

१. मोक्षमार्गप्रकाशक पृ० ५६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जानें पुण्य न उपार्ज्या सो अधिक उद्यम करै, अति खेद खिन्न होइ तोऊ कछू ही न होय, ऐसा विचार विवेकी पुरुष या भव के कार्य विषै तो मंद उद्यमी हैं अर शीघ्र ही पर भवकै सुधारवे अर्थि अति प्रीति करि विशेष यत्न करै हैं।

आगे कोऊ प्रश्न करैं है कि या भवके सुखके साधक जे विषय ते पूर्व पुण्यके प्रसाद तैं आय प्राप्त भये, तिनि विषै काहे को मंद उद्यमी होय, ताका समाधान करै हैं :—

शार्दूल विक्रीडित छंद

कः स्वादो विषयेष्वसौ कटुविषप्रख्येष्वलं दुःखिना
यानन्वेष्टुमिव त्वयाऽशुचिकृतं येनाभिमानामृतम्।
आज्ञातं करणैर्मनः प्रणिधिभिः पित्तज्वराविष्टवत्
कष्टं रागरसैः सुधीस्त्वमपि सन् व्यत्यासितास्वादनः॥३८॥

अर्थ—कड़वे विष तुल्य जे ए विषय तिनविषै का स्वाद है।[1] तृष्णाकरि अत्यन्त दुःखीकी नाँई इन विषयनि कौं भोगवे निमित्त तैं अपनां महंतता रूप अमृत मलीन कीया सो बड़ा कष्ट है। अर मनके[2] सेवक जो ये इन्द्रिय तिनिका आज्ञाकारी होय विषयनिविषै प्रवर्त्या। जैसे पित्तज्वरका वेठ्या जो प्राणी ताहि वस्तुनिका स्वाद विपरीत भासै तैंसै तू सुबुद्धि है तौऊ विषयाभिलाषी भया थका राग रस करि विपरीति स्वादी भया।

भावार्थ—जैसे पित्तज्वर वारे कूँ वस्तुनिका स्वाद विपरीत भासै तैंसे तू रागज्वरकरि विपरीत स्वादी भया। कडवे विष समांन ए विषय तिनिविषै कहा स्वाद है? परन्तु तोहि स्वादु सा भास्या अर इनि ही कूँ मनोज्ञ जानि ढूढत भया। विषयाभिलाषकरि महा दुखी जो तू सो अपना महन्तता-रूप अमृत अशुचि करता भया। जो विषयाभिलाषी होय महंतता सर्वथा न रहे।

आगै कहै हैं कि विषयासक्त जो तू अर काहू ही वस्तुविषै नाहीं निवर्त्या है चित्त जाका सो तेरे भखिवेकी असामर्थता तैं कछू उबर्‍या, सो उबर्‍या, भावनितैं तौ तूं सर्व भक्षी ही भया।

अनिवृत्तेर्जगत्सर्वं मुखादवशिनष्टि यत्।
तत्तस्याशक्तितो भोक्तुं वितनोर्भानुसोमवत् ॥३९॥

---

१. जे विषय तृष्णा करि अत्यन्त मु० ३८-३
२. मलीन कीया अर मनके ज० पू० ३८—६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—निवृत्तितैं रहित जो तूं सर्व जगतकी माया ताकै अंगीकार करबे-की है अभिलाषा जाकै सो भावनितैं तौ तैं कछू ही न छोड्या। अर तेरे मुख तैं जो कछु बच्या सो भोजनकी अशक्तितैं बच्या। जैसे राहू रवि शशि कौं निगलता हुता सो निगल न सक्या तातैं बचे।

भावार्थ—यह जीव ऐसा विषयासक्त अर तृष्णातुर है जो सर्व जगतकी विभूति अर त्रैलोक्यके पिषय याहि प्राप्ति होय तोऊ तृष्णा न मिटै। परन्तु जो कछु उबरयो सो भोगवेकी असमर्थतातैं उवरया। जैसे राहु रवि शशि-कों भखि न सक्या तातैं उबरै।

आगे कहै हैं कि दैवयोगतैं करुणारूप भया है चित्त जाका अर मोक्ष लक्ष्मीकी अभिलाषा करि हिंसाकी निवृत्ति कौं इच्छे है ऐसा तूं, सो तोहि बाल्यावस्था ही तैं सर्वथा परिग्रहका त्याग ही करना, ऐसा दिखावै है :—

शार्दूलविक्रीडित छन्द

साम्राज्यं कथमप्यवाप्य सुचिरात् संसारसारं पुनः
तत्त्यक्त्वैव यदि क्षितीश्वरवराः प्राप्ताः श्रियं शाश्वतीम् ।
त्वं प्रागेव परिग्रहान् परिहर त्याज्यान् गृहीत्वापि ते ।
मा भूर्भौतिकमोदकव्यतिकरं सपाद्य हास्यास्पदम् ॥४०॥

अर्थ—हे भव्य ! जैसे अगले बड़े बड़े राजानिमें कोइक पुण्यके उदयकरि चक्रवर्ति पदका राज्य संसारविषैं सार सो चिरकाल भोगि करि शाश्वती निर्वाण विभूति ताहि प्राप्त भए। निर्वाण पदका कारण परिग्रहका त्याग ही है। तातैं तू पहली ही परिग्रहका त्यागकरि कुमार अवस्था ही विषै मुनि पद धरि। बाल ब्रह्मचर्य समान और वस्तु नाहीं। ए परिग्रह तजिबे योग्य ही हैं। जिनि चक्रवर्त्तिपद भोग्या तिनिहू तज्या, तब मुक्त भए। तातैं जे राज नाहीं करैं, अर विवाह नाहीं करै तिनि समान और नाहीं। अर तेरे ऐसी अभिलाषा है जो इनि परिग्रहनि कूं गहि करि बहुरि तजूं सो ऐसी कामनाकरि तू भेषधारीके लाडू—कीच नांईसी[1] कहवति कराय लोकनिपैं हास्या मति करावै।

भावार्थ—एक भौतिक भेषधारी भिक्षाकौं भ्रमता हुता सो काहू नैं ताकै पात्र विषैं लाडू डारया सो लेकरि जाय था, मारगमैं पग आखरया सो लाडू पात्रमें तैं मलीन जायगां जाय पड्या। तब तानैं लाडू उठाय

१. लाडू कीसी मु० ४०–९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पात्रमैं ड़ारया। तब काहूनैं कही तैं बुरा किया, ऐसी जायगांका परया लाडू न लेनां। तब यह कहता भयाः—तू चुप होय रहु। मैं यह लाडू न भखोंगा। परन्तु आश्रमविषै लेजाय धोय करि ड़ारि द्यूंगा। तब लोगनि बहुत हास्य करी अर कही—तूं लाडू न भखै अर धोय करि डारै तो मलीन जायगाँका उठाय पात्रमैं क्यों डारै ? पड्या ही रहनैं दे। सो जैसे लाडूकै उठायवे करि भौतिककीं हास्य भई तैसैं तू हू कहै है जो मैं परिग्रह सम्पदा भोगि पीछे तजूंगा सो यह माया मलिन जायगांके पडे लाडू समान है। तोहि अंगीकार ही करना योग्य नाहीं। तजनी तौ है ही तो ग्रहण ही काहे-कूं करै। जिमि चक्रवर्त्यादि राजानि राज संपदा भोगई तिनिहूं तजी तब मुक्त भये, सो तूं कुमार अवस्था ही तैं तजि, ज्यों उनहू तैं उत्कृष्ट होइ। जैसे कहू एक पुरुषकै कीच लागा था सो धोयकरि उज्ज्वल भया। अर जो कीच लगावै ही नाहीं सो सर्वोत्कृष्ट है। अर कीच लगाय कर धोया चाहै सो हास्यका स्थानक होय।

आगैं कहैं हैं कि शाश्वती निर्वाण विभूति ताकै साधक निर्ग्रंथ मुनि ही हैं। गृहस्थावस्थाविषैं निर्वाणका साधन न करि सकै, यही दृढ करि दिखावै है—

शार्दूलछन्द

सर्वं धर्ममयं क्वचित् क्वचिदपि प्रायेण पापात्मकं
क्वाप्येतद् द्वयवत्करोति चरितं प्रज्ञाधनानामपि।
तस्मादेष तदन्धरज्जुवलनं स्नानं गजस्याथवा
मत्तोन्मत्तविचेष्टितं न हि हितो गेहाश्रमः सर्वथा ॥४१॥

अर्थ—यह गृहस्थाश्रम है सो सर्वथा या जीवकूं कल्याणकर्त्ता नाहीं। जैसे मतवाला आदमी अनेक उन्मत्त चेष्टा करै तैसे यह गृहस्थाश्रम बुद्धि-वान जीवनिहूं कै अनेक चरित्र करै है। कबहू तौ सामायिक पडिकूंना पोसहसंयुक्त उपवासादिककरि जीवकूं केवल धर्ममई ही करै है। अर कबहूक स्त्री सेवनादिककरि पापमयी करै है। अर कबहूक पूजा प्रभावना यात्रा चैत्य चैत्यालय निर्मापण इत्यादि कार्यनिकरि पुण्य पाप दोऊमयी करै है। तातैं यह गृहस्थाश्रम आंधेका जेवड़ी बटना, ता समान है, अथवा गज स्नानवत् है, बावरेकी सी चेष्टा है।

भावार्थ—यह गृहस्थाश्रम जीवकूं हितकारी नाहीं। उन्मत्त पुरुषकी चेष्टा है। कबहूं तौ सर्वथा दयारूप सामायिक पोसह तिनकरि धर्म ही

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपार्जै। कबहूक स्त्रीसेवन श्रृंगारादिक करि पाप ही उपार्जै। अर कबहूक पूजा, प्रतिष्ठा, यात्रा, चैत्यालय निर्मापण इत्यादि कार्यनि करि विशेष पुण्य अल्प पाप उपार्जै है। तातैं यह गृहस्थाश्रम तजिबे ही योग्य है, कल्याणकारी नाहीं। जैसे आंधा जेवडीकूं वलै सो उधडती चली जाय, अर हाथी स्नान करै सिर परि धूरि डारै, तातैं उन्मत्तचेष्टा है।

आगैं कहै हैं कि शाश्वती मोक्षसंपदा तिसका जो साधक होय सो उपकारी कहिए। यह गृहस्थाश्रम शिवसम्पदाका साधक नाहीं। तातैं या विषैं जीवका हित नाहीं। यह गृहस्थावस्था अर या विषै असि कहिये खड्गवृत्ति अर मसि कहिये स्याही ता करि लिखनीवृत्ति, अर कृषि कहिये खेती अर वाणिज्य कहिये व्यापार सो सब दुःख ही के साधक हैं। इनमें सुखका साधक कोऊ नाहीं ऐसा दृढ करि दिखावै है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

कृष्ट्वोप्त्वा नृपतीन्निषेव्य बहुशो भ्रान्त्वा वनेऽम्भोनिधौ
किं क्लिश्नासि सुखार्थमत्र सुचिरं हा कष्टमज्ञानतः।
तैलं त्वं सिकतास्वयं मृगयसे[1] वाञ्छेद्विषाज्जीवितुं
नन्वाशाग्रहनिग्रहात्तव सुखं न ज्ञातमेतत् त्वया ॥४२॥

अर्थ—हे जीव! तू या गृहस्थाश्रमविषै सुखकै अर्थि कहा क्लेश करै है, यामैं सुख नाहीं। तूं हलसूं धरती जोति बीज वाहै है अर खड्ग धारणकरि राजानिकूं सेवै है, अर लेखन वृत्तिकरि उद्यम करै है, अर वाणिज्यवृत्तिकरि वन अर समुद्र विषै बहुत भटकै है। अज्ञानतैं चिरकाल ए कष्ट करै है सो हाय हाय! तूं बालू रेतविषै तेल ढूंढै है। अर विषतैं जीया चाहै है। अहो प्राणी! आशारूप ग्रह ताके निग्रहतैं ही तोहि सुख है, तृष्णाकरि सुख नाहीं। यह तैं न जाण्या तातैं अजाण हुवा परिश्रम करै है।

भावार्थ—गृहस्थाश्रमविषैं असि, मसि, कृषि, वाणिज्य ए ही उपाय सो सब दुखदाई, इनमें सुख नाहीं। खेतीका तो प्रगट खेद निजरि ही आवै है। सदा क्लेश, कुग्रामवास, क्रियाकी हीनता, मानभंग, स्वचक्रपरचक्र आदि सप्त ईतिका भय। अर खड्गधारी आजीविकानिमित्त नृपकूं सेवै है सो नृपतिसेवा महाकष्टकारी है। जीवकाकै अर्थि जीव ही दे है। अर व्यापारी व्यापारके अर्थि समुद्रनिमैं जहाज बैठे जाय हैं सो कबहूक जहाज ही डूबि जाय है। अर महागंभीर वननिमैं भटकै हैं। इनकै दुख कहाँ लौं कहैं। नाना प्रकारकी हानि-वृद्धिकरि सदा व्याकुल ही रहै हैं।

---

१. सिकतासु यन्मृगयसे मु० ४२-१.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर लेखनीधर लेखा करते करते खेद-खिन्न होय है। अल्प प्रयोजनकै अर्थि सदा पराधीन ही रहै। इनि उपायनिमैं तूं सुख चाहै है सो बालू रेत मैं तेल हेरै है। अर विषतैं जीया चाहै है। यह विपरीत बुद्धि तजि, आशारूप खोटा ग्रह तेरै अनादि तैं लाग्या है। या करि तैं कबहू सुख न पाया। अब याके निग्रहतैं सुख हैं सोतैं अब तक न जान्याँ तातैं भव भ्रमण किया।

आगै कहै हैं कि सुखका उपाय संतोष ही है। ठौर ठौर ग्रंथनिमैं आशाका निग्रह ही उपदेश्या है सो यह न जानते ए प्राणी विपरीत चेष्टा करैं हैं।

आशाहुताशनग्रस्तवस्तूच्चैर्वंशजां जनाः।
हा किलैत्य सुखच्छायां दुःखघर्मापनोदिनः ॥४३॥

आशारूपी अग्नितैं जरे, कनक कामिनी आदि वस्तुनिकौं निश्चयसेती भले जानि सुखके अर्थि अर तापका निवारिवे अर्थि आयकरि बांसको छाया ग्रहै सो वृथा है, ताकरि घामका आताप न मिटै।

भावार्थ—बांसकी छाया तापहारी नाहीं, विघ्नकारी है। बांस आपसि मैं घसि जरि उठै तो बैठनिहारा भस्म होय जाय। अर बाँसका गोभा निकसनी आवै तो तत्काल शरीर भिदि जाय त्यौं ही विषयका सेवनहारा या भव तौ इनके उपार्जनतैं तथा सेवनतैं अथवा वियोगतैं महा दुखी होय है। सदा तृष्णा करि व्याकुल भया खेदरूप है। अर पर भव नरकनिगोदकूं प्राप्त होय है। ए विषय सर्वथा सुखकारी नाहीं। संसारी जीव विवेक बिना आशारूप अग्निकरि, जरचा कनक, कामिनी आदि वस्तुनिका सुख कै अर्थि अनुरागी होय है सो इनिमैं रंचमात्र सुख नाहीं। ए भव-भव दुख-दाई हैं। या संसार असार विषैं सुख काहैका! यह संसारकी माया बाँसकी छाया समान है, ग्रहिवे योग्य नाहीं, तजिवे योग्य है।

आगै कहै हैं कि दैवयोगतैं काहूकै तुच्छमात्र सुख प्राप्त भया सो स्थिर नाहीं सो यह बात दृष्टांतकरि दृढ़ करै हैं:—

शार्दूल विक्रीडित छंद

खातेऽभ्यासजलाशयाऽजनि शिला प्रारब्धनिर्वाहिणा
भूयोऽभेदि रसातलावधि ततः कृच्छ्रात् सुतुच्छं किल।
क्षारं वार्युदगात्तदप्युपहतं पूति क्रमिश्रेणिभिः
शुष्कं तच्च पिपासतोऽस्य सहसा कष्टं विधेश्चेष्टितम् ॥४४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—निश्चयसेती या तृषातुरकी तृषा पूर्ण न होय। उदयागति कष्टकारी है। कोऊ पुरुष जलकी आशाकरि निवाँण खोदनेका अभ्यास करता भया सो खोदतै संतै शिल निकसी। तब खोदनहारा आरंभके सिद्धि करिवेकूं बहुरि पातालपर्यन्त खोदता भया। सो बड़े कष्टतैं तुच्छ जल निकस्सा सोऊ क्षार अर दुर्गंध कृमिनिकी पंक्ति करि संजुक्त, सोऊ तत्काल सूखि गया। तातैं यह उद्यम कहा करै ? उदयकी चेष्टा प्रबल है।

भावार्थ—कोऊ जाणैं मैं उपायकरि अर्थसिद्धि करूँ सो पुण्यके उदय-विना उपायकी सिद्धि न होय। सोई कथन दृष्टान्त करि दृढ़ करै हैं। काहू एक तृषातुर पुरुषने जलकी आशाकरि भूमि खोदनेका अभ्यास किया सो खोदतैं शिला निकसी। तब खेद खिन्न होय अति औंडा पाताल पर्यंत खोद्या। तहाँ रंचमात्र जल निकस्या, सोऊ खारा अर दुर्गंध लटनि करि भर्या सोहू तत्काल सूखि गया। तातैं याका किया कहा होय ? उदयकी चेष्टा बलवान है।

आगैं कोऊ कहै है कि मैं न्याय वृत्तिकरि अर्थका उपार्जन करूँ अर संपदाकी वृद्धिकरि सुख भोगऊँ सो ऐसी बात कहै ताहि समझावै हैं :—

शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते सतामपि न संपदः।
नहि स्वच्छाम्बुभिः पूर्णाः कदाचिदपि सिन्धवः ॥४५॥

अहो प्राणी ! न्यायके आचरणकरि उपार्ज्या जो धन ताहू करि उत्तम पुरुषनि हू के सुख संपदा नाहीं बढै है। जैसे निर्मल जलकरि कदाचित् भी समुद्र नाहीं पूर्ण होवै है।

भावार्थ— अयोग्य आचरण तौ सर्वथा त्याज्य ही है। अर योग्य आचरणकरि उपार्ज्या जो धन ताहू करि विशेष संपदाकी वृद्धि नाहीं। जैसे कदाचित् हू निर्मल जलकरि समुद्र नाहीं पूर्ण होय है। तातैं न्यायोपार्जित धन हू की तृष्णा तजि सर्वथा निःपरिग्रही होहु।

आगैं कहै हैं ऐसी कोऊ माने है कि जो कछूक संपदाकी वृद्धि होइ सो होहु। तथापि यह गृहस्थपना, धर्म, सुख, ज्ञान अर सुगति इनिका साधन है सो या भाँति मानैं ताकूं समझावै हैं:—

स धर्मो यत्र नाधर्मस्तत्सुखं यत्र नासुखम्।
तज्ज्ञानं यत्र नाज्ञानं सा गतिर्यत्र नागतिः ॥४६॥

अर्थ—धर्म सोई है जा विषैं अधर्म नाहीं। अर सुख सोई है जा विषैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुःख नाहीं। अर ज्ञान सोई है जो विषैं अज्ञान नाहीं। अर गति सोई है जहाँ तैं बहुरि पाछा आवना नाहीं।

भावार्थ—जहाँ लेशमात्र हू हिंसादिक पाप है तहाँ धर्म नाहीं, अर जहाँ संक्लेशरूप दुःख है तहाँ सुख नाहीं। अर जहां संदेहरूप अज्ञान है तहाँ ज्ञान नाहीं। अर जहाँ जाइ करि बहुरि पाछा आइए, जन्म-मरण होइ, सो गति नाहीं।

आगै कोऊ आशंका करै हैं—जो ऐसे अविनाशी सुखादिक तो कष्ट-साध्य हैं अर यह धनका उपार्जन सुखसाध्य है, तातैं याही विषैं प्रवृत्ति करिये, सो ऐसी आशंका करनहारेकूँ समझावे हैं:—

वसंततिलका छंद

वार्तादिभिर्विषयलोलविचारशून्यं
क्लिश्नासि यन्मुहुरिहार्थपरिग्रहार्थम्।
तच्चेष्टितं यदि सकृत् परलोकबुद्ध्या
न प्राप्यते ननु पुनर्जननादि दुःखम् ॥४७॥

अर्थ—हे विषयके लोलुपी! विचार रहित! तू जो असि, मसि, कृषि, वाणिज्यादि उद्यमकरि या लोकविषैं धनके उपार्जिवे अर्थि बारम्बार क्लेश करै है सो ऐसा उपाय जो एक बार परलोकके अर्थि करै तौ बहुरि जन्म-मरणादि दुःख न पावै। अहो! तू धनका साधन छोड़ि धर्मका साधन करि।

भावार्थ—जे विषयके लोलुपी हैं अर जिनमें विचार नाहीं ते खेती आदि उपायनिकरि धनके अर्थि बारम्बार उद्यम करै हैं सो श्रीगुरु दयाल होय भव्यजीवनिकूँ उपदेश दे हैं—अहो! जैसा तूं धनके अर्थि बारम्बार क्लेश करै है तैसा जो एक बार हू परलोककै अर्थि उद्यम करै तो बहुरि जन्म-मरणादि दुःख न पावै, भव सागर तैं तिरै।

आगै परलोकके उपायविषैं दृढ़ता उपजायवे अर्थि बाह्य पदार्थनि-विषैं राग-द्वेष छुड़ावै हैं:—

शार्दूल विक्रीडित छंद

संकल्प्येदमनिष्टमिष्टमिदमित्यज्ञातयाथात्म्यको
बाह्ये वस्तुनि किं वृथैव गमयस्यासज्य कालं मुहुः।
अन्तः शान्तिमुपैहि यावददयप्राप्तान्तकप्रस्फुर-
ज्ज्वालाभीषणजाठरानलमुखे भस्मीभवेन्नो भवान् ॥४८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—हे जीव ! तूं यथार्थ वस्तुकूं नाहीं जानै है। यह इष्ट, यह अनिष्ट ऐसी कल्पनाकरि बाह्यवस्तुनिविषैं बारम्बार आसक्त होय करि कहा वृथा काल गमावै है। अंतःकरणविषै शांत दशाकौं प्राप्त होहु। जो लग उदयकौं न प्राप्त भया निर्दै काल ताकी दैदीप्यमान ज्वालाकरि भयानक जो ताकै मुख विषैं भस्म नहीं होय ता पहली अंतःकरणविषैं राग-द्वेष करि त्याग करि परम शांतदशाकूं प्राप्त होहु।

भावार्थ—जे यथार्थ वस्तुका स्वरूप नाहीं जानै हैं ते धन स्त्री राज्यादिककूं भले जानै हैं, अर दुःख दारिद्र, रोगादिककूं बुरा जानै है। ऐसी इष्ट-अनिष्ट कल्पनाकरि बाह्य वस्तुनिविषैं आसक्त होय वृथा काल गमावै है, सो श्रीगुरु भव्यजीवनिकूं उपदेश दे है। अहो भव्य ! इह इष्ट अनिष्ट कल्पना तजि बाह्य वस्तुनिबिषैं बारम्बार आसक्त होय कहा वृथा काल गमावै है। जौ लग तूं कालके भयानक उठराग्निविषैं भस्म न होय ता पहली रागद्वेषकूं तजि अन्तःकरणविषैं शांत दशाकूं प्राप्त होहु। यह इष्ट अनिष्ट कल्पना मिथ्या है।

आगै कहै हैं कि यह आशारूप नदी तोहि बहाय करि भवसमुद्र विषै डारै है तातैं ता थकी तिरिबेका उपाय करि, ऐसा दिखावै हैं:—

शार्दूलविक्रीडित छन्द

आयातोऽस्यतिदूरमङ्ग परवानाशासरित्प्रेरितः,
किं नावैषि ननु त्वमेव नितरामेनां तरीतुं क्षमः।
स्वातन्त्र्यं व्रज यासि तीरमचिरान्नो चेद् दुरन्तान्तक-
ग्राहव्याप्तगभीरवक्त्रविषमे मध्ये भवाब्धेर्भवेः ॥४९॥

अर्थ—हे मित्र ! तू परवस्तुका अभिलाषी भया संता आशारूप नदीका प्रेरया अनादि कालका अनंत जन्म धरता अति दूरतैं आया है सो तूं कहा न जानै है। यह आशारूप नदी और काहू उपायकरि न तिरी जाय। या आशारूप नदीकूं आत्मज्ञानकरि तूं ही तिरिवे समर्थ है। तातैं अब शीघ्र ही स्वाधीनताकूं प्राप्त होहु। या आशारूप नदीकूं तिरि, पैली तीर जाहु[1] नातर आशा नदीका प्रेरया भवसागरकै मध्य डूबैगा। कैसा है भवसागर—दुःखकरि है अन्त जाका ऐसा जो कालरूप ग्राह ताका कारया जो गंभीर मुख ताकरि अति भयानक है।

---

१. स्वाधीनताकूं तिरि पैली पार जाहु ज० पू० ४९-९.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—भोग-तृष्णारूप आशा नदी ता मैं तूं अनादिकाल तैं बह्या चल्या आवै है। सो याकै तिरिबेको आत्मज्ञान करि तूं ही समर्थ है, और उपाय नाहीं। ज्ञान ही सूं आशा मिटै। तातैं अब पराधीनता तजि शीघ्र ही स्वतंत्र होहु। आशा नदीकै पार जाहू, नातर संसार समुद्रकै मध्य डूबैगा या संसार सागरकै विषै कालरूप ग्राह अतिप्रबल है। सदा मुख फारै ही रहै है। ताका गंभीर मुख अतिविषम है। जगतकूं निगलै है। तातैं तूं कालतैं बच्या चाहै, भवसागरके मध्य न पर्या चाहै तो आशारूप नदीके पार जाहु।

आगै कहै हैं कि विषयकी वांछाकरि व्याकुल भया जो तूं सो अयोग्य हू कूं भोगवै है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

आस्वाद्याद्य यदुज्झितं विषयिभिर्व्यावृत्तकौतूहलै-
स्तद्भूयोऽप्यविकुत्सयन्नभिलषस्यप्राप्तपूर्वं यथा।
जन्तो ! किं तव शान्तिरस्ति न भवान् यावद्दुराशामिमा-
मंहःसंहतिवीरवैरिपृतनाश्रीवैजयन्तीं हरेत् ॥५०॥

अर्थ—या संसारविषैं नष्ट भयो है कौतूहल जिनकै ऐसे विषयी जीवनिनैं भोगिकरि जे पदार्थ छांडै तिनकी तूं बहुरि अभिलाषा करै है। ऐसा रागी भया है, जानिये कि मैं पूर्वैं ए न पाये, सो ये तो तैं हू अनन्त बार भोगये अर अनंत जीवनि अनंतबार भोगए, सो तोय इनिकी सूग[1] न आवै। पराई उच्छिष्ट तथा अपनी उच्छिष्ट सूग आवणी है। इनि विषयनिकरि तेरे तथा और जीवनिके कहां शांति है, कब हूं नाहीं। जौलग ए दुराशा, अपराधके समूहरूप प्रबल बैरी तिनकी सेनाकै वैजयंती कहिये जीतिकी ध्वजा समान जो आशा, ताहि तूं न हरैं तौलग तेरे शांति नाहीं।

भावार्थ—शांतिका मूल आशाका परित्याग है। जौलग अपराधरूप बैरीनिकी सेनाको ध्वजा समान यह आशा तूं न हरै तौलग शांति कहाँ? शांति कहाँ? अर ए भोग वस्तुविषय जीवनि सेय छाँडी अर तैहू अनंत बार सेय सेय छाँड़ी सो इनिकै सेवनतैं तोहि सूग न आवै। तूं तो ऐसा रागी भया सेवै है जानिये कि मैं पूर्वैं न पाई। यह जगतकी माया, जगतकी जूठि, अर तेरी जूठिका कहा सेवन करै, यह तोकूं उचित नाहीं।

१. सूग—ग्लानि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगे कहै हैं कि ता आशाकूं न तजतां थका तूं अउर कहा किया चाहै है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

भङ्क्त्वा भाविभवांश्च भोगिविषमान् भोगान् बुभुक्षुर्भृशं
मृत्वापि स्वयमस्तभीतिकरुणः[1] सर्वञ्जिघांसुर्मुधा।
यद्यत् साधुविगर्हितं हतमतिस्तस्यैव धिक् कामुकः
कामक्रोधमहाग्रहाहितमनाः किं किं न कुर्याज्जनः ॥५१॥

अर्थ—कारे नाग समान प्राणनिके हरनहारे ए भोग तिनिकै भोगवेकी है अति अभिलाषा जाकै ऐसा जो तूं सो होनहार भव विगरि अपंडित मरणमरि करि सब सुख वृथा घातता भया। कैसा है तू, आप अविवेकी, परलोकके भयतै रहित, निर्दय, कठोर परिणामी, जो जो साधुनिकरि निंद्य वस्तु ताहींका अभिलाषी भया। धिक्कार कामी पुरुषनि कूँ। काम, क्रोध, महाग्रह तिनिकै वशि है मन जाका सो प्राणी कहा कहा न करै। सब ही अकार्य करै।

भावार्थ—ये भोग कारे नाग समान विषके भरे तिनसैं तूं अति अभिलाषाकरि कुगतिका बंध किया। परलोकका भय अर जीवनिकी दया न करी सो वृथा अपने वस सुख घाते। धिक्कार होहु या बुद्धिकूं। जो जो वस्तु साधु निंदी ताहीका तूं अभिलाषी भया। काम, क्रोध, महा भयंकर ग्रह हैं, इनिकै वंशीभूत भया कहा कहा अनर्थ न करै? जीवहिंसा, असत्य, चोरी, कुशील बहु आरम्भ, धन, तृष्णा इत्यादि अनेक पाप करै। अंनर्थके मूल ए विषय कषाय ही हैं।

आगै कहै हैं कि जगतकी स्थिति क्षणभंगुर ताहि न देख ताके भोगनिविषै वांछा होय है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

श्वो यस्याजनि यः स एव दिवसो ह्यस्तस्य संपद्यते
स्थैर्यं नाम न कस्यचिज्जगदिदं कालानिलोन्मूलितम्।
भ्रातर्भ्रान्तिमपास्य पश्यसि तरां प्रत्यक्षमक्ष्णोर्न किं
येनात्रैव मुहुर्मुहुर्बहुतरं बद्धस्पृहो भ्राम्यसि ॥५२॥

अर्थ—हे भ्रात! तूं भ्रांति तजि, कहा आँखिनि करि प्रत्यक्ष न देखे है। यह जगत कालरूप पवनकरि निर्मूल करिए है। वा काहूके स्थिरता

---

१. संमृत्यापि समस्तभीति मु० ५१–५.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाम मात्र हू नाहीं। जा दिवसका प्रभात होय है सो ही दिवस अस्तकूँ प्राप्त होय है। तातैं तूं कौन कारण जगत विषैं बारम्बार आशा बांधि भ्रमै है।

भावार्थ—इह संसारका चरित्र क्षणभंगुर है। जो पर्याय धरै सो नाश-कौं प्राप्त होय है। जैसे दिवसके आरम्भविषैं प्रभात होय अर वही दिवस संध्या समै अस्त होय। यह जगत कालरूप प्रचंड पवनकरि चंचल है। बाल, वृद्ध सब ही यह जानै हैं। तोहि कहा न सूझै है। तूं या संसार असारविषैं आशा बाँधि काहेकूँ भ्रमण करै है? भ्रांति तजि करि वस्तुका स्वरूप यथार्थ क्यों न जानै? विनश्वर वस्तुविषैं कहा वांछा करै?

आगै कहै है कि या प्रकार जगतके स्वरूपकूँ क्षण भंगुर न विचारता जो तूं सो तैं चतुर्गति संसारविषैं अनेक प्रकार दुःख भोगये—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

संसारे नरकादिषु स्मृतिपथेप्युद्वेगकारिण्यलं
दुःखानि प्रतिसेवितानि भवता तान्येवमेवासताम्।
तत्तावत्स्मर सस्मरस्मितशितापाङ्गैरनङ्गायुधै-
र्वामानां हिमदग्धमुग्धतरुवद्यत्प्राप्तवान् निर्धनः ॥५३॥

अर्थ—हे जीव? तैं या संसारविषैं नरकादिक योनिमें अत्यन्त दुःख भोगये! जिनिके स्मरण किये व्याकुलता उपजै। सो उन दुःखनिकी बात तो दूरि ही रहौ, या नर भव ही विषैं निर्धनताका धरनहारा तूं नाना प्रकारके भोगनिका अभिलाषी कामकरि पूर्ण जे स्त्री तिनिका मंद हास्य अर कामके बाण तिनिके तीक्ष्ण कटाक्ष तिनिकरि बेध्या संता दाहेके मारे बाल वृक्षकी सी दशा कौं प्राप्त भय; सो ए दुःख ही चितारि।

भावार्थ—तू अनादि कालका अविवेकी है सो क्षण-भंगुर जगत की माया सूँ अनुरागकरि संसारविषैं नरक निगोदादिक मैं अनेक दुःखनिका भोगनिनहारा तूं भया। सो उन दुःखनिकी बाततो दूरि ही रहौ जिनका चिंतवन ही किये अत्यन्त क्लेश उपजै। अर ये नरभव अति दुर्लभ पाया ताहू मैं विषय तृष्णाकरि सुखका लेश न पाया। कामके तीक्ष्ण बाण जे मंदोन्मत्त स्त्रीनिकी कटाक्ष तिनिकरि पीड्या, दाहैके झुलसे ऊगते वृक्षकी सी दशाको प्राप्त भया। सो इह चितारि जगतकी वांछातैं निवृंत्त होहु। जगतकी वांछा मृगतृष्णावत् है। जैसे कोऊ मृग वनविषैं तृषातुर भाडली-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कौं जल जानि दोड्या, सो जल न देखि खेदकूं प्राप्त भया। तैसैं तू विषय तृष्णाकरि पीड़ित कनक, कामिनी आदि वस्तुनिकूं सुखके कारण जानि वृथा अभिलाषी भया। तहाँ लेशमात्र हू सुख नाहीं। काहे तैं, जो ए पदार्थ दुःख ही के कारण हैं। काहूकूं तौ किछू ही न मिले ता करि खेद खिन्न रहै। अर कदाचित् काहूकूं कछूइक मिलै तो मनोवांछित न मिलै ता करि व्याकुल रहै।[1] अर कदाचित् कोऊ मनकी चाही हू वस्तु मिलि जाय तो थिर नाहीं। तातैं सदा तृषातुर ही रहै। अर ये इन्द्रिय पाँचूं ही जीवनिकूं दुःखदाई हैं। जिनि अति अनुरागकरि एक एक हू इन्द्रियका विषय सेया ते तृप्ति हू न भये, क्लेश अर नाश कूं प्राप्त भये। हाथी तौ स्पर्श इन्द्रियके अनुराग करि कागद की हथणीकूं साक्षात् जाँणि ताकैं निकटि आया सो खाड़े मैं पड्या, सो पराधीन होय नाना दुःख भोगवता भया। अर रसना इन्द्रियके अभिलाषकरि मीन धीवरके जालमें पड्या सो प्राण हीं तैं गया। अर नासिका इन्द्रियके वशि होय भ्रमर कमलकी वासतैं तृप्त न भया सो सूर्यास्त समयमैं कमल मुद्रित भया तामैं यह रुकि मरण-कूं प्राप्त भया। अर नेत्र इन्द्रियके विषयतैं आसक्त होय पतंग दीपककी शिखाकूं मनोज्ञ जानि पड्या सो भस्म होय गया। करण इन्द्रियकी चाहि-तैं हिरण रागका अनुरागी होय शिकारीके बाणतैं प्राण तजता भया। या भाँति एक एक इन्द्रियकै विषय सेवनतैं या दशा कूं प्राप्त भए। अर जे पाँचूं ही इंद्रीनिकै विषय सेवैं सो भवसमुद्र मैं दुःख पावै ही पावै। तातैं तू विषयाभिलाष तजि, सुखका कारण वीतराग भावकूं अंगीकार करि।

आगे कहै है कि संसारविषैं परिभ्रमण करता ऐसे चरित्र आपकै प्रत्यक्ष देखता तूं क्यों न वैराग्य कूंहै प्राप्त होय —

शार्दूल छंद

उत्पन्नोऽस्यसिदोषधातुमलवद्देहोऽसि कोपादिवान्
साधिव्याधिरसि प्रहीणचरितोऽस्यस्यात्मनो वञ्चकः।
मृत्युव्यात्तमुखान्तरोऽसि जरसा ग्रास्योऽसि जन्मिन्! वृथा
किं मत्तोऽस्यसि किं हितारिरहिते किं वासि बद्धस्पृहः ॥५४॥

अर्थ—हे अनंत जन्मके धरणहारे! अज्ञानी जीव! तू या संसारविषैं अनेक जोनिमैं उपज्या महा दोषरूप धातु अर मल तिनिकरि युक्त है देह तेरा, अर क्रोध, मान, माया, लोभका धारक तूं मनकी चिंता अर तनकी

१. मिलै ता करि व्याकुल रहैं ज० उ० ५३–६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्याधि तिनि करि पीड़ित है। हीन आचार जे अभक्ष्य भक्षण अयोग्य आचरण तिनिकरि दुराचारी है। आपका ठिगनहारा है। तूं जन्म मरणके मुख में पड्या है, जराकरि ग्रसित है। वृथा उमत्त होय रह्या है। कहा आत्मकल्याणका शत्रु है अकल्याण विषैं बाँधी है वांछा तैं।

भावार्थ—संसारविषैं शरीरका ग्रहणकरि जीव जन्म धरै है। सो संसारका मूल कारण कुबुद्धि, अज्ञानी जीवनिकै अनादि तैं है। तातैं देह विषैं आत्मबुद्धिकरि नवे नवे शरीर धरै है सो नारकीका शरीर तो महा दुःखरूप अनेक रोगमई है। अर देवनिका शरीर रोग रहित है, परंतु मन-की चिंताकरि महा दुःखरूप है। अर मनुष्य तिर्यंचनिका शरीर अनेक रोगनिका निवास, त्रिदोषरूप सप्त धातु मई महा अपवित्र है। तिनिमैं मनुष्यका शरीर महा मलिन आधि कहिये मनकी व्यथा, अर व्याधि कहिये शरीरकी पीड़ा, तिनि करि युक्त महा दुराचारी, जीवनिका घाती, निर्दय परिणामी, असत्यवादी, पर धनका हरणहारा, पर दाराका रमण-हारा, परदाराका रमणहारा, बहु आरंभ परिग्रही, पर विघ्नसंतोषी, ऐसैं देहतैं कहा नेह करै ? तूं क्रोध, मान, माया, लोभके योगतैं महा अविवेकी अपणाँ बुरा आप करै है। आत्मघाती आपकूँ आप ठिगै है। अनेक जन्म मरण किये अर अब करनेंकूँ उद्यमी है, जरा करि ग्रसित है तौऊ परलोक-का भय नाहीं, सो कहा उन्मत्त भया है। अकल्याणविषैं प्रवर्त्या सो कहा आपका बैरी ही है। अब गुरुका उपदेश मानि देहतैं नेह तजि विषय कषायतैं पराङ्मुख होहु। अनाचार तजि, आत्मकल्याणकरि। बँधके कारण रागादि परिणाम तिनिका अभाव करि।

आगै कहै हैं कि आत्माके हितकारी नाँही ए विषय तिनि विषैं तूं अनुरागी भया है। परंतु वांछित विषयकी प्राप्ति बिना केवल क्लेश ही भोगवै है—

शार्दूल विक्रीडित छंद

उग्रग्रीष्मकठोरघर्मकिरणस्फूर्जद्गभस्तिप्रभैः
संतप्तः सकलेन्द्रियैरयमहो संवृद्धतृष्णो जनः।
अप्राप्याभिमतं विवेकविमुखः पापप्रयासाकुल—
स्तोयोपान्तदुरन्तकर्दमगतक्षीणोक्षवत् क्लिश्यते ॥५५॥

अर्थ—यह प्राणी विवेकतैं पराङ्मुख, इन सब इन्द्रियनिकरि तप्ताय-मान भया। बढ़ी है तृष्णा जाकै सो मनवांछित वस्तुनिकूँ न पायकरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनेक पापरूप उपायकरि व्याकुल होय है, जैसैं जलके समीप विषम जो कीच ता विषैं फँस्या दुर्बल, बूढ़ा बलध कष्ट भोगवै है। कैसे है ए इंद्रिय, उग्र जो ग्रीष्म ऋतु ता विषैं तीव्र जो सूर्य ताकी तप्तायमान जे किरण तिनि समान आतपकारी है।

भावार्थ—जैसी तृष्णाकी बढ़ावनहारी ग्रीष्मके सूर्यकी प्रज्ज्वलित किरण तैसी प्रज्ज्वलित ए इंद्रिय तिनिकरि बढ़ी है तृष्णा जाकै ऐसा यह अविवेकी प्राणी सो मनबांछित वस्तुनिकूँ न पाय व्याकुल होय है। जैसे बूढ़ा, दुर्बल बलध तृषातुर जलकै अर्थि सरोवरादिके तीर गया सो जल तक तौ न पहुंच्या अर बीचि ही कीचमैं फँस्या क्लेश भोगवे है तैसै विषय के अर्थि उद्यम करि मनवांछित विषयनिकूँ न पाय क्लेशरूप होय है। विषयतृष्णा महाक्लेशकारी है। यह तृष्णा ज्ञानामृत ही तैं उपसमैं।

आगै कोऊ प्रश्न करै है कि जिनकूँ मनवांछित विषयनिकी प्राप्ति नाहीं ते तौ क्लेष भोगते कहे सो प्रमाण, परंतु जे इंद्र चक्रवर्त्यादिक तिनकै तो विषय पूर्ण हैं सो क्लेशनिकी शांतता होयगी। यां भाँति प्रश्न करै हैं ताहि समझावै हैं।

अनुष्टप्छंद

लब्धेन्धनोज्वलत्यग्निः प्रशाम्यति निरन्धनः
ज्वलत्युभयथाप्युच्चैरहो मोहाग्निरुत्कटः ॥५६॥

अर्थ—अहो भव्य जीव हो! अग्नि है सो इंधनके योगतैं प्रज्ज्वलित होय है, अर इंधनके वियोगतैं बुझि जाय है। अर यह मोहरूप अग्नि अति-प्रबल है। परिग्रहरूपी इंधनके योगतैं तृष्णारूप होय है। अर परिग्रहकी अप्राप्तितैं व्याकुलतारूप होइ प्रज्वलै है। यह दोऊ प्रकार प्रज्वलित है। तातैं मोहाग्नि समान और अग्नि नाहीं।

भावार्थ—और अग्नि तो इंधनके योगतैं प्रज्ज्वलित होय और इंधनके वियोगतैं बुझि जाय। अर यह मोहाग्नि परिग्रहकै बढ़ते तो तृष्णारूप होय अर परिग्रहके घटते व्याकुलतारूप होय। जब असाताके योगतैं कछू न मिलै तब दुखी होय। अर साताके योगतैं कछू मिलै तब तृष्णा बढ़ती जाय सौ सूँ हजार, हजारसूं लाख या भाँति अधिक बढ़ती जाय, संतोष बिना सुख नाहीं। तातैं दोऊ प्रकार मोहाग्नि दाहक ही है। कोई विवेकी जीव शांतभावरूप जलकरि याहि उपसमावै तब सुखी होय।

आगै कहै हैं कि विषय सुखके साधक जे स्त्री आदि पदार्थ तिनिविषैं प्रवृति प्राणीनिकै मोहके माहात्म्यतैं है सो मोहकूँ निद्रारूप वर्णन करै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूल विक्रीडित छन्द

किं मर्माण्यभिनन्न भीकरतरो दुष्कर्मगर्मुद्गणः
किं दुःखज्वलनावलीविलसितैर्नालेढि देहश्चिरम् ।
किं गर्जद्यमतूरभैरवरवान्नाकर्णयन्निर्णयं
येनायं न जहाति मोहविहितां निद्रामभद्रां जनः ॥५७॥

अर्थ—कहा पाप कर्मरूप मुन्दर या जीवके मरमकूँ भेदता संता अत्यंत भयकारी नाहीं ? सर्वथा भयकारी ही है अथवा कहा दुःखरूप अग्निकी पंक्तिके प्रज्वलित होनेकरि या देह नाँहीं जरै है ? अपितु जरै है। अर कहा गाजता जो यम ताकै वादित्रनिके भयंकर शब्द यह नाहीं सुनै है ? सदा ही सुनै है। कौन कारण यह भौंदूजन अकल्याणरूप जो मोह-जनित निद्रा ताहि नाँही तजै है ?

भावार्थ—जो महा निद्राके वशि होय सोऊ एते कारण पाय जाग्रत होय हैं जो कोऊ मुद्गरकी चोट मरमकी ठौर दे तो निद्रा जाती रहे अथवा अग्निका आतप देहकूँ लागै तो निद्रा जाती रहे। तथा वादित्रनिके नाद सुनैं तौ निद्रा जाती रहै। सो ये अविवेकी जन पापकर्मके उदयरूप मुद्गरनिकरि मरमकी ठौर मारिये है अर दुखरूप अग्निकरि याका देह जरै है अर आजि यह मूवा, आजि यह मूवा ए शब्द यमके वादित्रनिके नाद सोऊ निरंतर सुनै है, तोऊ यह अकल्याणकारिणी मोहनिद्रा नाहीं तजै सो बड़ा अचिरज है।

आगैं कहैं हैं कि मोहजनित निद्राके वशतैं यह जीव दुःखरूप असार संसारविषैं रति करै है—

शार्दूल विक्रीडित छन्द

तादात्म्यं तनुभिः सदानुभवनं पाकस्य दुष्कर्मणो
व्यापारः समयं प्रति प्रकृतिभिर्गाढं स्वयं बन्धनम् ।
निद्रा विश्रमणं मृतेः प्रतिभयं शश्वन्मृतिश्च ध्रुवं
जन्मिन् ! जन्मनि ते तथापि रमसे तत्रैव चित्रं महत् ॥५८॥

अर्थ—हे जन्ममरणके धरनहारे संसारी जीव ! तेरे या संसारविषैं निश्चय सेती एते दुःख हैं तौहू संसार ही विषै अनुराग करै है सो यह बड़ा अचिरज है। कौन कौन दुःख हैं सौ चितारि। प्रथम तो महा क्लेशका कारण तेरा शरीर तासूँ तेरा सम्बन्ध है। सदा देहसूँ देहांतर गमन करै

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है, अर पाप कर्मके फल दुःख सदा भोगवै है। अर समय समय कर्मकी प्रकृतिनिकरि आप गाढ़ा बँधे हैं, यही व्यापार है। अर निद्राविषैं विश्राम करै है अर कालतैं डरै है अर निश्चय सेती निरंतर मरै है।

भावार्थ—जगतकी ऐसी रीति है—जो दुःखका स्थानक होय तहाँ कोऊ न रमै। सो यह संसार सागर महादुःखका निवास ताविषैं तूं रमै है, सो यह शरीरका धारण सोई दुःख। सबमैं उत्कृष्ट मनुष्यका शरीर जाकरि मुक्ति होय, ताहूकी यह दशा। प्रथम तौ पिताका वीर्य अर माताका रुधिर या की उत्पत्ति। अर गर्भवास माह् अशुचि तामैं निवास, अधोमुख रहना अर गर्भकी अतिउष्मा सहना इत्यादि नाना प्रकारके दुःख। अर गरभतैं निकसतैं महा दुःख। बहुरि बाल अवस्थामैं अति अज्ञान दशा सो कछु सुधि ही नाहीं। अर जोबन अवस्थामैं काम, क्रोध, लोभ, मान, माया, मोहादि अनेक विकार तिनिकरि सदा व्याकुल अर वृद्ध अवस्थाविषैं अतिशिथिलता अर देवनिका शरीर पाया तामैं मन की अतिविथा, बड़ी ऋद्धिके धारी देवनिकूँ देखि आपकूँ न्यून गिनि दुखी होय, अर आपनी देवांगनानिकूँ तथा और देवनिकूँ मरते देखि दुखी होय, अर अपना मरना आवै तब तौ अति ही दुखी होय। अर तिर्यंच गतिके अनेक दुःख सों विद्यमान देखिए ही है। अर नारकीनिके दुःखकी कहा बात ? वै तौ दुःखमई ही हैं। तिनिकूँ छेदन, भेदन, ताडन, तापनादि शरीरके दुःख अर मनकूँ महाक्लेश अर क्षेत्रजनित शीत-उष्ण, दुर्गंधादिकका दुःख, अर सकल रोग तहाँ पाइए। अर परस्पर दुःख, अर तीजे नरक लग असुर कुमारनिका दुःख सो कहां लग कहिये। शरीर दुःख ही का निवास है। पापकर्मका फल क्लेश सदा भोगवना, अर समय समय कर्मकी प्रकृतिनि करि गाडा बंधना, अर निद्राविषैं बेसुधि होना, आयुके अन्त मरना, एते दुःखनिमें सुख मानना सो बड़ा अचिरज है। तातैं इनि दुःखनितैं उदास होय सुखका मूल को जगत तैं उदासीनता सोई अंगीकार करि।

आगै कहै हैं कि जा शरीर सूँ एकता मानि अनुराग करै है सो कैसा है यह दिखावै हैं :—

शार्दूलछन्द

अस्थिस्थूलतुलाकलापघटितं नद्धं शिरास्नायुभि-
श्चर्माच्छादितमस्रसान्द्रपिशितैर्लिप्तं सुगुप्तं खलैः।
कर्मारातिभिरायुरुद्घनिगलालग्नं शरीरालयं
कारागारमवैहि ते हतमते प्रीतिं वृथा मा कृथाः ॥५९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—हे निर्बुद्धि ! यह शरीररूप घर तेरा बन्दीगृह समान है। यासूँ वृथा प्रीति मति करै। कैसा है शरीररूप बन्दीगृह, अस्थिरूप स्थूल पाषाण तिनिके समूहकरि घड्या है। अर नसा जालरूप बन्धनकरि बेढ्या है। अर चरमसौं आछाद्या है। अर रुधिर कर सजल जो मांस ता करि लिप्त है। अर दुष्ट कर्मरूप बैरीनिकरि रच्या है। अर आयु कर्मरूप गाढ़ी भारी बेड़ी तिनिकरि युक्त है।

भावार्थ—बन्दीगृह समान और दुःखका कारण नाहीं। सो बन्दीगृह तौ स्थूल पाषाणनिके समूहकरि घडिए है, अर शरीर हाडनिकरि घड्या है। अर बन्दीगृह बन्धनकरि बेढिये है ए नशा जालकरि बेढ्या है। अर वह हू ऊपरि सूँ आच्छादित है, यह चर्मकरि आच्छादित है, अर रुधिर, सहित मांसकरि लीप्या है। वह दुष्टनिकरि रच्या है, यह कर्मरूप दुष्ट बैरीनि करि रच्या है। अर वह बैडीनिकरि युक्त है, यह आयुरूप बैडिनि-करि युक्त है। सो ऐसा कौन कुबुद्धि है जो बन्दीगृहतैं प्रीति करै ? तूं महा निर्बुद्धि, जो शरीररूप बन्दीगृहतैं प्रीति करै है सो तोहि या सूँ प्रीति उचित नाहीं।

आगे कहै हैं कि शरीर तो बन्दीगृह समान बताया, अर और हू वस्तु घर-कुटुम्बादि जिनसूँ तेरी प्रीति है सो कैसे हैं, यह दिखावे हैं—

मालिनी छन्द

शरणमशरणं वो बन्धवो बन्धमूलं
चिरपरिचितदारा द्वारमापद्गृहाणाम् ।
विपरिमृशत पुत्राः शत्रवः सर्वमेतत
त्यजत भजत धर्मं निर्मलं शर्मकामाः ।।६०।।

अर्थ—घर तेरा शरणरहित है जहाँ तोहि कोऊ बचावनहारा नाहीं। ए बांधव बन्धके मूल हैं। अर जासूँ तेरा अति परिचय है ऐसी जो स्त्री सो आपदारूप घरका द्वार है। अर ए पुत्र शत्रु हैं। ए सर्व परिवार दुःख ही का कारण है। ऐसा तूं बिचारि करि इनि सबनि कूँ तजि। जो सुख-का अर्थि है तो निर्मल धर्म कूँ भजि।

भावार्थ—या संसार असार विषैं तैं सार कहा जान्या ? जिनि जिनि वस्तुनि विषैं तूँ राग करै है सो सब दुःखका मूल है। घर तो शरणरहित है, जहाँ कोऊ रक्षक नाहीं, अनेक उपाधिका मूल है। अर ए बांधव बन्ध ही के कारण हैं। इहभव परभव दुःखदाई हैं। अर तूं स्त्रीं कूँ निपट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निज जानै है सो विपतिके घरका द्वार है। अर पुत्र कूं अति प्रिय जानै है सो तेरा बैरी है। जन्मैं तब तौ स्त्रीका जोबन हरै, अर बालक होय तब मिष्ट भोजन हरै, अर समरथ होय तब धन हरै। तातैं पुत्र समान और वैरी नाहीं।[1] तातैं इन सबनिकूं तजि। सुखका अर्थी है तो एक निर्मल जिन धर्मकूं भजि।

आगै कहै हैं, कोऊ प्रश्न करै है:—ये गृहादिकतौ हम कूं उपकारी नाहीं, परन्तु धन तौ उपकारी होयगा, ताका समाधान करै हैं—

शार्दूलछन्द

तत्कृत्यं किमिहेन्धनैरिव धनैराशाग्निसंधुक्षणैः,
संबन्धेन किमङ्ग शश्वदशुभैः संबन्धिभिर्बन्धुभिः।
किं मोहाहिमहाबिलेन सदृशा देहेन गेहेन वा
देहिन् याहि सुखाय ते सममुं मा गाः प्रमादं मुधा ॥६१॥

अर्थ—हे प्राणी ! तूं वृथा ही प्रमादकूं मति प्राप्त होहु। यह समभाव ताहि सुखके अर्थि प्राप्त होहु। तेरे या धनकरि कहा ? कैसा है धन ? आशारूप अग्निके प्रज्वलित करिबेकूं इंधन समान है। अर हे मित्र ! तेरे निरन्तर पापके उपार्जन हारे ए सम्बन्धी अर बन्धु तिनिके ममत्त्वकरि कहा ? अर महामोहरूप सर्पके बिल समान ये देह ता करि कहा ? अथवा घर करि कहा ? तू सुखके अर्थि केवल समभाव कूँ प्राप्त होहु। वृथा ही प्रमादी होय रागादिक भावनिकूँ मत परिनमै।

भावार्थ—या जीवकूं दुःखके कारण रागादिक अर सुखका कारण एक समभाव, ताहीकै दृढ़ करिबेकूँ श्रीगुरु भव्य जीवनि कूँ उपदेश दे हैं। हे मित्र ! तन, धन, भ्रात, पुत्र, परिवार, घर अर सब सम्बन्धी दुख ही के कारण हैं, इनमें सुख नाहीं। तूँ सुखाभिलाषी है तो प्रमादी मति होहु। समभावकूं भजि। लाभ-अलाभ, जीवन-मरण, बैरी-बन्धु, राव-रंक, संपदा-आपदा सब सम जानि।[2]

---

१. उप्पओ हरइ कलत्तं बड्ढओ लेइ बड्ढभाई।
अत्थं हरइ समत्थो पुत्तसमो वेरिओ णत्थि॥

२. सुखे दुखे वैरिण बन्धुवर्गे योगे वियोगे भवने वने वा।
निराकृताशेषममत्वबुद्धेः समं मनो मेऽस्तु सदापि नाथ॥ सामायिक पा० प० ३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै या समभावकै दृढ़ करिबेकै अर्थि राज्य-लक्ष्मीकूँ त्याज्य कहै हैं—

शार्दूलविक्रीडित छन्द

आदावेव महाबलैरविचलं पट्टेन बद्धा स्वयं
रक्षाध्यक्षभुजासिपञ्जरवृता सामन्तसंरक्षिता ।
लक्ष्मीर्दीपशिखोपमा क्षितिमतां हा पश्यतां नश्यति
प्रायःपातितचामरानिलहृतेवान्यत्र काऽशा नृणाम् ॥६२॥

अर्थ—हाय, हाय ! यह राजानिकी लक्ष्मी दीपशिखासमान बाहुल्यताकरि चंचल[1] ढुरते जे चमर तिनिकी प्रवनकरि मानूं देखतैं देखतैं विलय जाय है। जो राज्यलक्ष्मीकी ही यह वार्ता तौ मनुष्यनिकै और लक्ष्मीके रहनेकी कहा आशा ? या राज्यलक्ष्मीकूँ चञ्चल जानि प्रथम ही बलवन्त पुरुषनितैं आप पट्ट बन्धके मिसकरि निश्चल बांधी। अर रक्षाके अधिकारी सामंत तिनकी खड्ग सहित भुजा सो ही भया वज्रपंजर ताकरि भली भांति जाकी रक्षा करी तोऊ न रहै, देखतै देखतै जाती रहै।

भावार्थ—राज्यलक्ष्मी दीपशिखा समान अतिचंचल है। रक्षा करतैं करतैं तत्काल विनशि जाय है। रक्षाके अर्थि बलवन्त पुरुषनि पट्ट बन्धके मिसकरि निश्चल बांधी। अर खड्गके धारी सामन्त तिनिकी भुजारूप जो वज्रपंजर तामैं राखी तोऊ न रही। चक्रवर्तीनिकी लक्ष्मी ही क्षणभंगुर तौ औरनिके रहनेकी कहा आशा ? तातैं लक्ष्मीकूँ विनाशीक जानि अविनाशी विभूतिका उपाय योग्य है। उक्तं च स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाविषै—

जा सासया ण लच्छी चक्कहराणं पि पुण्णवंत्ताणं ।
सा किं विधेइ रइं इयर जणाणं अपुण्णाणं ॥१०॥

अर्थ—यह लक्ष्मी महा पुन्याधिकारी चक्रवर्त्यादिकनिकै ही शाश्वती न रहै है तो औरनिके कैसें रहै ?

आगैं कहै हैं—जा शरीरविषै राज्य-लक्ष्मीका पट्ट बांध्या सो यह शरीर कैसा है, अर या विषैं तू कैसे दुःख भोगवे है ?

अनुष्टुप छन्द

दीप्तो भयाग्रवातारिदारूदरगकीटवत् ।
जन्ममृत्युसमाश्लिष्टे शरीरे बत सीदसि ॥६३॥

---
१. समान चंचल ज० उ०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—जैसैं लागी है दोऊ ओर अग्नि जाके ऐसी जो इरंडकी लकड़ी ताके मध्य प्राप्त भया जो कीट सो अति खेद-खिन्न होय है। तैसै ता कीटकी नाईं या शरीरविषैं तू खेद-खिन्न होय है। यह शरीर जन्म-मरण-करि व्याप्त है।

भावार्थ—इरण्डकी लकड़ीकै दोऊ ओर अग्नि लागै तब मध्य आया कीट कहां जाय, अति खेद-खिन्न होय मरै। तैसैं जन्म-मरणकरि व्याप्त यह शरीर ता विषैं तू कीट की नाईं अति खेद-खिन्न होय जरै है। तातैं शरीरतैं ममत्व तजि। जो बहुरि शरीर न धरै। या शरीरसूँ अनुराग सो ही नवे शरीर धरिवेका कारण है। ऐसा जानि महामुनि देहसूँ नेह तज्या।

आगे कहै हैं कि वा शरीरके आश्रित जे इन्द्रिय तिनिकैं बशि होय तूं कहा अनेक प्रकारके क्लेश भोगवे है यह शिक्षा दे है—

शार्दूल छन्द

नेत्रादीश्वरचोदितः सकलुषो रूपादिविश्वाय किं
प्रेष्यः सीदसि कुत्सितव्यतिकरैरंहांस्यलं बृंहयन्।
नीत्वा तानि भुजिष्यतामकलुषो विश्वं विसृज्यात्मवा-
नात्मानं धिनु सत्सुखी धुतरजाः सद्वृत्तिभिर्निर्वृतः ॥६४॥

अर्थ—हे जीव ! तू कर्मनिके उदयतैं नेत्रादि इन्द्रियनिका प्रेरया अति व्याकुल भया रूपादि समस्त विषयनिके अर्थि कहा खेदखिन्न होय है। इन इन्द्रियनिका किंकर ही होय रह्या है। अनेक खोटे आचरणकरि अत्यन्त पापकूँ बढ़ावता संता तिन विषयकूँ भोगकरि तू अनन्ता भव दुखी भया। अब आकुलता तजि ज्ञानी होय समस्त विषयनिका त्यागकरि ध्यानामृततैं आत्माकूँ पुष्ट करि सुखी होहु। मोहरजकूँ धोय उत्तम वृत्ति करि निवृत्ति होहु।

भावार्थ—यह आत्मा कर्मनिके उदयकरि शरीर कूँ धारै है अर शरीरके योगतैं इन्द्रियनिके वशि होय विषयनिकै अर्थि व्याकुल होय है। अर अनेक दुराचारकरि अत्यन्त पापनिकूँ बढावै है। विषयनिकूँ भोगी कुयोनिमें पड़े है। अर जो ज्ञानवान मलिन भाव तजि आत्माकूँ ध्यानामृत-करि पुष्ट करै है सो महा सुखी होय पाप-रज रहित उत्तम वृत्तिकरि निवृत्ति होय है। तातैं तू ज्ञानवान होय संसार तैं निवृत्त होहू।

आगै कोऊ प्रश्न करै है—जतीनीकै निर्धनपनैं तैं कैसे सुखकी प्राप्ति होय ताकूँ कहै हैं। जगतके जीव निर्धन अर धनवान सर्व ही दुखी हैं। यती ही महासुखी हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुष्टुप् छन्द

अर्थिनो धनमप्राप्य धनिनोप्यवितृप्तितः ।
कष्टं सर्वेपि सीदन्ति परमेको मुनिः सुखी ।।६५।।

परायत्तात् सुखाद् दुःखं स्वायत्तं केवलं वरम् ।
अन्यथा सुखिनामानः कथमासंस्तपस्विनः ।।६६।।

अर्थ—जो निर्धन सब बातनिकै अर्थीते तौ धनबिना महादुःखी हैं। अर जे धनवंत हैं तेऊ तृप्ति बिना तृष्णाकरि महा दुखी हैं। जगतके सब ही जीव क्लेशरूप हैं। निश्चयकरि बिचारिये तो एक सुखी कहिये सन्तोषी मुनि, तेई महा सुखी हैं। पराधीन सुख तैं केवल स्वाधीन दुःख ही श्रेष्ठ है। यों न होय अर अन्यथा होय तो तपस्वी है मुनि ते सुखी ऐसा नाम कैसे पावै ?

भावार्थ—जगतविषै जे जीव हैं ते सर्वदुखी ही हैं। जे निर्धन हैं ते तो सर्व सामग्री रहित हैं। तातैं आपकूं दुखी माने हैं। अर जे धनवान हैं तिनिकै तृष्णा बढती अर तृप्ति नाहीं सो तृप्ति बिना सुख काहे का ? तेऊ महादुखी हैं। शास्त्रमें सुखी नाम मुनि ही का है औरका नाहीं। जगतका सब सुख पराधीन है। सो पराधीन सुखतैं स्वाधीन दुःख ही श्रेष्ठ है। पराधीनपने मैं सुख मानै है सो वृथा है। अर जो पराधीनपनेमैं सुख होता तो महा तपके करनहारे मुनि सुखी हैं ऐसा नाम काहेकूं पावते। तातैं यह तो निश्चय भया—जिनके आशा तेही दुखी अर जिनके आशा नाहीं ते सुखी। ऐ संसारी जीव सब ही आशा के दास इन्द्रियनिकै आधीनतातैं दुखी हैं अर मुनि आशाके त्यागी अर मन-इन्द्रियनिके जीतनहारे तातैं सदा सुखी ही हैं।

आगै काव्य दोय करि मुनिके गुणनिकी प्रशंसा करै हैं—

शिखरिणी छन्द

यदेतत्स्वच्छन्दं विहरणमकार्पण्यमशनं
सहायैः संवासः श्रुतमुपशमैकश्रमफलम् ।
मनो मन्दस्पन्दं बहिरपि चिरायाति विमृशन्
न जाने कस्येयं परिणतिरुदारस्य तपसः ।।६७।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हरिणी छन्द

विरतिरतुला शास्त्रे चिन्ता तथा करुणा परा
मतिरपि सदैकान्तध्वान्तप्रपञ्चविभेदनी ।
अनशनतपश्चर्या चान्ते यथोक्तविधानतो
भवति महतां नाल्पस्येदं फलं तपसो विधेः ॥६८॥

अर्थ—मुनिनिकी कहा महिमा कहिये। जिनके स्वाधीन तो विहार है अर दीनता रहित भोजन है, अर मुनिनिके संघमें[1] निवास है। शान्तभाव ही हैं फल जाका, मनका वेग मन्द हो गया सो आत्मविचार ही में लीन हैं। चिरकाल आत्मविचार करता कबहूक बाह्य क्रियाविषैं आवै है। ऐसी मुनिकी परमदशा भई सो हम न जानैं यह कौनसे उदार तपकी परणति है। अतुल वैराग, अर शास्त्रका चिन्तवन, सर्वोत्कृष्ट सर्व जीवनकी दया, अर एकान्तवाद एक नयका हठग्राह सोई महा अन्धकार ताकै विस्तारकूं भेदनहारी सूर्यकी किरण समान है बुद्धि जिनकी, अर अन्तकाल शास्त्रोक्त विधिकरि अनशन धारि शरीर तजना। ए क्रिया सत्पुरुषनिके अल्प तपकी विधिका फल नाहीं, महा तपका फल है।

भावार्थ—सब ही जीव पराधीन हैं, इन्द्रियनिके वशि हैं। जो गमन हू करै तो कामना अर्थि। अर साधुनका विहार स्वाधीन है। जिनके कोऊ कामना नाहीं। मुनि कूं वर्षा ऋतु बिना एक स्थान न रहना। एक ठौर रहे लोकनितैं नेह बढै। सो वैराग्यभाव की वृद्धिके अर्थि विहार करै। अर दीनता रहित भोजन करै। जगतके जीवनिका भोजन दीनतारूप है। जे दरिद्री हैं तिनिकै तो प्रगट ही दीनता दीखै है। घरमें तौ सामग्री नाहीं। पर घर तैं ल्याये कार्य सरै तो मिलना कठिन। अर जे धनवान हैं ते नाना वस्तूनि के अभिलाषी सो देश-कालके योगतैं कछू पूर्ण होय कछू न होय तातैं दीनता सहित हैं। एक मुनि ही दीनता रहित हैं, जिनके लाभ-अलाभ, रस-नीरस सब समान हैं। अर मुनिकूं मुनियूंके संगममें रहना, ता समान कोऊ उत्कृष्ट नाहीं। लोकनिकै कुसंग है। बड़ा कुसंग तो स्त्रीकी संगति है, जाकरि काम-क्रोधादिक उपजे है। अर साधुनिकी संगतितैं काम-क्रोधादि विलाय जाँय। अर लोगनिके और अभ्यास लगि रहे हैं, साधुनि कै श्रुतका ही अभ्यास है। अर शास्त्रके अभ्यासका फल परम-

१. संगम मैं ज० द० पू० ६७-६८-४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शान्त भाव सो ही जिनकै प्रगट भया है और मूढ़ लोग शास्त्र हू के अभ्यासकरि मदोन्मत्त होय हैं। सो यह बड़ा दोष है। मुनिके मनका वेग मन्द होय गया है, लोकनिका मन महा चंचल सदा बाह्य वस्तुनि ही विषैं भटकै है। मुनिका मन आत्मविचार विषैं लगि रह्या है, कबहुक बाह्य शुभ क्रियाविषै हू आवै है, अशुभ क्रियाका नाम नाहीं। यह दशा मुनियोंकी भई, सो मैं न जानूँ कौनसे उत्कृष्ट तपका फल है। जिनके अतुल वैराग्य संसार, शरीर, भोगतैं अति उदास। जगत के जीव सब ही रागी हैं जिनके राग द्वेष का तीव्र उदय है। अर अव्रत सम्यग्दृष्टि अनन्तानुबन्धीके अभाव तैं यद्यपि मिथ्यादृष्टिनि सौं रागी नाहीं तथापि अप्रत्याख्यानके उदयतैं रागी हैं। अर अणुव्रती श्रावक यद्यपि अप्रत्याख्यानके अभावतैं अव्रत सम्यग्दृष्टिनि तैं अधिक हैं तथापि प्रत्याख्यानके उदयतैं अल्प रागी हैं। अर मुनिके प्रत्याख्यानका हू अभाव भया, तातैं विषयानुराग तौ सर्वथा मिट्या, संज्वलनके उदयतैं कछू इक धर्मानुराग रह्या है सो छठै गुणस्थान है। आगै ऊपरिले गुणस्थाननि विषैं वीतरागभाव ही की वृद्धि है। तातैं मुनिकै अतुल वैराग्य ही कहिये। धर्मानुराग है सो वीतराग भाव ही का कारण है। बहुरि मुनिके छठे गुणस्थान शास्त्रका चिन्तवन है। ऊपरले गुणस्थानविषैं आत्मध्यान ही है। शास्त्रका ज्ञान मुनियोंका सा औरनि के नाहीं। अज्ञानी जीव तौ विकथा ही विषैं आसक्त हैं, शास्त्रका अनुराग नाहीं। अर सम्यग्दृष्टी अव्रती तथा अणुव्रती श्रावक यद्यपि जिनसूत्रके अभ्यासी हैं, तथापि परिग्रहके योगतैं अल्पश्रुती ही हैं, बहुश्रुती नाहीं। शास्त्रके पारगामी बहुश्रुत मुनि ही हैं। अर जीवदया मुनिकी सी औरनिके नाहीं। अर अज्ञानी जीव तो सदा निर्दई हैं। अर अव्रत सम्यग्दृष्टि भावनिकरि तौ दयारूप ही हैं। तथापि बहु आरम्भ परिग्रहके योग तैं दया नाहीं पलै है। अर अणुव्रतीनिकै अल्पारम्भ अल्पपरिग्रहके योगतैं अल्प हिंसा है। त्रसकी तौ सर्वथा हिंसा नाहीं। थावर जीवनिकी हिंसा है। तातै सर्वथा हिंसा न कहिये। सर्वथा अहिंसा मुनि ही कै है। मुनि महा दयावान हैं। अर मुनिनिकी बुद्धि सदा एकान्तवादरूप अन्धकारके हरनेकूँ सूर्यकी प्रभा समान है। औरनिकी बुद्धि ऐसी प्रकाशरूप नाहीं। यद्यपि सम्यग्दृष्टि श्रावकनिकी बुद्धि एकान्तवादरूप तिमिरतैं रहित स्याद्वाद श्रद्धानकूँ परिणई है तथापि मुनिनिकी शिक्षावृत्य लिये है। स्याद्वाद विद्याके गुरु मुनि ही हैं। अर अन्तकाल मुनियोंके अनशन तपकरि शरीरका तजना है। उत्कृष्ट आराधना मुनियों ही कै है। अणुव्रती श्रावकके मध्य आराधना है। अर अव्रत सम्यग्दृष्टिके जघन्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आराधना है। और जगवासी जीव आराधना रहित विराधक ही हैं। यह मुनियोंकी अलौकिक वृत्ति कही सो अल्प तपकी विधिका फल नहीं, पूर्ण तपका फल है।

आगै कोऊ प्रश्न करै है कि तप करतें कायक्लेश होय सो अयुक्त है। शरीर धर्मका साधन सो यत्न थकी राखना, ताका समाधान करै हैं :—

उपायकोटिदूरक्षे स्वतस्तत इतोऽन्यतः
सर्वतः पतनप्राये काये कोऽयं तवाग्रहः ॥६९॥
अवश्यं नश्वरैरेभिरायुःकायादिभिर्यदि ।
शाश्वतं पदमायाति मुधाऽऽयातमवेहि ते ॥७०॥

अर्थ—हे प्राणी ! तेरा या शरीरविषैं कौन आग्रह है जो मैं याकी रक्षा करूं। यह तौ कोटि उपायकरि राख्या न रहै। सर्वथा परिवे ही कूं सन्मुख है, जैसे डाभकी अणीपर पड़ी ओसकी बूंद परिवेरूप ही है। आपथकी तथा अन्यथकी या शरीरकी रक्षा न होय। ये आयु कायादिक अवश्य विनाशीक हैं। अर इनके ममत्व तजिवेकरि जो अविनाशी पद तेरे हाथि आवै तो सहजि आया जानि।

भावार्थ—आयु हू विनश्वर अर काय हू विनश्वर। उत्कृष्ट आयु देवनारकीनिकी सागर तेतीस सो हू विनश्वर, तौ मनुष्य तिर्यंचनिके अल्प आयु की कहा बात ? अर देवनिका निरोग मनोहर शरीर सो हू कालकै बशि, तीर्थङ्करादि पुराण पुरुषनिका शरीर सोऊ विनाशीक तो औरनिके शरीरकी कहा बात ? तातैं यह निश्चय भया, आयुके अन्त भए शरीर न रहे, अर आयु प्रमाणतैं अधिकी नाहीं। तातै आयुका अर कायका ममत्व तजि अपने अविनाशीक स्वरूपका ध्यान कर। कायकूं तपसंयममें लगाय आयु धर्मसूं पूर्ण करै तो अविनाशी पदका पात्र होय। या अल्प आयु अर चंचल कायके बदलै शाश्वता पद मिलै तो फूटी कोड़ी साटैं चिन्तामणि रत्न आया गिणिए।

आगैं दोय श्लोकनिकरि आयु कौं विनाशीक दिखावैं हैं—

अनुष्टुप् छन्द

गन्तुमुच्छ्वासनिःश्वासैरभ्यस्यत्येष संततम् ।
लोकः पृथगितो वाञ्छत्यात्मानमजरामरम् ॥७१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शिखरिणीछन्द

गलत्यायुः प्रायः प्रकटितघटीयन्त्रसलिलं
खलः कायोऽप्यायुर्गतिमनुपतत्येष सततम् ।
किमस्यान्यैरन्यैर्द्वयमयमिदं जीवितमिह
स्थितो भ्रान्त्या नावि स्वमिव मनुते स्थास्नुमपधीः ।।७२।।

अर्थ—यह आयु जो है सो उश्वासनिश्वासनिकरि निरन्तर गमन करनेका अभ्यास करै है। अर ए अज्ञानी लोक ऐसी आयुतैं आपकौं अजर अमर वांछैं है। बाहुल्यताकरि यह आयु प्रगट ही अरहटकी घड़ीके जलकी नाईं छिन-छिन गलै है अर यह काय हू आयुकै लार ही निरन्तर पतन होय है। काय है सो आयुकी सहचरी कहिये लार लगी है। आयु, काय ही की यह बात, तो या जीवके पुत्र, कलत्र, धन, धान्यादि अन्य पदार्थनिकरि कहा ? वे तौ प्रगट ही जीवनेके मूल सो दोऊ ही क्षणभंगुर हैं। बुद्धि रहित बहिरात्मा या लोकमें तिष्ठतो संतो भ्रांतिकरि[1] आपको थिर मानै है। जैसे नावविषैं तिष्ठ्या भ्रान्तिकरि आपकूँ थिर मानै।

भावार्थ—नावविषैं तिष्ठता पुरुष चल्या जाय है, परन्तु भ्रान्तिकरि आपकूँ चालता न जानैं तैंसे मूढबुद्धिकी स्वास-निस्वास करि निरन्तर आयु जाय है अर आयुके लार काय जीर्ण होय है तोऊ जानै है मैं ऐसा ही रहौंगा। जीवके कारण आयु काय, सो ही चंचल तो जीवेकी कहा आशा ? जैसे निवाणका नीर अरहटकी घड़ीकरि निरन्तर निकसै तैसैं स्वास-निस्वासकरि आयुकी थिति पूरण होय है। अर काय जीर्ण होय है। आयु पूर्ण[2] भए काय न रहे। तातैं आयु काय दोऊनिकूँ विनश्वर जानि विवेकी ममत्व तजै। आयु कायहीसूँ ममत्व तज्या तब और जे पुत्र-कलत्रादि तिनिसूँ ममत्व कैसे करै ? वै तो प्रगट ही भिन्न हैं।

आगैं कहैं हैं जौं लगि उस्वासलगि जीवना, सो उस्वास ही दुःखरूप है तो प्राणीनि कूँ कहा सुख होय ?

अनुष्टप छन्द

उच्छ्वासः खेदजन्यत्वाद् दुःखमेषोऽत्र जीवितम् ।
तद्विरामो भवेन्मृत्युर्नृणां भण कुतः सुखम् ।।७३।।

१. बहिरात्मा भ्रांति करि ज० पू० ७१,७२-९
२. पूरण होय है। आयु पूर्ण वही ज० उ० ७२-५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—यह उस्वास खेदकरि उपजैं तातैं दुःख ही है अर याहीके होते जीवना है। बहुरि उस्वासके अभावविषैं मरना है। कहो जु प्राणींनिकै सुख कहाँतै होय।

भावार्थ—जहाँ खेद नाहीं सो सुख, सो उस्वास तो खेद ही करि उत्पन्न है अर उस्वास है तौं लग ही जीवना। तातैं जीवेमें भी सुख नाहीं। अर स्वास गयें मरनां सो मरवेमें जीव ही नाहीं तौ सुख कौनकै होइ। तातैं कहो जु जीवनिके सुख कहाँतैं होय। या शरीरका सम्बन्ध तो दुःख ही का कारण है। देहसूँ नेह तजैं वीतराग भावमें सुख होय है सो ही अंगीकार करना।

आगै कहै हैं कि जन्म मरणके मध्य वर्तैं ए प्राणी तिनिकै केता काल जीवनेका विश्वास ?

अनुष्टपछन्द

जन्मतालद्रुमाज्जन्तुफलानि प्रच्युतान्यधः।
अप्राप्य मृत्युभूभागमन्तरे स्युः कियच्चिरम् ॥७४॥

अर्थ—जन्मरूप तालकै वृक्षतैं जीवरूप फल पडै सो मृत्यु भूमिहीकौं प्राप्त होहिं, अन्तरालमें थोरा ही रहै बहुत न रहे।

भावार्थ—संसारमें जीवनां थोरा। जैसे वृक्षतैं फल टूटे सो पृथ्वीहीमैं पडैं, बीचिमें कोलग रहे। तैसे जन्मैं सो मरै, आयुमें कौलग रहैं, थोरा ही रहै। तातैं देहादिक क्षणभंगुर जानि आत्मज्ञानके प्रभावकरि अविनाशी पदका साधन योग्य है।

आगै कहै हैं कि जंतुनिकी रक्षाकै अर्थि अनादि कालतैं विधिने यतन किया तौऊ रक्षा न करि सक्या।

हिरणी छन्द

क्षितिजलधिभिः संख्यातीतैर्बहिः पवनैस्त्रिभिः
परिवृत्तमतः खेनाधस्तात् खलासुरनारकान्
उपरि दिविजान् मध्ये कृत्वा नरान् विधिमन्त्रिणा
पतिरपि नृणां त्राता नैको ह्यलंघ्यतमोऽन्तकः ॥७५॥

अर्थ—विधिरूप मंत्रीनैं मनुष्यनिकी अनेक उपायकरि रक्षा करी तौऊ न करि सक्या। भीतरिसौं असंख्यात द्वीप समुद्रानिके कोटमें इनिकूं राखें—अर असंख्यात ही द्वीप-समुद्रनिकै बाहरि तीन वातवलानिकै कोटकरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रक्षा करी अर वाकैं बाहिर अनंता अलोकाकाशकरि वेष्टित किये। अर जे नारकी[1] दुष्टपरिणामी हुते ते अधोलोकमैं थापै। अर ऊर्द्धलोकविषे देवनिकूँ थापें। मध्यमैं मनुष्यानिकौं राखै, तोऊ मनुष्य मरणतैं न बचै। तातैं यह निश्चय भया कि मनुष्यनि कौ पति जो विधाता अथवा चक्रवर्ती इन्द्र आदि कोऊ रक्षक नाहीं[2], ए काल अत्यन्त अलंघ्य है।

भावार्थ—अनेक उपाय करिये तोऊ कालसूँ न बचिये। मनुष्यनिकौं हीनबली जानि विधिरूप मन्त्रीनै अनेक रक्षाके उपाय किये। ऊपरिकी रक्षा तौ देवनिकरि करी, अर अधोलोकविषैं नारकी थापै अर तीन वातवलामिका वारला कोट अर असंख्यात द्वीप-समुद्रनिका तीसरा मांहिला कोट इत्यादि रक्षाके उपाय किये, परन्तु रक्षा न भई। काल रोक्या न जाय। काल अलंघ्य है। तातैं शरीरकी रक्षाकौं तजि धर्मकी रक्षा करनी। आत्मा तौ अविनस्वर है, परन्तु देहतैं नेहकरि नवे २ देह धारै है, तातैं जन्मता मरता कहिए। निश्चय नयकरि न जन्मै न मरै। ऐसा अपना स्वरूप जानि देहादिकतैं नेह तजिए तौ नवे देह न धरिये। यह ही मुक्ति होनेका उपाय है।

आगै कहै हैं कि आयुकी स्थिति पूर्ण होतैं काल प्राण लेवैका उद्यम करै ताहि निवारिवैकौं कौन समर्थ?

शिखरणी छन्द

अविज्ञातस्थानो व्यपगततनुः पापमलिनः
खलो राहुर्भास्वद्दशशतकराक्रान्तभुवनम्।
स्फुरन्तं भास्वन्तं किल गिलति हा कष्टमपरः
परिप्राप्ते काले विलसति विधौ को हि बलवान्॥७६॥

अर्थ—हाय! यह बड़ा कष्ट है। निश्चयसेती आयुकर्मके पूर्ण होतैं काल आय प्राप्त होय है तब ऐसा और कौन बलवान जो रक्षा करै? कोई ही रक्षा न करि सकै। जैसै नवग्रहमैं दुष्ट जो राहु सो ग्रहणका समय सहस्रकिरण जो सूर्य अपनी किरणनिकरि उद्योत किया है भुवनविषै पदार्थ जानैं ताहि ग्रहै है, सो कोऊ टारिवे समर्थ नाहीं। जैसे ग्रहणका अउसर पाय राहु सूर्यकौं ग्रसै है तैसै आयुके अन्तका समय पाय कालरूप राहु जीवरूप सूर्यकूँ ग्रसै है। सूर्य तो सहस्रकिरण है अर जीव अनन्त-

१. रक्षा करी। अर जे नारकी ज० उ० ७५-६
२. निश्चय भया कि जीवनिका कोऊ नाहीं ज० उ० ७५-७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्योति अनन्त प्रकाश है। कैसा है राहु अर कैसा है काल नाहीं जानिये है स्थान जाका, सो कालकी तौ प्रकट दशा सब ही जानै हैं अर राहुका कोऊ वार नाहीं। तातैं लोक याहूकौं स्थान रहित कहे हैं। अर काल तो शरीर रहित है ही अर राहुकूँ भी लोक अतनु कहै हैं। अर काल लोकनिकौं ग्रसै है सो काहूकूँ ग्रसै सो ही पापी। सो कालकूँ पापी कहै हैं। जो पापी सो ही मलीन। अर राहुकूँ पापग्रह कहै हैं अर स्याम है तातैं कालका दृष्टान्त दिया।

भावार्थ—षट् द्रव्यनिमैं काल द्रव्य है सो तो अपनी अमूर्त्त जड सत्ताकरि विराजमान है, काहूका हर्ता नाहीं। परन्तु कालकी व्यवहार पर्याय समय, पल, घटिकादि हैं। सो जाकी थिति जा समैं पूर्ण होय ताही समय देहसूँ देहान्तर गमन करै। यह छल देखि लोक कहै हैं काल मारै है।

आगै कहै हैं कि काल कहाकरि कौन स्थानविषैं प्राणनिकौ हतै है—

वसन्ततिलका छन्द

उत्पाद्य मोहमदविह्वलमेव विश्वं
वेधाः स्वयं गतघृणष्ठकवद्यथेष्टम्।
संसारभीकरमहागहनान्तराले
हन्ता निवारयितुमत्र हि कः समर्थः ॥७७॥

अर्थ—वेधा कहिए पूर्वोपार्जित कर्म सो यथेष्ट ठगकी नाईं निर्दई मोहमद उपजाय विश्व जो त्रैलोक्य ताकों विह्वलकरि संसाररूप भयानक वनविषैं हणै है। तहां ताहि कौन निवारिबे समर्थ ?

भावार्थ—ठिग निर्दई अर मूढ लोकनिकूँ अमलकी वस्तु दे मद उपजाय विह्वलकरि गंभीर वनमें मारै है। त्यों ही महा निर्दयी कर्मरूप ठिग मोह महामद उपजाय समस्त अज्ञानी जीवनिकूँ संसारवनविषैं हणैं है, कौन बचाय सकै ? कालका कारण कर्म है। जिनके कर्म है ते कालवशि हैं। सिद्धनिकैं कर्म नाहीं, तातैं कालवशि नाहीं।

आगै कहै हैं कि कोऊ देश कोऊ कालविषैं कालतैं बचनेका उपाय नाहीं। सर्व देश, सर्व कालविषैं काल ग्रसै है। कालका यत्न कर्मनिका परिहार सो ही कालपरिहार—

कदा कथं कुतः कस्मिन्नित्यतर्क्यः खलोऽन्तकः।
प्राप्नोत्येव किमित्याध्वं यतध्वं श्रेयसे बुधाः ॥७८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—पंडित जन जे सम्यग्दृष्टि ते आत्म-कल्याणके निमित्त यत्न करहु। काल आय प्राप्त होय तब यत्न किये न रहै। कौन समय कौन प्रकार कौन क्षेत्रविषैं कहांतैं काल आवै है ऐसा विचारमैं न आवै। दुष्ट काल अणचीत्या ही आवै, तातैं आत्मध्यानकरि अविनाशी होनेका यत्न करहु।

भावार्थ—आत्मस्वरूपमें मग्न भए कालका निवारण होइ। रागादिकके परिहार बिना और काहू यत्नकरि कालका निवारण नाहीं। मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र औषधादिककरि कालकूं दुर्निवार जानि मौनि गहि तिष्ठो।

आगै कहै हैं—सब ही देश-कालादिविषैं मरन होय है। कोऊ ही देश काल मृत्युतैं अगोचर नाहीं, ऐसा प्रत्यक्ष देखिकरि निश्चित होइ रहै।

असामवायिकं मृत्योरेकमालोक्य कञ्चन।
देशं कालं विधिं हेतुं निश्चिन्ताः सन्तु जन्तवः ॥७९॥

अर्थ—कोऊ देश, कोऊ काल, कोऊ विधि, कोऊ कारण मृत्युतैं अगोचर देखिकरि ए प्राणी निश्चित तिष्ठो।

भावार्थ—जगतविषैं ऐसा कोऊ देश नाहीं जामैं मरण न होइ, बहुरि ऐसा कोई काल नाहीं जामैं प्राणी न मरै। अर ऐसी कोऊ विधि नाहीं जाकरि मरण मिटै। अर ऐसा कोऊ औषधि नाहीं, उपाय नाहीं जाकरि काय बचै, तातैं सबको सर्वथा कालवशि जानि आत्मकल्याणविषैं अवश्य उद्यमी होना योग्य है। एक आत्मज्ञान ही कालतैं वचबेका उपाय है। सब ही क्षेत्रविषैं सदा काल सर्वथा प्रकार कोऊ ही कारणकरि कोऊ ही प्राणी कालतैं न बचै।

आगै आयुकूं विनस्वर बताय स्त्रीकी निन्दा करते संते ताके तनकूं अकल्याणका कारण दिखावै है—

हिरणी छन्द

अपिहितमहाघोरद्वारं न किं नरकापदा-
मुपकृतवतो भूयः किं तेन चेदमपाकरोत्।
कुशलविलयज्वालाजाले कलत्रकलेवरे
कथमिव भवानत्र प्रीतः पृथग्जनदुर्लभे ॥८०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—तूं या स्त्रीके कलेवरविषैं कौन कारण प्रीति करै है। यह स्त्रीका कलेवर कल्याणके भस्म करनेकूं अग्निज्वालाका समूह है। अर तूं कहा प्रत्यक्ष न देखै है, ए स्त्रीका शरीर नरककी आपदाका उपज्या द्वार है। अर तूं तो स्त्रीके शरीरसूं बारम्बार अनुराग करि उपकार करै है अर वह सदा विघ्नकारी ही है। तातैं तू तरुणीके तनतैं प्रीति तजि। याकूं अज्ञानी जन दुर्लभ मानै हैं, अर यह कछू वस्तु ही नाहीं।

भावार्थ—स्त्री ही संसारका मूल कारण है। जाकरि पुत्र पौत्रादि संतानकी प्रवृत्ति होय है। अर नानारूप आरम्भ परिग्रहादि चिन्तारूप क्लेश तिनिकी बढ़ावनहारी है। जे निवृत्ति वधूटिकाके वर भए ते इनि स्त्रीनिके त्यागहीतैं भए। अर इन ही के संबन्धतैं ए प्राणी चतुर्गतिविषैं भ्रमै है। ऐसा जानि संसर्ग तजना।

आगैं तहाँ स्त्रीविषैं प्रीति छोड़ि सर्व प्रकार असार जु है मनुष्यपणों ताकौं तू उत्कृष्ट धर्म उपजावनेकरि सफल करहु ऐसी शिक्षा देत सन्ता सूत्र कहे हैं—

शार्दूलछन्द

व्यापत्पर्वमयं विरामविरसं मूलेऽप्यभोग्योचितं
विश्वक्क्षुत्क्षतपातकुष्टकुथिताद्युग्रामयैश्छिद्रितम् ।
मानुष्यं घुणभक्षितेक्षुसदृशं नामैकरम्यं पुनः
निस्सारं परलोकबीजमचिरात् कृत्वेह सारीकुरु ॥८१॥

अर्थ—यह मनुष्यपणों है सो घुणनिकरि खाया काणाँ साँठा ताकै समान है। कैसा है? आपदारूपी गांठनिस्यों तन्मय है। बहुरि अन्तविषै विरसि हैं। बहुरि मूलविषै भी भोगवनें योग्य नाहीं है। बहुरि सर्वाङ्गपनैं क्षुधा गूमड़ा कोढ़ कुथितादि भयानक रोग तिनिकरि छिद्रसहित भया है। बहुरि एक नाम मात्र ही रमणीक है और सर्व प्रकार असार हैं। इहाँ याकौ तूं शीघ्र धर्म साधनतैं परलोकका बीज करिकैं सार सफल करहु।

भावार्थ—जैसे कांणा सांठाके बीचि-बीचि तौ गांठि पाईये हे, तहां रस नाहीं। बहुरि अन्तविषैं बांड है, तहां रसका स्वाद नाहीं। बहुरि आदिविषैं जड़ है यहां रस आवता नाहीं। बहुरि बीचमें वा सर्वत्र घुणनि करि छिद्रित भया, तहाँ भी रस रह्या नाहीं। ऐसे वह काणां सांठा नाम-मात्र ही तो भला है। बहुरि सर्व प्रकार असार है, भोगयोग्य नाहीं। बहुरि जो उस सांठेको आगामी बीज करै तौ ताकरि बहुत मीठे सांठे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निपजैं। तातैं ऐसेहीकरि उस कांठेका ऐसै ही सफल करना योग्य है। तैसे मनुष्यपर्यायके बीचि-बीचि तो अनेक आपदा पाइए है, तहाँ सुख नाहीं। बहुरि अन्तविषैं वृद्ध अवस्था है तहां सुखका स्वादु नाहीं। बहुरि आदिविषैं बाल अवस्था है, तहां सुख होता नाहीं। बहुरि मध्य अवस्थाविषैं सर्वत्र क्षुधा, पीडा, चिन्ता आदि रोगनिकरि हृदयविषैं छेद परि रहे, तहां भी सुख रह्या नाहीं। ऐसे यह मनुष्य पर्याय नाममात्र ही तो भला है। बहुरि सर्व प्रकार असार है। विषय सुख भोगवने योग्य नाहीं। बहुरि जो इस मनुष्य पर्यायकों धर्मसाधनकरि परलोकका बीज करै तौ ताकरि बहुत स्वर्ग मोक्षके सुखरूप मीठे फल निपजैं, तातैं इस मनुष्य पर्यायकों ऐसैं ही सफल करो, यहू शिक्षा माननी योग्य है।

आगैं ऐसे मनुष्य पर्यायके शरीरविषैं तिष्ठता आत्मा कहा करै है सो कहै हैं—

अनुष्टप छन्द

प्रसुप्तो मरणाशंकां प्रबुद्धो जीवितोत्सवम् ।
प्रत्यहं जनयत्येष तिष्ठेत् काये कियच्चिरम् ।।८२।।

अर्थ—यहु आत्मा दिनप्रति सूता हुआ तौ मरणकी आशंका उपजावै है अर जाग्या हुआ जीवनेंका उत्सवको उपजावै है ऐसी जाकी दशा सो यहु जीव शरीरविषैं कितनैकचिरकाल पर्यन्त तिष्ठै, अपि तु न तिष्ठै।

भावार्थ—यहु जीव सोवै तब तौ मृतकसदृश होइ जाइ अर जागै तब जीवता होइ, ऐसैं याकी प्रतिदिन दशा हुवा करै, तौ जैसैं जो नित्य छिपै ताके भागनेका भरोसा नाहीं तैसैं याका शरीरविषैं रहनेका भरोसा नाहीं। शीघ्र ही शरीरको छांडेगा ऐसा निश्चयकरि करना होइ सो कार्य करि लैना।

आगैं ऐसे शरीरकै आत्माका उपकार करनेका अभाव कहि करि अब कुटंवानकै आत्मउपकार करनेका अभाव कहता सूत्र कहै हैं—

वसन्त तिलका छन्द

सत्यं वदात्र यदि जन्मनि बन्धुकृत्य-
माप्तं त्वया किमपि बन्धुजनाद्धितार्थम् ।
एतावदेव परमस्ति मृतस्य पश्चात्
संभूय कायमहितं तव भस्मयन्ति ।।८३।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—तूँ सांच कहि, जो तैं संसारविषैं बन्धुजनतैं बन्धुनिकरि करने योग्य हितरूप प्रयोजन किछू भी पाया है ! सो तौ किछू भी कुटुम्बतै हित भया दीसता नाहीं। केवल इतना ही उनका उपकार भासै हैं जो तेरे मूएँ पीछैं एकठे होयकरि तेरा बैरी शरीर ताकों भस्म करै है।

भावार्थ—भाई बन्धु तौ उनका नाम है जो अपना किछू हित करै। सो तूँ जिनिको भाई-बन्धु मानै है सो इनूँनैं किछू हित किया होय सो बताइ, जातैं तेरा मानना साँच होइ। बहुरि हमकों तौ केवल इनिका इतना ही हित करना भासै है जो वैरीका वैरी होय ताकों अपना हितू कहिये है। सो तेरा बैरी शरीर था, सो तेरे मुएँपीछैं मिलिकरि इनूँनैं शरीरको दग्ध किया। तेरा बैरका बदला लिया। ऐसे इहां युक्तिकरि कुटुम्बतैं हित होता न जानि राग न करना ऐसी शिक्षा दई है।

आगै तर्क करै हैं जो विवाहादि कार्य बन्धुजनतैं होइ है ऐसा प्रतीति है, तातैं तिस बन्धुजनतैं हितरूप कार्य कैसैं न हो है ऐसी आशङ्काकरि उत्तर कहै हैं—

जन्मसन्तानसंपादिविवाहादिविधायिनः।
स्वाः परेऽस्य सकृत्प्राणहारिणो न परे परे ॥८४॥

अर्थ—संसार परिपाटीके निपजावनहारे विवाहादि कार्य, तिनके करनहारे जे स्वकीय कुटुम्ब हैं ते ही इस जीवके बैरी हैं। बहुरि जै एक बार प्राण हरै ऐसैं पर कहिये वैरी, ते वैरी नाहीं हैं।

भावार्थ—जो एक बार प्राण हरै ताको तूँ परम बैरी मानै है सो प्राण-नाश वाका किया होता नाहीं, आयुका अन्त आये हो है। तातैं परमार्थतैं प्राण हरनहारा वैरी नांहीं है। बहुरि जै विवाहादि कार्यनिविषैं जीवको उलझाय रागादिकके निमित्त बनावै हैं ऐसे जे बन्धुजन ते अनेक जन्म-मरणका कारण कर्मबन्ध कराया याका बुरा करै हैं। तातैं परमार्थतैं बन्धुजन वैरी हैं, जैसैं देनां दिवावै सो वैरी नाहीं। जो नवीन देनां करावै सो वैरी है। तैसैं प्राण हरनहारा तौ पूर्व कर्मकी निर्जरा करावै है, तातैं वैरी नाहीं, ए वन्धुजन नए कर्मबन्धका कारण निपजावै हैं, तातैं एई वैरी हैं। ऐसा जानि इनिकौं हितू मानि राग न करना।

आगै बन्धुजन जे हैं ते विवाहादि विधानकरि, धन धान्य स्त्री आदि इष्ट वस्तुकौं निपजावनेंकरि वांछित प्रयोजनकी प्राप्ति करनहारे हैं, तातैं तिनकै शत्रुपना है, ऐसा अयुक्त वचन है, ऐसै कहें उत्तर कहै है—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुष्टप छन्द

धनरन्धनसंभारं प्रक्षिप्याशाहुताशने ।
ज्वलन्तं मन्यते भ्रान्तः शान्तं संधुक्षणक्षणे ।।८५।।

अर्थ—भ्रमसहित जीव है सो आशारूपी अग्निविषैं धनरूपी ईंधनका समूहकौं क्षेपिकरि आशा अग्निका बधावनेंरूप जो संधुक्षण ताका काल-विषैं ज्वलता जो अपना आत्मा ताकौं शान्त भया सुखी भया मानैं है ।

भावार्थ—जैसैं कोई बावला थोरी अग्निकरि आप जलै है । बहुरि वामैं ईंधन डारि अग्निकौं बधाइ बहुत जलनें लगा तब आपकौं शीतल भया मानैं । तैसैं भ्रम भावसहित करि आत्मा आशाकरि आप दुखी होय रह्या है । बहुरि आशाबिषैं धनादिक सामग्री मिलाइ तिस आशाकौं बधाइ बहुत दुखी भया तब आपकौं सुखी मानैं है । परमार्थतैं सुखी नांही हो है । धनादि सामग्री मिलैं तृष्णा बधै दुख बधै, तातैं धनादिक दुःखका कारण है । याही तैं धनादिकका कारण कुटुम्बादिक सो भी दुःख ही का कारण शत्रु जानना ।

आगैं ऐसैं भ्रमरूप मानता जो तूं सो तेरै कहा कहा हो है सो कहै हैं—

आर्या छिन्द

पलितच्छलेन देहान्निर्गच्छति शुद्धिरेव तव बुद्धेः ।
कथमिव परलोकार्थं जरी वराकस्तदा स्मरति ।।८६।।

अर्थ—स्वेत केशका मिस करि तेरी बुद्धिकी शुद्धता है सो ई शरीरतै निकसै है । तहाँ वृद्ध अवस्था सहित असमर्थ भया जो तूं सो परलोककै अर्थि कैसैं स्मरण करै है । किछू बिचार होइ सकता नांही ।

भावार्थ—तूं ऐसा विचारैगा जो यौवन अवस्थाविषै तौ धन स्त्री आदि सामग्री मिलाइ इस लोकके सुख भोगवें । अर वृद्ध अवस्थाविषैं धर्म सेय परलोकका यत्न करैंगे । सो वृद्ध अवस्था आए हम ऐसी उत्प्रेक्षा करैं हैं जो तेरे श्वेत केश निकसै हैं ताका मिस करि तेरी बुद्धिकी शुद्धता निकसे हैं[1] । बहुरि बुद्धिकी शुद्धता गए वर्त्तमान इस लोकके कार्यनिका भी विचार न होइ सकै तौ आगामी परलोककै अर्थि विचार कैसैं होइ सकेगा ? तातैं वृद्धअवस्था पहलै ही धनादिकौं दुःखका कारण जानि परलोककै अर्थि यत्न करना योग्य है ।

१. साठी बुद्धि नाठी लोकोक्ति ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै जे जीव बुद्धिकी शुद्धताकरि संयुक्त होत संते अर मोहकरि रहित है चित्त जिनका ऐसे होत संते परलोकके अर्थि चिन्ता करै हैं ते जीव थोरे हैं ऐसा कहै हैं—

इष्टार्थोद्यदनाशितं भवसुखक्षाराम्भसि प्रस्फुर-
न्नानामानसदुःखवाडवशिखासंदीपिताभ्यन्तरे ।
मृत्यूत्पत्तिजरातरङ्गचपले संसारघोरार्णवे
मोहग्राहविदारितास्यविवराद् दूरे चरा दुर्लभाः ॥८७॥

अर्थ—संसाररूपी भयानक समुद्रविषैं मोहरूपी ग्राहका फाड्या हुआ जो मुख तिसतैं जे दूरि विचरैं हैं ते दुर्लभ हैं। कैसा है संसार समुद्र, इष्ट विषैकरि निपज्या जाकरि तृप्ति होइ ऐसा सांसारिक सुख सोई खारा जल जा विषैं पाइए ऐसा है। जैसैं समुद्रविषैं खारा जल ताकौं पीएं तृषा न मिटै तैसैं संसारविषैं विषयसुख हैं ताकरि तृषा दूरि न होहै। बहुरि नाना प्रकार मानसिक दुःख सोई भया बडवानल ताकरि तप्तायमान है अभ्यन्तर जाका ऐसा है। जैसैं समुद्रविषैं वडवानल है सो जलकौं सोखे ऐसा तप्तायमान है तैसैं संसार विषैं मानसिक दुःख है सो विषय सुखकों न भोगवनैं दे ऐसा संतापरूप है। बहुरि मरण, जन्म जरारूपी तरङ्ग तिनि करि चपल है। जैसैं समुद्रविषैं तरंगनिकी पलटनि हो है तैसैं संसाविषैं जन्म जरा मरणादि अवस्थानिकौ पलटनि होहै ऐसा संसार समुद्रविषै मोहरूपी ग्राह जलचर जीव बसै हैं, सो अपना मुख फाडि रह्या है, उदय को व्यक्त करि रह्या है, तिसतैं जे दूरि विचरै हैं, याके उदयविषैं तद्रूव होइ विकारी न होहैं ते जीव दुर्लभ हैं, थोरे हैं। जो संसारविषैं ऐसे घनें होइ तो संसार कैसें बसै। ऐसैं थोरे हैं याहीतैं संसार पाइये है।

आगैं मोहके मुखतैं दूरि विचरता दुर्द्धर आचरन आचरता ऐसा जो तूं सो तेरे भले प्रकार पाल्या हुवा भी शरीर जो ऐसे हरिणीनिकरि देखिए तो तूं धन्य है ऐसा कहे हैं—

मन्दाक्रान्ता छन्द

अव्युच्छिन्नैः सुखपरिकरैर्लालिता लोलरम्यैः
श्यामाङ्गीनां नयनकमलैरर्चिता यौवनान्तम् ।
धन्योऽसि त्वं यदि तनुरियं लब्धबोधेर्मृगीभि
र्दग्धारण्ये स्थलकमलिनीशंकयालोक्यते ते ॥८८॥

---

१. ताकरि तप्तायमान है। तैसैं संसारविषैं मानसिक दुःख है। ज० उ० ८७-५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—जिनिविषैं विच्छेद न होइ ऐसे सुखकै समाज तिनकरि तौ पाल्या हुवा है अर मनोहर अङ्गयुक्त स्त्री तिनके चपल रमणीक जे नेत्र तेई भए कमळ तिनकरि पूजित सन्मानित ऐसा यह शरीर था। बहुरि यौवन अवस्थाका मध्यविषैं पाया है ज्ञान जानैं ऐसा तूं सो तेरा वैसा शरीर भस्म भया, वनकी स्थल कमलनीकी आशंकाकरि जो हरिणीनिकरि अवलोकिये तो तूं धन्य है।

भावार्थ—जैसा अभ्यास होइ तैसैं प्रवर्तै ऐसी प्रवृत्ति है। तातैं दुखिया दुःख सहै तौ सहै, परन्तु पूर्वै पुण्य-उदयकरि सुख, समाज, स्त्री आदि कारणनितैं परम सुखिया होय रहे थे, बहुरि ज्ञान पाएं यौनन अवस्थाविषैं ही दीक्षा धारि तपकरि ऐसे भए जिनिकौं हरणी सारिखा चंचल जीव जल्या हुवा ठूठ सारिखा अवलौके हैं ते जीव धन्य हैं, सर्व प्रकार स्तुति योग्य हैं। देखो अत्मज्ञानकी कोई ऐसी ही महिमा है। परम सुखिया तीर्थङ्कर चक्रवर्ति ते दीक्षा धारि मेरुवत् निश्चल भए। बाहुबलि आदि ऐसा प्रतिमा योग दिया जहां बेलि लपटाई, सुकुमालजीकै सरस्यौं चुभै थी सो स्यालिनी खाने लगी तौ भी निश्चल रहे, इत्यादि पुरुष भये ते धन्य हैं।

आगैं ऐसैं ही तेरा जन्म सफल होय, अन्य प्रकार नहीं ऐसैं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शार्दूल छन्द

बाल्ये वेत्सि न किंचिदप्यपरिपूर्णाङ्गो हितं वाहितं
कामान्धः खलु कामिनीद्रुमघने भ्राम्यन् वने यौवने ।
मध्ये वृद्धतृषार्जितुं वसु पशुः क्लिश्नासि कृष्यादिभि-
र्वार्द्धिक्येऽर्धमृतः क्व जन्म फलि ते धर्मो भवेन्निर्मलः ॥८९॥

तर्थ—बाल्य अवस्थाविषैं तौ तूं सम्पूर्ण अङ्गरहित होत संता किछू भी हित व अहितकौं नाहीं जानै है। बहुरि यौवनविषैं स्त्रीरूपी वृक्षनिकौं सघनतारूप वन ताविषैं भ्रमता संता कामकरि अन्ध भया। बहुरि मध्य वय-विषैं बधी जो तृष्णा ताकरि पशुसमान भार निर्वाह करनहार होत संता धन उपजावनैंकौ खेती आदि कर्मनिकरि क्लेश पावै है। बहुरि वृद्ध-अवस्थाविषैं आधा मृतक भया। ऐसैं तेरा मनुष्य जन्म है सो फलवान कहां होई निर्मल धर्म कहां होइ[1]।

१. बालकपनें ज्ञान न लह्यौ, तरुण समय तरुणी रत रह्यो। अर्धमृतकसम बूढापनों कैसे रूप लखै आपनौ—छहढाल।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—सर्व पर्यायिनिविषैं मनुष्य पर्याय धर्म साधनकौं कारण है। बहुरि धर्म साधन ही तैं मनुष्य पर्याय सफल हो है। सो तेरा मनुष्य पर्यायिका काल तौ ऐसें बीतै है। बालकपनै तौ कुछ हित-अहितका ज्ञान हूं होइ सकै नाहीं। यौवनविषैं तूं स्त्रीनिका रसिया होय कामान्ध भया। मध्य अवस्थाविषै कुटुम्बादिककी वृद्धि भई, तहां मोकों सर्वका निर्वाह किया चाहिए ऐसा विचारि धन उपजानेंकै अर्थि खेद-खिन्न रहै। वृद्ध-अवस्था आएं इन्द्रिय मन शिथिल होनैतैं आधा मृतक समान हो है।

ऐसैं काल बीतैं धर्म कहां सधै, मनुष्य जन्म कैसै सफल होइ? तातैं बाल-वृद्ध अवस्था विषैं तौ वस नाहीं। यौवन अवस्था वा मध्य अवस्था-विषैं स्त्री कुटुम्बादिकसौं राग छोडि धर्म साधन करौ ऐसै ही तुम्हारा जन्म सफल हो है।

आगैं तीनौं अवस्थाविषैं बुरा करनहारा जो कर्म ताका वशवर्ती होना अब तोकौं योग्य नाहीं, ऐसे सीख देता संता सूत्र कहै हैं—

शार्दूल छन्द

वाल्येऽस्मिन् यदनेन ते विरचितं स्मर्तुं च तन्नोचितं
मध्ये चापि धनार्जनव्यतिकरैस्तन्नास्ति यन्नापितः।
वार्द्धक्येऽप्यभिभूय दन्तदलनाद्याचेष्टितं निष्ठुरं
पश्याद्यापि विधेर्वशेन चलितुं वाञ्छस्यहो दुर्मते ॥९०॥

अर्थ—इस पर्यायविषैं इस कर्मनैं बाल अवस्थाविषैं जो तेरा किछू बुरा किया सो याद करने योग्य भी नांही। बहुरि मध्यावस्थाविषैं धन उपजावनेंका प्रकारनिकरि सो कोई दुख रह्या नाहीं जो तौकौं न दिया। बहुरि वृद्ध अवस्थाविषैं भी तेरा अपमान करि दन्त तोडनां आदि कठोर चेष्टा करी, सो तूं देखि। हे दुर्बुद्धी! अब भी इस कर्मका वस करि ही चलने कौं चाहै है।

भावार्थ—लोकविषैं कोई एक वार अपना बुरा करै ताकौं अपना बैरी जानि वाकैं आधीन रह्या चाहै नाहीं, वाका नाश करना ही विचारै सो इस कर्मनैं अनादि संसारतैं जो तेरा बुरा किया ताका तौ तोकौं स्मरण नांहीं। परन्तु इस पर्यायविषैं बाल अवस्थाविषैं तौ गर्भ जन्म शरीर वृद्धि आदि दशानिकरि अर मध्य अवस्था विषैं धन उपार्जन आदि क्रियानिकरि अर वृद्धावस्था विषैं धन दांत तौडनां आदि अपमान कार्य करनैंकरि जो बुरा किया सो तूं देखै है। ऐसें भी प्रत्यक्ष देखि अब भीं तूं कर्म ही के आधीन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रह्या चाहै है। याका नाशका उपाय नांहीं करै है, सो यहु तेरी पुरुषार्थंताकी हीनता तौ ही कौं दुखदायक होसी।

आगैं वृद्ध अवस्थाविषैं इंद्रियादिकनिकी ऐसी प्रवृत्ति देखता जो तूं सो तुझकों निश्चित रहना योग्य नांहीं, ऐसैं कहै हैं—

अश्रोत्रीव तिरस्कृतापरतिरस्कारश्रुतीनां श्रुतिः
चक्षुर्वीक्षितुमक्षमं तव दशां दूष्यामि वान्ध्यं गतम्।
भीत्येवाभिमुखान्तकादतितरां कायोऽप्ययं कम्पते
निष्कम्पस्त्वमहो प्रदीप्तभवनेप्यास्से जराजर्जरे ॥९१॥

अर्थ—वृद्ध अवस्थाविषैं कान हैं सो मांनू औरनिकरि कीया हुआ अपमान निंदादिरूप तिरस्कार लीएं वचन तिनकों न सुन्यां चाहता संता सुननेतैं रहित भया है। बहुरि नेत्र है सो मांनू तेरी निंद्य दशा देखनेंकों असमर्थ होत संता अंधपनाकौं प्राप्त भया है। बहुरि यहु शरीर है सो मानूं सन्मुख आया कालतैं भयकरि बहुत कांपै है। ऐसैं जराकरि जीर्ण भया अग्नि लाग्या मंदिरवत् शरीरविषैं तूं निश्चल तिष्ठै है सो बड़ा आश्चर्य है।

भावार्थ—मरण तो सर्व अवस्थाविषैं हो है। तातैं स्याना होय सो तौ निंचित रहै नांही, पहले ही परलोकका यत्न करै। बहुरि वृद्धअवस्था आएं तौ अवश्य मरन होनेका नेम है। बहुरि विषयादिकके कारन सर्व शिथिल भए, अब भी इहां ही रहनेकी आशाकरि निश्चित होय रह्या है। सो जैसें कोई आगिकरि बलता मंदिरविषैं निश्चित तिष्ठै ताका आश्चर्य होय, तैसें तेरी दशा देखि हमकूं आश्चर्य्य भया है। अब निश्चित रहे उपायका अभाव देखि तोकौं सावधान किया है।

आगैं तहां तिष्ठता जीवकौं सीख देते संता, "अति परिचितेषु" इत्यादि सूत्र कहै हैं—

आर्या

अतिपरिचितेष्ववज्ञा नवे भवेत्प्रीतिरिति हि जनवादः।
त्वं किमिति मृषा कुरुषे दोषासक्तो गुणेष्वरतः ॥९२॥

अर्थ—जिनका बहुत परिचय संसर्ग भया होय तिनविषैं तो अनादर होइ अर नवीनविषैं प्रीति होइ ऐसी लोकोक्ति है। बहुरि तूं ऐसैं रागादिदोषनिविषैं आसक्त होत संता अर सम्यग्दर्शनादि गुणनिविषैं प्रीति न करत संता तिस लोकोक्तिकौं मिथ्या कैसें करै है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—लोकविषैं तो अैसै प्रसिद्ध है जाका बहुत सेवन भया हो तिसविषैं अनादर होइ, अर जो अपूर्व लाभ होइ तिस विषै प्रीति होइ। सो तेरे रागादिकका सेवन तौ अनादितैं भया तिसविषैं ही तेरै आसक्तता पाईए है अर सम्यग्दर्शनादिकका अपूर्व लाभ है तिसविषैं तेरी प्रीति नांहीं सो वह लोक प्रसिद्ध वचन झूंठ कैसैं करै है यह बड़ा आश्चर्य्य हैं।

आगैं दोषनिविषैं आसक्त व्यसनी हित-अहितकी भावना न करता अैसा जो तूं सौ तैं संसारविषैं मरणादि दुःख पाया, ऐसा दृष्टांतसहित दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

बसन्ततिलका छन्द

हंसैर्न भुक्तमतिकर्कशमम्भसापि
नो संगतं दिनविकासि सरोजमित्थम्।
नालोकितं मधुकरेण मृतं वृथैव
प्रायः कुतो व्यसनिनां स्वहिते विवेकः ॥९३॥

अर्थ—जी कमल है सो हंसनिकरि भोग्या नाहीं है। अति कठोर है। जलकरि भी एकीभूत नांहीं किया है, दिन ही विषैं फूलै है। ऐसें भ्रमर है तींह विचार न किया। बहुरि वृथा ही गंधका लोभी होय मूवा सो व्यसनी है तिनकैं बाहुल्यपनै अपने हितविषैं विवेक कहांतैं होइ, न होइ।

भावार्थ—इहां अन्योक्ति अलंकारकरि दृष्टांत ही करि दार्ष्टांत का सूचन कीया है। जैसें भौंरा कमलविषैं गंधका लोभतैं तिष्ठता अैसा विचार नांही करै है जो हंस याकां सेवन न किया है यह कठोर है, जलतैं न्यारा ही रहै है, रात्रि विषैं मुद्रित हो है। बहुरि वह भौंरा आसक्त हुवा तहां ही मरण पावै है, तैसैं सरागी जीव विषयसामग्रीनिविषैं सुखका लोभतैं सेवन करता अैसा विचार नांहीं करै है जो महान पुरुष इनका सेवन न कीया है, ए कठोर दुखदायक हैं, निर्मल आत्मस्वभावतैं न्यारे ही रहै हैं, पाप उदय आए विघटि जाय हैं। बहुरि वह सरागी वृथा ही पापबंधकरि नरकादिकका पात्र हो है। सो व्यसनी होइ तिनकै अपने हितका विचार होइ सकता नांही। आशक्ततताकरि पहलैं तौ किछू न भासै, फल लागै तब आपही दुख भोगवै।

आगैं तिस दोषका न अवलोकनेंविषैं सम्यग्ज्ञानका अभाव है सो कारण है, जातैं संसारविषैं भ्रमता प्राणीकै तिस सम्यग्ज्ञानकी प्राप्तिको अतिदुर्लभपनों है अैसे कहैं हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रज्ञे दुर्लभा सुष्ठु दुर्लभा सान्यजन्मने ।
तां प्राप्य ये प्रमाद्यन्ते ते शोच्याः खलु धीमताम् ।।९४।।

अर्थ—संसारविषैं विचाररूप बुद्धि होनी ही दुर्लभ है। बहुरि परलोककै अर्थि सो बुद्धि होनी अतिदुर्लभ है। बहुरि तिस बुद्धिकौं पाइकरि जे प्रमादी रहै हैं ते जीव ज्ञानवानौंके सोचने योग्य है।

भावार्थ—एकेंद्रियादि असैनीपर्यंत सर्व अर अपर्याप्त आदि केई सैनी इनिकै तो मनका विचार है ही नांहीं। अर संसारविषैं इन ही पर्यायनिविषैं बहुत भ्रमण करना तातैं प्रथम तौ बुद्धिकी प्राप्ति होनी ही कठिन है। बहुरि कदाचित् कोऊकै बुद्धिकी प्राप्ति होई तौ परलोककै अर्थि धर्मरूप विचार होनां महाकठिन है। अनन्तवार मनसहित होइ तौ भी धर्मबुद्धि किसीही जीवके हो हैं। बहुरि कोई भाग्यकरि धर्मबुद्धिकौं भी पाइकरि जे सावधान नांहीं रहै हैं, धर्म साधनविषै शिथिल रहै हैं, तिनकी चिंता बुद्धिवानौंकैं हो है जो अैसा अवसर पाइ चूकै हैं, इनिका कहा होनहार हैं। तातैं धर्मबुद्धि पाइ प्रमादी होना योग्य नाहीं है।

आगैं पाई है बुद्धि जिनूंने अर अद्भूत पराक्रमीके धारी हैं, बहुरि लक्ष्मी के विलासका अभिलाषाकरि राजानिकी सेवा करै हैं तिनका पश्चात्ताप करता संता सूत्र कहै हैं—

वसन्त तिलका छन्द

लोकाधिपाः क्षितिभुजो भुवि येन जाता-
स्तस्मिन् विधौ सति हि सर्वजनप्रसिद्धे ।
शोच्यं तदेव यदमी स्पृहणीयवीर्या-
स्तेषां बुधाश्च वत किंकरतां प्रयान्ति ।।९५।।

अर्थ—जिस धर्म विधानकरि लोकके स्वामी राजा भये तिस सर्वलोकविषै प्रसिद्ध धर्म विधानका होत संतैं जो वांछने योग्य है पराक्रम जिनका ऐंसे ए ज्ञानी तिनि राजानिका किंकरपनांकौं प्राप्त होय हैं, सोई सोचने योग्य है। ऐसा कार्य काहेकौ करै है इस विचारतैं हमकूँ खेद हो है।

भावार्थ—राज्यपद है सो धर्मका फल है। अैसै लोकविषैं प्रसिद्ध है। बहुरि धर्म साधनकी सर्व सामग्री मिलनेतैं धर्म साधन होइ सकै अर आप बहुत पराक्रमी धर्म साधनैंकू समर्थ। बहुरि आप ज्ञानी धर्म का फलकौं पहचानैं अैसें होत संते भी धर्म तौ न साधै अर धनादिकका लोभ लिएं राजानिकौं सेवैं तो तिनकी चिंता हमकौं ही है। जो राजा जाका कीया

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भया ताका सेवन छोरि राजाका सेवन काहेकौं करै है। इहां भाव यह है—धर्म का सेवन छोरि अन्य कार्य करना योग्य नांहीं।

आगैं पंगौं पड्या है औरनिका मस्तक जाकै ऐसा कोई कृष्ण नामा राजा ताका धरचा हूवा निधानका जो कोई स्थानक ताका निरूपणका मिसकरि धर्मका लक्षण निधानका स्वरूप मार्ग ताकौं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

सार्दूल छंद

यस्मिन्नस्ति स भूभृतो धृतमहावंशाः प्रदेशः परः
प्रज्ञापारमिता धृतोन्नतिधनाः मूर्ध्ना ध्रियन्ते श्रियै।
भूयांस्तस्य भुजङ्गदुर्गमतमो मार्गो निराशस्ततो
व्यक्तं वक्तुमयुक्तमार्यमहतां सर्वार्यसाक्षात्कृतः ।।९६।।

अर्थ—इहां श्लेषालंकार किया है। तहां एक अर्थविषैं तौं कोई सर्वार्य नामा दूसरा मंत्री राजाका भया है, वानैं दुर्गम स्थान जहां कोई कृष्ण राजाका निधान था तहां जाय वाकौं प्रगट कीया है, ताका वर्णन कीया है। बहुरि दूसरे अर्थविषैं धर्मके लक्षणादिकका वर्णन है। तहां पहलैं पहला अर्थ कीजिये है। सो प्रदेश कहिए स्थानक सो पर कहिए उत्कृष्ट है। सो कौन ? जिस प्रदेशविषैं पर्वत तिष्ठैं है। कैसै हैं पर्वत ? धारे हैं बडे बांस जिनूं नै। बहुरि कैसे हैं ? बुद्धि ही करि छेहडा पाईए है जिनका ऐसे वडे हैं। बहुरि कैसे हैं ? शिखरकरि सोभाकै अर्थि धारचा है उचाई-रूप धन जिनूंनैं। ऐसे पर्वतनिकरि संयुक्त प्रदेश है। बहुरि तिस प्रदेशका मार्ग है सो बड़ा है। सर्प्पनिकरि अतिशयपनें औरनिकौं दुर्गम है। आशा जे दिशां तिनिकरि निष्कांत है। जहां दिशानिकी शुद्धि नहीं रहे है ऐसा जाका मार्ग है। सो वह प्रदेश जैसैं व्यक्त सबनिकरि जान्या जाय तैसैं कहना अयुक्त है, कह्या जाता नांही। हे आर्य ! तिस प्रदेशका अजाननहारा ऐसा विषम प्रदेश है सो सर्वार्य नामा कोई राजाका दूसरा मंत्री तिह साक्षात् किया है जाय करि प्रत्यक्ष देख्या है। एसैं एक अर्थविषैं सर्वार्य मंत्रीकी प्रशंसा करी। अब याहीका द्वितीय अर्थ कहिए है—

प्रदिश्यते कहिए परकों उपदेशिए ऐसा जु प्रदेश कहिए धर्म सो वह धर्म उत्कृष्ट है। सो कौन ? जाकौं होतें भूभृत जे राजा हैं ते लोकनकरि लक्ष्मीकै अर्थि मस्तककरि धारिये हैं। लोक लक्ष्मीकै अर्थि राजानिकौं नमावै हैं सो राजानिकै यहु धर्म ही का फल है। कैसे हैं राजा ! धारचा है इक्ष्वाकु आदि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वंश जिनूंनें। बहुरि कैसे हैं? बुद्धिके पारकौं प्राप्त भये हैं। बहुरि कैसे हैं? धारे हैं उन्नतता अर धन भंडार जिनूंनै, ऐसे राजा जिस धर्म होतैं प्रधान हो हैं। बहुरि तिस धर्मरूप प्रदेशका मार्ग है सो दान व्रतादि भेदनितैं प्रचुर है—अनेक प्रकार है। बहुरि आशा जो बांच्छा ताकरि रहित है। बहुरि भुजंगम जे कामी तिनकरि दुर्गम है, अगोचर है। जातैं ऐसैं हैं तातैं आर्य्यं जे भोले तिनि विषैं बड़े जु हैं हम तिनकै सो मार्ग प्रगट करनेकौं अयुक्त है। हमारी इतनी शक्ति नाहीं जो प्रकट करैं। बहुरि समस्त जे आर्य्यं कहिए गणधरादि सत्पुरुष वा सबनिकरि सेवनें योग्य ऐसा सर्वार्य्य कहिए सर्वज्ञ-देव तिनकरि प्रगट कीया है। उनका प्रगट कीया हू धर्मका मार्ग सर्बकै प्रतीत करने योग्य हो है।

भावार्थ—इहां कोई प्रसंग पाइ सर्वार्य्यं मंत्रीकी तौ प्रशंसा करी। अर याहीका दूसरा अर्थविषैं धर्मका फल वा धर्मका मार्ग प्रगट करनहारा तिनका स्वरूप कह्या है।

आगैं शरीरादिकतैं वैराग्य उपजाय जीवकौं धर्म अर धर्मका मार्ग दिखावता जो मुनि ताकैं किछू भी फलकी इच्छा नाहीं है। परका उपगार ही कै अर्थि उनकी प्रवृत्ति है, जातैं "परोपकाराय सतां हि चेष्ठितं" ऐसा नीतिका वचन है, सो ही दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शिखरणी छंद

शरीरेऽस्मिन् सर्वाशुचिनि बहुदुःखेऽपि निवसन्
व्यरंसीन्नो नैव प्रथयति जनः प्रीतिमधिकाम् ।
इमां दृष्ट्वाप्यस्माद्विरमयितुमेनं च यतते
यतिर्याताख्यानैः परहितरतिं पश्य महतः ॥९७॥

अर्थ—सर्व प्रकार अपवित्र अर शारीरिक मानसीक बहुत दुःख जा-विषैं पाइए ऐसा इस शरीरविषैं तिष्ठता थका जन है सो विरक्त नांही हो है। बहुरि यहु जन इस शरीरको देखि अधिक प्रीतिकौं नांहीं विस्तारै है कहा, अपि तु विस्तारै ही है, यहु काकाख्यान है। सो यहु जन तौं ऐसा है। बहुरि मुनि है सो इस जनको जान्या हुवा सार उपदेश तिनिकरि इस शरीरतैं विरक्त करनेंकौं यत्न करै है। सो महंत मुनिकै ऐसी परहित करनेविषैं अनुराग है ताकूं तू देखि।

भावार्थ—जैसे पर जीव भला मानै अपनां अभिलाष सधै तैसैं तो सीख देनेवाले बहुत हैं। परन्तु मुनीनिकै ऐसा परहितविषैं अनुराग है। ए जीव तौ शरीरकौं अपवित्र दुःखका कारण प्रत्यक्ष देखै है तौ भी यातैं विरक्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न हो है। याहीविषैं अतिप्रीति करै है। अर मुनि है सो जैसें दीपकविषैं पड़ता पतंगकौं दयावान् बचावै तैसें याकौं उपदेश देइ शरीरतैं विरक्त करै है। यद्यपि याकौं उपदेश कडवा भी लागैं है तथापि मुनि जानैं हैं यहु बहुत दुखी होसी, तातैं दयाकरि उपदेश दिया ही करै हैं। उन मुनिनिकै अन्य किछू अभिलाष नाहीं। देखो महंत पुरुष ऐसै पर उपकारी हो हैं।

आगैं जीव तौ शरीरतै विमुख न हो है, अर मुनि है सो ज्ञात सार उपदेशनिकरि तिस जीवकौं शरीरतैं विमुख करै है सो काहे तैं करैं हैं, ऐसै पूछैं उत्तर कहै हैं—

बसंततिलका छन्द

इत्थं तथेति बहुना किमुदीरितेन,
भूयस्त्वयैव ननु जन्मनि भुक्तमुक्तम् ।
एतावदेव कथितं तव संकलय्य,
सर्वापदां पदमिदं जननं जनानाम् ।।९८।।

अर्थ—ऐंसै हैं तैसैं या प्रकार बहुत कहनैं करि कहा साध्य है? हे जीव! तैं ही संसारविषैं शरीर है सो वारंवार भोग्या भोग्या और छोड्या, तेरैं तांई संकोचकरि इतना ही कह्या है। जीवनिकै यहु सरीर है सो सर्व आपदानिका स्थानक है।

भावार्थ—दार्ष्टांत तो बहुत कह्या। अर तेरा भला न होना है तो घना कहना निष्फल है। तैं ही अनादितैं शरीर धारि तहां अनेक दुःख भोगि वाकौं छोरि नवीन शरीर धार्‌या सो हम संक्षेपकरि अब इतना ही कहै हैं यहु शरीर ही जन्म, मरण, क्षुधा, तृषा, रोगादि सर्व दुःखनिका स्थानक है। तातैं शरीरतैं विरक्त होइ, जैसैं शरीरके संबंधका अभाव होइ तैसै उपाय करना योग्य है।

आगैं तिस शरीरकौं ग्रहण करत संता गर्भ अवस्थाविषै कहा करत संता कैसा हो है सो कहै हैं—

मन्दाक्रांता छन्द

अन्तर्वान्तं वदनविवरे क्षुत्तृषार्तः प्रतीच्छन्—
कर्मायत्तः सुचिरमुदरावस्करे वृद्धगृद्धया ।
निष्पन्दात्मा कृमिसहचरो जन्मनि क्लेशभीतो
मन्ये जन्मिन्नपि च मरणात्तन्निमित्ताद्बिभेषि ।।९९।।

अर्थ—हे प्राणी! तूं माताका उदररूपी विष्टास्थानविषैं कर्मकै

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आधीन हुवा बहुत काल तांई बधनेका लोभ करि अंतर्वात जो माताका चाव्या हुवा अन्न ताकौं अपने मुखरूपी छिद्रविषैं चाहता भया। कोई बूँद मेरे मुखमैं परै ऐसैं मुख फारे रहै है। कैसा है वह प्राणी ? क्षुधा-तृषाकरि पीड़ित है। बहुरि उदरका स्तोक क्षेत्र है, तातैं तहाँ हलना-चलनारहित हैं स्वरूप जाका ऐसा है। बहुरि उदरविषैं निपजै हैं लट आदि जीव तिनका सहचारी साथी है। ऐसैं गर्भविषैं अवस्था हो है सो हे प्राणी! मैं ऐसैं मानौं हौं:—ऐसा जन्म-अवस्थाविषै क्लेश हो है। तातैं डरया हूवा जन्मका कारण जु है मरण तिसतैं डरै है।

भावार्थ—शरीरसंबंधतैं नरकादिविषैं दुःख हो है सो तौ दूरि ही तिष्ठौ, तैं यहु उत्तम मनुष्य पर्याय पाया है ताका ग्रहण करता गर्भविषैं तोकौं कैसा दुख भया ताका तौ चितवन करौ। हम तौ यहु मानै है जो तूं मरणतैं डरै है सो मरण भए पीछै नवीन जन्म धरना होगा। जन्मविषै तैं दुख पाया है तिसका भयतैं तेरै मरणका भय पाइए है। ऐसा शरीरकी उत्पत्तिविषैं दुःख जानि जन्मका दुःख न होइ सो उपाय करना।

आगैं सम्यग्दर्शनका लाभतैं पहले भए जे पर्याय तिनविषै तैं सर्व कार्य अपना घात ही कै अर्थि आचरन किया ऐसा कहै हैं—

वंसस्थ छन्द

अजाकृपाणीयमनुष्ठितं त्वया
विकल्पमुग्धेन भवादितः पुरा।
यदत्र किंचित् सुखरूपमाप्यते
तदार्य विद्धयन्धकवर्तकीयकम् ॥१००॥

अर्थ—हे आर्य भोला जीव! तैं इस पर्यायतैं पहलैं अजाकृपाणीय कार्य कीया। जैसैं अजा जो छेली ताकौं मारनैंकै अर्थि कोई छुरी चाहता था। बहुरि उस छेलीनैं खुरतैं खोदि छुरी काढ़ी तिसतैं वाका मरण भया। तैसैं जा कारणकरि तेरा घात होइ, बुरा होइ सोई कार्य किया। कैसा है तूं ? विकल्प जो हेय-उपादेयका विचार ताविषैं मूर्ख है। बहुरि इस संसार-विषैं जो किछू सुखरूप विषयादिकका सेवन पाइए है ताकूं तूं अंधकवर्त-कीयक जानि। जैसें आंधा ताली दैतें बटेरकौं पकड़ै ताका बड़ा आश्चर्य है, तैसैं संसारविषैं थोरा भी सुख होनेका बड़ा आश्चर्य जाननां।

भावार्थ—हे जीव! तैं छेलीकी छुरीवत् अपनां बुरा होनेका कार्य किया। बहुरि इस पर्यायविषैं तोकों किछू विषयसेवनतैं सुखसा भया ताकरि तूं जानै है मेरी ऐसी ही दशा रहैगी। ऐसैं जानि निश्चित भया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सो ऐसी भी अवस्था इस संसारविषैं आंधेकी वटेर समान है। तातैं याकै भरोसै निश्चित रहना योग्य नांहीं।

आगै सुख उपजावनहारे वस्तु तिनिके अभिलाषी जीवनिका काम है, सो यहु अवस्था करै है, ऐसा कहै हैं:—

वसन्ततिलका छन्द

हा कष्टमिष्टवनिताभिरकाण्ड एव
चण्डो विखण्डयति पण्डितमानिनोऽपि।
पश्याद्भुतं तदपि धीरतया सहन्ते
दग्धुं तपोऽग्निभिरमुं न समुत्सहन्ते ॥१०१॥

अर्थ—हाय यहु बड़ा कष्ट है जो आपकौं पंडित ज्ञानी मानै है तिनकौ भी यहु प्रचंड काम है सो विना ही अवसर इष्ट स्त्रीनिका निमित्तकरि खंडित करै हैं। ज्ञानीपनांका खंड-खंडकरि महा दुख उपजावै हैं। बहुरि तूं यहु आश्चर्य देखि तिस अपना खंड-खंड होनाकौं तौ धीर-वीरपनाकरि सहै है, अर इस कामकौं तपरूपी अग्निकरि जलावनेकौं नांही उत्साह करै है।

भावार्थ—काम है सो देवतानिपर्यंत सर्व जीवनिकौं सतावै है। बहुरि जै आपकौं ज्ञानी मानै हैं तिनकौं भी स्त्रीनिका निमित्ततैं भ्रष्ट करि दुःख उपजावै है। सो देखो जैसैं कोई बुद्धिमान हुवा रहै है अर आपकौं कोई बाणनिकरि छेदै है। तहां साहसकरि बाणनिकी तौ मार खाया करै अर वाण चलावनेवालेकौं मित्र जानि वाके नाशका उपाय न करै, वाकी पुष्टता ही किया चाहै तहां बड़ा ही आश्चर्य मानिये। तैसैं कोई आपकौं ज्ञानी मानैं है अर आपकौं काम है सो स्त्रीरूपी वाणनिकरि पीडै है। सो उनकी तौ पीडा सह्या करै अर कामकौं हित जांनि तपरूपी अग्निकरि वाकौं भस्म करनेका उपाय नांहीं करै, अनेक सामग्रीनिकरि वाकौं पुष्टता ही कीया चाहै है सो यहु बड़ा आश्चर्य है।

आगैं काम जलावनेकौं उत्साहरूप भए ऐसै केई जीव ते कहा करत भये सो कहै हैं—

शार्दूल छंद

अर्थिभ्यस्तृणवद्विचिन्त्य विषयान् कश्चिच्छ्रियं दत्तवान्
पापां तामवितर्पिणीं विगणयन्नादात् परस्त्यक्तवान्।
प्रागेवाकुशलां विमृश्य सुभगोऽप्यन्यो न पर्यग्रहीत्
एते ते विदितोत्तरोत्तरवराः सर्वोत्तमास्त्यागिनः ॥१०२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—कोई त्यागी तौ विषयनिकौं तिणां समान अकार्यकारी चिंतवन करि जे पुत्रादिक वा याचक लक्ष्मीके अर्थी तिनकौं लक्ष्मी देत भया। बहुरि अन्य कोई त्यागी तिस लक्ष्मीकौं पापरूप, तृप्तिकी करणहारी नांहीं ऐसी मानता संता काहूकौं न देत भया ऐसैं आप छोड़ता भया। बहुरि अन्य कोई त्यागी सौभाग्य दशाकौं प्राप्त भया सो तिस लक्ष्मीकौं पहलै ही अकल्याणकारी विचारि न ग्रहण करता भया ऐसें एते तीनौं सर्वोत्कृष्ट त्यागी उत्तरोत्तर उत्कृष्ट तुम जानहु।

भावार्थ—सर्व धनादि सामग्रीनिको त्याग करैं ते सर्वोत्कृष्ट त्यागी कहिए। तिनिविषै जे पुत्रादिककौं धनादिक देइ त्याग करै हैं ते भी उत्कृष्ट त्यागी हैं। बहुरि जे आप काहूकों देवैं नांही ऐसें ही धनादिकों त्यागैं ते जीव उनतैं भी उत्कृष्ट त्यागी हैं। जातैं उनकै तौ किछू कषाय अंशतैं काहूकौं देनैंका परिणाम भया, इनिकै ऐसी विरागता भई जो कोऊ ग्रहो इनिका किछू प्रयोजन नाहीं। बहुरि जे पहलैं ही धनादिककौं ग्रहै नांही, कुमारादि अवस्थाविषैं ही त्याग करैं ते उनतैं भी उत्कृष्ट त्यागी हैं, जातैं उन तो भोगि करि त्याग कीया, इनूंकै ऐसी विरागता भई जो पहले ही भोगनेके परिणाम ही नांहीं भए। ऐसै ए सर्व दत्तिके दातार अनुक्रमतैं उत्कृष्ट-उत्कृष्ट जाननें।

आगैं उत्कृष्ट संपदानिकौं पाइकरि छोरे हैं जे सत्पुरुष तिनिका किछू भी आश्चर्य नांहीं ऐसा दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

अनुष्टप छन्द

विरज्य सम्पदः सन्तस्त्यजन्ति किमिहाद्भुतम्।
मा वमीत् किं जुगुप्सावान् सुभुक्तमपि भोजनम् ॥१०३॥

अर्थ—सत्पुरुष हैं ते विरक्त होइ करि संपदानिकौं छोरै हैं। सो इहां कहा आश्चर्य है? ग्लानि सहित पुरुष है सो भलै प्रकार भक्षण कीया हुवा भी भोजनकौं कहा वमैं नांहीं? अपितु वमैं ही वमैं।

भावार्थ—रागभाव होतैं तौ त्याग कीए दुःख ही है। दुःख सहना कठिन है। तातैं सरागी पुरुष त्याग करैं तौ तहां आश्चर्य मानिए। बहुरि विरागता भए त्याग करनेमैं किछू खेद नाहीं, सुख हो है। अर सुखकौं कौंन न चाहै, तातैं विरागी पुरुष त्याग करैं तहां किछू भी आश्चर्य नांहीं। जैसे काहूनै भोजन किया था अर वाकै ऐसी ग्लानि भई इस भोजन तैं मेरे प्राण जांहिगै, तब वह पुरुष उस भोजनका उपायकरि भी वमन करै।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तैसें मिले हुए भी विषयनिविषै इनिके सेवनतैं मेरा बुरा होइगा ऐसी उदासीनता आए उपायकरि भी तिनका त्याग करिये है, इहां किछू आश्चर्य नांही।

आगैं लक्ष्मीकौं छोरता संता केई कहा करै है सो कहै है—

श्रियं त्यजन् जडः शोकं विस्मयं सात्त्विकः स ताम्।
करोति तत्त्वविच्चित्रं न शोकं न च विस्मयम्॥१०४॥

अर्थ—मूर्ख पराक्रमरहित पुरुष है मो तौ लक्ष्मीकौं त्याग करता संता शोक करै है। बहुरि सत्य पराक्रमका धारी पुरुष है सो गर्व करै है। बहुरि तत्त्वज्ञानी पुरुष तिस लक्ष्मीकों त्यागता संता न शोक करै है अर न गर्व करै है, सो यहु बड़ा आश्चर्य है।

भावार्थ—संसारी जीवनिकै धनादिकका त्याग होतैं दोय प्रकार भाव होइ। जो पराक्रम रहित है, अर वांकै कोई कारण पाइ धनादिकका त्याग हो है, तहां वांकै तौ शोक हो है। यहु कार्य क्यौं भया, ऐसैं अंतरंगविषैं खेद उपजै है। बहुरि जो पराक्रमका धारक है अर वांकै कोई कारणतैं वा अपने उत्साहतैं धनादिकका त्याग हो है तहां वाकै गर्व हो है। मैंने ऐसा कार्य किया, ऐसै अंतरंगविषैं अहमेव हो है। बहुरि देखो आश्चर्य! जो तत्त्वज्ञानी पुरुष है ताकै धनादिकका त्याग होतैं शोक अर गर्व दोऊ ही नाहीं हो है। जातैं ज्ञानीं धनादिककौं परद्रव्य जानैं है। बहुरि पर द्रव्यका त्याग होतैं खेद अर गर्व दोऊ ही नाहीं कीजिए है। तातैं ज्ञानी शोक गर्व रहित हुवा पर द्रव्यकौं त्यागै है।

आगै विवेकी पुरुषनिकरि जैंसैं लक्ष्मी तजिए है तैसैं शरीर भी तजिए है, ऐसैं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शिखरणी छन्द

विमृश्योच्चैर्गर्भात्प्रभृति मृतिपर्यन्तमखिलं
मुधाप्येतत् क्लेशाशुचिभयनिकाराद्यबहुलम्।
बुधैस्त्याज्यं त्यागाद्यदि भवति मुक्तिश्च जडधीः
स कस्त्यक्तुं नालं खलजनसमायोगसदृशम्॥१०५॥

अर्थ—यहु शरीरादिक है सो समस्त ही गर्भतैं लगाय मरण पर्यंत वृथा क्लेश अपवित्रता भय पराभव पाप जाविषै बहुत पाइए ऐसा है सो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऐसा यहु शरीरादिक नीकैं विचारि ज्ञानीनिकरि त्यजने योग्य है। बहुरि जो याके त्यागतैं मुक्ति होइ तो ऐसो मूर्खबुद्धी कौन है जो याके त्याग करनेको समर्थ न होइ? कैसा है शरीरादिक-दुष्टजनका मिलाप समान है।

भावार्थ—दुःख, अपवित्रपनौं, भय, अपमान पाप ए जहां एक-एक भी थोरे भी कबहू भी होइ तौ ताकूं विवेकी छांड़ैं, सो शरीरादिविषैं ए सब ही वहुत घनें सदा काल पाइए है। तातैं ए विवेकीनिकरि छोड़ने योग्य ही हैं। बहुरि अन्य लाभ न होइ तौ भी इनिकौं छोड़ने। अर इनिकै छोड़नेंतैं मोक्ष होइ तौ ऐंसा मूर्ख कौन जो इनिकौं न छांडै। जैसे दुष्टका मिलाप दुख-दायक, तैसें इनिकौं सर्व प्रकार दुखदायक जानि छोड़ना ही योग्य है।

आगैं जैसें लक्ष्मी अर शरीर अनेक अनर्थके कारकपनां करि छोड़े तैसें ही रागादिक भी छोड़नें ऐसा कहै हैं—

वंशस्थ छंद

कुबोधरागादिविचेष्टितैः फलं
त्वयापि भूयो जननादिलक्षणम्।
प्रतीहि भव्य प्रतिलोमवृतिभिः
ध्रुवं फलं प्राप्स्यसि तद्विलक्षणम्॥१०६॥

अर्थ—हे भव्य! तैं ही कुज्ञान रागादिरूप विरुद्ध चेष्टानिकरि बारंबार जन्म मरणादि है लक्षण जाका ऐसा फल पाया है। तौ अब तूं ऐसी प्रतीति करि जो इनितैं विपरीत प्रवर्त्तिनिकरि तिस फलतैं विपरीत लक्षण लीए जो फल ताकौं निश्चैकरि तूं पावैगा।

भावार्थ—लोकविषैं भी जिस कारणतैं जो कार्य निपजै तिसतैं उलटा कारणतैं उलटा ही फल निपजै। जैसैं गरमीतैं जो रोग होइ तिसतैं उलटा शीतल वस्तुतैं तिस रोगका नाश होइ। तातैं हे भव्य! तैं अज्ञान-असंयम करि जन्म मरणादि दुःखरूप फल पाया है। बहुरि जिस कारणतैं एकही बार कार्य निपजै तहां तौ भ्रम भी ऐसा होइ जो अउर ही कारणतैं यहु कार्य भया होगा। सो संसारी जीवनिकै बारंबार अज्ञान-असंयमहीका सेवन दीखै है। अर इनकै जन्मादि दुःख होता दीसै है। तातैं इहां भ्रम भी नाहीं है। जैसैं जिसकौं जब खाय तब ही रोग उपजै तौ जानिए यहु इस रोगका कारण है। बहुरि जो औरनि ही कै भया होइ तौ भी भ्रम होइ। सो तूं ही विचारि मैं कैसे परिणमौं हौं, कैसा फल पावौं हौं। तातैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो तोकों यहु फल बुरा लागैं है। जैसें अज्ञानादिरूप परिणमैं है तैसे परणमना छोरि। बहुरि अज्ञान असंयमतैं उलटा सम्यग्ज्ञान चारित्र है ताका सेवन कीए तिस जन्मादि फलतै उलटा अविनाशी सुखरूप मोक्षफल पाइए है ! सो इहां भी भ्रम नांही है। जातैं सम्यग्ज्ञान चारित्रके सेवनहारे थोरे हैं। अर उनकै तत्काल ही अज्ञान-असंयमजनित आकुलता मिटनैतैं किछू सुख हो है। बहुरि बहुत सेवनतैं बहुत सुख होता दीसै है। तातैं जैसें कोई औषधिका सेवन कीए रोग घटता भासै तो तहां जानिए इसके सेवनतैं सर्व रोगका भी नाश होगा। तैसें इहां भी निश्चय करना सम्यग्ज्ञान चारित्रके सेवनतैं सर्व दुःखका नाश होगा। तातैं इनिका सेवन करना युक्त है।

आगैं ऐसा फलकों चाहता संता तूं तिस मार्गविषैं गमन करहु ऐसा कहै हैं—

वंशस्थ छंद

दयादमत्यागसमाधिसन्ततेः
पथि प्रयाहि प्रगुणं प्रयत्नवान् ।
नयत्यवश्यं वचसामगोचरं
विकल्पदूरं परमं किमप्यसौ ॥१०७॥

अर्थ—स्व-पर जीवकी करुणा सो दया, अर इन्द्रिय मनका वश करना सो दम, अर पर वस्तुनिविषैं राग छोडना सो त्याग, अर वीतराग दशारूप सुखी होना सो समाधि। इनिकी जो परिपाटी ताका मार्गविषै तूं यत्न सहित होता संता सूधा कपट रहित गमन करि। यहु मार्ग है सो तोकूं वचनतैं अगोचर अर विकल्पनितैं रहित ऐसो कोई परम पद है ताकौं अवश्यमेव प्राप्त करै है।

भावार्थ—जैसें कोई इष्ट नगरका सांचा मार्गविषैं सूधा चल्या जाय तौ वह तिस नगरकों पहौचै ही पहौचै तैसे जो मोक्षका सांचा मार्ग सम्यग्ज्ञान-चारित्रविषैं गर्भित दया दम आदि विशेष इनिविषैं कपट रहित प्रवर्त्तै तौ मोक्षकौं पावै ही पावै। मैं साधन करौं अर सिद्धि न होइ ऐसा भ्रमतैं शिथिल मति होहु। इस साधनतैं सिद्धि अवश्य हो है।

आगैं विवेकपूर्वक परिग्रहका त्यागरूप मार्ग है सो जीवकौं मोक्षपदका प्राप्त करणहारा है ऐसैं दृढ़ करत संता सूत्र कहै—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आर्य छन्द

विज्ञाननिहतमोहं कुटीप्रवेशो विशुद्धकायमिव ।
त्यागः परिग्रहाणामवश्यमजरामरं कुरुते ॥१०८॥

अर्थ—जैसें पवन साधनविषै कुटीप्रवेश किया है[1] सो निर्मल शरीरकौं करै, तैसें भेदविज्ञानकरि नष्ट किया है मोह जानैं ऐसे जीवकौं परिग्रहनिका त्याग है सो अवश्यमेव अजर अमर करै है।

भावार्थ—भेदविज्ञानकरि मोहका नाश करना सो सम्यग्ज्ञान सहित सम्यग्दर्शन है। बहुरि बाह्याभ्यन्तर परिग्रहका त्याग करना सो सम्यक्-चारित्र है। तहां सम्यग्ज्ञानसहित सम्यग्दृष्टी जीव भया अर वह सम्यक्-चारित्र अंगीकार करै तौ साक्षात् मोक्षमार्ग हुवा मोक्षकौ पावै ही पावै यामैं किछू संदेह नाहीं, जातैं सर्व कारण मिलें कार्यका होना दुर्निवार नांही है। तातैं रत्नत्रयविषैं कोई हीन होइ तो मोक्ष होनेविषै संदेह होइ, सर्व तीनौं मोक्षके कारण मिलै तब मोक्ष होइ ही होइ ऐसा निश्चय करना।

आगै विवेकपूर्वक त्यागी पुरुषनिविषैं सर्वोत्तम त्यागकौं करता जो पुरुष ताकौं प्रशंसता संता सूत्र कहै हैं—

अनुष्टप छन्द

अभुक्त्वापि परित्यागात् स्वोच्छिष्टं विश्वमासितम् ।
येन चित्रं नमस्तस्मै कौमारब्रह्मचारिणे ॥१०९॥

अर्थ—यहु आश्चर्यकारी कार्य है जिह जीव न भोगिकरि ही विषय-निका त्यागतैं समस्त विषय अपनी झूंठि समान किया तिस कुमार ब्रह्म-चारीकै अर्थि हमारा नमस्कार होहु।

भावार्थ—पूर्वैं तीन प्रकार त्यागी कहे हैं। तिनविषैं जाकै भोग सामग्रीका निमित्त आनि बन्या है अर विरागतातैं उनकौं बिना भोग किए ही छांडै हैं, कुमार अवस्थाविषैं ही दीक्षा धारै हैं तो सर्वोत्कृष्ट त्यागी हैं। जो भोगिकरि छांडै तौ भी आश्चर्य नांही। इनूंनै सामग्री मिलतैं भी बिना भोग किए त्याग किया सो इनका बड़ा आश्चर्य है। जैसें काहूकै आगै

---

१. बायुका कुम्भक करके एकऽधिक घण्टा व दिनों तक भूमिमें प्रवेशकर अवस्थित रहना योगाभ्यासका यह एक प्रकार है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भोजन धरचा अर वह बिना खाए वाकौं छांडै तौ वाका नाम झूंठि है। तैसैं इनूंनै सर्व विषय बिना भोग किएं छोडे तांतै सब विषय इनूंनै झूंठि समान कीए, तिनकूं हम नमस्कार करै हैं।

आगै ऐसैं त्याग करता जीवकै परम उदासीनता है लक्षण जाका ऐसा चारित्रको प्रतिपादन करता संता सूत्र कहे हैं—

अकिंचनोऽहमित्यास्स्व त्रैलोक्याधिपतिर्भवेः ।
योगिगम्यं तव प्रोक्तं रहस्यं परमात्मनः ॥११०॥

अर्थ—मैं अकिंचन हौं, किछू भी मेरा नाहीं, ऐसे भावनाकरि तूं तिष्ठि। ऐसैं भावना कीएँ शीघ्र ही तूं तीन लोकका स्वामी हो है। यहु योगीश्वरनिकै गम्य ऐसा परमात्माका रहस्य तोकौं कह्या है।

भावार्थ—अज्ञानतातै परविषैं ममत्व है अर अपना होइ नांहीं याहीतैं हीनदशाकौं प्राप्त होइ रह्या है। बहुरि जब यहु भावना होइ जो कोई परद्रव्य मेरा नांहीं तब यहु परम उदासीनता चारित्ररूप होइ ताकै फलतैं तीन लोक जाकौं अपना स्वामी मानै ऐसा पदकौं पावै। यहु रहस्य योगीश्वर जानै हैं सो हम तोकौं कह्या है। तूं भी ऐसी ही भावना करि ऐसैं हम शिक्षा दई है।

आगै अब तप आराधनाका स्वरूपका अनुक्रमकै अर्थि दुर्लभ इत्यादि सूत्र कहै हैं—

आर्या छन्द

दुर्लभमशुद्धमपसुखमविदितमृतिसमयमल्पपरमायुः ।
मानुष्यमिहैव तपो मुक्तिस्तपसैव तत्तपः कार्यम् ॥१११॥

अर्थ—मनुष्य पर्याय है सो दुर्लभ है, अपवित्र है, सुखरहित है, मरण समय जाका न जानिये ऐसा है, उत्कृष्ट आयु भी जाका अल्प है ऐसा है। बहुरि तप है सो इस मनुष्य पर्यायविषै ही हो है। बहुरि मुक्ति है सो तप ही करि हो है। तातैं मनुष्यपणौं पाइ तोकौं तप करना योग्य है।

भावार्थ—आत्माका हित मोक्ष है। ताकी प्राप्ति तप बिना नाहीं। जातैं सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रपूर्वक तप आराधनाकौं आरावै तौ साक्षात् मोक्षमार्गी होइ। बहुरि तप है सो मनुष्य पर्याय विषै ही हो है सो अन्यत्र भी कह्या है। उक्तम् च—

देव विसयपसत्ता णेरइया तिव्वदुःखसंतत्ता ।
तिरिया विवेयवियला मणुयाणं धम्मसंपत्ती ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—देव तो विषयाशक्त अर नारकी तीव्र दुःख करि तप्तायमान अर तिर्यंच विवेकरहित, तातै मनुष्यनि ही कै धर्मकी प्राप्ति है। बहुरि मणुष्य पर्याय बारम्बार होइ तौ पाया पर्यायविषै तप न कीया तौ आगै करै, सो अनन्तानन्त काल भए भी मनुष्य पर्याय पावना दुर्लभ है। बहुरि देववत् इहां सुख होइ तौ सुखकौं छोडि तप करना कठिन होइ, सो इहां शारीरिक मानसिक दुःख ही की मुख्यता हैं। दुःखकौं छोडि तप करनेविषै खेद कहा? बहुरि जो मनुष्यका सुन्दर शरीर होइ तौ ताके विगारनेका भय होइ, सो धातु-उपधातुनिकरि निपज्या महा अपवित्र याकौं तपविषै लगावनेका भय कहा? बहुरि देववत् मरणका निश्चय होइ तौ कितनेक काल तौ निश्चित रहिए पीछै तप करिए, सो मनुष्यकै मरनेका निश्चय नाहीं कब मरै। बहुरि जे उत्कृष्ट भी आयु बहुत होइ तौ मेरा उत्कृष्ट ही आयु होगा, ऐसा भ्रमकरि ढील करिए सो उत्कृष्ट आयु भी थोरा। तातै मुझको प्रमादी न होना सावधान होइ तप ही करना योग्य है।

आगै तहां बारह प्रकार तपविषैं मुक्तिका निकट साधन ध्यानरूप तप है, ताका ध्येय फल आदि दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शार्दूल छन्द

आराध्यो भगवान् जगत्त्रयगुरुर्वृत्तिः सतां संमता
क्लेशस्तच्चरणस्मृतिः क्षतिरपि प्रप्रक्षयः कर्मणाम्।
साध्यं सिद्धिसुखं कियान् परिमितः कालो मनः साधनं
सम्यक् चेतसि चिन्तयन्तु विधुरं किं वा समाधौ बुधाः। ११२

अर्थ—समाधिविषैं तीन जगतका गुरु भगवान सो तौ आराधना अर संतनिकरि सराही ऐसी प्रवृत्ति करनी अर तिस भगवानका चरणका स्मरण करना, इतना क्लेश, बहुरि कर्मनिका प्रकर्षपने नाश होना यहु खरच, अर मोक्ष सुख साधनेका फल, अर काल कितना इक परिमाण लीए थोरा, अर मनका साधन करना। हे ज्ञानी हो! तुम नीकै मनविषैं विचार करौ समाधि-विषैं कहा कष्ट है?

भावार्थ—कोऊ जानैगा तपविषैं कष्ट है, कष्ट सह्या जाता नाहीं। ताकौं कहिए है—सर्व तपनिविषैं उत्कृष्ट तप ध्यान है, तिस ही विषैं कहा कष्ट है सो तू कहि। प्रथम तौ नीचेका सेवन करतैं लज्जादिकका खेद हो है। सो तौ ध्यानविषैं तीन लोकका नाथ अरिहन्तादिक वा तीन लोकका ज्ञायक आत्मा ताका आराधन करना। बहुरि जो आपकौ नीच कार्य करना परै तो खेद होइ। जिस वृत्तिकौ महन्त पुरुष भी प्रशंसै ऐसी वृत्ति अंगीकार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करनी। बहुरि आराधनेविषैं किछू क्लेश होइ तो खेद उपजै, सो सेवन इतना ही–भगवान आत्माका चरण वा आचरण ताका स्मरण करना। बहुरि साधन करतैं किछू अपना जाता होइ तौ भी दुःख होइ। सो जाका नाश किया चाहिए ऐसा कर्म ताहीका नाश हो है, अपनां किछू खरच होता नाहीं। बहुरि जो साधनका तुच्छ फल होइ तौ किछू कार्यकारी नांहीं, सो ध्यान-का फल सर्वोत्कृष्ट मोक्ष है। बहुरि बहुत कालपर्यन्त साधन करना होइ तहां भी खेद उपजै, सो थोरे ही काल ध्यान कीएं ही फल पाईए है। बहुरि जो साधन पराधीन होइ तौ भी खेद होइ, सो अपने मन ही का साधन करनां, अन्य विचारतैं छुडाय भगवन्तविषैं लगावना। सो ऐसा ध्यानरूप तप तिस-विषैं खेद कहा। सो तूं ही विचारि। तप करनेविषैं अनादर मति करै। कोऊ कहैगा ध्यानविषैं तौ कष्ट नांही, परन्तु अनशनादि तपविषैं कष्ट है। ताका उत्तर—अनशनादि तपविषै कष्ट तब होइ जब आप न किया चाहै। सो इहां तौ जैसे अपना परिणाम प्रमादी न होइ अर क्लेशरूप भी न होइ तैसै ध्यानकी सिद्धिकै अर्थि चाहिकरि अनशनादि करिये है। तातै तहां भी कष्ट न हो है।

आगै आत्म-कल्याणरूप जो मोक्ष ताकै वांछक जे पुरुष तिनकै तप बिना और कोई सामग्री वांछित फलकी दाता नाहीं ऐसै कहैं हैं—

हरिणी छन्द

द्रविणपवनप्राध्मातानां सुखं किमिहेक्ष्यते
किमपि किमयं कामव्याधः खलीकुरुते खलः।
चरणमपि किं स्प्रष्टुं शक्ताः पराभवपांसवो
वदत तपसोऽप्यन्यन्मान्यं समीहितसाधनम् ॥११३॥

अर्थ—धनसम्बन्धी विचार सो ही भया पवन, ताकरि धयाए[1] हुए तप्तायमान भए जे जीव, तिनकौं इहां कहां सुख अवलोकिए है। यहु दुष्ट कामरूप अहैडी[2] किछूक अदुष्ट आत्माकौ दुष्ट करै है। बहुरि कष्टरूपी धूलि है ते कहा चारित्रका स्पर्शनेंकों समर्थ है, अपि तु नांही है। तुम कहौ, तपतैं और कोई माननें योग्य मन वांछित अर्थका साधन कौन है।

भावार्थ—जगतविषैं यह जीव जितनेक कार्य करै है सो मानादिककै अर्थि करै है। अपनां प्राणहू देकरि बडा हुवा चाहे। बहुरि मानादिककै

---

१. धौंकनीसे धौंकना। २. व्याध।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निमित्त धनादिक सामग्री मिलावनेकी आर्त्तिरूप वाँछा करै ताकरि सदा दुखी ही रहै है। बहुरि देखो तपका माहात्म्य, जो बिना चाहे ही बडापना वा ऋद्ध्यादिक हो हैं, तातैं तपतैं और कोऊ उत्कृष्ट नांही।

आगैं जो या प्रकार तपविषैं प्रवर्त्तता जीव है सो कहा कार्य करै है ऐसैं दिखावता सूत्र कहै हैं—

पृथ्वीछन्द

इहैव सहजान् रिपून् विजयते प्रकोपादिकान्
गुणाः परिणमन्ति यानसुभिरप्ययं वाञ्छति।
पुरश्च पुरुषार्थसिद्धिरचिरात्स्वयं यायिनी
नरो न रमते कथं तपसि तापसंहारिणि ॥११४॥

अर्थ—तपकौं होत संतैं इहां ही तत्काल जे अनादितैं आत्माकी साथि लगै ऐसे क्रोधादिक हेरी तिनिकौं जीतिए है। जिनको यहु आत्मा अपना प्राण देयकरि भी चाहै, ऐसे गुण परिणमैं है—प्रगटै है। बहुरि आगामी कालविषैं शीघ्र ही पुरुषार्थ मोक्ष ताकी सिद्धि स्वयमेव प्राप्त हो है, तातैं ऐसा आतापका संहार करनहारा जो तप ताविषैं कौन विवेकी मनुष्य नांही रमै, अपि तु रमै ही रमै।

भावार्थ—ए जीव तौ जिस कार्यतैं आगामी अवगुण होइ, तत्काल गुण होइ अथवा तत्काल अवगुण होइ आगामी गुण होइ तिस कार्यविषै भी अनुरागी होइ लागते देखिये है। वहुरि यहु तप है सो तत्काल भी गुण करै अर आगामी भी गुण करै तो ऐसे तपविषै कौन विवेकी आदर न करै? अपि तु करै ही करै। तहां इस तपका तत्काल गुण तौ इतना है—जे प्रत्यक्ष दुःखदायक अनादितैं लगै क्रोधादिक तिनका तो अभाव हो है, अर अपना प्राण खोए भी प्राप्ति होइ तौ भी जिनकौं चाहै ऐसे प्रत्यक्ष ज्ञानादिक गुण वा ऋद्धि सन्मानादिक अतिशय ते स्वयमेव प्रगट हो हैं। बहुरि आगामी गुण ऐसा है जो तपके फलतैं शीघ्र ही पुरुष आत्मा ताका अर्थ जो प्रयोजन मोक्षरूप ताकी शीघ्र ही सिद्धि हो है। ऐसे इस लोक-परलोकविषैं गुणकर्ता तपकौं जानि या विषैं रति करनी योग्य है।

आगैं तपविषैं रति कर्ता जो जीव आयु अर शरीरकी ऐसैं सफलता करै हैं ताकौं सराहता संता सूत्र कहै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खिखरणी छंद

तपोवल्ल्यां देहः समुपचितपुण्योर्जितफलः
शलाट्वग्रे यस्य प्रसव इव कालेन गलितः।
व्यशुष्यच्चायुष्यं सलिलमिव संरक्षितपयः
स धन्यः संन्यासाहुतभुजि समाधानचरमम् ॥११५॥

अर्थ—जाका शरीर है सो तपरूपी वेलिविषैं निपजाया है पुण्यरूपी उत्कृष्ट फल जानैं, ऐसा होत संता जैसैं काचा फलका अग्र भागविषैं फूल झरि परै तैसैं काल पाइ करि गल्या है—विनष्ट भया है बहुरि जाका आयु है सो समाधिरूप भया है अंत अवस्था जाकी ऐसा होत संता संन्यासरूपी अग्निविषैं राखि लिया है दूध जानैं ऐसा जलकीसी नांईं सुसता भया सो जीव धन्य है।

भावार्थ—जैसे वेलिविषैं फूल लागै सो काचा फल निपजाय आप झरि परै तैसैं जिनका तपविषैं शरीर प्रवर्त्या होइ सो पुण्यकौं निपजाय काल पाइ आप नष्ट हो है। बहुरि जैसैं अग्नि संयोग होतैं जल है सो दूधकौं राखि आप सुसै तैसैं संन्यास होतैं जिनका आयु है सो धर्मकौं राखि आप शोषित हो है, ऐसै शरीर अर आयु जिनका सफल हो हैं ते पुरुष धन्य हैं।

आगैं परम वैराग्यकरि संयुक्त जीव अपवित्र अर दुःखदायक जो शरीर तिसविषैं वांका पालना वांके संगि रहना ऐसे करि तप करै है तिनके जो कारण हैं ताकौं दोय श्लोक करि कहै है—

अमी प्ररूढवैराग्यास्तनुमप्यनुपाल्य यत्।
तपस्यन्ति चिरं तद्धि ज्ञातं ज्ञानस्य वैभवम् ॥११६॥

अर्थ—ए उत्कृष्ट वैराग्य जिनकै पाइए ऐसे जीव जो शरीरकौ भी पालि चिरकालपर्यंत तप करै हैं सो हम यहु ज्ञानकों प्रभुत्व जान्यों है।

भावार्थ—जिसतैं उदास हूजे ताका पालना विरुद्ध है। परन्तु स्याना होइ सो वांके पालें ही अपना प्रयोजन सधता जानैं तौ अपना प्रयोजन जैसै सधै तैसैं वाकौं पाले, अनुरागकरि वाकौं अधिक पोषै नाहीं। सो महामुनि शरीरतैं उदास भए हैं। परन्तु इनिकै ऐसा ज्ञान है जो मनुष्य शरीर रहै तप हो है। तातैं आहारादिक देइ याकौं अपना प्रयोजनकैअर्थि राखै है। अनुराग करि याकौं बहुत नाहीं पोषै है। ऐसैं शरीरकौं राखि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहुत कालपर्यंत तप करनां सो यह ज्ञान ही का माहात्म्य है। ज्ञान न होइ तौ अति उग्रताकरि शरीरका नाश करै पीछै देवादिक पर्याय पावै, तहां संयमका अभाव होइ, सो ज्ञानी अैसैं नाहीं करै हैं।

क्षणार्धमपि देहेन साहचर्यं सहेत कः।
यदि प्रकोष्ठमादाय न स्याद्बोधो निरोधकः ॥११७॥

अर्थ—जो ज्ञान हाथका पौंचा पकडि रोकनहारा न होइ तौ कौन मुनि आधा क्षणमात्र भी शरीरसहित साथि रहनांकौं सहै? कोई न सहै।

भावार्थ—जैसैं काहुकै काहुसौं मित्रता थी, पीछे वाकौ दुष्टपनौं जान्यौ, तब वातैं लडिकरि वाका साथकौं तत्काल छोडना चाहै। तहां कोई स्याना पुरुष वाका हाथका पौंचा पकडि समझावै अैसैं तो लडैं यहु आगामी दुखःदायक होगा। तातैं कोई दिन याकौं साथि राखि निबलकरि याका जैसे सत्यानाश होइ तैसै कार्य करना योग्य है। तैसैं आत्माके शरीरसौं अनुराग था, जब याकौं दुःखका कारण जान्या तब याकौं उग्र आचरनतै नाश कीया चाहै। तहां जिनवानीजनित ज्ञानतैं यहु विचार आया, ऐसैं कोएं तौ बहुरि देवादिपर्याय पावनां होगा, तहां दुःख उपजैगा।। तातै कितनेक काल याकौं साथि राखि निर्बल करि जैसैं बहुरि शरीर धरना न होई तैसैं कार्य करना योग्य है। अैसैं ज्ञान रोकनहार न होइ तौ कौन मुनि शरीरका साथि राखै? जो बुरा जानिकरि भी प्रयोजनकै अर्थि शरीरका साथि राखिये है सो यहु ज्ञान ही की महिमा है।

आगैं इस ही अर्थकौं दृष्टांत द्वारकरि दृढ करत संता समस्त इत्यादि दोय श्लोक करि कहै है—

शिखरिणी छन्द

समस्तं साम्राज्यं तृणमिव परित्यज्य भगवान्
तपस्यन्निर्माणः क्षुधित इव दीनः परगृहान्।
किलाटद्भिक्षार्थी स्वयमलभमानोऽपि सुचिरं
न सोढव्यं किं वा परमिह परैः कार्यवशतः ॥११८॥

अर्थ—श्री आदिनाथ भगवान् सो समस्त बडे राज्यकौं तिणा कीसी नाईं छोरि तप करता मान रहित भूखा दीनवत् भोजनका अर्थी हुवा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहुत काल तांई भोजनकौं न पावता संता भी पर घरनिप्रति भ्रमति भए तौ इहां केवल अपने कार्यके वशतै औरनिकरि कहा परीषह न सहना, अपितु कार्यकै अर्थि सहना ही योग्य है।

भावार्थ—जो कार्य अर्थी होइ सो थोरा बहुत कष्ट सहना होइ तौ कष्ट भी सहै, परन्तु अपना कार्यकी सिद्धि करै। ताका उदाहरण देखो। वृषभनाथ सर्व राज्यकौं छोरि भोजनका अन्तराय हूवा कीया, तौ भी भोजनकै अर्थि जैसैं दीन परघरि जाय तैसैं पर घरि फिरता हुवा। जो ऐसे महान पुरुषोंने भी ऐसैं कीया तौ औरनिकौं कहा लज्जा है? अर औरनिकौं कैसैं सुगम सिद्धि होसी ? तातैं कार्यका अर्थि हुवा थोरा बहुत कष्ट सहिकरि मोक्षका साधन करना योग्य है।

शिखरिणी छन्द

पुरा गर्भादिन्द्रो मुकुलितकरः किंकर इव
स्वयं स्रष्टा सृष्टेः पतिरथ निधीनां निजसुतः।
क्षुधित्वा षण्मासान् स किल पुरुरप्याट जगती—
महो केनाप्यस्मिन् विलसितमलंघ्यं हतविधेः ॥११९॥

अर्थ—गर्भतैं पहलैं ही इन्द्र है सो किंकरवत् जोरे हैं हाथ जानैं ऐसा होता भया। अर आप सृष्टि जो कर्मभूमि ताका करनहारा भया, अर अपना पुत्र है सो निधिनिका स्वामी चक्रवर्त्ति भया ऐसा पुरुष जो आदिनाथ स्वामी सो भी छह मास पर्यन्त क्षुधवान होइ पृथिवी प्रति भ्रमत भया, सो बड़ा आश्चर्य है, इस संसारविषैं निकृष्ट जो विधाता कर्म ताका विलास चरित्र है सो अतिशयकरि अलंध्य है। कोई याके मेटनेकौं समर्थ नांही।

भावार्थ—कोई जानैगा कि सुख-सामग्री मिलाय दुःखका कारण दूरी करि सुखी हौंगा, सो संसारविषैं ऐसा काहूका पुरुषार्थ नांही जो कर्मका उदय आवै अर ताकौं दूरि करै। श्री वृषभनाथदेवकै इन्द्र समान तौ किंकर अर आप सर्व रचनाका कर्त्ता ऐसा पुरुषार्थकरि संयुक्त अर पुत्र चक्रवर्त्ति, ऐसी सामग्री होतैं भी अन्तरायके उदयतें छह मास पर्यन्त भोजनकै अर्थि भ्रमण कीया। तातैं औरनिकी कहा वार्ता ? जातैं जो कर्मका उदयतैं थोरा बहुत कष्ट उपजे ताकौं भी सहकरि, ऐसा ही चिन्तवन करना जो संसारविषैं तौ कर्म ही बलवान है। तातैं संसार अवस्थाका अभाव सो ही अपना हित कार्य है। ऐसैं निश्चयकरि ताका साधन करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं इस प्रकार सम्यग्दर्शनादिक तीन आराधना है सो शास्त्रज्ञानादिकी प्रधानताकरि प्रवृत्या हुआ भला प्रयोजनका साधक हो है, अन्यथा नांही यातैं ताकै अन्तरि ज्ञानआराधना दिखावनेंका अनुक्रम करता सन्ता प्राक् इत्यादि सूत्र कहै हैं—

प्राक् प्रकाशप्रधानः स्यात् प्रदीप इव संयमी ।
पश्चात्तापप्रकाशाभ्यां भास्वानिव हि भासताम् ॥१२०॥

अर्थ—संयमी है सो पहलै तौ दीपकवत् प्रकाश है प्रधान जाकै ऐसा होइ पीछै ताप अर प्रकाश इनिकरि सूर्यवत् देदीप्यमान होइ ।

भावार्थ—मोक्षका साधक है सो प्रथम अवस्थाविषैं तौ दीपक समान हो है। जैसैं दीपक तैलादि सामग्रीके बलतैं घटपटादिकका प्रकाशनहारा है तैसै शास्त्रादिकके बलतै जीवादि पदार्थनिकौं जाननहारा हो है। बहुरि पींछै ताको सूर्यसमान होना योग्य है। जैसैं सूर्य स्वभाव ही तैं घने पदार्थका प्रकाशनिहारा, है, अर प्रतापका धरनहरा है। तैसैं स्वभावहीतैं पदार्थनिका विशेष जाननहारा होइ अर तपश्चणादिकका धारनहारा होइ, ऐसा अनुक्रम जानना ।

आगैं ज्ञान आराधनाका आराधक जीव है सो ऐसा होत संता इस कार्यकौं करै है ऐसैं कहै हैं—

श्लोक

भूत्वा दीपोपमो धीमान् ज्ञानचारित्रभास्वरः ।
स्वमन्यं भासयत्येष प्रोद्वमन् कर्मकज्जलम् ॥१२१॥

अर्थ—यहु ज्ञानवान जीव है सो दीपकसमान होइ करि ज्ञान-चारित्रनतैं देदींप्यमान होत संता कर्मरूपी काजलकौं वमता संता आपा-परकूं प्रकाशै है।

भावार्थ—ज्ञानआराधनाका आराधक है सो दीपक समान है। जैसैं दीपक दीप्तिसहित भास्वर हो है, बहुरि काजलकौं वमैं है । ऐसा होता आपकौं अर पर घट-पटादिककौं प्रकाशै है । तैसैं ज्ञानी ज्ञान-चारित्र सहित देदीप्यमान हो है। बहुरि कर्मकी निर्जरा करै है। ऐसा होता आप आत्माकौं अर पर शरीरादिककौं यथावत् जानै है ।

आगैं तिस पूर्वोक्त प्रकार ज्ञानआराधनाका आराधक जीव है सो शास्त्रनतैं भया जो विवेक तिसपूर्वक क्रमतैं अशुभ परिणाम छोरि शुद्ध परिणामकौं आश्रयकरि मुक्त हो है ऐसा दिखावता सूत्र कहै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अशुभाच्छुभमायातः शुद्धः स्यादयमागमात् ।
रवेरप्राप्तसंध्यस्य तमसो न समुद्गमः ॥१२२॥

अर्थ—यहु जीव आगमज्ञानतैं अशुभतैं छूटि शुभकौं प्राप्त होता शुद्ध होइ। इहां दृष्टान्त जो नाहीं प्राप्त है संध्या अवस्था जाकै ऐसा जो सूर्य ताकौं अन्धकारका प्रकटपना न हो है।

भावार्थ—जैसे संध्यासम्बन्धी लालीकौं न प्राप्त होता सूर्य ताकै अन्धकारका प्रगटपना न हो है तैसैं अशुभ रागरहित आत्मा है सो क्रमतै शुभरागरूप होइ शुद्ध केवलदशाकौं प्राप्त हो है ताकै अज्ञानादिकका उपजना न हो है।

आगै इहां प्रश्नः—जो ज्ञानआराधनारूप परणम्या जीवकै तप शास्त्रादिविषैं शुभरूप अनुरागतैं सरागीपनां हो है। तातैं मुक्तपनौं कैसै होइ ऐसी आशंका करि उत्तर कहै हैं—

विधूततमसो रागस्तपःश्रुतनिबंधनः ।
सन्ध्याराग इवार्कस्य जन्तोरभ्युदाय सः ॥१२३॥

अर्थ—दूरि किया है अज्ञान अंधकार जानैं असा जीव ताकै तप शास्त्रादिकसंबंधी रागभाव है सो कल्याणका उदय ही कै अर्थि है। जैसैं सूर्यकै प्रभात संध्यासम्बन्धी रक्तता है सो उदयकै अर्थि हैं तैसैं जानना।

भावार्थ—जैसै सूर्यकै जैसी अस्त समय संध्याविषैं लाली हो है तैसी ही प्रभात समय संध्याविषैं लाली हो है। परन्तु प्रभातकी लालीमें अर संध्याकी लालीमें एता भेद है जो प्रभात समयविषैं रात्रीसंबधी अंधकारका नाशिकरि संधीविषे जो लाली भई सो आगामी सूर्यका शुद्ध उदयकौं कारण है। तैसै जीवकै जैसा विषयादिविषैं राग हो है तैसा ही तप शास्त्रादिविषैं राग हो है। परन्तु तप शास्त्रादिकविषैं मिथ्यात्वसंबंधी अज्ञानका नाशकरि संधि विषैं जो राग भया है सो आगामी जीवका शुद्ध केवलदशारूप उदयकौ कारण है।

आगैं इसतैं विपरीत जो राग तिसविषैं दोषकौं दिखावता सूत्र कहै हैं—

विहाय व्याप्तमालोकं पुरस्कृत्य पुनस्तमः ।
रविवद्रागमागच्छन् पातालतलमृच्छति ॥१२४॥

अर्थ—जीव है सो सूर्यवत् व्याप्त भया प्रकाशकौं छोरि बहुरि अंधकारकौ अग्रगामीकरि रागभावकौ प्राप्त होत संता पाताल तलकौं प्राप्त हो है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसे अस्त होता सूर्य है सो अपनां फैलि रह्या प्रकाशकौ तौ छांड़ै है अर अन्धकार आगामी होनहार भया है तिस संध्या समयविषैं जो रक्त रंग हो है ताकौ प्राप्त भया सूर्य है सो ज्योतिष्क मतकी अपेक्षा वा दृष्टि आवनैंकी अपेक्षा पातालकौं प्राप्त हो है। तैसैं भ्रष्ट अवस्थाकौं प्राप्त होता आत्मा है सो अपना फैलि रह्या ज्ञानभावकौं तौ छांडै है, अर अज्ञान आगामी होनहार भया है तिस समयविषै जो हिंसादिक पापरूप रागभाव हो है ताकौं प्राप्त भया आत्मा है सो पातालविषै नरकादिक वा नीच दशारूप निगोदादि पर्याय ताकौं प्राप्त हो है। ऐसैं यद्यपि अशुभ शुभ दोऊ रागभाव होय हैं, परन्तु नीचैकी दशाविषैं शुभ राग तौ कथंचित् आगामी शुद्धताको कारण भी है तातै थोरा हेय है। बहुरि अशुभ राग है सो तौ आगामी कुगतिका कारण है। तातैं सर्वथा अत्यन्त हेय है। तातैं याका तौ अवश्य त्याग करना।

आगै ऐसै च्यार प्रकार आराधनाविषै निष्कपट मनकरि प्रवर्त्तै है जो मोक्षाभिलाषी जीव ताकै मोक्षकी प्राप्ति निर्विघ्न हो है ऐसैं दिखावता सूत्र कहै हैं—

शार्दूलछन्द

ज्ञानं यत्र पुरःसरं सहचरी लज्जा तपः संबलं,
चारित्रं शिविका निवेशनभुवः स्वर्गा गुणा रक्षकाः।
पन्थाश्च प्रगुणः शमाम्बुबहुलश्छाया दयाभावना
यानं तं मुनिमापयेदभिमतं स्थानं विना विप्लवैः ॥१२५॥

अर्थ—ज्ञान तौ अग्रेसरी अर लज्जा साथि चालनहारी अर तप वटसारी अर चारित्र पालक अर बीचमैं रहनेके स्थान स्वर्ग अर गुण रखवाले अर सूधा जाविषैं उपशम जल बहुत पाइए ऐसा मार्ग अर दयारूप छाया, भावनारूपी गमन, ऐसा जहां समाज मिलै सो समाज तिस मुनिकौ उपद्रव बिना अभीष्ट स्थानककौं प्राप्त करै है।

भावार्थ—कोई पुरुष काहू नगरकौं चालै तहां आगू आदि सासग्री मिलै तौ निरुपद्रव नगरकौं पहौंचै। इहां कोई भव्य मोक्षकौं चाहै तहाँ ज्ञानादिक सामग्री मिलै तो निरुपद्रव प्राप्त होइ। तहां जैसैं 'आगू मार्ग बतावै तैसैं ज्ञान तौ मोक्षमार्गविषैं हेयोपादेय तत्त्वनिका निश्चय करावै है। बहुरि जैसे साथि स्त्री होइ तौ मार्गविषैं सुखसौं गमन करै, तैसैं साथि धर्मसम्बन्धी लज्जा ताकरि मोक्षमार्गविषैं सुखसौं प्रवर्त्तै है। बहुरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैसैं खरची वटसारी पासि होय तौ शिथिलता न होय, तैसैं तपका साधन करि शिथिलता न हो है। बहुरि जैसै चढनेकौं पालिकी होइ तौं चलतैं खेद न होइ, तैसै निष्कषायरूप चारित्र भावकरि मोक्षमार्गविषैं प्रवर्त्तता खेद न हो है। बहुरि जैसै मार्गविषै बसनैके स्थान चोखे होइ तौ तहां विश्राम होइ, तैसैं मोक्षमार्गविषै बसनैकौ स्थान स्वर्ग है तहां विश्राम हो है। बहुरि जैसै रखवाले साथि होइ तो कोई न लूटै, तैसै क्षमादिक गुण रखवाले हैं तातै क्रोधादिक नांही लूटै है। बहुरि जैसैं मार्ग सूधा होइ तौं सुखसों गमन होइ। तैसै मोक्षमार्ग सरल कपट रहित है, तातै सुखसों तहाँ प्रवृत्ति हो है। बहुरि मार्गविषै उपशम भाव है ताकरि तृष्णाका दुःख न हो है। बहुरि जैसै मार्गविषै छाया होइ तौ आताप न होइ, तैसैं मोक्षमार्ग-विषैं स्वदया परदया है तातै संताप न हो है। बहुरि जैसैं गमन करै तौ नगरकौं पहोंचै, तैसैं इहां शुद्ध भावना भावै है ताकरि मोक्षकौ पावै है। ऐसैं सासग्री मिलैं जैसैं पथिक अभीष्ट नगरकौं पहौंचै तैसैं मोक्षमार्गी अभीष्ट मोक्षपदको पावै है।

आगै तिस चलनेविषैं उपद्रव कौन है ऐसी आशंका करि तिन उपद्रव-निकौं पंच श्लोकनि करि कहै हैं—

शार्दूल छंद

मिथ्या दृष्टिविषान् वदन्ति फणिनो दृष्टं तदा सुस्फुटं
यासामर्धविलोकनैरपि जगद्दन्दह्यते सर्वतः।
तास्त्वय्येव विलोमवर्तिनि भृशं भ्राम्यन्ति बद्धक्रुधः
स्त्रीरूपेण विषं हि केवलमतस्तद् गोचरं मा स्म गाः॥१२६

अर्थ—सर्प्पनिकौं जो दृष्टि-विष जातिके बतावै हैं सो तो झूठ है। हम इनि स्त्रीनिविषैं जो दृष्टिविषपनों प्रकट देख्या है। कैसी है स्त्री जिनका कटाक्षरूप आधा अवलोकननिकरि भी लोक सर्वांगपनै दाहरूप हो है। बहुरि तिनिका त्यागतैं प्रतिकूली भया जो तूँ सो तुझविषैं क्रोधवन्त हुई ते स्त्री तोकौं भ्रष्ट करनेकै अर्थि अतिशयकरि भ्रमै है। सो स्त्रीरूप करि केवल यहु विष है। यातैं तूं तिनकै गोचर मति प्राप्त होहु।

भावार्थ—लोकविषैं कोई सर्प ऐसे सुनिए हैं जिनकौं देखें ही विष चढै, सो यहु तौ अलंकार करिकै झूंठ बताया। बहुरि स्त्रीनिकै कटाक्षकरि तत्काल विषसमान आतापकारी काम विकार होइ तातै स्त्रीनिकै दृष्टि-विषपनौं कह्यौ। बहुरि इहां मुनिकौं यहु सीख दई जो और तौ सर्व ही

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्त्रीनिके किंकर है, अर तूं तिनका त्यागी भया है सो तेरै भ्रष्ट करनेकों ते स्त्री कारण होइ रही है, सो तूं उनका विषय गोचर मति होहु। मोक्ष मार्गविषैं स्त्रीनिकै वशीभूत होनां सोई बड़ा उपद्रव है।

शार्दूल छन्द

क्रुद्धाः प्राणहरा भवन्ति भुजगा दष्ट्वैव काले क्वचित्
तेषामौषधयश्च सन्ति बहवः सद्यो विषव्युच्छिदः।
हन्युः स्त्रीभुजगाः पुरेह च मुहुः क्रुद्धाः प्रसन्नास्तथा—
योगीन्द्रानपि तान्निरौषधविषा दृष्टाश्च दृष्ट्वापि च।१२७।

अर्थ—सर्प हैं तौ क्रोधवन्त भए कोई कालविषैं डसिकरि ही प्राणानिके हरनहारे हो हैं। बहुरि तत्काल विषकौ दूरि करैं ऐसे तिनके औषध पाइए है। बहुरि ए स्त्रीरूपी सर्प हैं ते क्रोधवन्त भए भी बहुत अर प्रसन्न भए भी परलोकविषैं अर इस लोकविषैं बारम्बार तिनि योगीश्वरनिकौं भी देखै हुए भी वा देखिकरिकै भी हनै हैं—घातै हैं। कैसे हैं स्त्रीरूप सर्प औषधि रहित हैं विष जिनिका ऐसे हैं।

भावार्थ—लोकविषैं सर्पकौं अति अनिष्ट जानि तिसितैं डरिए है। अर स्त्रीनिकौं अति इष्ट जानि इनिका विश्वास करिए है। सो इहां स्त्रीनितैं राग छुडावनैंकैं अर्थि ए सर्पतैं भी स्त्रीनिकै अधिकता दिखाईए है। सर्प तो क्रोधवन्त हुवा ही मारै। स्त्री क्रोधवन्त हुई तौ कोई उपायकरि अर प्रसन्न हुई आकुलता बधाईकरि जीवकौं हनै है। बहुरि सर्प तो कोई एक कालविषैं मारै, स्त्री इस लोक अर परलोकविषैं बारम्बार मरण करावै। बहुरि सर्प तो डसिकरि ही प्राणनिकौं हरै है, स्त्री देखी हुई ही वा आप देखि करि भी जीवका घात करै। बहुरि सर्पके विष दूरि करनेकूं तौ अनेक औषधि हैं, स्त्रीनितैं भया कामसन्ताप ताका कोई औषध ही नांही। ऐसैं स्त्रीरूप सर्प मोक्षमार्गीनिकौं भी भ्रष्ट करै हैं, तातै इनका विश्वास करना नांहीं।

शार्दूल छन्द

एतामुत्तमनायिकामभिजनावर्ज्यां जगत्प्रेयसीं
मुक्तिश्रीललनां गुणप्रणयिनीं गन्तुं तवेच्छा यदि।
तां त्वं संस्कुरु वर्जयान्यवनितावार्तामपि स्फुटं
तस्यामेव रतिं तनुष्व नितरां प्रायेण सेर्ष्याः स्त्रियः।।१२८।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—यह मुक्ति लक्ष्मीरूपी मनोहर स्त्री उत्तम नायिका है सो सामान्य जननिकरि वर्जित है, जिस तिसकै याकी प्राप्ति न होइ सकै है। बहुरि जगतविषैं प्यारी है, याका स्वरूप जानें याकौं सर्व चाहै ऐसी है। बहुरि गुणनिविषैं स्नेहवती है। जाविषैं गुण होइ तिस ही कौं याकी प्राप्ति हो है ऐसी यहु है। ताकौं प्राप्त होनेकै अर्थि जो तेरे इच्छा पाइए है तौ तूं तिस मोक्षलक्ष्मी ही कों रत्नत्रयादिकनितैं आभूषित करि। बहुरि प्रकटपनैं अन्य लौकिक स्त्रीनिकी वार्ताकौं भी छोरि। बहुरि तिस मोक्षलक्ष्मी ही विषैं अनुरागकौं विस्तारि बधाइ। ऐसें ही तुझकौं मोक्षलक्ष्मीकी प्राप्ति होसी। जातैं स्त्री है ते बाहुल्यपनैं ईर्ष्यासहित हो है।

भावार्थ—इहां अलंकारकरि मोक्ष लक्ष्मीकों स्त्री कही, सो जैसैं कोई पुरुष कोई स्त्रीकों अपनें वश्य किया चाहै तब वह और स्त्रीनिकी वार्ता भी न करै। वाहीविषैं अनुराग बधावे। आभूषणादिकनि करि वाकौं प्रसन्न करै। तैसें तूं मोक्ष लक्ष्मीहीको चाहै है तो लौकिक स्त्रीनिकी वार्ता भी मति करै। वाहीविषैं प्रीति बधाइ। रत्नत्रयादिकतैं वाका साधन करि, यहु उपाय है। बहुरि जैसैं स्त्रीनिकै परस्पर ईर्ष्या पाइए है, तातैं विरोध लिएं जे दोइ स्त्री तिनविषैं एक ही का साधन बनैं तैसैं मोक्षलक्ष्मीके अर लौकिक स्त्रीनिकै परस्पर ईर्ष्या विपरीतता है। तातैं विरोध लिएं जो मोक्षलक्ष्मी अर लौकिक स्त्री तिनविषैं एक ही का साधन होगा। तातैं लौकिक स्त्रीनिकौं छोरि मुक्तिलक्ष्मीका साधन करना।

हरिणी छन्द

वचनसलिलैर्हासस्वच्छैस्तरंगसुखोदरैः
वदनकमलैर्बाह्ये रम्याः स्त्रियः सरसीसमाः।
इह हि बहवः प्रास्तप्रज्ञास्तटेऽपि पिपासवो
विषयविषमग्राहग्रस्ताः पुनर्न समुद्गताः ॥१२९॥

अर्थ—स्त्री सरोवरी समान है, ते हास्यरूपी स्वच्छता लीएं अर वक्रोक्ति आदि तरंग सुखकारी जिनिकै गर्भित पाइए ऐसे वचनरूपी जल तिनिकरि, बहुरि मुखरूपी कमल तिनिकरि वाह्यविषैं रमणीय हैं। सो इनि स्त्रीरूपी सरोवरीनिविषैं बहुत निर्बुद्धी जीव तट ही विषैं तृष्णावंत होत संते विषयरूपी विषम गोह[1] ता करि ग्रसे हुए बहुरि नांही निकसे।

---

१. ग्राह अर्थ में।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसे कोई सरोवरी तिसविषैं निर्मल तरंग लीए जल अर कमल पाइए है तिनिकरि बाह्य रमने योग्य भासै है। बहुरि तिसकैं मध्य गोह नामा जलचर जीव बसै है। तहां कोई निर्विवेकी तृषावन्त भया तहां जाय तट ही विषैं खडा रह्या। सो यहु तो तृषा दूरि करनैकों गया था अर वहां याकों गोह नामा जलचर अपने तंतूनिसों खीच करि गिलि गया। बहुरि निकस्या नाहीं, मरण ही को प्राप्त भया। तेसै ये स्त्री हैं। इनिविषै हास्य वा युक्ति लीएं वचन अर मुखकी शोभा पाइए है। तिनिकरि बाह्य रमने योग्य भासै है। बहुरि इनिविषै कामसेवनरूप विषयका कारणपना पाइये है। तहां कोई अज्ञानी वेदजनित तृष्णावंत भया तहां जाय दूरि ही अवलोकन करनें लगा, सो यहु तौ अपनी चाहि मिटावनेंकौं गया अर वहां काम है सो अपनें विषयरूप सामग्रीनितैं विह्वल करि भ्रष्ट किया। बहुरि चेतै नांही। स्थावरादि पर्याय ही कौं प्राप्त हो है। तातैं इनि स्त्रीनिका विश्वास न करना।

शार्दूल छन्द

पापिष्ठैर्जगतीविधीतमभितः प्रज्वाल्य रागानलं
क्रुद्धैरिन्द्रियलुब्धकैर्भयपदैः संत्रासिताः सर्वतः।
हन्तैते शरणैषिणो जनमृगाः स्त्रीछद्मना निर्मितं
घातस्थानमुपाश्रयन्ति मदनव्याधादिपस्याकुलाः ॥१३०॥

अर्थ—पापी क्रोधी जे इन्द्रीरूप अहेडी तिनि शिकारका स्थानककै चौगिरद रागरूपी अग्निकौं जलाय करि सर्व तरफतैं भयस्थाननिकरि भयवान भये जे ए मनुष्यरूपी हिरण ते आकुलतावंत भए शरणकों चाहता सन्ता हाय-हाय कामरूपी अहेडीनिके स्वामीका जो स्त्रीरूपी कपटकरि निपजाया मारनेका स्थानक ताकौं प्राप्त हो है।

भावार्थ—जैसैं कोई प्रधान अहेडीके किंकर शिकार करावनेंके अर्थि जहां हिरण होइ तहां चौगिरद अग्नि लगावै। अर एक शिकार करनेंका स्थान बनावै। तहां हिरण है ते अग्निके भयतैं भाजि तिस स्थानककौं प्राप्त होइ—इहां हम बचैंगे, सो वहां प्रधान अहेडी तिष्ठै सो उनकौं शस्त्रादिकतैं मारै। तैसैं प्रधान विकाररूप काम ताके इन्द्रियरूपी किंकर ते जीवकौं भ्रष्ट करनेकौं सर्व वर्णादिक विषयनविषैं रागादि उपजाया। अर एक स्त्रीरूपी पदार्थ लोकविषैं पाइए है। तहां ए जीव हैं ते रागभावजनित आकुलतातैं पीडित होइ तिस स्त्रीकौं प्राप्त होइ। इहां हम निराकुल ह्वैंगे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सो इहां प्रधान काम विकारवसैं उन जीवनिकौं अपनें कुचेष्टारूप वाणनि-करि भ्रष्ट करै है। तहां परम आकुलताकौं पावै है। तातैं स्त्रीनिको भला स्थान जानि तहां विश्वास करना योग्य नांही।

आगैं ऐसै बाह्य उपद्रवके कारणनिविषैं प्रवृत्तिको निषेधरूप करि अब अन्तरङ्ग उपद्रवके कारणनिविषैं तिस प्रवृत्तिकौ निषेधता संता सूत्र कहै हैं—

पृथ्वी छन्द

अपत्रप तपोग्निना भयजुप्सयोरास्पदं
शरीरमिदमर्घदग्धशववन्न किं पश्यसि।
वृथा व्रजसि किं रतिं ननु न भीषयस्यातुरो
निसर्गतरलाः स्त्रियस्तदिह ताः स्फुटं विभ्यति ॥१३१॥

अर्थ—हे निर्लज्ज ! तपरूपी अग्निकरि तेरा य ‌ शरीर अधबल्या मुर्दासारिखा भय जुगुप्साका स्थानक होय रह्या है। ताकौं तूं कहा न देखै है। वृथा ही आशक्तताकौं क्यों प्राप्त हो है। हे भ्रष्ट ! तूं तौ आतुरवंत हुवा स्त्रीनिकौं नांही डरावै है, संग कीया चाहै हैं। परन्तु ते स्त्री सहज ही चंचल कायर हैं, ते तुझितै प्रगटपनैं डरै हैं, तेरी भयानक मूर्त्ति देखि भाजै है।

भावार्थ—कोई दीक्षाधरि कामविकारतैं स्त्रीनिविषैं अनुरागी हो है ताकौं इहां शिक्षा दई है। जो तेरा शरीर तौ तपकरि भयकारी अर घिना-वना ऐसा भया जैसा आधावल्या मुर्दा होइ। अर तूं स्त्रीनिका संग चाहै। अर उनका यहु स्वभाव जो जाका शरीर संवारया न देखै तिसकी हास्य करैं तिसतैं दूरि भागैं। सो हे निर्लज्ज ! तेरे उनका संग होना नांही, वृथा ही आपा काहेकौं बिगारै है। इस पदवीकौं पाइ तुझको अपना भला ही करना योग्य है।

आगैं जिस स्थान विषैं तूं रति करै है सो ऐसा है ऐसे दिखावता सन्ता उतुंग इत्यादि तीन श्लोक कहै हैं—

वसन्ततिलका छन्द

उत्तुङ्गसङ्गतकुचाचलदुर्गदूर-
मारादूबलित्रयसरिद्विषमावतारम्।
रोमावलीकुसृतिमार्गमनङ्गमूढाः
कान्ताकटीविवरमेत्य न केऽत्र खिन्नाः ॥१३२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—काम विकारतैं मूर्ख भए ऐसे कौन जीव स्त्रीका कटिछिद्र जो योनिस्थान ताकौं प्राप्त होइ खेदखिन्न न हो है, अपि तु सर्व ही तत्काल वा आगामी महा खेदकौं पावै ही है। कैसा है सो स्थान ऊंचे अर परस्पर भिडि गए ऐसे जे दोय कुच तेई भए पर्वतरूप गढ़ तिनिकरि दुःप्राप्य है। बहुरि अतिशयकरि त्रिवलीरूप नदी तिनिकरि विषम है, पार उतरनां जहां ऐसा है। बहुरि रोमनिकी जो पंक्ति ताकरि खोटा गमन करनेंका है मार्ग जाका ऐसा है।

भावार्थ—जैसैं जिस स्थानकके मार्ग विषैं उँचे मिले हुए पर्वत होइ, अर जातैं कठिन पार उतरिए ऐसी नदी होइ, अर वृक्षनिकी सघनतातैं दुर्गमता होई तिस स्थानकके पहौंचने विषैं खेद होय ही होय। तैसैं योनि स्थानक रमणेंकै पहलै ऊँचे मिले हुए तो कुच हैं। बहुरि जातैं खेद-छूटनां होइ ऐसी त्रिवली है। बहुरि रोमनिकरि दुर्गमता पाइए है ऐसे स्थानककौं प्राप्त होने विषैं खेद होय ही होय। यहु जो प्रत्यक्ष खेदकौं सुख मानै है सो जैसैं दुखिया मूंड फौडनेंविषैं सुख मानैं तैसैं कामकरि पीडित हुवा खेद होनेंविषैं सुख कल्पै है। तातैं काम विकार मिटावना योग्य है।

वसन्ततिलका छन्द

वर्चोगृहं त्रिषयिणां मदनायुधस्य
नाडीव्रणं त्रिषमनिर्वृतिपर्वतस्य ।
प्रच्छन्नपादुकमनङ्गमहाहिरन्ध्र-
माहुर्बुधा जघनरन्ध्रमदः सुदत्याः ॥१३३॥

अर्थ—ज्ञानी है ते सुदती जो स्त्री ताका जघन रंध्र जो योनिरूप छिद्र ताकौं ऐसा कहै हैं। कैसा है यहु विषयी पुरुषनिका विष्टाका घर है। वा कामका जु शस्त्र ताका घाव है। वा विषम मोक्षरूप पर्वत ताका आच्छादित खाडा है। वा कामरूपी बडे सर्पका बिल है ऐसा बतावै है।

भावार्थ—यहु योनि-छिद्र है सो जैसैं विष्टा खेपनेका घर होइ तैसैं कामी पुरुषका वीर्य क्षेपनेका स्थानक है। अथवा जैसैं शस्त्र ताका घाव होइ तैसैं यहु कामका शस्त्र जो लिंग ताका घाव है। अथवा जैसैं पर्वतकै आडा छिपा हुवा खाडा तहां न जानेंका कारण होइ। तैसैं यहु मोक्षकै आडा, अज्ञानी जाकौं बुरा जानैं ऐसा तहां न जानेंका कारण है। अथवा जैसैं बिलविषैं सर्प रहता होय तहां जो जाय ताकों वह सर्प डसैं तैसैं या विषै

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कामका वास हैं। इहां रति मानैं ताकौं काम मोहित करै। ऐसे अनेक उपमाकरि यहु योनि-छिद्र अनिष्ट है। तातैं इहां राग न करना।

शार्दूल छन्द

अध्यास्यापि तपोवनं बत परे नारीकटीकोटरे
व्याकृष्टा विषयैः पतन्ति करिणः कूटावपाते यथा।
प्रोचे प्रीतिकरीं जनस्य जननीं प्राग्जन्मभूमिं च यो
व्यक्तं तस्य दुरात्मनो दुरुदितैर्मन्ये जगद्वञ्चितम् ॥१३४॥

अर्थ—हा हा धर्मतैं न्यारे भए ऐसे कोई जीव तप करनेका स्थानक वन ताकौं प्राप्त होइ करि भी विषयनिकरि प्रेरे हुए जैसैं हाथी कपटकरि बनाया खाडा विषैं पडै तैसैं स्त्रीका कटि-छिद्रविषैं पडै हैं। सो मैं ऐसे मानौं हौं—येहु योनि है सो या मनुष्यकी पहलैं जन्म भूमिका है तातैं माता है। अर याकों प्रीति करनहारी जो कुकवि कहत भया तिस दुष्टात्माके दुष्ट वचननि करि यहु जगत ठिगाया है।

भावार्थ—जैसैं हाथी वनविषैं स्वाधीन रहे है, उनकों पकड़नेके अर्थि कोई कपटका खाडा बनावै, तहां विषय सेवनका लोभ तैं ते हाथी तिस खाडे विषैं पडिकरि नाना कष्ट सहै। तैसैं मुनि वन विषैं स्वाधीन हैं। इनके भ्रष्ट करनेको कारण स्त्रीका योनिस्थान है। तहां विषय सेवनका लोभतैं तिस योनिविषैं रमते सन्ते इस लोक परलोकके घनें कष्ट सहै हैं। इहां आचार्य कहै हैं—जीवकै काम विकार तौ था ही, परन्तु कोई शिक्षा देनेवाला मिलै तौ कामविकार घटै। सो खोटे कवीश्वर अनेक युक्ति-करि स्त्रीके अंगनिकों रमणीक दिखाय विकार बधावै है सो उनके वचननि-करि ठिगाया हुवा जीव चेतै नांहीं। बहुरि देखो कुकविनिकी धीठता जिस योनि स्थान विषैं अपना जन्म भया ताहीकौं रमणेका स्थान बतावै है। तातैं कुकविनिके बहकाए स्त्रीकी योनिविषैं रागी मति होहु। रागी भए महा कष्ट पावोगे। ऐसी इहां सीख दई है।

आगै विषय विषैं जो अमृत बुद्धिकरि प्रवृति करावै है सो ठिग कहिए। इहां तौ ए स्त्री पुरुषनिकै भी संतापादिक दुःखका कारण हो हैं? तातैं बडा विष है ऐसा कहै हैं—

कण्ठस्थः कालकूटोऽपि शम्भोः किमपि नाकरोत्।
सोऽपि दन्दह्यते स्त्रीभिः स्त्रियो हि विषमं विषम् ॥१३५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—रुद्रकै कण्ठविषैं तिष्ठ्या हुवा कालकूट विष है सो भी किछू न करत भया। बहुरि ऐसा भी रुद्र है स्त्रीनिकरि संतापित कीजिए है। तातैं स्त्री है ते अन्य विषनितैं भी विषम विष है।

भावार्थ—लोकविषैं कालकूट विष समान और निरुपाय अनिष्ट नांही ऐसा कहिए हैं। सो ए स्त्री है ते तिसतैं भी विषम हैं अत्यन्त निरुपाय अनिष्ट हैं। देखो महादेव कालकूट विषकूं कंठविषैं राखता भया ताकै वह कछू भी अनिष्ट न करता भया। वहुरि स्त्री है ते तिसकौं भी काम पीडित करि आताप उपजाया। तातैं कालकूट तैं भी स्त्रीका विषमपनां जानि जे विषकौं अमृत बतावै हैं, ऐसे ठिगनि तैं भी जे स्त्रीनिविषैं अनुराग करावै हैं ते महा ठिग जाननें। उनके वचननितैं स्त्रीनिविषैं अनुराग न करना।

आगैं ऐसा स्त्रीका शरीरविषैं चन्द्रमादिकका स्वभाव स्थापनेंतैं प्राणीनिकै आशक्तता हो है सो झूठी है ऐसा कहै हैं—

मालिनी छन्द

तव युवतिशरीरे सर्व्वदोषैकपात्रे
रतिरमृतमयूखाद्यर्थसाधर्म्यतश्चेत्।
ननु शुचिषु शुभेषु प्रीतिरेष्वेव साध्वी
मदनमधुमदान्धे प्रायशः को विवेकः ॥१३६॥

अर्थ—हे प्राणी! सर्व दोषनिका पात्र ऐसा जु स्त्रीका शरीर तिस विषैं चन्द्रमा आदि पदार्थनिकै समान स्वभाव माननैतैं जो तेरै प्रीति पाइए है, सौ ए चन्द्रमा आदि पदार्थ शुचि हैं, अर शुभ हैं। इनि ही विषैं प्रीति करनी भली है, परन्तु कामरूपी मदिराका मदकरि जो आंधा भया तिस-विषैं कहा विवेक है?

भावार्थ—खोटे कवि स्त्रीकै अंगनिविषै चन्द्रमा कमलादि पदार्थनिकी उपमा देइ अनुराग करावै है। तूं काम मदिराकरि आंधा भया तोकौं किछू दीखै नाँही। ए हाड मांसके बने अंग तिनकौं चन्द्रमादिकका समानपनां कैसैं बनैं? बहुरि जो तेरी बुद्धिविषैं चन्द्रमादिककी उपमा बनै है तौ जिनकी उपमा दई है ते तौ इसतैं किछू भले होहिंगे। बहुरि स्त्रीके अंग तौ अपवित्र हैं अर वुरे हैं। अर चन्द्रमादिक पवित्र हैं भले हैं। तातैं चन्द्रमादिकनि ही विषैं अनुराग क्यों न करै? परन्तु जैसै कीडा विष्टाविषैं रति मानैं तैसैं तू कामी स्त्रीनिके अंगनिविषैं ही रति मानै है। कामान्धकौं भले बुरेका विवेक होता नाहीं। तातैं कामान्धपनां मेटि विवेकी होना योग्य है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varaṇasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगे स्त्रीका शरीर विषैं प्रीति है सो मन पूर्वक है। बहुरि मन नपुसंक है। ज्ञानी पुरुष है सो तिस नपुसंक करि तिनि पुरुषनिका जीतना कैसे बनै है ऐसा कहैं हैं—

पृथ्वी छन्द

प्रियामनुभवत् स्वयं भवति कातरं केवलं
परेष्वनुभवत्सु तां विषयिषु स्फुटं ह्लादते।
मनो ननु नपुंसकं त्विति न शब्दतश्चार्थतः।
सुधीः कथमनेन सन्नुभयथा पुमान् जीयते ॥१३७॥

अर्थ—मन है सो स्त्रीकौं भोगवतां आप तौ केवल कायर हो है किछू वाकौं भोगि सकै नांही। बहुरि अन्य जे विषयी स्पर्शनादि इन्द्रिय तिनकों [1]भोगवतै सन्तैं प्रगट हर्ष करै है। तातैं यहु मन है सो केवल शब्द ही तैं नपुंसक नांहीं है अर्थतैं भी नपुंसक ही है। बहुरि भली बुद्धिका धनी ज्ञानी है सी दोऊ प्रकार शब्दतैं भी अर अर्थतैं भी पुरुषलिंग है। सो इस मन करि कैसै जीतिए है, अपि तु न जीतिए है।

भावार्थ—कोऊ कहैगा मन विकारी होइ जाइ तब विवेकी कहा करै? ताकौं युक्ति करि समझाइए है। मनः ऐसा शब्द व्याकरण विषैं नपुंसक लिंगी कह्या है। सो मन शब्द ही तैं नपुंसक लिंगीं नांही है, अर्थतैं भी नपुंसक ही है। जैसैं नपुंसक स्त्री भोगवनेंकौं चाहै परन्तु आप भोगि सकै नांही। अन्य पुरुष भोगवै तिनकी क्रीडा ही देखि आप हर्ष करै। तैसैं यहु मन स्त्री भोगवनेंकौं चाहै, परन्तु आप भोग करि सकै नांही, स्पर्शनादि इन्द्रिय भोग करै तिनकी क्रीडा ही देखि आप हर्ष करै है। ऐसे मन तौ शब्दतैं अर अर्थतैं दोऊ प्रकार नपुंसक है। अर सुबुद्धि है सो सुधी ऐसा शब्द व्याकरण विषैं पुरुषलिंगी है। तातैं शब्दतैं भी पुरुष है। अर सुष्ठु बुद्धि जाकै पाइए ऐसा याका अर्थ है। सो स्त्री का धनी पुरुष ही होइ, स्त्रीकै स्त्री बनैं नांही। तातैं अर्थतैं भी पुरुष है। सो सुधी पुरुष पुरुषार्थकौं संभारै तौ मन नपुंसक करि हारै नांही। मन नपुंसक इस सुधी पुरुषकौं कैसैं जीतै? तातैं मनकौं बलवान मानि आपको पुरुषार्थ न छोड़नां। पुरुषार्थ करि मन विकारका अभाव ही करना योग्य है।

---

१. तिनकों तिस स्त्रीकों भोगवतै-मु० १३७-५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं तिस पूर्वोक्त[1] कारणतैं मनकौं जीति विवेकी पुरुषनिकरि भला तप ही करना योग्य है। तिस तपकौं करता जीवकै परम पूज्यपनांकी सिद्धि हो है, ऐसा कहै हैं—

स्रग्धरा छंद

राज्यं सौजन्ययुक्तं श्रुतवदुरुतपः पूज्यमत्रापि यस्मात्
त्यक्त्वा राज्यं तपस्यन्न लघुरतिलघुः स्यात्तपः प्रोह्य राज्यम्।
राज्यात्तस्मात् प्रपूज्यं तप इति मनसालोच्य धीमानुदग्रं
कुर्यादार्यः समग्रं प्रभवभयहरं सत्तपः पापभीरुः ॥१३८॥

अर्थ—जातैं सुजनता जो नीतिता करि सहित तौ राज्य अर शास्त्र-ज्ञानसहित तप, ए दोऊ पूज्य हैं। बहुरि इनि विषैं भी जो राज्यकौं छोरि तप करै है सो तौ लघु नांही हो है, उत्तमपनौ पावै है। अर जो तपकों छोरि राज्य करै है सो अत्यंत लघु हो है, नीचपनौं पावै है। तातैं राज्यतैं भी तप है सो प्रकर्षपनैं पूज्य है। ऐसैं मनकरि विचारि पापतैं भयभीत बुद्धिवान् आर्य पुरुष है सो सर्व प्रकार संसार भयका दूरि करनिहारा जो तप तिसकौं करै है।

भावार्थ—लोकविषैं दोय प्रधान हैं। एक तौ नीतिसहित राज्य अर एक ज्ञानसहित तप। बहुरि जो राज्य छोरि तप करै सो तौ वंद्य हो है। अर तप छोरि राज्य करै सो अति निंद्य हो है। तातैं यहु निश्चय है राजतैं भी तप विशेष प्रधान है, सो प्रत्यक्ष देखिये है, राजा तपस्वीकौं वंदै, अर तपस्वी राजाकौं वंदै नांही। सो ऐसैं विचारि जो ज्ञानी जन संसारतैं डरचा है सो राजकौं तौ पापरूप संसारका कारण जांनि अर तपकौं संसार दुःखका हरनहारा जानि तप ही कों अंगीकार करै है।

आगैं तप है लक्षण जाका ऐसा गुणका नाशतैं लघुपनौं हो है। इस ही अर्थकौं दृष्टांत द्वारकरि दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

पुरा शिरसि धार्यन्ते पुष्पाणि विबुधैरपि।
पश्चात् पादोऽपि नास्प्राक्षीत् किं न कुर्याद् गुणक्षतिः ॥१३९॥

अर्थ—पहलैं जब सुगंधादिक गुण होइ तब तौ फूल हैं ते देवनिकरि भी मस्तक विषैं धारिये हैं। बहुरि पीछैं गुण जाते रहै तब तिन फूलनिकों

---

१. आगैं पूर्वोक्त मु० १३७-२६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चरण है सो भी नांही भींटै। सो न्याय ही है—गुण का नाश है सो कहा लघुता न करै, अपितु सर्व ही करै।

भावार्थ—लोकविषैं गुण ही करि महिमा है, सो देखो जिस फूलको सुगंधादिक गुण होतैं महंत पुरुष भी अपने मस्तक विषैं राखैं थे तिस ही फूलको गुण गएं पीछै कोई पगनिकी ठोकर भी देता नांहीं। सो इहां भी यह अर्थ समझनां, जो ज्ञान सहित तप होतैं जाकौं देव भी पूजै थे तिस ही कौं भ्रष्ट भएं पीछै कोई ताका संगम भी नांही करै। सो गुणका नाश लघुपना करै ही करै। तातैं गुणकी रक्षा ही करनी योग्य[1] है। बहुरि इहां ऐसा भाव जानना जो कुल वा पदस्थका वा भेषादिकका सम्बन्धकरि बडा-पनौ मानिये है सो भ्रम है। एक ही जीव गुण होतैं जो वंद्य था सोई गुण गए निंद्य भया, तौ पूर्वैं अन्य जीव गुणवान भए थे अर आप भ्रष्ट भया तब उनके गुणनितैं यहु कैसैं वंद्य होइ। अपने वर्त्तमान गुणनिहीतैं वंद्यपनां हो है, ऐसा निश्चय करना।

आगैं बहुत गुण होतैं भी दोषके अंशका भी रहना भला नांही। बहुरि तिस दोषके अंशकौ रहते संतै तिस दोषमयपनौ ही भलौ है ऐसा अन्योक्ति अलंकारकरि स्वरूप दिखावता संता सूत्र कहै है—

(वसन्त-तिलका छन्द)

हे चन्द्रमः किमिति लाञ्छनवानभूस्त्वं
तद्वान् भवेः किमिति तन्मय एव नाभूः।
किं ज्योत्स्नया मलमलं तव घोषयन्त्या,
स्वर्भानुवन्ननु तथा सति नासि लक्ष्यः ॥१४०॥

अर्थ—हे चंद्रमा! तूं कलिमारूप लांछन सहित ऐसा क्यों भया? बहुरि जो लांछन सहित ही भया था तौ तूं सर्व ही कालिमा मई ऐसा क्यों न भया। रे अतिशयकरि तेरे मलकौं बलवती ऐसी जो अवशेष रही ज्योति ता करि कहा सिद्धि है। इहां विचार करि जो राहुवत् तैसै ही सर्व काला होय तो तूं काहू करि लखने योग्य टोकने योग्य न हो है।

भावार्थ—इहां अन्योक्ति अलंकारकरि चंद्रमाकौं उलहनां दीया है। सो कोई ऊँची मुनिपदवी धारि तिसविषै दोष लगावै है ताकौं यहु उलाहनां जाननां। जैसैं चन्द्रमा उज्वल पदवीका धारक अर वाकै किंचित्

१. ही याग्य, १३९.२.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कालिमा दीसै है ताकरि वाकों कलंकी कहिकरि सर्व टोकै है। अर जो राहु सर्व ही काला है तौ वांका ऐसा ही पद जानि कोउ टोकै नांही। तैसैं तूं निर्मल ऊंची मुनि पदवीका धारक भया है। अर तेरै कोई किछू दोष भासै है ताकरि तोकौं कलंकी मानि सर्व टोकै हैं। अर जो नीचैकी गृहस्थ पदवीका धारक सर्वमल युक्त है तौ वाका ऐसा ही पद जानि कोऊ टोकै नांही। तातैं चंद्रमाका मिसकरि याकौं सीख दई है तूं दोष सहित क्यों भया। अर जो दोष सहित होना था तौ सर्व ही दोष युक्त क्यों न भया। ऊची मुनि-पदवी छोरि नीचली गृहस्थ पदवी ही अंगीकार करनी थी। रे! तूं केई ऊंची मुनि पदवीकी क्रियानिकौं साधैं है सो इनिकरि कहा साध्य है? एइ तेरै दोषकों प्रगट करै हैं। जो तूं भी गृहस्थ होइ तौ अन्य गृहस्थवत् काहूकरि टोकनें[1] योग्य न होइ। तातैं हमारी यहु शिक्षा है—जो ऊंची मुनिपदवी-कौं[2] धारै है तौ दौषकौं मति धारै। अर दोषकौं धारे है तौ मुनि पदकौं मति धारे। आदिपुराणविषैं भी ऐसा कथन है:—च्यारि हजार मुनि आदिनाथ स्वामीकी साथि दीक्षा लेइ भ्रष्ट भए, तब तिनकौं देवता कहते भये। इस पदवीविषैं ऐसा भ्रष्ट आचरण[3] करोगे तौ हम दंडैंगे। इस पदवीको छोरि जैसैं रुचै तैसैं करौ। इहां कोऊ कहै लोक तौ जैसैं कहै, तैसैं कहौ, परन्तु फल तौ जेता गुण दोष होइ तेता ही लागैं, ताका उत्तर षट्पाहुड विषैं ऐसा कह्या है—

जहजायरूवसरिसो तिलतुसमित्तं ण गहदि अत्थेसु।
जइ लेइ अप्पबहुयं तत्तो पुण जाइ णिग्गोयं॥

अर्थ—यथाजातरूप सदृश नग्न मुनि है सो पदार्थनिविषैं तिलका तुष मात्र भी न ग्रहण करै। जो थोरा बहुत ग्रहण करै तौ तिसतैं निगोद जाय। सो इहां देखो गृहस्थ तौ बहुत [4]परिग्रहका धारी थोरासा धर्म साधै तौ भी शुभ गति पावै। अर मुनि थोरासा भी व्रत भंग करै तौ निगोद जाइ। बहुरि न्याय भी ऐसैं ही है। अनशनतप धारि अन्नका दाणा भी ग्रहै तो पापी होइ। बहुरि अनशन व्रत ना धारै, अर अवमौदर्य्य विषैं तिसतैं घणां भी भोजन करै तौ धर्मात्मा होइ। ऐसै यहु बात सिद्ध भई। दोष सहित ऊंची पदवीतैं नीचैंकी पदवी ही भली है। तातैं दोष लगाइ ऊंची पदवीकौं बिगारना योग्य नांही।

---

१. ग्रहस्थवत् टोकनें. मु. १४०-१५
२. उचा मुनिपदको- ज. १४०-४
३. ऐसा आचरण मु. १४०-२०
४. ग्रहस्थ परिग्रहका. मु. १४०-५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं दोषकौं विद्यमान होतैं ताकौं प्रकाशनेंवाला अर आच्छादनेंवाला ऐसा दुर्जन अर आचार्य तिनकै हितकारी अहितकारीपनांतैं[1] आराधनें न आराधनेंका योग्यपनाकौं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शार्दूलछंद

दोषान् कांश्चन तान्प्रवर्तकतया प्रच्छाद्य गच्छत्ययं
सार्धं तैः सहसा म्रियेद्यदि गुरुः पश्चात् करोत्येष किम् ।
तस्मान्मे न गुरुर्गुरुर्गुरुतरान् कृत्वा लघूंश्च स्फुटं
ब्रूते यः सततं समीक्ष्य निपुणं सोऽयं खलः सद्गुरुः ॥१४१॥

अर्थ—कोई गुरु प्रवृत्ति राखनेका भावकरि शिष्यकै पाइए ऐसे ते केइ दोष तिनकौं छिपाइ करि प्रवर्त्तै है। बहुरि जो यहु शिष्य तिनि दोषनिकरि सहित शीघ्र मरनकौं प्राप्त होइ तौ पीछै यहु गुरु कहा करै। तातैं ऐसा मेरा गुरु नांही। बहुरि जो दोष देखनेंविषैं जैसें प्रवीण होइ तैसें निरंतर नीकै अवलोकि मेरे थोरे दोषनिकौं बहुत घणे बधाईकरि प्रगट कहै है। ऐसा दुर्जन है सौ मेरा भला गुरु है।

भावार्थ—पूर्व सूत्रविषैं दोषवानकी निंदा करी थी। तहां कोऊ कहै कि अवगुणग्राही होना युक्त नांही। आपकौं तौ गुणहीका ग्रहण करना। ताकौं कहिए है। जो आप दोषकौं भी धरै है अर अपना ऊंचापन भी राख्या चाहै है ताकौं दोष प्रगट करनहारा बुरा भासै है। बहुरि जो धर्मात्मा अपनी अवस्थातैं ऊंचापन प्रगट कीया न चाहै है अर कोई आपविषै दोष है ताकौं छोड्या चाहै है, ताकौं दोष प्रगट करनहारा बुरा नांही भासै है। सो इहां धर्मात्मा ऐसैं विचारै है, जे गुण दोषका ज्ञान तौ गुरु-उपदेश तैं हो हैं। बहुरि जे गुरु प्रवृत्ति करावनेका लोभतैं जैसैं अपना संप्रदाय बधैं तैसैं किया चाहै अर दोषनिकौं न कहै तौ शिष्यको अपने दोषका ठीक न होइ, तब वह दोषकौं छांडै नांही। बहुरि जो ऐसैं विचारै पीछैं याका दोष छुडावैंगे, अर यह शीघ्र ही दोष सहित मरै कुगतिकौं प्राप्त होइ तब गुरु कहा करै ? तातैं दोषकौं छिपावै सो गुरु नांही। बहुरि दुर्जन है सो थोरे दोषनिकौं भी अवलोकि तिनिकौं घने कहिकरि प्रगट करै तब धर्मात्मा अपना दोष जानि ताके अभाव करनेंकौं उद्यमवंत होइ। ऐसैं दोषका कहनां उप-

---

1. हितकारीयनातैं. ज. १४-७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देश समान गुणकर्ता हो है। तातैं दोष कहनकारा दुर्जन है सो इस अपेक्षा गुरुसमान कार्यकारी है। या प्रकार धर्मात्मा है सो दोष छिपावनेंवाला गुरुतैं भी अपना दोष कहनहारा दुर्जनकौं भी भला जानैं है। इहां प्रश्नः— जो दोष कहै मर्मछेद करनेंतैं पाप भी तौ हो है ? ताका समाधानः— जो ईर्ष्या दोषकरि बुरा करनेंकै अर्थि दोष प्रगट करै है ताकौं तौ पाप ही हो है। बहुरि जो करुणावंत होइ दोष छुडावनेकै अर्थि दोष प्रगट करै है ताकौं पुन्य ही हो है। बहुरि प्रश्नः—जो दुर्जनकौं तौ पाप ही हो है, वाकौं गुरु कैसें कह्या है ? ताका उत्तरः—दुर्जन तौ पापी ही है, परन्तु इहां दोष छिपावनेंवाला गुरु दुर्जनतैं भी बुरा है। ऐसा प्रयोजन लिए अलंकारकरि गुरु कहा है। परमार्थ तैं गुरु हैं नांही, ऐसें धर्मात्मा दोष कहनेंवालेंकौं इष्ट मानै है।

आगैं तर्क करै हैः—जो शिष्यकैं दोष कहे चिंता उपजै ताका निषेध-कै अर्थि आचार्य हैं ते दोषकौं छिपाइकरि प्रवर्तें हैं ऐसा कहै हैं—

विकाशयन्ति भव्यस्य मनोमुकुलमंशवः।
रवेरिवारविन्दस्य कठोराश्च गुरूक्तयः ॥१४२॥

अर्थ—कठोर जे गुरुकी वाणी ते भव्य जीवका मनकौं प्रफुल्लित करै है। जैसै कठोर जे सूर्यकी किरण ते कमलकी कलीकौं प्रफुलित करै।

भावार्थ—श्री गुरु दोष छुडावनैंकौ वा गुणग्रहण करावनैंकौं कदाचित् असुहावनें कठोर वचन भी कहै, तहां भव्य जीवका मन[1] तिन बचननिकरि आनंदित ही हो हैं। वाकै चिंता खेद न हो है। जैसें सूर्यंकी किरण औरकौं आताप उपजावनहारीं कठोर है, तथापि कमलकी कलींकौं प्रफुल्लित ही करै है। तैसें गुरुके वचन पापीको अपनी हीनता होनेंकरि दुख उपजावन-हारे कठोर हैं, तथापि धर्मात्माके मनकौं आनन्द ही उपजावै है। धर्मात्मा-कौं श्री गुरु दवाइ उपदेश देवै हैं। तब वह आपकों धन्य मानै है। इहां कोऊ कहैः—कठोर उपदेश तैं पापी तौ दुःख पावै ? ताका उत्तर। जाकौं तीव्र कषायी पापी जानैं ताकौं कठोर उपदेश देतै नांही, तहाँ माध्यस्थ भावनां भावै हैं। इहां तौ शिष्यको यहु शिक्षा है—श्री गुरु भला होनेंकै अर्थि कठोर वचन कहै हैं। किछू उनकै ईर्ष्या प्रयोजन है नांही। तातैं तिनकौं इष्ट जानि तहां आदर ही करना।

---

१. भव्य जीवका मन तिनकी कलीसौं प्रफुल्लित. ज. १४२-९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगे तैसी वाणीनिकरि धर्मके कहनेकौं अर अङ्गीकार करनेंकौं सावधान ऐसे इस कालविषैं प्राणी थोरे हैं ऐसा कहै हैं—

लोकद्वयहितं वस्तु श्रोतुं च सुलभाः पुरा।
दुर्लभाः कर्तुमद्यत्वे वक्तुं श्रोतुं च दुर्लभाः ॥१४३॥

अर्थ—पूर्वं तौ दोऊ लोकविषैं हितकारी ऐसा धर्म ताहि कहनेंकौं अर सुननेंकौं तौ सुलभ थे। बहुरि करनेंकौं दुर्लभ थे। बहुरि अब इस काल विषैं कहनेकौं अर सुननेंकौं भी दुर्लभ भए हैं।

भावार्थ—जो धर्म इस लोकविषैं अर परलोकविषैं जीवकौ भलौ करै ऐसे धर्मके कहनेवाले अर सुननेवाले पूर्वं चौथा कालविषैं घने थे। अर अंगीकार करनेवाले तब भी थोरे ही थे, जातैं संसारविषैं धर्मात्मा थोरे ही हो हैं। बहुरि अब यहु पंचम काल ऐसा निकृष्ट है जिसविषैं सांचे धर्मके कहनेवाले अर सुननेंवाले भी थोरे ही पाइये है। कहनेवाले तौ अपने लोभ मानादिकके अर्थी भये तातैं यथार्थ कहै नांही। अर सुननेवाले जड़वक्र भये तातैं परीक्षा रहित हठग्राही होत संते यथार्थ सुनै नांही। बहुरि कहना सुनना ही दुर्लभ भया तौ अंगीकार करनेकी कहा बात! ऐसैं इस काल विषैं धर्म दुर्लभ भया है सो न्याय ही है। यहु पंचमकाल ऐसा निकृष्ट है जा विषैं सर्व ही उत्तम वस्तुनिकी हीनता होती आवै है, तौ धर्म भी तौ उत्तम है, याकी वृद्धि कैसैं होइ? तातैं ऐसे निकृष्ट कालविषैं जाकौं धर्मकी प्राप्ति होय है सो ही धन्य है।

आगैं कोऊ संदेह करै कि दोऊ लोकविषैं हितकारी धर्म ताके कहनहारे श्रीगुरु तिनिकरि औरनिका दोषकौं कहि तिस[1] दोषतैं निवृत्ति करावनी। सो तैसैं कीएं शिष्यकै अपना दोष प्रगट होनेंतैं अनिष्टका संयोग भया तातैं वह आर्तध्यानी होइ किछू भी भला मार्ग विषैं न प्रवर्तै सो ऐसा संदेह दूरि करत संता सूत्र कहै हैं—

पृथ्वीछंद

गुणागुणविवेकिभिर्विहितमप्यलं दूषणं
भवेत् सदुपदेशव-मतिमतामतिप्रीतये।
कृतं किमपि धार्ष्ट्यतः स्तवनमप्यतीर्थोषितैः
न तोषयति तन्मनांसि खलु कष्टमज्ञानता ॥१४४॥

---

१. कहिकरि तिस. मु. १४३-२०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—गुण अर दोषका विवेक सहित जे सत्पुरुष तिनकरि अपना दूषण अतिशय करि प्रकट कीया हुवा भी बुद्धिवान जीवनिकै जैसे भला उपदेश प्रीति उपजावै तैसैं अत्यन्त प्रीतिकै अर्थि हो है। बहुरि धर्मतीर्थके न सेवनहारे ऐसे जीव तिनिकरि धीठपनातैं किछू किया हुवा गुणानुवाद है सो भी तिनि बुद्धिवानोंकै मननिकौं नांही संतोष उपजावै है। इहां अन्यथापनौं भासै है सो यहु अज्ञानता खेदकारी है।

भावार्थ—जो जाका हित चाहै सो तो जैसैं वाका भला होइ तैंसैं ही करै। तातैं उस जीवकै बुरा होनेंका कारण जो दोष ताके छुडावनेके अर्थि सत्पुरुष दोष भी प्रकट करै हैं। जो ए दोष न प्रगट करै तौ अज्ञानी जीव अपना दोषकौं कैसैं जानै। बहुरि बिना जानें दोषकौं कैसैं छांडै। बहुरि जो जिसतैं अपना लोभादिक प्रयोजन साध्या चाहे सो जैसैं वाकौं प्रसन्न होता जानैं तैसैं हीं करै। तातैं उस जीवके दोषनिकौं भी धीठपनांतै गुण ठहराइ बडाई करै। जो ए बडाई न करै तो अज्ञानी जीवनिका मान कैसैं बधै। बहुरि याका मान न बधावै तौ यहु उनका प्रयोजन काहे कौं साधै। ऐसैं सत्पुरुष दोष भी प्रगट करै अर अधर्मी बड़ाई भी करै है। तहां मूर्खको तौ दोष कहना अनिष्ट भासै हैं अर गुण कहनां इष्ट भासै है। बहुरि जे विवेकी हैं ते ऐसैं जानै है जो मेरा भला होनेकैं अर्थि दोष प्रगट करैं हैं सो यहु दोषका प्रगट करना है सो ही मुझकौं भली शिक्षा है। ऐसैं विचारि तहां इष्टपनौं मानैं है। बहुरि जो ए अपना प्रयोजन अर्थि दोषकौं गुण ठहरावै ते ए ठिग हैं। जो येहु बडाई है सोई मेरे बुरा होनेका कारण है। ऐसैं विचारि तहां अनिष्ट मानै है। तातैं दोष कहै विवेकीनिकै आर्त्त-ध्यान होनेका भ्रम करनां नाँही।

आगैं दोष प्रगट कीयें दोष देखनेतै दोषका त्याग करना। अर गुण देखनेंतैं गुणका ग्रहण करना सो ही बुद्धिवानौंकूं करने योग्य कार्य है ऐसा कहै हैं—

त्यक्तहेत्वन्तरापेक्षौ गुणदोषनिबन्धनौ।
यस्यादानपरित्यागौ स एव विदुषां वरः॥१४५॥

अर्थ—छोड़ी है अन्य कारणकी अपेक्षा जिनविषैं, बहुरि गुण दोष ही का है कारण जहां ऐसे जे ग्रहण अर त्यागतैं तिस जीवकै पाइए सो ही ज्ञानीनिविषैं प्रधान जाननां।

भावार्थ—काहूका ग्रहण करनां काहूका त्यजन करना ऐसे जीवनिकै प्रवृत्ति पाईए है। तहां सम्यग्दर्शनादिक गुण जिनकरि निपजै तिनिका तौ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ग्रहण करना, अर मिथ्यात्वादिक दोष जिनकरि निपजै तिनिका त्यजन करना। ऐसैं गुण दोषकी अपेक्षा लीयें जिनकै ग्रहण त्याग[1] पाईए है, अर अन्य कोई विषय कषायादिकका प्रयोजन जहां न पाईए ते जीव उत्कृष्ट ज्ञानी जानने। जातैं ए अपना हित साधै हैं। बहुरि हित साधना सोई बुद्धिवानौंकै करनें योग्य कार्य है।

आगैं अन्यथा ग्रहण त्याग विषैं दूषण कहै है—

हितं हित्वाऽहिते स्थित्वा दुर्धीर्दुःखायसे भृशं।
विपर्यये तयोरेधि त्वं सुखायिष्यसे सुधीः ॥१४६॥

अर्थ—हे जीव! तूं हितकौं छोरि अहितविषैं तिष्ठिकरि दुर्बुद्धि होत संता आपकैं अत्यंत दुःखकौं करै है। तातैं तूं सुबुद्धी होत संता तिनका उल्टा भाव जो अहितको छोरि हितविषैं तिष्ठना तिसविषैं वृद्धिकौं प्राप्त होहु। ऐसैं तूं आपकै सुखकौं प्राप्त करैगा।

भावार्थ—हे जीव! तैं सम्यग्दर्शनादिक हितकारी गुणरूप कार्य ताका तौ त्याग कीया, अर मिथ्यादर्शनादिक अहितकारी दोषरूप कार्य्य ताका ग्रहण कीया सो ऐसे त्याग ग्रहणतैं तूं अनादिहीतैं दुखी भया है। सो तूं हीं अपनी अवस्थाकौं विचारि देखि मैं कैसैं परिणम्यां अर ताका फल मोकूं कहा भया। बहुरि जै तूं तिसतैं उलटा परिणमै, गुणका ग्रहण करै, दोषकौं तजै तौ तूं अवश्य सुखी होइ। जातैं कारण उलटा भएं कार्य भी उल्टा होइ ही होइ। जैसैं जल छोरि अग्निका सेवनि कीएं आताप हो है। बहुरि जे अग्नि छोरि जलका सेवन करै तौ शीतलता होय ही होय। तैसै इहां भी जिस अनादि परिणमनतैं दुखी भया है तिसतैं उल्टा परिणमैं तो सुखी होय ही होय। स ां अनादितैं तौ गुण छोरि दोष सेवन कीया। अब तोकौं दोष छोरि गुणका ग्रहण करना योग्य है।

आगैं कारण सहित गुण अर दौष जानें ऐसै हो है ऐसा दिखावता संता सूत्र कहै है—

शिखरणी छंद

इमे दोषास्तेषां प्रभवनममीभ्यो नियमतः
गुणाश्चैते तेषामपि भवनमेतेभ्य इति यः।
त्यजंस्त्याज्यान् हेतून् झटिति हितहेतून् प्रतिभजन्
स विद्वान् सद्वृत्तः स हि स हि निधिः सौख्ययशसोः ॥१४७॥

---

१. ग्र ्ण दोष पाईए, ज० १४५, १

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—ये दोष हैं अर तिनि दोषनिका इनि कारणनितैं उपजना हो है। बहुरि ये गुण हैं अर इनि गुणनिका इनि कारणनितैं उपजना हो है। ऐसैं निश्चै करनहारा[1] जो जीव त्यजने योग्य जे कारण तिनकौं तौ शीघ्र छोरता है अर हितके कारण तिनकौं सेवता है सोई जीव ज्ञानी है। अर सोइ सम्यक्चारित्री है अर सोई सुख अर यशका निधान है।

भावार्थ—विवेकी पुरुष हैं सो पहलै दौषकौं अर गुणकों पहचानैं। तहाँ विचार कीएं मिथ्यात्वादिक तौ दोष भासै, जातैं एई आत्माकौं दुखी करै हैं। बहुरि सम्यक्त्वादि गुण भासै, जातैं ए आत्माकौं सुखी करै हैं। बहुरि दोषके अर गुणके जे कारण हैं तिनिकौं पहचानैं, तहाँ बिचार कीएं कुदेव कुगुरु कुशास्त्रादिक वा विषयादिक सामग्री तौ दोषके कारण भासै। अर सुदेव सुगुरु सुशास्त्रादिक वा व्रत संयमादिक गुणके कारण भासै। ऐसै निश्चै भए त्यजने योग्य जे दोषके कारण तिनिकौं त्यजै, अर ग्रहण योग्य जे गुणके कारण तिनिकौं ग्रहै। तहां दोष गुण अर तिनिके कारण तिनिका निश्चयकरि जाननां भया सो तौ सम्यग्दर्शन सहित सम्यग्ज्ञान है। अर सर्व दोषका कारण छोडि गुणका ग्रहण करनां सो सम्यक्चारित्र है। ऐसैं ए तीनों मिले मोक्षमार्ग भया, ताका फल मोक्ष हो है। तहां अनन्त सुखकौं अनुभवै है, अर वाका सर्व प्रकार महिमा हो है। तातैं पहलैं कारण सहित गुण दोषकौं जाननां योग्य है।

आगैं विवेकी जीवकरि हितकी वृद्धि अहितका नाश ए दोय कारण करने योग्य हैं, जातैं तिस विनां अन्य धनादिकविषैं जे वृद्धि नाश है तिनिका तौ सर्व प्राणीनिकै समानपनां पाईए है ऐसा कहै हैं—

वसन्ततिलका छन्द

साधारणौ सकलजन्तुषु वृद्धिनाशौ
जन्मान्तरार्जितशुभाशुभकर्मयोगात् ।
धीमान् स यः सुगतिसाधनवृद्धिनाशः
तद्व्यत्याद्विगतधीरपरोऽभ्यधायि ॥१४८॥

अर्थ—अन्य पूर्व जन्मनिविषैं निपजाए ऐसे पुन्य पाप कर्म तिनिके उदयरूप संयोगतैं शरीर धनादिकका बधनां वा नाश होनां सो तौ सर्व प्राणीनिविषैं समान पइए है। बहुरि वुद्धिवान सोई है जौं सुगतिकौं कारणभूत वृद्धि

1. तिनि दोषनिका····ऐसैं निश्चै करनहारा. मु. १४७-१४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाश जाकै पाइए ऐसा होइ। बहुरि इस जीवतैं अन्य जीव है सो तिसतैं उल्टा दुर्गतिका साधन वृद्धि नाश होनेतैं निर्बुद्धि है ऐसैं श्री गुरुनैं कहा है—

भावार्थ—लोकविषैं धनादिककी वृद्धि भएं अर दरिद्रादिकका नाश भये जीवकौं बुद्धिमान मानीये है। बहुरि दरिद्रादिककी वृद्धि भएं अर धनादिकका नाश भएं निर्बुद्धी मानीये है। सो यहु तौ मिथ्या है। जातैं ऐसा वृद्धि-नाशविषैं तौ जीवका किछू कर्तव्य नांही। जैसा पूर्वोपार्जित पुन्य-पापका उदै हो है तैसा कार्य स्वयमेव सर्व जीवनिकै हो है। सो प्रत्यक्ष तौ कोऊ घनां बुद्धिवान् होइ सो भी दरिद्री देखीये है। कोऊ सर्व प्रकार मूरख होय सो भी धनवान देखीये है। बहुरि एक ही जीव जिस बुद्धितैं घनां बुद्धिवान भया होइ सोई जीव तिस ही बुद्धितैं निर्धन होता देखीये है। तातैं ऐसे वृद्धि-नाशविषैं तौ बुद्धिका किछू प्रयोजन है नांही। इहां पुरुषार्थ मानना निरर्थक है। बहुरि सम्यक्त्वादिक धर्मरूप भावनिकी वृद्धि भए अर मिथ्यात्वादिक अधर्मरूप भावनिका नाश भए बुद्धिवान् मानीये। अर मिथ्यात्वादिककी वृद्धि भए सम्यक्त्वादिकका नाश भएं निर्बुद्धि मानीये, सो यहु सत्य है। जातैं ऐसा वृद्धि नाशविषैं जीवका कर्तव्य है। जैसा अपनी बुद्धिका बिचार होइ तैसा कार्य्य जीवका कीया हुवा जीवकै हो है। सो प्रत्यक्ष कोऊ तौ तिर्यंचादिक भी अपनी बुद्धितैं धर्म साधनकरि स्वर्गादिककों प्राप्त हो है। कोऊ राजादिक भी निर्बुद्धी होइ अधर्म साधनकरि नरकादिककौं प्राप्त हो है। तातैं ऐसे धर्मका वृद्धि-नाशविषैं ही बुद्धिका प्रयोजन जानि इहां ही पुरुषार्थ करनां योग्य है।

आगैं जे सुगतिके साधन धर्मरूप भाव तिनकी वृद्धिके कारणहारे जीव हैं ते थोरे हैं ऐसैं दिखावता संता सूत्र कहै हैं—

शिखरणीछंद

कलौ दण्डो नीतिः स च नृपतिभिस्ते नृपतयो
नयन्त्यर्थार्थं तं न च धनमदोऽस्त्याश्रमवताम्।
नतानामाचार्या न हि नतिरताः साधुचरिताः
तपःस्थेषु श्रीमन्मणय इव जाताः प्रविरलाः ॥१४९॥

अर्थ—कलि कालविषैं नीति तौ दंड है। दंड दीयें न्याय मार्ग चालै। बहुरि सो दंड राजानि करि हो है। राजा बिनां और देनेंकौं समर्थ नांही।

१. ऐसे वृद्धिनाशविसै. ज. १४८-३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहुरि ते राजा धनके अर्थि न्याय करे हैं। जामैं धन आवनेंका प्रयोजन न सधै ऐसा न्याय राजा करते नांही। बहुरि यहु धन है सो आश्रमी जै मुनि तिनकै पाइए नांही। तिनिका भेष ही धनादिक रहित है। ऐसैं तौ इनि भ्रष्ट भए मुनिनिकौं राजा न्यायमार्गविषैं चलावते नांही। बहुरि आचार्य हैं ते आपकौं विनय नमस्कारादिक करावनेंके लोभी भए। ते नम्रीभूत भए जे मुनि तिनकौं नांही न्यायविषैं प्रवर्त्तावै हैं। ऐसैं इस काल विषैं तपस्वी जे मुनि तिनि विषैं मुनिका भला आचरन जिनिकै पाईए ऐसे मुनि ते, जैसैं शोभायमान उत्कृष्ट रत्न थोरे पाईए तैसैं थोरे विरले पाइए है।

भावार्थ—इस पंचम कालविषैं जीव जड़ वक्र उपजै हैं ते दंडका भय विना न्यायविषैं प्रवर्तैं नांही। बहुरि दंड देनेवाले लोकपद्धतिविषैं तो राजा हैं, अर धर्म पद्धतिविषैं आचार्य हैं। तहां राजा तौ धनका जहां प्रयोजन सधै तहां न्याय करै, मुनिनिकैं धन नांही तातैं राजा मुनिनिपै न्याय चलावे नांहीं, जैसैं प्रवर्त्तैं[1] तैसैं प्रवर्तौं। बहुरि आचार्य हैं ते विनयके लोभी भए सो दंड दे नांहो। ऐसैं भय विनां मुनि स्वच्छंद भए हैं। कोई विरले मुनि यथार्थ धर्मके साधनहारे रहे हैं।

आगैं जे मुनि आचार्यनिकौ नांही नमैं है, उनकी आज्ञामें नांही रहै हैं, अर स्वच्छंद प्रवर्तैं हैं तिनि सहित संगति करनी योग्य नांही—

एते ते मुनिमानिनः कवलिताः कान्ताकटाक्षेक्षणै:
अङ्गालग्नशरावसन्नहरिणप्रख्या भ्रमन्त्याकुलाः।
संधतुं विषयाटवीस्थलतले स्वान् क्वाप्यहो न क्षमाः
मा व्राजीन्मरुदाहताभ्रचपलैः संसर्गमेभिर्भवान् ॥१८०॥

अर्थ—ते ये प्रत्यक्ष मुनि नांही अर आपकौं मुनि मानैं ते स्त्रीनिके जु कटाक्ष लीएं अवलोकन तिनिकरि ग्रासीभूत भए. उनकरि ग्रहे हुए अंग विषैं लागै है बाण तिनिकरि पीडित जे हिरण तिनकै सदृश व्याकुल होत संते भ्रमण करै हैं। बहुरि विषयरूपी वनंका जो स्थल भाग ता विषैं कहीं आपनिकौं स्थिर राखनेकौं समर्थ न हो हैं सो पवन करि खंडित कीए बादले जैसें चपल होइ तैसैं चंचल जे ए भ्रष्ट मुनि तिनि सहित हे भव्य तूं संगतिकों भी मति प्राप्त होहु।

---

१. धन नांही जैसे प्रवर्तैं म. १४९. ५,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसैं हिरणकै अंगविषैं बाण लाग्या होइ सो वह उसकी पीडातैं व्याकुल हूवा कूदता फिरै, कहीं वन भूमिकाविषैं स्थिर रहने कौं समर्थ न होइ। तैसैं ए भ्रष्ट मुनि मानौं तिनिकैं अंतरंगविषैं स्त्रीनिका कटाक्षरूप अवलोकन सोई कामवाण लगा है सो ए उसकी पीडातैं व्याकुल हुये भ्रमरूप होय रहे हैं। कहीं विषयनिविषैं मन लगावनेकौं समर्थ न हो हैं। कामकी तीव्रता करि धर्म साधन करना तौ दूरि ही रहौ, परन्तु देखना सूंघना सुनना इत्यादि विषयनिविषैं भी मनकौं स्थिर नाहीं करि सकै हैं। सो जैसैं पवन करि विघटाए हुये बादले चंचल हो हैं, तैसैं विकार भावकरि भ्रष्ट कीए हुए मुनि चंचल हो हैं सो इनका तौ हु नहार ऐसा ही है, परन्तु हे भव्य! तै किछू धर्मबुद्धि है तातैं तोकौं सीख देवे हैं। ऐसे भ्रष्टनिकी संगति तूं मति करै। जो संगति करैगा तौ तूं भी उनका साथी होय दुर्गति कौं प्राप्त होगा। इहां भाव यहु जो भ्रष्ट मुनि संगति योग्य भी नांही है।

आगैं इन सहित संगतिकौ न प्राप्त होता जो तूं सो ऐसी सामग्री पाइ याचनां रहित हुवा तिष्ठि ऐसी सीख देता सूत्र कहै हैं—

वसंततिलका छंद

गेहं गुहाः परिदधासि दिशो विहायः
संव्यानमिष्टमशनं तपसोऽभिवृद्धिः।
प्राप्तागमार्थ तव सन्ति गुणाः कलत्र-
मप्रार्थ्यवृत्तिरसि यासि वृथैव याञ्चाम् ॥१५१॥

अर्थ—पाया है आगमका अर्थ जिहि ऐसे जीवकौ संबोधै है। हे प्राप्तागमार्थ? तेरै गुफा तौ मंदिर है। अर दिशानिकौं तू पहरै है। आकाश असवारी है, तपकी बधवारी सो इष्ट भोजन है। गुण हैं ते स्त्री हैं। ऐसै नांही पाइये है काहू पासि याचने योग्य वृत्ति जाकी ऐसा तूं भया है। अब तूं वृथा ही याचनां प्राप्ति हो है। तोकौं दीन होना योग्य नांही।

भावार्थ—लोकविषैं इतनी वस्तुकी चाहि भएं याचनां करिये है। प्रथम तौं धनकौं याचै सो तैं आगमका अर्थ सो ही अटूट सर्व मनोरथका साधनहारा धन पाया। बहुरि मन्दिरकौं याचै सो गुफा आदि स्वयमेव बनि रहे तेरै मन्दिर पाइए है। बहुरि वस्त्रकौं याचै सो तूं दिशारूपी वस्त्रक पहरै है, दिगम्बर भया है। बहुरि असवारी याचै सो आकाशरूपी असवारी तेरै पाइए है जहां इच्छा होय तहां गमन करि। बहुरि भोजनकौं याचै सो तपका बधनां सोई तेरै तृप्तिका उपजावनहारा इष्ट भोजन है। बहुरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्त्रीको याचै सो क्षमा आदि गुण तेई तोकूं रमावनहारी स्त्री है। ऐसे तेरै सामग्री पाइए है सो अब तोकौं कहा चाहिए, तुं याचना करै। तेरी तौ दीनता रहित सर्वोत्कृष्ट वृत्ति भई है, यातें तूं याचना रहित तिष्ठि, ऐसी शिक्षा ताकौं दई है।

आगैं जो याचना करै सो छोटा है, अर न करै सो बड़ा है ऐसैं दिखावता सूत्र कहै है—

परमाणोः परं नाल्पं नभसो न परं महत्।
इति ब्रुवन् किमद्राक्षीन्नेमौ दीनाभिमानिनौ ॥१५२॥

अर्थ—परमाणुतैं अन्य कोई छोटा नांही, अर आकाशतैं अन्य कोई बड़ा नांही। ऐसैं कहता जो पुरुष है सो इनि दीन और अभिमानीनिकौं कहा न देखता भया।

भावार्थ—परमाणुतैं छोटा नांही, आकाशतैं बड़ा नांही, ऐसैं कोई कहै है, तहां जानिए है वानैं दीन अभिमानीनिकौं देखे नांही। जो दीनकौं देखता तौ परमाणुतैं भी छोटा दीनकौं कहता अर अभिमानीकौं देखता तौ आकाशतैं बड़ा अभिमानीकौं कहता। भाव इहां यहु है—जो याचना करनेवाला दीन पुरुष है सो धर्म वा मानादिक घटनेतैं सबनितैं छोटा ही है अर जाचनान करै ऐसा अभिमानी है सो धर्म वा मानादि बधनेतैं सबनितैं बड़ा है। इहां प्रश्नः—जो दीनकै मानादिक घटै तहां धर्म कैसैं होइ? अद अभिमानीकै मानादिक बधै तहां धर्म कैसैं होइ? कषायनिकै अर धर्मकै तो प्रतिपक्षीपनौ पाइए है। ताका समाधान—कोई कषायकी तीव्रता करि कोई कषाय घटै तहां धर्म नांही। सो दीनकै लोभ कषायकी तीव्रताकरि मानादिक घटै है। तातैं याकै धर्म नांही, पाप ही उपजै है। बहुरि सर्व कषाय घटनेतैं भ्रमकरि कोई अवस्था कषायीकी सी भासै तहां धर्म ही है। सो इहां मान कषायवालेका नाम अभिमानी नांही है। लोभतैं काहूकौं जाचै नांही ताका नाम अभिमानी है। सो याकै सर्व कषाय मंद होनेतैं लोभकरि पापी जीवनिकौं नम्रीभूत न हो है। तातैं भ्रमकरि मानीसा भासै, परंतु मानी है नांही। तातैं याकै धर्म ही है। ऐसै जानि दीनता न करनी।

आगैं पूछै है जो याचककौ गौरव कहां गयो जाकरि तिस जाचककौं लघुपनौं होय, ऐसैं पूछे उत्तर कहै हैं—

याचितुर्गौरवं दातुर्मन्ये संक्रान्तमन्यथा।
तदवस्थौ कथं स्यातामेतौ गुरुलघू तदा ॥१५३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—मैं ऐसैं मानौ हौं जो याचकका गौरव है सो दातारविषैं संक्रमणरूप भया। जो ऐसैं न होइ अन्यथा होइ[1] तौ तिस याचनाके काल विषैं याचनारूप अर देनेरूप है अवस्था जिनकी ऐसैं ए दोऊ बड़ा अर छोटा कैसै हो हैं।

भावार्थ—उत्पेक्षा अलंकार करि आचार्य कहै हैं:—हमकौं ऐमा भासै है जो पहलैं तौ दोउ पुरुष समान थे। बहुरि जिस समय याचक याचना करै अर दातार देवै तिस समय याचकका बड़ापना था सो निकसि दातार विषैं प्राप्त होइ गया। तातैं तत्काल याचक तौ हलका हो है अर दातार महंत हो है। जो ऐसैं न हो तौ तिस समय याचक तौ संकोचादिक रूपकरि हीन कैसैं भासै है, अर दातार प्रफुल्लितादि रूपकरि महंत कैसैं भासै है। तातैं दीनपनां निषिद्ध है। कोउ कहै कि ऐसैं है तो मुनि भी तौ दान लेवै है, उनकौं भी हीन कहौ। ताका उत्तर—मुनि है ते याचना करि दीन होइ दान नांही लेवै हैं। जैसैं कोई राजानिकी भेट करै तैसैं भक्त पुरुष विनयस्यों दान देवै है। तहां भी लोभतैं आसको होइ ग्रहण नांही करै है, तातैं यह हीन नांही होवै है। लोभतैं दीनताकरि लियो चाहै सो ही पुरुष हीनताकौं प्राप्त होइ है। आगैं लेनेंवालेका अर देनेंवालेका गतिविशेष दिखावता सूत्र कहै हैं—

अधो जिघृक्षवो यान्ति यान्त्यूर्ध्वमजिघृक्षवः।
इति स्पष्टं वदन्तौ वा नामोन्नमौ तुलान्तयोः ॥१५४॥

अर्थ—जिनकैं ग्रहण करनेकी इच्छा पाइए है ऐसे जीव हैं ते अधोगतिकौं प्राप्त हो हैं। बहुरि जिनकै ग्रहण करनेकी इच्छा नांही ऐसे जीव हैं ते ऊर्द्धगतिकौं प्राप्त हो हैं। सो ऐसैं:—ताखडीके दोय पालडें तिनिका नीचा होंना ऊंचा होना ते मानौं स्पष्ट प्रगटपने कहै हैं।

भावार्थ—ताखडीके दोय पालडे समान हैं, तहां जो अन्य वस्तुका ग्रहण करै सो तौ नीचा होइजाय, अर न ग्रहण करै सो ऊँचा हो जाय। ए ऐसैं होतैं संतै मानू यह बतावैं हैं:—जैसैं हमारी दशा हो है तैसैं जो लोभकरि ग्रहण करैगा सो तो तत्काल भी नीचा होइगा, अर आगामी नरकादिक नीची गतिकौं प्राप्त होगा।[2] अर जो लोभ छोरि ग्रहण न करैगा सो तत्काल भी ऊँचा रहेगा, अर आगामी स्वर्ग मोक्ष ऊँची गतिकौं प्राप्त होगा। ऐसैं युक्तिकरि यहु प्रयोजन दिखाया दीनताकरि हीनता अर दुर्गति

१. अन्यथा न होइ १५३.६

२. नीची गतिकौं प्राप्त होगा। ऐसैं युक्तिकरि यहु. ज. १५४.२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हो है, तातैं दीनता न करनी। इहां कोऊ पूछै—दीनताविषैं ऐसा पाप कहा है? ताका उत्तरः....दीन पुरुषकै लोभकषाय ऐसा तीव्र हो है जाकरि अन्य कषाय भी निर्बल होइ जाइ, लोक लज्जा भी मिटि जाइ, धर्मकौं भी गिनै नांही। बहुत कहा, धर्म सर्वोत्कृष्ट है ताकौ भी अपमान कराय अपना प्रयोजन साध्या चाहै, तातैं दीनता महापाप है।

आगै चाचकनिका मनोवांछित अर्थकी सिद्धि न करै ऐसा जु ईश्वरपनां तिसतैं दरिद्रपना ही भला है ऐसैं दिखावता सूत्र कहै हैं—

सस्वमाशासते सर्वे न स्वं तत् सर्वतर्पि यत्।
अर्थिवैमुख्यसंपादिसस्वत्वान्निस्वता वरम् ॥१५५॥

अर्थ—सस्व कहिये धनादिक सहित पुरुष ताकौं सर्व ही जाचै, अर ऐसा धनादिक होइ नांही, जो सर्वकौं तृप्त करै। तातैं अर्थीनिकौं विमुख-का करनहारा ऐसा जु धन सहितपनां तिसतैं धन रहितपनां है सो ही भला है।

भावार्थ—कोऊ जानैगा कि धनवान भए अर्थीनिके मनोरथ पूर्ण कीजिये है। तातैं धनवान होना भला है, सो ऐसैं तौ धनवानपनां काहू कै न हीइ जाकरि सर्व अर्थीनिके मनोरथ पूर्ण करि सकै, अर किंचित् धनवान-पनां होइ तब सर्व अर्थी याकी आशा करै। तहां सर्वकी आशा पूर्ण होइ नांही, तब वै अर्थी यातैं दुखी होइ विमुख हो हैं। तातैं ऐसे धनवानपनांतैं निर्धनपनां ही भला है। निर्धन भए कोऊ याकी आशा न करै। प्रत्यक्ष देखो धनवानके राजा मित्र स्त्री पुत्र याचकादि सर्व लागू होइ अर निर्धनकैं कोऊ लागू न होइ। तातैं दातार होनेके अर्थि धनवान होनेकी चाहि करिये है तहां लोभ अर मानका आधिक्य जानना। जो स्वयमेव धनवान होइ अर सर्वत्याग न करि सकै तहां दान देनेमैं किछू लोभका त्याग भया ताकरि तितना ही भला हो है। तातैं तिसकूं दान देनौ कह्या है। बहुरि दानका छलकरि धनवानपनाकौ भला जानना योग्य नांही।

आगैं जे धनवानकौं जाचै हैं तिनकैं आशारूपी खानि कैसी है ऐसा कहै हैं—

आशाखनिरतीवाभूदगाधा निधिभिश्च या।
सापि येन समीभूता तत्ते मानघनं धनम् ॥१५६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—जो आशारूपी खानि निधिनतैं भी अत्यंत अथाह होत भई सो भी आशा खानि जिसिकरि समानरूप भई सो तेरै घना मानरूपी धन जाननां।

भावार्थ—धनादिककी चाह ताका नाम आशा है सोई भई खानि सो नव निधाननितैं भी अथाह है। निधाननिविषैं धनादिक काढेतैं निधान टूटे नांही। परंतु कदाचित् उनका तौ थाह आवै, बहुरि इस आशाविषैं जो धनादिककी चाह पाइए है ताका थाह नांही। नव निधान मिलैं भी आशा बडी ही रहै है। तातैं जानीये है, उन निधाननितैं भी याकै भी अथाहपनां पाइए है। बहुरि हे जीव! जो तेरै यहु संतोषवृत्तिकरि याचनादि-रूप नम्रता न पाइए है, ताका नाम इहाँ मान है। सोई भया धन ताका प्रमाण ऐसा बहुत है जाकरि वैसी आशा खानि समानरूप हो है। पूर्वोक्त मानधन भए आशाकै अधिकताका अभाव हो है। तातैं नव निधाननितैं भी अभिमानरूपी धनकौं बड़ा जानि संतोषरूप होइ धनादिकै अर्थि याचना[1] करनी योग्य नांहीं, जातैं आशा मेटनेकै अर्थि धनादिक जाचिए है सो निधान पाए भी आशा न मिटै तो स्तोक धनादिकतैं कैसैं यहु मिटैगी। बहुरि संतोषवृत्तिकरि धनादिकै अर्थि नम्रीभूत न होना ऐसे ये परिणमन उपादेय है।

आगैं सो आशा खान मान धनकरि कैसैं समान भई ऐसे पूछें कहै है—

आशाखनिरगाधेयमधःकृतजगत्त्रया।
उत्सर्प्योत्सर्प्य तत्रस्थानहो सद्भिः समीकृता ॥१५७॥

अर्थ—यहु आशारूपी खानि है सो अथाह है। कैसी है यहु? नीचे कीये है तीन जगत जानैं ऐसी है। सो तिस आशारूपी खानिविषैं तिष्ठते धना-दिक तिनिकौं काढि काढि वह आशारूपी खानि सत्पुरुषनिकरि समान करी है, सो यहु बड़ा आश्चर्य है।

भावार्थ—पाषाणादिककी कोई खानि होय तामैंस्यौं पाषाणादिक काढि तिस खानिको अन्य भूमि समानि करना सो ही कठिन देखिये है। बहुरि यहु आश्चर्य देखो यहु आशारूपी खानि ऐसी तौ अथाह, जानै तीन लोक नीचे कीए, तीन लोकको संपदा भी आशाविषैं नीची है। अर आशा अधिक बड़ी है। सो ऐसी आशा खानि तामैं तिष्ठते पदार्थ तिनिकौं काढि काढि करि सत्पुरुष ताकौं समान करै हैं। भाव यहुः—आशाविषैं अनेक पदार्थनिकी चाह पाइए है। तहां सत्पुरुष हैं ते त्याग भाव करि इसकी

१. करनी योग्य नहीं। जातैं आशा न मिटै तो. ज. १५६.२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चाह छोरी, ऐसैं सर्व चाह छोरि तिस आशाकौं मिटायि समान भाव जो वीतराग भाव तिसरूप प्रवर्तै है।

आगैं निर्ग्रंथपनांकौ अवलंबिकरि प्रतिज्ञा करी है महाव्रतनिकी जानैं ऐसा मुनि है ताकै परिग्रहका अंगीकार करनेका अभावतैं ऐसैं पूर्वोक्त प्रकार ही इस आशाका समानरूप करना योग्य है ऐसैं दिखावता संता विहित इत्यादि दोय काव्य कहै हैं—

हिरणीछंद

विहितविधिना देहस्थित्यै तपांस्युपबृंहय—
न्नशनमपरैर्भक्त्या दत्तं क्वचित् कियदिच्छति।
तदपि नितरां लज्जाहेतुः किलास्य महात्मनः
कथमयमहो गृह्णात्यन्यान् परिग्रहदुर्ग्रहान् ॥१५८॥

अर्थ—मुनि है सो तपको वधावता शरीरकी स्थितिकै अर्थि जो भोजन योग्य विधिकरि अन्य गृहस्थां भक्तिकरि दियो ताकौं कोई कालविषैं किंचित्मात्र वांछै है। सो भी इस महात्मा मुनिकै अतिशयकरि लज्जाका कारण है तो अहो लोक! यहु महात्मा अन्य परिग्रहरूपी जे खोटे ग्रह तिनिकौं कैसैं ग्रहण करै है? सर्वथा न ग्रहण करै।

भावार्थ—कोऊ अज्ञानी मुनिकै भी किंचित् परिग्रहका ग्रहण मानैं ताकौं समझाइए है। अहो मुनिकै सर्व आशाका अभाव भया है एक आहार मात्र वांछा पाइए है। सो भी शरीर राखनेकै अर्थि आहारकौं चाहै है। जातैं विना आहार मनुष्य शरीर रहै नांही। बहुरि शरीरकौं भी तपकै अर्थि राखै है, जातै मनुष्य शरीर विना तप रहै नांही, सो भोजनकरि शरीरकौं राखि, तप ही कौं वधावै है। प्रमादी न हो है। बहुरि आचार शास्त्रविषैं जैसैं विधि वर्णन है तैसैं आहार मिलै तो ग्रहै है। आशक्त होय सदोष आहार न ग्रहण करै है। बहुरि अन्य गृहस्थकरि दिया आहार ग्रहै है। आप न बनावै है वा अदत्त नाहीं ग्रहै है। बहुरि भक्ति करि दिया आहार ग्रहै है। याचना करि दातारकरि दातारकौं दवाय नांही ग्रहै है। बहुरि ऐसा भी आहार नित्य न ग्रहै है। योग्य कालविषैं वा केई उपवासनिकै पारणै ग्रहै है। बहुरि ग्रहै है तब भी संपूर्ण उदर भरि आहार नांहीं करै है। किछू थोरा भी भोजन करै है। ऐसैं आहार ग्रहै है, तौ भी महंत मुनिकौं लज्जा उपजै है, सो हम इतनी चाहि करै हैं। सो हमारी हीनता है। बहुरि ऐसे भी कार्यविषैं जाकै लाज होय सो धन वस्त्रादिक दुष्ट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिग्रह जिनका तीव्र राग विनां ग्रहण न होइ तिनिका ग्रहण कैसैं करै ? सर्वथा न करै।

जिनागमविषैं लंगोट मात्र परिग्रह राखें भी अणुव्रती कह्या। अधिक परिग्रह होतैं मुनिपनौं कैसैं मानीये। तातैं मुनिकै वस्त्रादिक परिग्रह माननां मिथ्या है—

शार्दूलछंद

दातारो गृहचारिणः किल धनं देयं तदत्राशनं,
गृह्णन्तः स्वशरीरतोऽपि विरताः सर्वोपकारेच्छया।
लज्जैषैव मनस्विनां ननु पुनः कृत्वा कथं तत्फलं
रागद्वेषवशीभवन्ति तदिदं चक्रेश्वरत्वं कलेः ॥१५९॥

अर्थ—इस मुनि धर्मविषैं गृहस्थ तो दातार अर देने योग्य भोजन मात्र धन अर आप सर्वका उपकारकी इच्छाकरि तिस भोजनकौं ग्रहण करते अपने शरीरतै भी विरक्त ऐसैं जु यहु क्रिया हो है सोई यहु बुद्धि-वानौंकै लाज है। बहुरि यहु बड़ा आश्चर्य है जो तिस भोजनकौं मुनि भेषका[1] फल समझिकरि राग द्वेषकै वशीभूत हो है। सो यहु कलिकालकौं चक्रवर्त्तिपनौ है।

भावार्थ—गृहस्थ तौ अपनी भक्तितैं दातार होइ अर मुनि पात्र होइ तहां एक भोजन मात्र ही धन हीका दान है। अन्य धनादिकका दान नांही है। बहुरि तिसकौं भी मुनि गृहै है सो अपना वा दातारका वा अन्य जीवनिका जैसें सर्व प्रकार भला होइ तैसैं ग्रहै है। ऐसैं नांही जो आहार लेइ प्रमादी होइ अपना बुरा करै, दातारकौं कषाय उपजाय वाका बुरा करै वा अन्य जीवनिकौं दोषका कारन होइ। औरनिका बुरा करै बहुरि आहार लेतैं भी अपने शरीरतैं भी विरक्त रहै है। जानै है, यहु शरीर मोकूं इष्ट नांही, परंतु याकरि तप साधन करना है, तातैं जैसैं यहु नष्ट न होय तैसैं थोरा नीरस आहार करना। स्वादादिकका लोभतैं आहार नांहीं करै है। ऐसैं मुनि आहार ग्रहण करै है सो ही मुनिकै लाज उपजावै है। आहार लेनेतैं संकोच उपजै है। आपकी हीनता मानै है। बहुरि यहु बड़ा आश्चर्य भया है इस कलिकालविषैं आहारकै अर्थि मुनिपनौं अंगी-कार करै है। इस भेषकरि आजीविकाकी सिद्धि करै है सो हमकौं ऐसैं

१. भेषका फल करि, ज० १५६-४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भासैं है। यहु कलिकालविषैं चक्रवर्तिपनेकी महिमा है। जैसैं चक्रवर्ति अपने क्षेत्रके वासी देवादिक तिनिविषैं भी आज्ञा मनावै तैसैं यहु कलिकाल अपनी मर्यादाविषैं उपजे मुनि आदि तिनि विषै भी विपरीतपनां प्रवर्त्तावै है। इहां कोऊ कहैः—जु यहु काल दोष है तो इस कालविषैं ऐसे ही मुनि मानौ। ताका उत्तर—जैसैं कलिकालविषैं अन्याय प्रवर्त्तै है तौ ताकौं न्याय तो न माननां। यहु जाननां जो अन्यायकी प्रवृत्ति कालदोषतैं है। तैसैं कलिकालविषैं भ्रष्ट भेषधारी प्रवर्त्तै हैं तो तिनिकौं मुनि तो न माननें, यहु जाननां जो ऐसे भेषनिकी प्रवृत्ति काल दोषतैं है। बहुरि जैसे कहिये यहु कार्य दुष्टके उदयतैं भया है। तहां दुष्टवत् उस कार्यकी निंदा जाननी। तैसैं जहां कहिये यहु कार्य कलि कालतैं भया तहां कलिकालवत् तिस कार्यकी बहुत निंदा कीनी है ऐसा जानना। तातैं जे मुनि भेषधारी जो भोजनादिकके अर्थी होइ रागी द्वेषी हो हैं तिनिकी निंदा करनेकै अर्थि यहां कलिकालका महिमा कह्या है—

आगैं रागद्वेषका आधीनपनां कर्मकरि करिये है, तींह कर्म हे, जीव ! तेरा कहा कीया है सो कहै है—

शार्दूलविक्रीडित छंद

आमृष्टं सहजं तव त्रिजगतीबोधाधिपत्यं तथा
सौख्यं चात्मसमुद्भवं विनिहतं निर्मूलतः कर्मणा।
दैन्यात्तद्विहितैस्त्वमिन्द्रियसुखैः संतृप्यसे निस्त्रपः
स त्वं यश्चिरयातनाकदशनैर्बद्धस्थितस्तुष्यसि ॥१६०॥

अर्थ—हे जीव! जिस कर्मकरि तेरा स्वभावभूत तीन जगत्का जु ज्ञान ताका स्वामित्वपनां सो नष्ट कीया। बहुरि तैसैं ही आत्मजनित सुख सो मूलतैं नाशको प्राप्त भया सो कर्म तौ ऐसैं कीया। बहुरि तूं निर्लज्ज हुवा दीनपनांतैं तिस कर्मकरि निपजाएँ इन्द्रिय सुख तिनिकरि तृप्त हो है सो तूं कौन जो यातना कहिये उपवासादिकका कष्ट ताहि सहिकरि पीछै मिलै जो कुत्सित नीरस आहार ताविषैं बांधी है स्थिति आजीविका जानै ऐसो होत संता संतुष्ट हो है।

भावार्थ—जैसैं कोई बड़ा राजा ताकौं कोई बैरी राज-भ्रष्ट करै। बहुरि वह राजा दीन होई उस ही का दिया किंचित् भोजनादिक ताकरि प्रसन्न होइ। तहां तिसकौं निर्लज्ज कहिये धिक्कार दीजिये। तैसैं हे जीव! तूं अनंत ज्ञान सुखका स्वामी महंत पदार्थ है। बहुरि ऐसे ज्ञान सुखका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाशकरि कर्म वैरीनैं तोकौं भ्रष्ट कीया है। बहुरि तूं दीन होइ तिस कर्म उदयतैं उपज्या किंचित् विषयसुख तिनिकरि संतुष्ट हो है सो तूं निर्लज्ज है, धिक्कार देने योग्य है। बहुरि जैसैं उस राजाके वैरीका दिया भी महा-कष्टतैं बुरा भोजनादिक मिले अर तहां वह राजा संतुष्ट होइ तौ वह बहुत निंद्य है। तैसैं हे भ्रष्ट मुनि! तेरे कर्मका दीया भी बहुत सुख नांही। घनैं उपवासादिक कष्ट सहै तब गृहस्थकै घर जैसा तैसा आहार मिलै, अर तहां अपनी तूं आजीविकाकी थिरता भई मानि संतुष्ट हो है, तातैं तूं बहुत निंद्य है। तातैं जैसैं उस राजाकौं अपने वैरीके नाश करनेका उपाय करना योग्य है, तैसैं तोकूं कर्मका नाश ही करना योग्य है। विषया-शक्त होना योग्य नांही।

आगै जो तेरै इन्द्रिय सुखका अभिलाष है तो होहु तथापि जहां विशिष्ट इन्द्रिय विषय हैं ताकौं दिखावता सूत्र कहै हैं—

तृष्णा भोगेषु चेद्भिक्षो सहस्वाल्पं स्वरेव ते।
प्रतीक्ष्य पाकं किं पीत्वा पेयं भुक्तिं विनाशयेः ॥१६१॥

अर्थ—हे भिक्षुक मुनि! तेरै जो विषय भोगनिविषैं ही चाहि है तो थोरासा सहनशीली होहु। ते भोग स्वर्गविषैं हैं। रे मूर्ख! पचता भोजनकौं देखि अर पीवने योग्य जलादिक ही कौं पीय करि कहा भोजनका नाश करै, ऐसैं मति करै।

भावार्थ—जैसैं कोई भूखा मूर्ख पचता भोजनकूं प्रत्यक्ष देखि जेतैं भोजन पचै तेतैं धैर्य न करै। इतने काल भूख न सहै। अर किछू भोजन-संबंधी जलादिक ही कौं पीय भोजनका नाश करै। तैसैं तूं विषयनिका अभिलाषी मूर्ख धर्म साधनतैं थोरासा ही कालमैं स्वर्गकी प्राप्ति होय। तहां विशेष विषय मिलै, ताकौ विचार। जेतैं यह मनुष्यका आयु पूर्ण होय स्वर्ग मिलै, तेतैं धैर्य न करै, इतने काल चाहिकौं न सहै। अर किछू इहां सदोष भोजनादिक विषय तिनहीकौं सेय करि स्वर्ग सुखका नाश करै है। सो ऐसा कार्य तूं क्यों करै है, मति करै। जो भोगनि ही की वांछा है तौ थोरेसे काल धैर्य राखि, धर्म साधन करि, तोकूं स्वर्गविषैं बहुत विषय मिलेंगे। यद्यपि विषयाभिलाष योग्य नांही, तथापि इहां भ्रष्ट होता जीव-कौं लोभ दिखाइ थांम्यां है ऐसा भाव जानना।

आगै कर्मकरि इन्द्रियसुख अर जीवितव्य ए दोय कार्य निपजाइए है। बहुरि जे ऐसे मुनि हैं तिनिका कर्म कहा करै, ऐसा दिखावता निर्धनत्वं इत्यादि श्लोक कहै है—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निर्धनत्वं धनं येषां मृत्युरेव हि जीवितम् ।
किं करोति विधिस्तेषां सतां ज्ञानैकचक्षुषाम् ।।१६२।।

अर्थ—जिनकै निर्धनपनौ तौ धन अर मरणो सो जीवितव्य है ऐसै जे संत पुरुष, ज्ञान ही है एक नेत्र जिनकै, तिनिकौं विधाता कर्म है सो कहा करै, किछू कर सकै नांहीं।

भावार्थ—जे महामुनि ज्ञान नेत्रकरि यथार्थ पदार्थनिकौं अवलोकै हैं तिनिकौं धनादिक रहित निर्ग्रन्थपनौं सोई धन है। जैसैं अन्य जीव धनतैं सुखी होइ, तैसैं ये मुनि निर्ग्रन्थपनातैं सुखी हैं। बहुरि तिनिकै मरना सोई जीविना है। जैसैं अन्य जीव प्राण धरनेतैं सुखी हो हैं तैसैं ए मुनि इन्द्रियादिक प्राण छूटे सुख मानै हैं। ऐसे जे मुनि तिनिका कर्म कहा करै? कर्मका तौ बल इतना ही है। अनिष्टरूप प्रवर्त्तै तब निधनपनौं होइ व मरण होइ सो इनिकरि तौ मुनि दुखी होइ नांही। तातैं इनका कर्म किछू भी करि सकै नांही।

आगैं ऐसै है तो विधाता कर्म है सो कौनकै अपना कार्यका कर्ता हो है सो कहै है—

जीविताशा धनाशा च येषां तेषां विधिर्विधिः ।
किं करोति विधिस्तेषां येषामाशा निराशता ।।१६३।।

अर्थ—जिनकै जीवनेकी आशा है अर धनकी आशा है तिनिकै विधाता विधाता है। बहुरि जिनकै आशा नष्ट भई तिनका विधाता कहा करै? किछू न करि सकै।

भावार्थ—इहां विधाता नाम कर्मका है, सो जे अज्ञानी पाया पर्यायरूप जीया चाहै हैं अर धन चाहै हैं तिनकै कर्म है सो अपना कार्य निपजावनेकौं समर्थ होता कर्मपनांकौ धारै है। ते जीव कर्मतैं डरै हैं। हमारा मरण मति होहु। हमारे निर्धनपनां मति होहु। ऐसैं आशातैं कर्म उनकौं दुखी करै है। बहुरि जिनकै आशा नाशकौं प्राप्त भई छता धनादिकको भी छोडि बैठे अर मरणकै कारणनिकै सन्मुख भए तिनिका कर्म किछू करि सकै नांही। ए मुनि कर्मतैं डरै नांही, मरण हो है तो होहु, पर्याय छोडनेका भय नाहीं। अर निधनपनाकौं निराकुलताका कारण जानि स्वाधीनपने ही धनादिक छोड्या है। ऐसैं आशा छोरी तिनकौं कर्म कैसैं दुखी करै। मोह हीन भए कर्मका उदय होता हीन होता सदृश है। आत्माकौं दुखी करनेरूप कार्यका कर्ता न हो है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं कोई तौ बड़ा राज्य छौडि आशाका नाशकौं अवलंबै है, कोई तप छोरि राज्यकौं अंगीकार करै है, तिनको फल दिखावता संता 'परां' इत्यादि दोय श्लोक कहै हैं—

परां कोटिं समारूढौ द्वावेव स्तुतिनिन्दयोः ।
यस्त्यजेत्तपसे चक्रं यस्तपो विषयाशया ॥१६४॥

अर्थ—स्तुति अर निंदा इनिका सर्वोत्कृष्ट भागकौ ए दोए ही जीव प्राप्त हो हैं। एक तौ जो तपकै अर्थि चक्रकौं छांडै, अर एक जो विषयकी आशाकरि तपकौं छांडै।

भावार्थ—इस लोक विषैं केई स्तुति योग्य, केई निंदा योग्य जीव हैं, तिन सबनिविषैं जो चक्रवर्त्ति पदकौ छोरि मुनिपद धारै हैं सो तो सर्वोत्कृष्टपनैं स्तुति करने योग्य हैं। ऐसी प्राप्त भई चक्रवर्तिपनाकी संपदाकौं छोरि वैसा मुनि धर्मरूप दुर्द्धर अनुष्ठान आचरै है। तातैं याका महिमा उत्कृष्टपमे स्तवने योग्य है। बहुरि जो ग्रह्या हूवा मुनि पदकौं छोरि विषयवांछातैं राज्य पदकौं अंगीकार करै हैं सो सर्वोत्कृष्टपनैं निंदा करने योग्य हैं। छोटी हू प्रतिज्ञा भंग कीयें निंदा होय। यानैं तो मुनिपद अंगीकार करि ताका भंग किया है। तातैं याकौ भ्रष्टपनौं उत्कृष्टपनैं निंदा योग्य है। इहां कोई कहै कि निंदा तौ करनी योग्य नांही। ताका उत्तरः—ईर्षातैं द्वेष बुद्धिकरि निन्दा करनी योग्य नांहीं है। बहुरि पापाचरनकी प्रगटता करि ताकौं बुरा जनावनेंकै अर्थि निंदा करनेमैं दोष नांही। ऐसैं न होय तौ पापी जीवकी निंदा शास्त्रनिविषैं काहेकौं करिए है।

हिरणीछंद

त्यजतु तपसे चक्रं चक्री यतस्तपसः फलं
सुखमनुपमं स्वोत्थं नित्यं ततो न तदद्‌भुतम् ।
इदमिह महच्चित्रं यत्तद्विषं विषयात्मकं
पुनरपि सुधीस्त्यक्तं भोक्तुं जहाति महत्तपः ॥१६५॥

अर्थ—चक्रवर्ती है सो तपकै अर्थि चक्रकौं छांडै है तौ छांडो, जातैं तपका फल अनौपम्य आत्मजनित शास्वता सुख हो है। तातैं सो कार्य तौ आश्चर्यकारी नांही है। बहुरि इस लोकविषैं यहु बड़ा आश्चर्य है जो सुबुद्धी होय छोड्या हूवा विषयरूप विषकौं बहुरि भोगवने अर्थि बड़े तपकौं छांडै है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—लोकविषैं घने सुखकै अर्थि किंचित् सुखकौ छांडैं[1] ताका बड़ा आश्चर्य नाहीं। सर्वथा दुखदायक जो विष ताकौं छोडि बहुरि ताके खानेकै अर्थि बड़ा पदकौं छांडै ताका बड़ा आश्चर्य होय है। तातैं इहां भी मोक्ष सुखकै अर्थि चक्रवर्तिपदकौं छांडै ताका कहा आश्चर्य है। जो सर्वथा दुखदायक जे विषय तिनकौं छोडि, बहुरि तिनके सेवनेके अर्थि त्रिलोक पूज्य मुनि पदकौं छांडै है सो यहु बड़ा आश्चर्य है। ऐसा अनर्थ कैसे बनै है।

आगैं तप त्यजनेवालौंका बहुरि आश्चर्य करत संता सूत्र कहै हैं—

वसंततिलकाछंद

शय्यातलादपि तुकोऽपि भयं प्रपातात्
तुङ्गात्ततः खलु विलोक्य किलात्मपीडाम्।
चित्रं त्रिलोकशिखरादपि दूरतुङ्गाद्
धीमान् स्वयं न तपसः पतनाद्बिभेति ।।१६६।।

अर्थ—तुक कहीए बालक है सो भी आपकै पीड़ा होती देखि ऊंचा जो शय्यातल तिसतैं भीं पडनेतैं डरै[2] है। अर येहू निश्चय करि बडा आश्चर्य है जो बुद्धिवान पुरुष तीन लोकका शिखर समान अतिशय करि ऊंचा जो तप तिसतैं भी आप पड़नेतैं नांही डरै है।

भावार्थ—बालक विचार रहित है सो भी थोरी सी ऊंची शय्या तिसतैं पडनेतैं भयवान हो है। वाकै भी इतना विचार है जो इहांतैं पड़े मेरै पीडा ज्पजैगी। बहुरि यहु मुनि लिंगका धारी है सो तो विचारवान है। बहुरि यहु तप है सो तीन लोकका शिखर समान ऊंचा है। इहां तीन लोकके जीव तपकौं बडा पूज्य[3] मानै है, तातैं ऊंचा जाननां। सो इसतैं भ्रष्ट होता नाहीं, भय करै है। आप ही भ्रष्ट हो है। इतना न विचारै है—इसतैं भ्रष्ट भए मोकूं इस लोकविषैं हास्यादिक पीडा होइगी, परलोकविषैं चिरकाल पर्यंत नरक, निगोदादिके दुख भोगवने होंहिगे सो यहु बड़ा आश्चर्य है। अहो लोकविषैं तौ ऊंचा पद पायें पीछै पराधीनपने भी नीचा होतैं इतनी लज्जा हो है तहां अपघातादिक करना विचारै है। यहु ऐसा निर्लज्ज भया है मुनिपद सारिखा ऊंचा पद पाइ आप ही स्वाधीन भ्रष्ट होइ नीचा हो है।

१. छोड़े, ज० १६५,८
२. पडनेतैं नहीं डरे है ज० १६६,६
३. तपकौ पूज्य, मु० १६६,११

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सो ऐसा असंभव कार्य देखि कैसैं आश्चर्य न होइ है। इहां आश्चर्य कहनेका यहु भाव है—भ्रष्ट होता मुनि लोक रीतिकौं उल्लंघि निन्दाका स्थान भया है।

आगैं जा तपकरि महा पापका धोवनां होइ तिस तपकौं भी नीच पुरुष मलिनताकौं प्राप्त करै है ऐसा कहैं हैं—

विशुध्यति दुराचारः सर्वोऽपि तपसा ध्रुवम्।
करोति मलिनं तच्च किल सर्वाधरःऽपरः ॥१६७॥

अर्थ—तपकरि सर्व ही किया हुआ दुराचार है सो निश्चय शुद्ध हो है, दूरि हो है। बहुरि जैन मततैं बाह्य भया ऐसा सर्वतैं निकृष्ट निंद्य जीव है सो तिस तपकौं मैला करै है।

भावार्थ—जैसैं जलकरि मल धोइये है। बहुरि जा धोवनेका कारण जल ही मैं मल मिलावै तो वाकौं नीच कहिये। तैसैं तपकरि पाप दूरि हो है। बहुत पापी भी होइ अर तप करै तौ पापकौं दूरि करै। बहुरि जो पाप दूरि करनेका कारण तप तिस ही विषैं पाप लगावै तौ वह सर्वोत्कृष्ट नीच है। इहां यहु भाव है जो पाप ही करता होय सो तो नीच ही है। अर पाप मेटनेका कारण मुनिलिंग धारै अर तिस विषैं दोष लगावै सो उत्कृष्ट-नीच है। सो अन्यत्र भी ऐसा न्याय है—'अन्य स्थानविषैं कीया पाप तौ धर्म स्थानविषैं दूरि होय। धर्म स्थानविषैं कीया पाप कहां दूरि होय, वज्र-लेप हो है" तातैं गृहस्थ पदका उपजाया पाप मुनिपदविषैं दूरि होइ अर मुनि पदविषैं कीया पाप कहाँ दूरि होइ, वज्रलेप हो है। ऐसैं निश्चै करि मुनिलिंग विषैं दोष लगाना योग्य नांही।

आगैं आश्चर्यके बहुत कारण हैं तिनविषैं तपकौं छोड़नेवालाकै अति आश्चर्यपणांके कारणकौं दिखावता सूत्र कहै हैं—

वसन्ततिलकाछंद

सन्त्येव कौतुकशतानि जगत्सु किं तु
विस्मापकं तदलमेतदिह द्वयं नः।
पीत्वाऽमृतं यदि वमन्ति विसृष्टपुण्याः
संप्राप्य संयमनिधिं यदि च त्यजन्ति ॥१६८॥

अर्थ—तीन जगतनिविषैं कौतूहलनिके सैंकडे पाइए ही है। परंतु इनि विषैं हमकौं तौ ए दोय ही कार्य अत्यर्थपनैं आश्चर्य उपजावनेहारे हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक तौ भाग्यहीन पुरुष अमृत पीय करि ताकौं वमैं है अर एक जो संयम नियम निधानको[1] पाय करि ताकौं छांडै है।

भावार्थ—जहां असंभव कार्य भासै तहां आश्चर्य मानिए है। सो लोकनिकौ तो अनेक कौतुकरूप कार्य आश्चर्यकौं उपजावै हैं। परंतु हमकौं तौ इन दोय कार्यनिहीका आश्चर्य है। कोई महाभाग्यतैं जाकरि जरादिक रोग न होइ ऐसा अमृत पान किया। बहुरि वाकों वमै सो एक तौ यहु आश्चर्य है। अर कोई काललब्धितैं, जाकरि जन्म मरणादि दुःखका नाश होई ऐसा संयम निधानका ग्रहण कीया, बहुरि वाकौं छांडै, सो एक यहु आश्चर्य है। इहां दोय आश्चर्य कहे। तहां पहलै तौ दृष्टांत-रूप जानना। जैसैं अमृतपानकरि ताका वमन करनां तैसैं संयम ग्रहणकरि ताका त्यजन करना विपरीत कार्य है। तातैं ऐसा कार्य विवेकी करै नांही।

आगैं तिस पूर्वोक्त कारणतैं संयम निधानकौं नांही छांडते ऐसे विवेकी जीव हैं ते सर्व परिग्रह त्यागकरि रागादिकका निर्मूल नाश करनेकै अर्थि यत्न करहु ऐसी सीख देता सूत्रकहै हैं—

मालिनीछंद

इह विनिहतबह्वारम्भबाह्योरुशत्रोः
उपचितनिजशक्तेर्नापरः कोऽप्यपायः।
अशनशयनयानस्थानदत्तावधानः
कुरु तव परिरक्षामान्तरान् हन्तुकामः ।।१६९।।

अर्थ—इस मुनिलिंगविषै नाशकौं प्राप्त कीए हैं बहुत आरंभादि पाप कर्मरूप बाह्य वैरी जानै, अर एकट्ठी कीन्ही है अपनी शक्ति जिंहि ऐसा जो तूं सो तेरे और तौ कोऊ विघ्न करनहारा कष्ट रह्या नांही, परन्तु अंतरंग वैरीनिका नाश करनेका अभिलाषी होय भोजन करना, सोवना, चालना, तिष्ठना इत्यादि क्रियानिविषैं सावधान होत संता तूं तेरी रक्षाकौं करि, यहु हम सीख दई है।

भावार्थ—राजानिकै शत्रु दोय प्रकार होइ हैं। एक तौ बहिरंग, एक अंतरंग। तहां जे अन्य राजादिक अपने स्थानतैं बाह्य प्रगट बैरी ते तौ बहिरंग शत्रु हैं। वहुरि जे खानपानादिकके साधक किंकरादिक अपने

---

१. संयम निध नकों, मु० १६८, ७३,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पासि मांही रहते छानै बैरी, ते अंतरंग के शत्रु हैं। तहां जो राजा बहिरंग शत्रुनिका नाश करै ताकै राजभ्रष्ट होनेका कारण नांही। परंतु जो खान-पानादि क्रियानिविषैं सावधान न प्रवर्त्तै तौ अंतरंग शत्रुनिकरि मरणकौं पावै। तातैं अंतरंग शत्रुनितैं भी जैसी अपनी रक्षा होइ तैसैं खानपानादि क्रियानिविषैं सावधान रहना योग्य है। तैसैं मुनिनिके शत्रु दोय प्रकार हैं। एक तौ बहिरंग, एक अंतरंग। तहाँ जे हिंसादिरूप आरंभादिक अपने मुनि लिंगतैं बाह्य प्रगट विपरीत भासैं ते तौ बहिरंग शत्रु हैं। बहुरि जे खान-पानादि क्रियानिविषैं रागादिक प्रमादरूप मुनिलिंगविषें भी मोही होते छाने विपरीत भाव ते अंतरंग शत्रु हैं। यहां जो मुनि बहिरंग आरंभादिकका त्याग करै ताकै मुनिपदतैं भ्रष्ट होनेका कारण रह्या नांही। परंतु जो खानपानादि क्रियानि विषैं[1] प्रमादी होइ सावधान न प्रवर्तै तौ अंतरंग रागादि भावनिकरि मुनिपदका नाशकौं पावै। तातै अंतरंग रागादि शत्रुनि-तैं जैसें अपना मुनिपदकी रक्षा होय तैसैं खान पानादि क्रियानिविषैं सावधान रहना योग्य है। भाव इहां यहु है—बाह्य आरंभादिक ही का त्याग करि निश्चित न होना। मुनिलिंगविषैं खानपानादि क्रिया रही है, तहां भी रागादिक न करनां।

आगैं मनकौं रोके आत्माकी रक्षा होइ अर रागादिका नाश होइ तिस मनको रोकना ऐसैं करनां योग्य है ऐसैं कहै हैं—

शिखरणीछंद

अनेकान्तात्मार्थप्रसवफलभारातिविनते
वचःपर्णाकीर्णे विपुलनयशाखाशतयुते।
समुत्तुंगे सम्यक्प्रततमतिमूले प्रतिदिनं
श्रुतस्कन्धे धीमान् रमयतु मनो मर्कटममुम्॥१७०॥

अर्थ—बुद्धिमान है सो इस मनरूपी बंदरकूं दिन प्रति सदाकाल शास्त्र-रूपी वृक्षविषैं रमावो। कैसा है शास्त्ररूपी वृक्ष अनेकान्तस्वरूप[2] जो अर्थ, तेई भये जे फूल फल, तिनके भारकरि नम्रीभूत है। बहुरि वचनरूपी पाननिकरि व्याप्त है। बहुरि विस्तीर्ण नयरूपी शाखा डाहली तिनके सैकडानि संयुक्त है। बहुरि भलै प्रकार ऊँचा है। बहुरि भला विस्तार लीये जो मतिज्ञान सो जाका मूल जड है।

---

१. क्रियानिविषैं अप्रमाद होई ज० १६९, १,

२. कैसा है वा अनेकान्त. ज. १७०.८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—कोऊ कहै मन तौ बंदरसमान चंचल है सो सावधानी राखें भी रागादिरूप परिणमैं तौ कहा करिए? ताकौं शिक्षा दीजिए है। जैसैं बन्दर ठाला रहै तब तौ कछू विगार करै ही करै। तातैं वाकौं वृक्षविषैं रमा दीजिये तौ अपना विगार न करै, अर वह भी प्रसन्न रहै। तैसैं मन निरालंव रहै तब तो रागादिरूप प्रवर्त्तै ही प्रवर्त्तै; तातैं वाकौ शास्त्राभ्याम विषैं लगा दीजिये तो रागादिरूप न प्रवर्त्तै, अर वह मन भी प्रसन्न रहै। इहां बाह्य शास्त्रनिका पठन पाठन करना ताहीका नाम शास्त्राभ्यास न जाननां[1]; किन्तु शास्त्रकै अनुसारि स्वरूपध्यानादिकका करनां सो भी शास्त्रम्यास ही है। जातैं शुक्लध्यानविषैं भी वितर्कसहित ध्यान कह्या, बहुरि वितर्क नाम श्रुतका कह्या है। तातैं यावत् केवलज्ञान न होइ तावत् शास्त्रविषैं ही मन लगाये रागादिक हीन हो है। सो यहु शास्त्र मन बन्दरके रमावनेकौ वृक्षसमान कह्या। तहां वृक्षविषैं तो सारभूत फूल फल हो[2] है। ताका भारकरि नम्र है, अर शास्त्रविषैं [3]सारभूत स्याद्वाद-रूप अर्थ पाईए है ताका वाहुलपनां करि ग्राह्य है। बहुरि वृक्षविषै पान हो है ताकरि सघन शोभै है। शास्त्रविषैं युक्ति लीयैं वचन पाइए है ताकरि संकीर्ण शोभै है। बहुरि वृक्षविषैं डाहली हो है तिनकै आश्रय पत्र फल फूल पाईए है। शास्त्रविषैं अनेक नय हैं तिनकै आश्रय वचन रचनां वा अर्थ-निरूपण करिये है। बहुरि वृक्ष ऊंचा शोभै है। शास्त्र त्रिलोक्य पूज्य ऊंचा शोभै है। बहुरि वृक्षकै विस्ताररूप जड हो है। सोई कारणभूत है। शास्त्रकै विषैं विस्तारलिएँ[4] बुद्धि अथवा मतिज्ञान पूर्वै कारणभूत हो है। ऐसैं वृक्ष-समान शास्त्रविषैं मन बन्दरकौं रमावो।

आगैं शास्त्ररूपी वृक्षकै मनकौं रमावता हुआ जीव है सो ऐसैं तत्त्वकौ भावै ऐसा कहैं हैं—

तदेव तदतद्रूपं प्राप्नुवन्न विरंस्यति।
इति विश्वमनाद्यन्तं चिन्तयेद्विश्ववित् सदा ॥१७१॥

अर्थ—समस्त तत्त्वनिका जाननिहारो ज्ञानी है सो अनादिनिधनि समस्त जीवादि तत्त्वनिकौं ऐसा चिंतवै है जो सोई एक वस्तु तिस विवक्षित स्वरूप-

१. शास्त्राभ्यास जाननां—मु. १७०.२०
२. सारभूत फल हो हैं. मु. १७०.५
३. नम्र हैं—शास्त्रविषै. ज. २७०.२
४. शास्त्रकै विस्तार क्रिए. ज. १७०.७
५. शास्त्र त्रिषैं. मु. १७०१'५.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कौं अर तिसतैं प्रतिपक्षी स्वरूपकौं प्राप्त होत संता नांही नाशकौं प्राप्त हो है।

भावार्थ—शास्त्राभ्यास करनेवाला ज्ञानी केवल शब्द अलंकारादिविषैं ही नांही मनकौं रमावै है। ऐसैं वस्तु स्वरूपकौं चिंतवै है। एक कोई जीवादिक वस्तु है सो नित्य भी है, अनित्य भी है। [1]सत्तारूप भी है, असत्ता रूप भी है। एक भी है, अनेक भी है इत्यादि तिसरूप है अर तिसरूप नांही भी है। सो ऐसे भावकौं प्राप्त होता जीवादिक वस्तु है सो नाशकौ प्राप्त न हो है, अपने स्वभावरूप रहै है। ऐसैं ही अनादिनिधन समस्त जीवादिक पदार्थ पाईए हैं। बहुरि ऐसैं ही शास्त्रद्वारकरि तत्त्व ज्ञानी जीव चिंतवै है सो ऐसे चिंतवनतैं वस्तु स्वरूप भासें सम्यग्दर्शनादिककौं पाइ अपना कल्याण करै है।

आगैं ऐसा ज्ञान तौ भ्रमरूप होसी ऐसी कोई आशंका करै ताकौं निराकरण करता सूत्र कहै हैं—

एकमेकक्षणे सिद्धं ध्रौव्योत्पादव्ययात्मकम्।
अबाधितान्यतत्प्रत्ययान्यथानुपपत्तितः ॥१७२॥

अर्थ—एक ही वस्तु एक ही कालविषैं ध्रौव्य उत्पाद व्यय इनि तीनूं-स्वरूप है। इहां हेतु कहे है—प्रमाणकरि अखंडित[2] ऐसी जु यहु अन्य है, ऐसी प्रतीति अर यहु सोई है ऐसी प्रतीति ताकी अन्यथा असिद्ध है।

भावार्थ—जो एक ही अपेक्षातैं वस्तुकौं तिसरूप भी कहिये अर तिस-रूप नांही भी कहिये तौ भ्रम ही है। बहुरि अन्य अपेक्षातैं कहिए तौ विरोध नांही। जैसैं पुरुषकौं एक ही पुरुषका पिता भी कहिए, पुत्र भी कहिए तौ भ्रम ही है। अर औरका पिता, औरका पुत्र कहिये तौ विरोध नांही। वस्तु स्वरूपकौं साधै है, सो इहां एक ही वस्तु नित्य अनित्य कह्या ताका उदाहरण कहै हैं। कोई एक पुरुष रंक था बहुरि वह राजा भया, तहां अवस्था पलटनेकी अपेक्षा पहले रंक था अब राजा भया ऐसा अन्य-पना भासै है। तातैं यहु अन्य है ऐसा मानीए है। बहुरि मनुष्यपनांकी अपेक्षा पहले भी मनुष्य था, अब भी वही मनुष्य है ऐसा एकपनां भासै है, तातैं यहु सोई है, ऐसा मानीये है। सो ऐसी प्रतीति प्रत्यक्षादि प्रमाणनि-

---

१. सत्तारूप भी है, एकरूप भी है। ज० १७१, ५
२. अर तिसरूप नांही भी कहिए तौ विरोध नाहीं, ज० १७२, ४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करि बाधित नांही है। ऐसैं ही वस्तुस्वरूप भासै है, तातैं सोई पुरुष एक-कालविषैं उत्पादव्ययध्रौव्यपनाकौं धारै है। जिस समय रंकतैं राजा भया उस ही एक कालविषैं राजापनांका तौ उत्पाद है, रंकपनांका व्यय है, मनुष्य-पनां ध्रौव्य है ऐसैं ही कोइ जीव मनुष्यतैं देव भया तहां मनुष्यपना देव-पनाकी अपेक्षा यहु अन्य है ऐसी प्रतीति करिये है। जीवपनांकी अपेक्षा यहु सोई है ऐसी प्रतीति करिये है। तातैं मनुष्यतैं देव होनेका समयविषैं देवपनांका उत्पाद, मनुष्यपनांका व्यय, जीवपनांका ध्रौव्य ऐसैं एक ही वस्तु एक कालविषैं तीनौं भाव धरे पाईए है। याही प्रकार सर्व जीवादिक वस्तु एक समयविषैं स्थूल पर्यायनिकरि वा सूक्ष्म पर्यायनिकरि उत्पादव्यय-ध्रौव्यपनौंकौं धारै है। तातैं एक वस्तुविषैं नित्य अनित्यपना सिद्ध भया। ऐसैं ही स्वद्रव्य क्षेत्र काल भावकी अपेक्षा सत्तापनां परद्रव्य क्षेत्र काल भाव अपेक्षा नास्तिपनां मांननौं। एक ही पुरुषकौं यहु द्रव्य सो पुरुष है, यहु द्रव्य सो पुरुष नांही। सोई पुरुष इस क्षेत्रविषै है, इस क्षेत्रविषै नांही। इस काल-विषै है, इस कालविषैं नांही। ऐसा स्वरूपमय है, ऐसा स्वरूपमय नांही। ऐसैं मानिये है। तातैं एक ही वस्तु युगपत् सत्ता असत्तारूप है। बहुरि अंशीकी अपेक्षा एक, अंशनिकी अपेक्षा अनेक मांननां। एक ही पुरुषकौं सर्व शरीर अपेक्षा एक भी कहिए, अर हस्त पादादि अपेक्षा अनेकरूप भी मानिये है। तातैं एक ही वस्तु युगपत् एक अनेकरूप है। ऐसैं ही तिसरूप हैं अर तिसरूप नाहीं भी है, ऐसा तत्त्व भासै है। सो यथा योग्य शास्त्र द्वारकरि प्रमाणतै अविरुद्ध अपेक्षातैं सम्यग्ज्ञानी जीव तैसैं ही विचारै है।

आगैं कोई तर्क करै जो वस्पुकै ध्रौव्यादि तीन स्वरूपपनौं असिद्ध है। जातैं तिस वस्तुकै सर्वथा नित्यादि एक एक स्वरूपपनौं हीं पाईए है। ऐसी आशंकाकौं दूरि करता सूत्र कहै हैं—

वसन्ततिलकाछंद

न स्थास्नु न क्षणविनाशि न बोधमात्रं
नाभावमप्रतिहतप्रतिभासरोधात्।
तत्त्वं प्रतिक्षणभवत्तदतत्स्वरूपं
आद्यन्तहीनमखिलं च तथा यथैकम् ॥१७३॥

अर्थ—वस्तु है सो सर्वथा स्थिर नित्य ही नांही, क्षण विनस्वर ही नाहीं, ज्ञानमात्र ही नांहीं, अभावस्वरूप ही नांही। जातैं अखंडित प्रतिभासनेका निरोध है। अविरुद्धपनेकरि ऐसै भासता नांही। जातैं वस्तु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समय समय प्रति तिसरूप भी है, अर तिसरूप नाहीं भी है। ऐसा ही अनादिनिधन है। सो जैसें एक पदार्थ ऐसें ही भासै हैं तैसें ही सर्व पदार्थं जाननां।

भावार्थ—वस्तुका स्वरूप सर्वथा एकरूप नाहीं है। नाना अपेक्षातैं नानारूप है। सांख्य नैयायिक आदि मतवाले वस्तुकों सर्वंथा नित्य ही मानैं हैं। बौद्धमती क्षण विनश्वर ही मानै हैं। कोई बौद्धमती[1] ज्ञानाद्वैतवादी एक ज्ञानी ही है, वाह्य कोई वस्तु नांही ऐसा मानै हैं। कोई बौद्धमती शून्यवादी सर्व वस्तुका अभाव मानै हैं। इत्यादि एकांतरूप वस्तुकौं मानै हैं, सो ऐसे है नाहीं, जातैं विचार कीए ऐसे एकांतविषैं विरोध भासै है। एक ही वस्तु-विषैं अवस्था पलटे बिना अर्थक्रियाकी सिद्धि होती नांहो, तातैं सर्वथा नित्य कैसैं मानीये। बहुरि अन्य अन्य अवस्था होतैं भी कोई भावका नित्यपनाकरि सर्वदा वस्तु एक भासै है। तातैं सर्वथा क्षण विनश्वर कैसैं मानिये। बहुरि ज्ञान भी भासै है, बाह्य पदार्थ भी भासै है। जो बाह्य पदार्थ न मानीये तौ प्रमाण अप्रमाण ज्ञानका विभाग न होइ, तातैं सर्वथा ज्ञानमात्र ही नांही है। वहुरि प्रत्यक्ष पदार्थ भासै हैं तिनका अभाव माने वाँका उपदेश भी शब्दरूप पदार्थ है सो भी अभावरूप ही ठहरचा। प्रत्यक्ष-कौं झूठ कहै सो बनं नांही, तातैं सर्वथा अभावरूप नांही है। ऐनैं एकान्त-रूप तौ वस्तु नांही। तौ कैसा है? तिसरूप भी है, अर तिसरूप नांही भी है। सो ही कहिए है—वस्तु है सो द्रव्य अपेक्षा नित्य है, पर्याय पलटनेकी अपेक्षा क्षण विनश्वर है। ज्ञानविषैं भासनेकी अपेक्षा ज्ञानमात्र है। बाह्य वस्तु सत्तारूप है, तिनकी अपेक्षा ज्ञानमात्र नांही। बाह्य वस्तु भी है। पर-द्रव्य क्षेत्र काल भावविषैं यहु नास्ति है, ताकी अपेक्षा अभाव है। स्वद्रव्य क्षेत्र काल भावविषैं अस्ति है, ताकी अपेक्षा अभाव नांही, सद्भाव है, ऐसैं ही अनेकान्तरूप अनादिनिधन वस्तुका रूप है। सो एक पदार्थविषैं विचारि देखो। जैसैं एक जीव चेतनत्वादि भावनिकी अपेक्षा नित्य भी है, अर नर-नारकादि पर्यायनिकी अपेक्षा अनित्य भी है। ज्ञानविषैं प्रतिभास्या जीवका आकार सो ज्ञानमात्र भी है। जीव अपना अस्तित्व लिए पदार्थ भी है। पुद्गलादिकका द्रव्य क्षेत्र काल भावविषैं जीवका अभाव भी है। जीवका द्रव्य क्षेत्र काल भावविषैं जीवका सद्भाव भी है। ऐसैं ही अनेकान्तरूप जैसैं जीव एक पदार्थ है तैसे ही सर्व पदार्थ अनादिनिधन अनेक अपेक्षाकरि तिसरूप भी है, अर तिसरूप नांही भी हैं। बहुरि जैसा है तैसा ही मानें सम्यग्ज्ञान हो है। तातैं तैसैं ही मानना योग्य है—

१. बोधमती, ज० १७३, ५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं ऐसा सर्व वस्तुनिका साधारण समान स्वरूप है तौ आत्माका असाधरण स्वरूप कैसा है जो भाया हुवा तिस आत्माकै मुक्तिकैं साधै ऐसैं पूछे कहै हैं—

ज्ञानस्वभावः स्यादात्मा स्वभावावाप्तिरच्युतिः ।
तस्मादच्युतिमाकांक्षन् भावयेज्ज्ञानभावनाम् ॥१७४॥

अर्थ—आत्मा है सो ज्ञान है असाधारण स्वभाव जाका ऐसा है। बहुरि स्वभावकी प्राप्ति सो विनाश रहित है। तातैं अविनाशी अवस्थाकौं चाहता विवेकी है सो ज्ञान भावनाकौं भावै।

भावार्थ—पूर्व जो नित्य अनित्यादि धर्म कहे ते तौ सर्व वस्तुनिविषैं समानरूप साधारण हैं। बहुरि जो यहु ज्ञान है—जाननां है सो आत्मा ही विषैं पाईए है। सो यहु आत्माका असाधारण स्वभाव है। इस ही लक्षण-करि परद्रव्यनितैं भिन्न आत्माकै अस्तित्वका निश्चय हो है। बहुरि यहु नियम है—वस्तुका अस्तित्व होतैं ताके स्वभावका अभाव न होइ, जातैं लक्षण नाश भए लक्ष्यका अस्तित्व कैसैं रहै? बहुरि जैसैं जो पुरुष अपने धन ही धनी का होइ प्रवर्त्तैं ताकी एकसी दशा होइ रहै। बहुरि जो परधनका धनी होय प्रवर्त्तैं ताकी एक दशा रहै नांही। तैसैं आत्माका स्वभाव ज्ञान समयसार है सो जीव अपने ज्ञान ही का स्वामी होइ प्रवर्तै। एं पदार्थ जैसैं परिणमैं तैसैं परिणमो। मैं इनका जाननिहारा ही हौं ऐसी भावना राखै ताकौं अविनाशी अवस्था हो है। जातैं जानपणा तौ याका स्वभाव ताका तौ अभाव होय नाहीं। बहुरि जानपना बिना सारभूत आन भावनिका यहु स्वामी होता नाहीं, याकी अवस्था कैसैं पलटै। बहुरि जो जीव पर-द्रव्यके स्वभावनिका स्वामी होय प्रवर्त्तैं, शरीर धन स्त्री पुत्रादि अपने स्वभावरूप परिणामैं, तिनकौं अपनां जानैं, ताकै अविनाशी अवस्था रहै नांही। जातैं शरीरादिक अवस्था एकरूप रहै नांही। यहु तिनकी अवस्था पलटें आपकी अवस्था पलटी मानैं तहां अविनाशीपना कैसैं रहै। तैतैं जो विवेकी अविनाशी अवस्थाकौं चाहै सो एक ज्ञान भावनां ही कौं भावै।

आगैं प्रश्नः—जो पृथक्त्ववितर्क एकत्ववितर्क भेद लिए शुक्लध्यान-स्वरूप जो श्रुतज्ञान भावनारूप है स्वभाव जाका ऐसा ज्ञानकौं भाए फल कहा हो है ताका उत्तर कहै है—

ज्ञानमेव फलं ज्ञाने ननु श्लाघ्यमनश्वरम् ।
अहो मोहस्य माहात्म्यमन्यदप्यत्र मृग्यते ॥१७५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—निश्चयकरि ज्ञानविषैं ज्ञान ही फल है सो सर्वथा सराहनैं योग्य है, अर अविनाशी है। बहुरि जो इहां अन्य किछू फल अवलोकिये है सो बड़ा आश्चर्य है। यहु मोहकी महिमा जाननां।

भावार्थ—श्रुतज्ञानकरि पदार्थनिकौं यथार्थ जानिए ताका तत्काल तो सोई पदार्थनिका जानपनां होना ही फल है। अर परंपराकरि ताका फल केवलज्ञान ही है। तहां सर्व पदार्थनिका जानपनां हो है। ऐसैं ज्ञानका फल ज्ञान ही है सो सर्व प्रकार प्रशंसा योग्य है। जातैं यथार्थ ज्ञान भए पदार्थ जैसेके तैसे भासै तहां निराकुलता हो है। निराकुलता सुखका लक्षण है। सुखकौं सर्व चाहै हैं। बहुरि इस सुखविषैं पराधीनता आदि कोई दोष नांही है। बहुरि जो विषय सामग्रीरूप फलकौं चाहिये है सो यहु मोहकी महिमा है। जैसैं खाज रोग भए खुजावनेकी सामग्री भली लागै है। तैसैं मोहतैं काम क्रोधादि भाव आत्माकै होइ, तब याकौं स्त्री पुत्रादिक सामग्री भली भासै है। उनकौं चाहै है। बहुरि ज्ञानी जनकौं ज्ञान बिना आन फलका चाहना आश्चर्य भासै है। जैसैं भूत लगे पुरुषकी चेष्टाका आश्चर्य होइ तैसैं मोही जीवनिकी चेष्टाका ज्ञानीकौं आश्चर्य है।

आगै श्रुतज्ञानकी भावनाविषैं प्रवर्त्तैं[1] ऐसे भव्य अर अभव्य तिनकै कहा फल होय सो कहै हैं—

शास्त्राग्नौ मणिवद्भव्यो विशुद्धो भाति निर्वृतः।
अङ्गारवत् खलो दीप्तो मली व भस्म वा भवेत् ॥१७६॥

अर्थ—शास्त्ररूवी अग्निविषैं भव्य है सो तो साचा पुष्परागरत्नवत् मल रहित निष्पन्न होत संता विशुद्ध निर्मल सोहै है। बहुरि दुष्ट अभव्य सी अंगारावत् प्रकाशमान होत संता मल संयुक्त हो है वा भस्मरूप हो है।

भावार्थ—जैसैं पद्मराग मणि है सो तो अग्निकरि लगे हुए मलनिका नाश होनेतैं निष्पन्न ताकौं पाइ शुद्ध भावरूप होत संता सोभायमान हो है, बहुरि इंधन का अंगारा है सो अग्निकरि प्रकाशमान तो होइ, परन्तु के तौ कोयलारूप मैला होइ, कै राखरूप भस्म होइ। तैसैं धर्मात्मा भव्य जीव है सो तौ शास्त्रका अभ्यास-करि लगे हुए अज्ञान रागादिक मलनिका नाश होनेतैं सिद्ध पदकौं पाइ शुद्ध स्वभाव रूप होत संता प्रशंसायोग्य है। बहुरि

1. ऐसे भव्य तिनके. ज. १७५.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अधर्मी अभव्य जीव है सो शास्त्रका अभ्यास करि पदार्थनिकौं जानता प्रसिद्ध तौ होइ परन्तु रागादि दोषनि करि मैला हो है ।

आगैं ध्यानकी सामग्रीकौं दिखावता सूत्र कहै हैं—

मुहुः प्रसार्य सज्ज्ञानं पश्यन् भावान् यथास्थितान् ।
प्रीत्यप्रीती निराकृत्य ध्यायेदध्यात्मविन्मुनिः ।।१७७।।

अर्थ—आत्माका अधिकाररूप जो अध्यात्मभाव ताका जाननहारा मुनि है सो बारंबार सम्यग्ज्ञानकौं फैलाइ जैसैं पदार्थ तिष्ठै हैं सो तैसैं तिनिकौं अवलोकता संता रागद्वेषनिकौं निराकारण करि ध्यावै है ।

भावार्थ—आत्मज्ञानी जीव ध्यान करै है । तहां पहलै तो आगम अनुमानादिकरूप सम्यग्ज्ञानतैं जीवादि पदार्थनिका निश्चय करै । बहुरि यथार्थ श्रद्धान करता संता जैसैं रागद्वेष न होइ तैसैं वाह्य साधन वा अंतरंग विचारि करि रागद्वेषनिका नाश करै, ऐसी सामग्री भए ध्यानकी सिद्धि हो है । जातैं उपयोगकी निश्चलताका नाम ध्यान है । सो रागद्वेष होतैं पर द्रव्यनिविषैं उपयोग भ्रमै तहां ध्यान कैसैं होइ । बहुरि पदार्थनिका निश्चय भये बिनां पर द्रव्य इष्ट अनिष्ट भासै तहां राग द्वेष कैसैं दूरि होय । [1]अपना ज्ञान पदार्थनिके जाननेविषैं लगाये बिना पदार्थनिका निश्चय कैसैं होइ । तातैं ज्ञानकौं विस्तार पदार्थनिका यथार्थ निश्चयकरि रागद्वेषकौं मेटि कोई एक पदार्थकौं यथार्थ ध्यावता अन्य सर्व चिंतवनकौं रोकि ध्यानावस्था-कौं जीव प्राप्त हो है । यहु ध्यान है सो साक्षात् मोक्षमार्ग है । ताकै अर्थि भव्यनिकौं ऐसी सामग्री मिलावनी योग्य है ।

आगैं रागद्वेषकौं निराकरणकरि काहेतैं ध्यान करै ऐसा प्रश्न कीए उत्तर कहै हैं । जो तिन रागद्वेषनिके संसारको कारण जे कर्म तिनके उपजावनेका कारणपना पाइए है । तातैं तिनकौ नष्टकरि ध्यान करै सोई कहै हैं—

वेष्टनोद्वेष्टने यावत्तावद् भ्रान्तिर्भवाणवे ।
आवृत्तिपरिवृत्तिभ्यां जन्तोर्मन्थानुकारिणः ।।१७७।।

अर्थ—मंथां जो रई ताका अनुसारी तिस सारखा जो यहु प्राणी ताकै यावत् बधनां अर खुलनां पाइए है तावत् संसार समुद्रविषैं गमन अर आग-मन तिनकरि भ्रमण हो है—

---

१. अपना ज्ञान पदार्थनि के कैसैं होइ । तातैं० ज० १७७,९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसैं माथनी विषैं रई हो है, ताकै रस्सीका बंधना अर खुलना यावत् पाईए है, तावत् गमनागमन होनेकरि वाकैं परिभ्रमण हो है। तैसैं संसारविषैं यहु जीव है ताकै नवीन कर्मका बंधनां अर पूर्व कर्मका उदय होइ करि निर्जरना यावत् पाईए है, तावत् नरकादि पर्यायनिविषैं गमनागमन होने करि याकै परिभ्रमण पाईए है। बहुरि पूर्व कर्मका उदै होतैं याकै रागादिक हो है। अर रागादिक भावनितैं नवीन कर्म बंधै है। तातैं संसारविषैं भ्रमणका कारण रागादिक भाव जानना।

आगै प्राणीके कर्मका खुलना है सो कोई तो भ्रमणका अर नवीन बंधका कारण है, कोई नांही है ऐसा दिखावता सूत्र कहे है—

मुच्यमानेन पाशेन भ्रान्तिर्बन्धश्च मन्थवत्।
जन्तोस्तथासौ मोक्तव्यो येनाभ्रान्तिरबन्धनम् ॥१७९॥

अर्थ—मंथा जो रई तिस सरीखा यहु जीव ताकै खुलता जो फांसीताकरि भ्रमण अर बंध हो है। सो यहु फांसी तैंसे खोलनी जाकरि भ्रमण न होइ अर बंध न होई।

भावार्थ—जैसैं मांथनीविषैं रई हो है ताकै रस्सीकी फांसी हो है। ताका खुलना दोय प्रकार है। एक तौ खुलना ऐसा है जाकरि नवीन बंध तौ होता जाय अर माथनीविषैं भ्रमण हो है। और एक खुलना ऐसा हो है जाकरि नवीन बन्ध नांही होइ है अर माथनीविषैं भ्रमण भी नांही हो है। फांसीतैं छूटना ही हो है। तैसैं संसारविषैं यहु जीव है ताकै कर्मकी फांसी पाइए है, ताका निर्जरा होना दोय प्रकार है। एक तौ निर्जरा ऐसी हो है जाकरि नवीन बन्ध होता जाय है अर संसारविषैं भ्रमण हो है। अर एक निर्जरा ऐसी हो है जाकरि नवीन बन्ध नांही हो है अर संसारविषैं भ्रमण भी नांही हो है। कर्म पाशतै मुक्त हो है। सो इहां ऐसा जानना जो पूर्वैं बंध्या हुवा कर्म काल पाइ अपना उदय रस, देइ निर्जरै है, तहां सविपाक निर्जरा हो है। सो तौ नवीन कर्म बंधनेका अर संसारविषैं भ्रमण का कारण है। बहुरि जो पूर्वैं बंध्या हुवा कर्म है सो धर्म साधनमैं भी अनुराग होने[2] करि अपना[3] उदय रस दीए बिना ही निर्जरै है। तहां अविपाक निर्जरा हो है[4]। सो नवींन कर्म बंधनेका अर संसारविषैं

१. यावत् नरनारकादि पर्यायनि, ज० १७८,१
२. अर बंधन होइ मु० १७९,२१
३. उदयरस दीए बिना ही निर्जरा हो है. ज० १७०.७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भ्रमणका कारण नांही है। तातैं कर्म फांसीकी ऐसे अविपाक निर्जरा करनी योग्य है, जाकरि बंध अर भ्रमण न होइ।

आगैं जीवकै कैसैं बंध हो है, अर कैसैं बंध नांही हो है ऐसा सूत्र कहै हैं—

आर्या छन्द

रागद्वेषकृताभ्यां जन्तोर्बन्धः प्रवृत्यवृत्तिभ्याम् ।
तत्त्वज्ञानकृताभ्यां ताभ्यामेवेक्ष्यते मोक्षः ॥१८०॥

अर्थ—राग द्वेष भावनिकरि कीन्ही ऐसी जे प्रवृत्ति अर अप्रवृत्ति तिनि करि तौ जीवकै बंध हो है। अर तत्वज्ञानकरि कीनी जे प्रवृत्ति अप्रवृत्ति तिनि ही करि मोक्ष अवलोकिये है।

भावार्थ—जिसरूप होइ आत्मा प्रवर्त्तै ताकी तौ तहां प्रवृत्ति जाननी। अर जिसरूप होइ आत्मा नांही प्रवर्त्तै ताकी तहां अप्रवृत्ति जाननी। तहां मोहके उदयतैं रागद्वेष भाव निपजै तिनकरि कदाचित् अशुभ कार्यनिकी प्रवृत्ति होइ अर शुभ कार्यनिकी अप्रवृत्ति होइ। सो ऐसी प्रवृत्ति अप्रवृत्तिकरि तौ आत्माकै बंव हो है। बहुरि मोहका उदय क्षीण होनेतैं तत्त्वज्ञान होइ। ताकरि ज्ञानमात्र शुद्धोपयोगकी प्रवृत्ति होइ, शुभ अशुभ भावनिकौ अप्रवृत्ति होइ सो ऐसी प्रवृत्ति अप्रवृत्तिकरि आत्माकै मोक्ष हो है। तातैं ऐसा ही साधन करना योग्य है।

आगै पूछै हैं जो बन्ध हो है सो पुण्यरूप अर पापरूप हो है। सो काहेतैं निपजै है? बहुरि तिन दोऊनिका अभाव काहेतैं हो है ? ऐसैं आशंका करि उत्तर कहै हैं—

आर्याछंद

द्वेषानुरागबुद्धिर्गुणदोषकृता करोति खलु पापम् ।
तद्विपरीता पुण्यं तदुभयरहिता तयोर्मोक्षम् ॥१८१॥

अर्थ—गुण और दोष तिनविषैं कीन्हीं जो द्वेषरूप अर अनुरागरूप बुद्धि सो तौ निश्चयकरि पापकौं करै है, अर तिसतैं विपरीत गुणविषैं अनुराग, दोषविषै द्वेषरूप बुद्धि सो पुन्यकौं करै है। बहुरि तिन दोऊनितैं रहित जो बुद्धि है सो तिन पाप-पुण्यरूप कर्मनिका मोक्षकौं करै है।

भावार्थ—बुद्धि नाम उपयोगका है। सो उपयोग तीन प्रकार है। अशुभोपयोग, शुभोपयोग तथा शुद्धोपयोग। तहां जाकरि आत्माका भला होइ ताका नाम गुण है। जाकरि बुरा होइ ताका नाम दोष है। सो धर्म-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रूप भावनितैं आत्माका भला हो है, तातैं धर्मकौं सूचता जो भाव सो तो गुण है। अर अधर्मरूप भावनितैं आत्माका बुरा हो है। तातैं धर्म विरोधी जो भाव सो दोष है। सो जिस जीवकै तीव्र मोहके उदयतैं गुणविषैं द्वेष होइ अर दोषविषै अनुराग होई। अथवा तिसही अभिप्रायतैं जा विषैं गुण होइ वा जो गुणका कारण होइ तिसविषैं तौ द्वेष होइ, अर जा विषैं दोष होइ वा दोषका कारण होइ तिस विषैं अनुराग होइ, तिस जीवकै अशुभोपयोग पाईए है। ताकरि पाप कर्मका बंध हो है। बहुरि जिस जीवकै मंद मोहके उदयतैं गुणविषैं अनुराग होइ, अर दोषविषैं द्वेष होइ। अथवा तिस ही अभिप्रायतैं जाविषैं गुण पाईए है वा जो गुणका कारण होइ तिस विषैं तो अनुरागी होइ अर जा विषैं दोष होइ वा दोष का कारण होइ तिस विषैं द्वेष होइ तिस जीवकै शुभोभयोग पाइए है। ताकरि पुण्य कर्मका बंध हो है। इहां कोऊ कहै—द्वेष बुद्धितैं पुण्यका बंध कैसे होइ ? ताका समाधान—जो अपना कषायका प्रयोजन लिये द्वेष करै तहां तौ पापबंध ही है। बहुरि जैसैं कोऊ पुरुष मित्रका शत्रुविषै द्वेष करै, तैसैं जो धर्मके विरोधीविषैं द्वेष करै तहाँ वाकै अभिप्रायकै विषै धर्मका अनुराग ही है, तातैं पुण्यबंध हो है। ताका उदाहरण—सूर सिंह दोऊ लरे, तहां सूर तौ मुनिरक्षाके अभिप्रायतैं मरि पांचवैं स्वर्गका देव भया। सिंह मुनि मारनेका अभिप्रायतैं मरि पांचवैं नर्क गया। बहुरि शास्त्रनिविषैं पापनिकी वा पापी जीवनिकी निंदा करिये है। तातैं कथंचित् द्वेषतैं भी पुण्यबंध संभवै है। ऐसैं दोऊ उपयोग राग द्वेष सहित प्रवर्त्तैं हैं। तातैं इनिकौं अशुद्धोपयोग कहिये हैं। बहुरि जिस जीवकै मोहका अभावतैं ऐसै दोऊ प्रकारके राग द्वेष न पाईए तिस जीवकै शुद्धोपयोग हो है। तिसकरि पुण्य कर्म अर पाप कर्मका नाश ही हो है। नवीन बंध नांही हो है। पूर्व बंधकी निर्जरा होइ है। ऐसैं तीन प्रकार उपयोग हैं सोई पुण्य पापका बंध अर तिनि दोऊनिका नाश ताका कारण जाननां।

आगैं जो राग द्वेष पूर्वोक्त बंधका कारणपणां है तौ तिनका राग द्वेषनिका उपजना काहेतैं हो है ? ऐसैं पूछे सूत्र कहै हैं—

मोहबीजाद्रतिद्वेषौ बीजान्मूलाङ्कुराविव।
तस्माज्ज्ञानाग्निना दाह्यं तदेतौ निर्दिधिक्षुणा ॥१८२॥

अर्थ—जैसैं बीजतैं वृक्षकै जड़ अर अंकूरा हो है तैसैं मोहमूलकारणतैं आत्माकै राग द्वेष हो है। तातैं इनि रागद्वेषनिकौं जो जीव दग्ध कीया चाहै है, तीह जीव ज्ञानरूपी अग्निकरि मोह दग्ध करना योग्य है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—अतत्त्व श्रद्धानरूप मिथ्यात्व भावका नाम तौ मोह है। अर इष्ट अनिष्ट पदार्थनिकौं मानि तिनिविषैं प्रीति अप्रीति करनीं तिनिका नाम राग द्वेष है। सो अतत्त्व श्रद्धान ही तैं पदार्थ इष्ट अनिष्ट भासै हैं। तातैं जैसैं वृक्षकै जड़ अर अंकुराका मूल कारण बीज है तैसैं राग द्वेषका मूल कारण मोह जाननां। बहुरि जैसैं कोई जड़ अंकुराकौ दग्ध कीया चाहै सो वाकै बीजकौं दग्ध करै। तैसैं जो रागद्वेषका नाश कीया चाहै सो मोहका नाश करै। मोहका नाश भएं उनका नाश सहज ही हो है। सम्यग्दृष्टीकै मोहका नाश भए पीछै कदाचित् रागद्वेष रहे भी है तो, जैसैं उपाडे रूखकी जड़ अर अंकुरा केतैक काल हरे रहै, परंतु शीघ्र सूखेंगे, तैसैं ते रागद्वेष शीघ्र नाशकौं प्राप्त होहिंगे। बहुरि कोई मिथ्यादृष्टीकै मोहका सद्भाव होतैं रागद्वेष थोरे भी बाह्य प्रकटै तो जैसैं बीज होते जड़ अंकुरे थोरे भी बाह्य दीसैं, परंतु शीघ्र बधैंगे तैसैं रागद्वेष शीघ्र वृद्धिकौं प्राप्त होहिंगे। तातैं रागद्वेषका मूल कारण मोहकौं जानि तिसहीका नाश करना। सो जैसैं बीज जलावनेको कारण अग्नि है, तैसैं मोह नाशकौं कारण ज्ञान है। ज्ञानतैं जीवादि तत्त्वनिका स्वरूपकौं यथार्थ जानै तौ अतत्त्व श्रद्धानका नाश हो है। तातैं तत्त्वज्ञानका अभ्यासविषैं तत्पर रहनां। इतना किएं सर्व सिद्धि स्वयमेव हो है—

आगैं सो इन रागद्वेषनिका बीजभूत मोह सो कैसा है, बहुरि जाके नाशविषैं कारण कहा है, सो कहै है—

पुराणो ग्रहदोषोत्थो गम्भीरः सगतिः सरुक्।
त्यागजात्यादिना मोहव्रणः शुध्यति रोहति ॥१८३॥

अर्थ—मोहरूपी गूमडा फोडा है सो कैसा है? पुरातन है[1]। गूमड़ा। तौ घणे कालका भया है। अर मोह अनादिकालतैं भया है। बहुरि कैसा है? ग्रह दोषतैं निपज्या हैं। गूमडा तौ मंगलादिक खोटे ग्रह आये निपजै है। मीह है सो पर द्रव्यका ग्रहणरूप परिग्रह[2] ताके दोषतैं निपजै है। बहुरि कैसा है? गंभीर है। गूमडा तो औंडा है। मोह है सो जाका थाह न पाइए ऐसा बड़ा है। बहुरि कैसा है? गति सहित है। गूमडा तौ राधि, रुधरादिकका गमन लीए है, मोह है सो नारकादिक गतिका सद्भाव लीए

१. गूमडा फोडा है सो पुरातन हैं ज. उ. १८३.७.
२. पर द्रव्य कारणरूप परिग्रह. ज. उ. १८३.८.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। बहुरि कैसा है ? पोडा सहित है। गूमडा तौ पीडै है, अर मोह आकुलता निपजावै है। ऐसा मोहरूपी गूमडा है सो त्याग जात्यादिककरि शुद्ध होय है अर रौहकौं प्राप्त हो है। गूमडा तो रुधिरादिका छोडना अर जात्यादिक घृतादिक लगावना, इनि उपायनिकरि शुद्ध हो है। अर चामडीरूप रौहकौं प्राप्त होय। अर मोह है सो पर द्रव्यनिका छोडना अर निज जातिका ग्रहण करना इनि उपायनिकरि शुद्ध हो है अर सम्यक्त्वरूप रोहिकौं प्राप्त हो है।

भावार्थ—जैसैं गूमडा अपना शरीर ही विषैं उपजै है, परन्तु आपकौं दुखदायक है। तैसैं मोह है सो अपने ही अस्तित्व विषैं प्रगट हो है, परन्तु आकुलता उपजावै है, तातैं उपायकरि याका नाश करना ही योग्य है।

आगैं मोहरूपी गूमडाको शुद्ध कीया चाहै तहां जीव नाशकौं प्राप्त भये भी कुटुंबनिविषैं शोक न करना ऐसा कहै हैं—

सुहृदः सुखयन्तः स्युर्दुःखयन्तो यदि द्विषः।
सुहृदोऽपि कथं शोच्या द्विषो दुःखयितुं मृताः ॥१८४॥

अर्थ—जो आपकौं सुखी करै ते तौ मित्र होंहि अर दुःखी करै ते शत्रु होंहि। तौ जे मित्र भी थे अर वे दुःखी करनेकौं मूए तौ वे भी शत्रु भए। ते कैसैं शोक करने योग्य होंहि।

भावार्थ—लोकविषैं जो आपकौं सुख उपजावै सो तौ मित्र कहिए अर दुःख उपजावै सो शत्रु कहिए। बहुरि जो पहलै मित्र भी था अर पीछै जो आपकौं दुःख दायक होय तौं वाकौं भी तहां शत्रु ही मानिये है। बहुरि जाकौं शत्रु मानिये ताका शोक भी नांही करिए है। तातैं इहां अपने स्त्री पुत्रादिक है ते तौ तेरी मानि विषैं मित्र थे, परन्तु वैह मरणकौं प्राप्त भये तब तौ तुझकौं सुखदायक भए। तातैं वै भी शत्रु ही भए। अब उनका शोक कहा करना! सो प्रत्यक्ष देखो जैसे शत्रुका स्मरणादिक दुःख उपजावै है तैसैं ही मूए पीछै स्त्री पुत्रादिका स्मरणादिक भी दुःख उपजावै है। तातैं शास्त्रन्यायकरि तौ स्त्री पुत्रादिक बहु हितकारी नांही। बहुरि मूए पीछै भी उनकौं हितकारी मानि शोक करै है सो यहु बड़ा मोह है। जो मोह दूरि किया चाहै सो स्त्री पुत्रादिकके मरणाकिक होतें भी शोक नांही करै है।

आगैं स्त्री पुत्रादिक मित्रनिके मरणविषैं उपज्या है दुःख जाकों ऐसा जो तूं सो कहा करै है सो कहै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शिखरणी छंद

अपरमरणे मत्वात्मीयानलङ्घ्यतमे रुदन्
विलपतितरां स्वस्मिन् मृत्यौ तथास्य जडात्मनः ।
विभयमरणे भूयः साध्यं यशः परजन्म वा
कथमिति सुधीः शोकं कुर्यान्मृतेऽपि न केनचित् ।।१८५।।

अर्थ—जो जीव अतिशयकरि अलंघ्य काहू प्रकार मेट्या न जाइ ऐसा जो आपतैं अन्य स्त्री पुत्रादिकनिका मरण ताकौं होत संतै तिनिकौं अपने जानि रोवता संता विलाप करै है, सो जीव आपविषैं मरण अवस्था होतैं तैसैं ही अतिशयकरि रोवता विलाप करै है सो ऐसे मूरख आत्माकै भयरहित मरण होतैं निपजै ऐसा प्रचुर यश अर उत्कृष्ट परलोक सो कैसैं होय ? न होय। यातैं सुबुद्धि जीव है सो मूए भी कोई प्रकार शोक नांही करै है।

भावार्थ—जो जीव स्त्री पुत्रादिकका मरण होतैं प्रत्यक्ष तापतैं तिनिका संबंध छूटै तौ भी मोहकरि तिनिकों अपना मानता संता रोवै है, विलाप करै है सो जीव आपका मरण होतै तौ अत्यन्त शोक करै ही करै। एक इष्टका वियोग होतैं ही शोक होइ तौ मरण समय तौ सर्वहीका वियोग हो है। तातैं जाकै पुत्रादिकका वियोग विषैं शोक हो है ताकै मरणका भय रहित जो समाधिमरण सो न होय। बहुरि समाधिमरणतैं इस लोकविषैं तो यश हो है अर परलोकविषैं उत्कृष्ट पद हो है सो वाकै कैसे होइ, तातैं ज्ञानी मोहकौं घटाइ पहलै ही स्त्री पुत्रादिककौं अपना मानता संता काहूका मरण भये भी शोक न करै वाहीकै समाधिमरणकी सिद्धि हो है। ताकरि वाकै यहां यशकी अर आगैं स्वर्ग मोक्षादिककी प्राप्ति हो हैं।

आगैं यहु शोक काहतैं हो है, अर यहु किस कारण है सो कहै हैं—

हानेः शोकस्ततो दुःखं लाभाद्रागस्ततः सुखम् ।
तेन हानावशोकः सन् सुखी स्यात् सर्वदा सुधीः ।।१८६।।

अर्थ—इष्ट सामग्रीकी हानितैं शोक निपजै है अर तिस शोकतैं दुःख हो है। बहुरि इष्ट सामग्रीकी प्राप्तितैं राग निपजै है अर तिस रागतैं सुख हो है। तीह कारणकरि, सुबुद्धि जीव है सो हानिविषैं शोक रहित होत संता सदा काल सुखी हो है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—सर्व जीव सुखकौं चाहै है । सुखका घातक दुःख है, दुःख हो है सो शोकतैं हो है। सो कहै है, सो इष्ट सामग्रीका वियोग भएं हो है। बहुरि जो ज्ञानी ऐसा विचारि करै—जो मोहतैं परवस्तुकूं इष्ट मानों हों। ए इष्ट है नांही अर ये परवस्तु मेरे कबहु होइ नांही, मेरे राखे रहै नांही, तातैं परका वियोगविषैं शोक कहा ! ऐसैं विचारैं जो हानि होतैं भी शोक न करै ताकै दुःख काहेतैं होइ ? दुःख भये विना सुखका अभाव न होइ। तब वै ज्ञानी सदाकाल सुखी ही रहै है। तातैं सुखी रह्या चाहै सो हानि भये शोक न करै। अर जो कोई हानि न होनेका उपायकरि सुखी भया चाहै है सो संसारविर्वैं कोई सामग्रीकी हानि होइ ही होइ तातैं तहां शोक न करना। सो ही सुखी होनेका उपाय है।

आगैं कहै हैं जो इहां सुखी होइ सो परलोकविषैं कैसा होइ, सो कहै हैं—

सुखी सुखमिहान्यत्र दुःखी दुःखं समश्नुते ।
सुखं सकलसंन्यासो दुःखं तस्य विपर्ययः ॥१८७॥

अर्थ—इस लोकविषैं जो सुखी हैं सो परलोकविषैं भी सुखकौं पावै हैं। बहुरि इस लोकविषैं दुखी हैं सो परलोकविषैं भी दुःखकौ पावै हैं। तहां सर्व प्रकार वस्तुका त्याग सो तो सुख है, बहुरि ताका उल्टा परवस्तुका ग्रहण सो दुःख है।

भावर्थ—कोई जीव ऐसा भ्रम करै कि वर्त्तमान सुख छोडि कष्ट दुःख सहिये तौ परलोकविषैं सुख होइ। सो परलोक तौं परोक्ष है, न जानिये तहाँ कहा होगा ? अब इहां सुख छोडि कष्ट दुःख सहीये सो तो उचित नांही। ताकौं समझाइये है जो इहां दुखी होइ सो परलोकविषैं सुख पावै ऐसा तूं भ्रम मति करै। जो इहां सुखी होइ सोही परलोकविषैं भी सुखी हो है। अर इहां दुःखी होइ सोइ परलोकविषैं भी दुखी हो है। इहां प्रश्नः—जो शास्त्रनिविषैं तौ यहु प्रसिद्ध है जो विषय सुख सेवै सो दुखकौं पावै। अर तपश्चरणादिक कष्टकौ सहै सो सुखकौं पावै, तुम कैसैं कहौ हौ ? ताका उत्तरः—तूं तौ बाह्य सामग्रीतैं सुख दुःख मानै, है, सौ तेरै भ्रम है। बहुरि हम कहै हैं जो अपने परिणाम आकुलता रहित होइ सो तो सुख है, अर आकुलता सहित होइ सो दुख है। बहुरि आकुलता हो है सो मोहतैं पर द्रव्यका ग्रहण कीए हो है, जातैं यहु पर द्रव्यकौं ग्रहै, वे अपना होइ नांही। अपने अधीन परिणमैं नांही, तहां आकुलता उपजै, तातैं पर द्रव्यका त्याग-करि निराकुल होना सोई सुख है। सो ऐसी दशा भए वर्तमान भी सुखी हो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। अर आगामी भी याका फल परम सुख है। बहुरि परद्रव्यका ग्रहणकरि आकुलता करनी सो दुःख है। सो ऐसी दशा भए वर्तमान भी दुखी हो है। अर आगामी भी याका फल दुःख ही है। बहुरि शास्त्रविषैं भी विषय सेवनका फल दुःख ही कह्या है। सो जहां तृष्णाकरि आकुलता लीए विषय सेवै है ताहीका फल दुख ही होहै। अर विषय सुख तौ भोगभूमिया-कैं वा इंद्रादिककै घने पाईए है। परन्तु तहां तृष्णा थोरी है तातैं ते कुगति-कौं नांही प्राप्त हो है। अर रंकादिकाकौं विषय सुख नांही मिलै है। परंतु तृष्णाकरि आकुलित होइ नरकादिककौं पावै है। बहुरि जो तपश्चरणादिक कष्टका फल सुख कह्या है सो बाह्य तौ तपश्चरणादिक करै, अर अंतरंग-विषैं संक्लेशरूप दुःख नांही हो है। ताके तपका फल सुख कह्या है। बहुरि तपश्चरण करता दुःखी हो है। ताकै आर्त्तध्यान होनेकरि ताका फल दुःख ही हौ है। तातैं जे जीव मोह घटनेतैं वर्तमान सुखी हो है सो ही आगामी भी सुखकौ पापै है। अर मोह बंधनैतैं वर्तमान दुखी हो है, तातैं सो ही आगामी भी दुःख पावै है। शास्त्रविषै भी दुःख शोकादिकतैं असाताका बंध कह्या है। असाताका उदै आए दुखी ही हो है, तातैं दुःखका फल सुख है ऐसा भ्रमकरि परलोकके सुखका उपायतैं परान्मुख मति होहु। बहुरि जो इहां विषय सुख छोडीये है सो निभ्री मिलै गुड़ का स्वाद बुरा लागै तैसैं शांत रस पाए विषय सुख नीरस भासैं तातैं विषय सुख न भोगवै है, किछू निकै छोडनेविषै दुःखी न हो है। तातैं विषय सुख छोडनेका भय मति करै। साचा धर्म साधनतैं वर्तमान भी सुख हो है, आगामी भी सुख हो है। सो ऐसा ही कार्य करना योग्य है।

आगैं पूछै हैं कि पुत्रादिकका मरणतैं तौ शोक होइ अर तिनकी उत्प-त्तितैं हर्ष होइ सो यहु उत्पत्ति कहा है, ऐसैं पूछे उत्तर कहै हैं—

मृत्योर्मृत्यन्तरप्राप्तिरुत्पत्तिरिह देहिनाम्।
तत्र प्रमुदितान्मन्ये पाश्चात्ये पक्षपातिनः ॥१८८॥

अर्थ—इस संसारविषैं देहधारी जीवनकै एक मरणतैं अन्य मरणकी प्राप्ति ताका नाम उत्पत्ति है। तातैं जे तिस उत्पत्तिविषैं हर्षवंत हो है तिनकौं मैं पीछै भया मरणविषैं पक्षपाती मानौं हौं।

भावार्थ—पुत्रादिकका जन्म भएं हर्ष करिये हैं अर तिनकैं मूए पीछै शोक करिये है सो वै जन्म है सो नवीन मरण ही है, जातैं आयुके नाशका नाम मरण है, सो समय समय आयु घटै है तातैं याकै सदा काल मरण पाईए है। तहाँ पूर्व पर्यायसंबंधी मरण छोड़ि नवीन पर्यायसम्बन्धी मरणका प्रारंभ तिसहीका नाम जन्म है। ऐसै जन्मविषैं जो हर्ष मानै है ते नवीन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मरणके पक्षपाती अनुरागी हैं। बहुरि जे मरणके अनुरागी तिनकै परस्पर हितसंबंध कैसैं मानिये । ऐसैं युक्तिकरि पुत्रादिकका जन्म-मरणविषैं हर्ष-विषाद करना छुडाया है।

आगै अब सर्व संगका त्यागी मरण-जन्मविषैं जाकै समान बुद्धि पाईए, ऐसा मुनि सर्व शास्त्रका ज्ञाता, दुर्द्धर तपका करनहारा ताकौं शिक्षा देता सूत्र कहै हैं।

पृथ्वीछंद

अधीत्य सकलं श्रुतं चिरमुपास्य घोरं तपो
यदीच्छसि फलं तयोरिह हि लाभपूजादिकम् ।
छिनत्सि सुतपस्तरोः प्रसवमेव शून्याशयः
कथं समुपलप्स्यसे सुरसमस्य पक्वं फलम् ॥१८९॥

अर्थ—सर्व शास्त्रकूं पढ़करि अर चिरकालपर्यंत घोर तपकूं सेयकरि तूं तिनका फल इस लोक ही विषैं लाभ बडाई आदि फलकौं चाहै है तो तुं सूना विवेक रहित है चित्त जाका ऐसा होता संता भला तपरूपी वृक्षका फूल हींकौ छेदै है। इस तपका जो भला रसकूं लीये याका फल स्वर्ग मोक्षादिक ताकूं तूं कैसैं पावैगा ?

भावार्थ—जैसैं कोई वृक्ष उगावै तहां पहलै फूल होइ, पीछै फल लागै। बहुरि जो फूल ही कूं छेदि आप अंगीकार करै तौ वाका मीठा पाका फल-की प्राप्ति न होइ। तैसे जो जीव शास्त्राभ्यास बहुत करै अर उत्कृष्ट तपश्चरण करै, तहां पहलै लाभ पूजादिक निपजै, भक्त पुरुष मनोरथ साधै वा स्वयमेव ऋद्धि चमत्कारादिक उपजै ऐसैं तो लाभ होइ। अर महंतता विशेष होइ ऐसा पूज्य होय इत्यादि कार्य निपजै पीछैं स्वर्ग मोक्षका फलकी प्राप्ति होइ, बहुरि जो जीव लाभ पूजादिककौं आप चाहै, आप अंगीकार करै, लोभी होइ भक्त पुरुषनितैं किछू लीया चाहै वा उनकौं दीया धनादिक-कौं अंगीकार करै वा ऋद्धि चमत्कारादिककौं चाहै, तिनकौ भये संतुष्ट होय। बहुरि मानी होयकरि आप महंतपणौं बडापणौं चाहै वा महंतता बडाई भए मदवान होइ, सो जीव परम सुखरूप रसकौं लीये प्रगटै, ऐसा स्वर्ग मोक्षरूप फल ताकौं न पावै । तातैं यहु सीख है शास्त्राभ्यास वा तपश्चरणका साधनकरि लाभ पूजादिकका अर्थी न होना।

पृथ्वीछंद

तथा श्रुतमधीष्व शश्वदिह लोकपंक्ति बिना
शरीरमपि शोषय प्रथितकायसंक्लेशनैः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कषायविषयद्विषो विजयसे यथा दुर्जयान्
शमं हि फलमामनन्ति मुनयस्तपःशास्त्रयोः ॥१९०॥

अर्थ—हे भव्य ! तू लोककी पांति बिना इहां तैसैं निरंतर शास्त्रकौं पढ़ि अर विस्तार लीए कायक्लेश तिनिकरि शरीरकौं भी सोखि जैसैं दुर्ज्जय कषाय-विषयरूपी बैरीनिकौं तुं जीतैं। जातैं महामुनि हैं तैं तप अर शास्त्रका फल उपशम भावहीकौं कहै हैं।

भावार्थ—केवल शास्त्रका पढनां अर तपका करना ही कार्यकारी है नांही। कार्यंयारी तौ उपशम भाव है। तहां जो जीव शास्त्र पढ़िकरि तत्त्व ज्ञानतैं कषायनिकौं घटावै है वा तपश्चरणकरि इष्ट अनिष्ट सामग्री मिले राग द्वेष न होनेकी साधना करनेतैं कषायनिकौं घटावै है तिसका तौ शास्त्र पढ़नां अर तप करनां सफल है। बहुरि जो जीव शास्त्र पढिकरि वा तपश्चरणकरि विषय कषायनिके कार्यनिकौं साधै मन रमावनेके अर्थि वा मान बड़ाईके अर्थि वा भोजन-धनादिकके अर्थि शास्त्र पढ़ै है, तप करै है, सो जीव तौ लोककी पांतिविषैं बैठ्या है। जैसैं अन्य लोक विषय-कषायनिकै अर्थी व्यापार सेवादिक कार्य करै हैं तैसैं इसनैं यहु उपाय कीया है। इहां तर्कः–जो व्यापारादिकविषैं तो हिंसाहिक हो है, इस उपायविषैं कोई हिंसादिक है नांही, तातैं व्यापारादिकतैं तौ यहु उपाय भला है। ताका उत्तरः—व्यापारादिकविषैं तौ बाह्य पाप विशेष दीखै है। अर इस उपाय विषैं अंतरंग पाप बहुत हो है।

आगैं कोऊ पूछै है कि शृंगार सहित लोकनिकूं अवलोककरि विषयनिकी अभिलाषा जीवनिकै उपजै है, सो कैसैं विषय-कषाय जीते जांहि ? तब वे गुरु उत्तर कहै हैं—

वसंततिलकाछंद

दृष्ट्वा जनं व्रजसि किं विषयाभिलाषं
स्वल्पोऽप्यसौ तव महज्जनयत्यनर्थम्।
स्नेहाद्युपक्रमजुषो हि यथातुरस्य
दोषो निषिद्धचरणं न तथेतरस्य ॥१९१॥

अर्थ—हे भव्य ! तूं लोकनिकौं शृंगार सहित देखकरि कहा विषयाभिलाषकूं प्राप्त होय है ? यह अल्प हू विषयाभिलाष तोकौं महा अनर्थ उपजावै है। जैसैं रोगीकूं दधि-दुग्ध-घृतादिकका किंचित् हू सेवन अयोग्य आचरण है सो दोषकूं उपजावै है तैसा औरकूं नांही।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—अज्ञानी जीव लोकनिकूं शृंगारादि सहित देखिकरि विषयनिकी वांछा करै है सो तूं कदाचित् मति करै। यह अल्प हू अभिलाष तोहि महादुःखका कारण है। जैसैं कोऊ रोगी सचिक्कण वस्तुका किंचित् हू सेवन करै ताकैं रोगकी अतिवृद्धि होइ। सो रोगीनिकूं सचिक्कण वस्तुका सेवन उचित नांही। तैसै विवेकीनिकूं विषयाभिलाष उचित नांही।

आगै कहै हैं जीव मात्र है तिनिकै दुख-दायक वस्तुनिसूं अरुचि होय है सो ए विषय तेरै भव-भवके दुखदाई तिनिविषैं तोहि अभिलाष करनां कैसैं योग्य है—

हिरणीछंद

अहितविहितप्रीतिः प्रीतं कलत्रमपि स्वयं
सकृदपकृतं श्रुत्वा सद्यो जहाति जनोऽप्ययम्।
स्वहितनिरतः साक्षाद्दोषं समीक्ष्य भवे भवे
विषयविषवद्ग्रासाभ्यासं कथं कुरुते बुधः ॥१९२॥

अर्थ—जैसै कोऊ मनुष्य अपनी प्यारी स्त्री जासूं अधिक प्रीति रची है, अर वाकौ दुराचार सुनैं तौ सुनकरि तत्काल आप ही वाहि तजै तैसैं आत्मकल्यणविषैं सावधान जो विवेकी, विष सहित भोजन ता समान जो ए विषय, तिनिका भव-भवविषैं दोष देखिकरि कैसैं इनिका सेवन करै? सर्वथा न करै।

भावार्थ—काहूकै स्त्रीसूं अधिक प्रीति होइ अर वह वाकूं दुराचारनी सुनै तौ तत्काल तजै। तैसैं पंडित विवेकी आत्मार्थी भव-भवविषैं विषयनिके दोष देखिकरि कैसैं विषयानुरागी होय? सर्वथा न होय। विषका भरद्या जो भोजन मिष्ट तौ लागै, परन्तु प्राण हरै, त्यौं ए विषय रमणीक भासै हैं, परन्तु अनंत भव प्राण हरै हैं।

आगैं कहै हैं कि जा समय तूं विषयनिका अभ्यास करै है ता समय कैसा है अर जब इनितैं रहित हो है तब कैसा हो हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

आत्मन्यात्मविलोपनात्मचरितैरासीदुरात्मा चिरं
स्वात्मा स्याः सकलात्मनीनचरितैरात्मीकृतैरात्मनः।
आत्मेत्यां परमात्मतां प्रतिपतन् प्रत्यात्मविद्यात्मकः
स्वात्मोत्थात्मसुखो निषीदसि लसन्नध्यात्ममध्यात्मना ॥१९३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—हे आत्मन्! आत्मज्ञानके लोपनहारे जे विषय कषायादिक तिनकी प्रवृत्तिकरि चिरकाल दुराचारी भया। अर जब तूं आत्माके सम्पूर्ण कल्याणके कारण ज्ञान-वैराग्यादिक अपने निजभाव तिनिकूँ अंगीकार करै तब तिनके [1]अंगीकार करिवे करि श्रेष्ठ आत्मा है। आत्मा ही पावै जाकौं ऐसी जो परमात्मदशा, ताहि होत संता केवलाज्ञानस्वरूप भया थका आपकरि उपज्या जो आत्मसुख ताविषैं शोभायमान हुवा थका, अपने शुद्धात्मभावकरि अपने अध्यात्मस्वरूपविषैं तिष्ठैंगा।

भावार्थ—जब लग तेरै बहिरात्मदशा है तब लग विषय-कषायनिके सेवनकरि दुराचारी है। अर जब सकल कल्याणरूप ज्ञान-वैराग्यादिकका आचरण करै तब अंतरात्मा होयकरि परमात्मपद पावै। तहां केवलज्ञान-रूप भया संता अनंत सुखविषैं निश्चल तिष्ठै है।

आगैं कहै हैं कि या जीवकूं सदाकाल दुखका कारण शरीर है ताके अभावके निमित्त शास्त्रोक्त विधिकरि यत्न करनां योग्य है—

पृथ्वीछंद

अनेन सुचिरं पुरा त्वमिह दासवद्वाहित—
स्ततोऽनशनसामिभक्तरसवर्जनादिक्रमैः।
क्रमेण विलयावधि स्थिरतपोविशेषैरिदं
कदर्थय शरीरकं रिपुमिवाद्य हस्तागतम् ॥१९४॥

अर्थ—या जगतविषैं या शरीरनैं तोकुं आगैं अनंत काल दासकी नांई भ्रमायो, तातैं अब तूं उपवास अर अल्प आहार तथा रसपरित्यागादि विधिरूप तपके विशेषकरि निरन्तर अनुक्रमतैं मरणपर्यंत याहि क्षीण करि जैसैं कोऊ हाथि आये शत्रुकूं क्षीण पारै।

भावार्थ—आगैं या शरीरनैं तोकूं अनंत काल दासवत् भव-भवविषैं अटकाया। अर तै याके संबंधतैं अनेक दुःख पाये। तातै अब तूं जैसे कोऊ हाथि आये वैरीकूं क्षीण पारै तैसैं तूं नानाप्रकार तपकरि या शरीरकूं क्षीण पारि।

आगैं कहै हैं कि या संसारविषैं जो कछू अनर्थकी परम्पराय है ताका मूल कारण यह शरीर है, तातैं शास्त्रोक्त तप करि याहि क्षीण पारि।

---

१. अंगीकारकरि श्रेष्ठ आहै. ज. पु. १९३.४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वसन्ततिलकाछंद

आदौ तनोर्जननमत्र हतेन्द्रियाणि
काङ्क्षन्ति तानि विषयान् विषयाश्च मानं ।
हानिप्रयासभयपापकुयोनिदाः स्युः
मूलं ततस्तनुरनर्थपरम्पराणाम् ।।१९५।।

अर्थ—प्रथम ही शरीरकी उत्पत्ति हो है। ता शरीरविषैं ए दुष्ट इंद्रिय विषयनिकूं वांछै हैं। अर ते विषय महंतताकी हानि करै हैं। अर महाक्लेशके कारण हैं। बहुरि भयके देनहारे अर पापके उपजावनहारे, नर्क निगोदादि कुयोनिके दायकी हैं। तातै यह शरीर ही अनर्थकी परं-परायका मूल कारण है।

भावार्थ—संसारदशाविषैं यह जीव पूर्व शरीरकूं तजि नवीन शरीरकूं धारै है, सो शरीरविषैं ए दुष्ट इंद्रिय अपने-अपने विषयनिकूं बांछै हैं। अर ते विषय अपमानके कारण क्लेशके कर्ता, भयकारी, पापके उपजावनहारे, कुगतिके देनहारे हैं। तातैं यह शरीर ही अनर्थकी परम्परयका मूल कारण जानना।

आगैं कहै हैं कि ऐसे शरीरकूं पोषिकरि अज्ञानी जीव कहा करै सोई कहै हैं—

शरीरमपि पुष्णन्ति सेवन्ते विषयानपि ।
नास्त्यहो दुष्करं नृणां विषाद्वाञ्छन्ति जीवितुम् ।।१९६।।

अर्थ—अहो लोको ! मूर्ख जीव कहा कहा न करै। शरीरकूं तौ पोषै, अर विषयनिकूं सेवै। मूर्खनिकूं कछू विवेक नांही, विषयतैं जीया चाहै। अविवेकीनिकूं पापका भय नांही, अर विचार नांही, बिनां विचारे न करने योग्य होय सो करैं।

भावार्थ—जे पंडित विवेकी हैं ते शरीरसूं अधिक प्रेम न करैं। नाना प्रकारकी सामग्री करि याहि न पोषैं। अर विषयनिकूं न सेवैं, अकार्यतैं डरैं। अर जे मूढ जन हैं ते शरीरकूं अधिक पोषैं, अर विषयनिकूं सेवैं, न करिवे योग्य कार्यकी संका न करैं। जे विषयनिकूं सेवै हैं ते विष खाय जीया चाहै हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं कहै हैं शरीरकूं तपादिककरि पीरा उपजावते हू मुनि कलिकालके दोषतैं पर्वतकी गुफादिक कायक्लेशके स्थानक तिनकूं तजिकरि ग्रामकै समीप आय बसै हैं ऐसा दिखावै हैं—

इतस्ततश्च त्रस्यन्तो विभावर्यां यथा मृगाः ।
वनाद्विशन्त्युपग्रामं कलौ कष्टं तपस्विनः ॥१९७॥

अर्थ—जैसैं मृग दिनकूं वनमैं जहां भ्रमणकरि सिंहादिकके भयतैं रात्रिविषैं वनसैं ग्रामके समीप आय रहै हैं तैसैं कलिकाल विषैं मुनि हू दिन विषैं वन निवास करि ग्रामकै समीप आवै रात्रिकूं सो हाय ! हाय ! यह बडा कष्ट है। मुनि महा निर्भय, तैं मृगनिकी नांई ग्रामके समीप कैसे आइ बसैं ?

भावार्थ—मृगनिकी यह रीति है—दिनकुं वनविषैं विचरै हैं अर रात्रिकूं ग्रामकै निकटि आइ बसैं। तैसैं दुःखम कालविषैं मुनि हू रात्रिविषैं ग्रामकै समीप निवास करैं यह बड़ा दोष है। मुनिनिकूं गिरि-शिखर गुफा विषम बन नदीनिके तट इत्यादि निर्जन स्थानक ही विषैं रहना योग्य है।

आगैं कहै हैं कि तपहूकूं ग्रहकरि जे इन्द्रिनिकै वशीभूत होय हैं तिनतैं गृहस्थ अवस्था ही श्रेष्ट है—

वरं गार्हस्थ्यमेवाद्य तपसो भाविजन्मनः ।
श्वः स्त्रीकटाक्षलुण्टाकलोप्यवैराग्यसंपदः ॥१९८॥

अर्थ—या जगतविषैं स्त्रीनिके जो कटाक्ष तेई भये लुटेरे, तिनकरि वैराग्य संपदा लुटाय दीन भया अर होनहार है संसार भ्रमण जातैं, ऐसैं तपतैं गृहस्थपना ही श्रेष्ठ है।

भावार्थ—गृहस्थ अवस्थाविषैं तौ निज स्त्रीका तो सेवन है ही। अर जे तपकूं धारिकरि नगरके स्त्रीनिकौ नेत्रनिके जो कटाक्ष, तेई भए लुटेरे, तिनकरि लूटि गई है वैराग्य संपदा जिनकी ऐसे तपतैं गृहस्थ अवस्था ही श्रेष्ठ जाननी। यह तप संसार ही का कारण है।

आगैं कहैं हैंः—या शरीरके योगतैं तूं स्त्रीका अनुरागी होय दुखी भया सो शरीर तेरी लार एक पैंड न जाय, तातैं शरीरादिकसूं स्नेह तजि—

मंदाक्रांत छंद

स्वार्थभ्रंशं त्वमविगणयंस्त्यक्तलज्जाभिमानः
संप्राप्तोऽस्मिन् परिभवशतैर्दुःखमेतत् कलत्रम् ।
नान्वेति त्वां पदमपि पदाद्विप्रलब्धोऽसि भूयः
सख्यं साधो यदि हि मतिमान् मा ग्रहीर्विग्रहेण ॥१९९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—हे भव्य जीव ! तूं या शरीरके होतैं संतै अपना अर्थ जो शुद्धोपयोगरूप आत्मकल्याण, अथवा पंच महाव्रत यतिका धर्म तथा अणुव्रतरूप श्रावकका धर्म ताके नाशकूं न गिणता संता अपमानकै सैंकरानि करि स्त्री संयोगकूं प्राप्त भया सो इह स्त्रीका संबंध ही महादुःखका मूल है। कैसा है तूं, तज्या है लज्जा अर अभिमान जानैं। इहां अभिमान शब्दका अर्थ गर्व न लेना, जाची वृत्ति लेनी। सो तूं स्त्रीके संगतैं निर्लज्ज अर जाचक भया जा समान दींनता नांही। सो तैं तौ शरीरकै अर्थि अपना अर्थ खोया, अर यह तौ तेरे संगि एक पैंड न जाय। सो तूं ऐसा कहा ठिगाया है जो बाम्बार याहीसूं प्रीति करै है। अब तोहि कहै हैं जो बुद्धिवान है तौ शरीरसूं प्रीति मति करै।

भावार्थ—तूं तौ शरीरका नाना प्रकार पोषण करै है, अर याकै संगतैं स्त्रीका अनुरागी होय निर्लज्ज अर दीन भया है। अर शरीर तौ तेरै साथि एक पैंड न जाय। तातैं हे भव्य ! तूं या देहतैं नेह तजि अर देहके प्रसंगी हैं पुत्र कलत्रादि, तिनतैं प्रीति तजि।

आगैं कहै हैं जे मूर्तीक पदार्थ हैं तिनिहूमैं परस्पर मिलाप होतैं भी भेद न मिटै है। काहूका लक्षण काहूसूं न मिलै। तौ मूर्तीक अर अमूर्तीक कैसैं एक होंहिगे। यह तेरे प्रतीति न आवै सो बड़ी भूलि है—

शिखरणीछंद

न कोऽप्यन्योऽन्येन व्रजति समवायं गुणवता
गुणी केनापि त्वं समुपगतवान् रूपिभिरमा।
न ते रूपं ते यानुपव्रजसि तेषां गतमतिः
ततश्छेद्यो भेद्यो भवसि बहुदुःखे भववने ॥२००॥

अर्थ—कोई ही गुणी कहीये द्रव्य सो काहू ही द्रव्यसौं एकताके भावकूं न प्राप्त होय यह प्रत्यक्ष है। अर तूं कर्मके योगकरि रूपी पदार्थनिसूं ममत्त्व भावकूं प्राप्त भया जिन शरीरादि पदार्थनिकरि तूं आशक्त होइ एकता जानि प्रवर्त्या है ते पुद्गल तेरे रूप नांहीं ! तूं तो निर्बुद्धी हुवा वृथा ही एकता मानै है। या अभेद बुद्धिकरि तिनिसूं आशक्त भया भववनविषैं बहुत दुखी होयगा, छेद्या जायगा, भेद्या जायगा, भव भव दुःख भोगवैगा, तातैं देहादिकसूं नेह तजि।

भावार्थ—रूपी पदार्थ जे परमाणू तेऊ सब भिन्न हैं। यद्यपि मिलिकरि बंधरूप होय हैं। तथापि न्यारे-न्यारे हैं। तो तूं अमूर्तीक पदार्थ तोसौं ए कैसैं मिलै अर तूं इनसौं कैसैं मिलै। तातैं इनसौं राग तज।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं कहै हैं पूर्वैं जाका वर्णन कीया सो शरीर ऐसा है तौ ताविषैं ममता बुद्धिकरि आसा क्यौं धरनी—

माता जातिः पिता मृत्युराधिव्याधी सहोद्गतौ ।
प्रान्ते जन्तोर्जरा मित्रं तथाप्याशा शरीरके ।।२०१।।

अर्थ—कैसा है शरीर ? उत्पत्ति तौ जाकी माता है, अर मरण जाका पिता है। अर आधि कहिये मनका सोच, व्याधि कहिए वायु पित्त कफ आदि रोग, ए ही जाके भाई, अर अंतविषैं जरा मित्र है। शरीर तौ ऐसा है तथापि शरीरविषैं तेरी आशा है, बड़ा अचिरज है।

भावार्थ—शरीर तौ जन्म-मरण, आधि, व्याधि, जरारूप है। अर तूं तौ अजर अमर अनादि निधन अखंड अव्याबाध है। तेरा अर याका कौन संबंध।

आगैं कहै हैं तूं तौ शुद्ध-बुद्धस्वरूप है, परंतु शरीरकरि अशुद्धताकूं प्राप्त भया है—

वसंततिलकाछंद

शुद्धोऽप्यशेषविषयावगमोऽप्यमूर्तो
ऽप्यात्मन् त्वमप्यतितरामशुचीकृतोऽसि ।
मूर्तं सदाऽशुचि विचेतनमन्यदत्र
किं वा न दूषयति धिग्धिगिदं शरीरम् ।।२०२।।

अर्थ—हे चिदानंद ! तूं तो शुद्ध कहिए निर्मल है। अर समस्त निज-परका ज्ञाता है। अमूर्तिक है तौऊ या जड़नैं तोहि अशुचि कीया। यह मूर्तिक सदा अशुचि अचेतन संसारविषैं जे केशर कर्पूरादि सुगंध वस्तु हैं तिनहूंकूं दुर्गंध करै है। तातैं धिक्कार धिक्कार या शरीरकूं।

भावार्थ—जे केशर कर्पूरादि सुगंध द्रव्य हैं तेऊ शरीरके संबंधतैं दुर्गंध होय जाय हैं। याकैं संबंतैं तूं महा दुखी भया, चार गतिके दुःख भोगये, अशुचि अपावन देहका धारण करि तूं अशुचि कहाया। तातैं यासूं प्रेम तजि। धिक्कार या शरीरकूं जाके प्रसंग करि तूं संसार वनविषैं भ्रम्या।

आगैं कहै हैं या शरीरविषैं तूं अनुराग बुद्धिकरि नष्ट भया निंदि शरीरकं अनिंद्य जान्या—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हा हतोऽसि तरां जन्तो येनास्मिंस्तव सांप्रतम् ।
ज्ञानं कायाशुचिज्ञानं तत्त्यागः किल साहसम् ॥२०३॥

अर्थ—हाय ! हाय ! हे प्राणी ! तूं अत्यंत ठिगाया, नष्ट भया, शरीरके ममत्व करि अति दुखी भया । कायाका अशुचि जानना यही ज्ञान है अर शरीरकूं पवित्र जाननां यही अज्ञान है । शरीरका ममत्व छोड़ना, निरादर करि तजना यही बड़ा साहस है ।

भावार्थ—अनादि कालतैं अपना स्वरूपकूं तैं न जान्या, परकौं आपा मानि नष्ट भया। शरीर अशुचि तूं महा पवित्र। तेरा अर याका कहा संबंध? तातैं देहसूं नेह तजि निर्ममत्व होहु, ज्यौं बहुरि शरीरका धारण न करै ।

आगैं कहै हैं कि यद्यपि साधुकै शरीरसूं ममत्व नांही, तथापि प्रबल-रोगके उदयतैं चित्तविषैं व्याकुलता होती होयगी । श्लोक दोयमें वह व्याख्यान करै हैं—

अपि रोगादिभिर्वृद्धैर्न मुनिः खेदमृच्छति ।
उडुपस्थस्य कः क्षोभः प्रवृद्धेऽपि नदीजले ॥२०४॥

वसंततिलकाछंद

जातामयः प्रतिविधाय तनौ वसेद्वा
नो चेत्तनुं त्यजतु वा द्वितयी गतिः स्यात् ।
लग्नाग्निमावसति वह्निमपोह्य गेहं
निर्याय वा व्रजति तत्र सुधीः किमास्ते ॥२०५॥

अर्थ—रोगादिककी वृद्धिहूकरि मुनि खेदकूं प्राप्त न होय । जैसैं नदींका जल वृद्धिकूं प्राप्त भया तथापि दृढ़ नावविषैं तिष्ठ्या ताकूं कहा विकल्प ? तैसै ज्ञानी मुनिनिकूं रोगादिककी वृद्धिहूविषैं कहा विकल्प ? अर अणुव्रती श्रावककै कदाचि रोग उपज्या तौ निर्दोष औषधादिकके योगतैं शांति करि शरीरविषैं बसे । अर प्रबल रौगकी शांतता न जानै तौ अनशन वृत्ति करि शरीरकूं तजै । ए दोय ही रीति । जैसैं घरकै अग्नि लागी तब सुबुद्धी ताहि बुझाय घरमैं बसै, अर बुझता न जानैं तौ घर छोडि दूर जाय बसै । तैसैं शरीर रहतो जानैं तो योग्य औषधादिक करि रोगकी निवृत्ति करै, अर रहता न जानै तौ निर्ममत्व होय तजै ।

भावार्थ—श्रावक की तौ दोय रीति हैं । पवित्र औषधादिकका सेवन करै, तथा न भी सेवन करै । अर साधु इच्छा करि तौ औषधका सेवन न

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करै। अर जो श्रावक निर्दोष औषध आहारादिक दे तौ निराग भावनितैं ले, राग भाव न करै।

आगै कहै हैं औषधादिक करि रोग न मिटै तौ ज्ञानीनिकूं शरीर नाश होनेका भय न करणां, मरणका भय अज्ञानीनिकै होय है—

शिरःस्थं भारमुत्तार्य स्कन्धे कृत्वा सुयत्नतः।
शरीरस्थेन भारेण अज्ञानी मन्यते सुखम् ॥२०६॥

अर्थ—जैसैं कोऊ शिरका बोझ उतारि कांधे धरि सुख मानै तैसैं जगतके जीव रोगका भार उतारि शरीरके भारकरि सुख मानै हैं।

भावार्थ—जगतके जीव रोग गए शरीर रहे सुख मानैं हैं अर ज्ञानी जीव शरीरका संबंध ही रोग जानैं हैं। तातैं शरीर जाय तौ विषाद नांही। जैसा शिरका भार तैसा ही कांधेका भार। जैसैं रोगका दुख तैसा ही देह धारणका दुख है।

आगैं याही अर्थकू दृढ़ करै है—

यावदस्ति प्रतीकारस्तावत् कुर्यात्प्रतिक्रियाम्।
तथाप्यनुपशान्तानामनुद्वेगः प्रतिक्रिया ॥२०७॥

अर्थ—जौ लौं रोगकी उपशांतता होती दीखै तौलौं योग्य औषधादिक-का ग्रहण करै तो करै अर जो रोग न मिटै तौ विकल्प न करै। शरीरसूं उदास होना निर्विकल्प रहना यही बड़ा यत्न है।

भावार्थ—जेतैं शरीरकी स्थिति है तेतैं रहै ही है। अर स्थिति पूर्ण भए कदाचित् न रहै तातैं हर्ष शोक नांही।

आगैं शिष्य पूछै हैः—कौन उपायतैं शरीरसूं उदासीनता करनी—

यदादाय भवेज्जन्मी त्यक्त्वा मुक्तो भविष्यति।
शरीरमेव तत्त्याज्यं किं शेषैः क्षुद्रकल्पनैः ॥२०८॥

अर्थ—तैजस कार्मण मूल शरीर हैं तिनिके योगतैं नवे नवे शरीर धरि संसारी जीव भ्रमण करै है। मनुष्य अर तिर्यंच होय तब औदारिक शरीर धारैं। देव अर नारकी होय तब वैक्रियिक देह धारै। अर तैजस कार्मणके अभावतैं शरीर न धरैं तब मुक्त होइ। शरीरका धारण सोई संसार। तातैं शरीरका संबंध त्याज्य ही है। क्षुद्र विकल्पनि करि कहा?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—शरीरके धारक संसारी अर अशरीरी सिद्ध तातें शरीरसूं ममत्व तजना है।

आगैं कहै हैं इह जीव तौ शरीरका उपकार करे है अर शरीर यातैं प्रतिकूल है, तातैं शरीरका ममत्व तजना—

नयेत्सर्वाशुचिप्रायः शरीरमपि पूज्यताम्।
सोऽप्यात्मा येन न स्पृश्यो दुश्चरित्रं धिगस्तु तत् ॥२०९॥

अर्थ—सर्व अशुचिका मूल जो शरीर ताहूकूं आत्मा पूज्य पदकूं प्राप्त करै है। अर शरीर आत्माकूं चांडालादिकके जन्मकरि अस्पर्श करै है, तातैं ताकै दुराचारकूं धिक्कार होहु। आत्मा तौ या मलिन शरीरसूं उपकार करै है। मुनिपदके योगतैं देव अर मनुष्यादिकनिकरि सेवनीक करै है। अर शरीर अशुभकूं उपजाय जीवकौं कुयोनिमैं डारि ऐसा करै है जो कोऊ भीटै नांही, तातैं शरीरकूं धिक्कार।

भावार्थ—आत्मा तौ शरीरकूं संयमादि साधनकरि पूज्य करै है अर शरीर अज्ञानदशाविषैं जीवकूं नरक निगोद तिर्यंच गति तथा कुमानुष्यादि जन्म करि अस्पर्श करै है, सो अचिरज नांही। भला होय सो भली ही करै, बुरा होय सो बुरी ही करै।

आगैं कहै हैं संसारी जीव शरीरादि तीन भागकूं धरै है सो श्लोक दोयमैं कहै हैं—

रसादिराद्यो भागः स्याज् ज्ञानावृत्यादिरन्वतः।
ज्ञानादयस्तृतीयस्तु संसार्येवं त्रयात्मकः ॥२१०॥
भागत्रयमयं नित्यमात्मानं बन्धवर्तिनम्।
भागद्वयात् पृथक् कर्तुं यो जानाति स तत्त्ववित् ॥२११॥

अर्थ—आदिका भाग तौ सप्त धातु मई शरीर है। ता पीछे दूजा ज्ञानावरणादि अष्ट कर्मका भाग है। अर तीसरा भाग ज्ञानादिक निज भावका है। या भांति संसारी जीव तीन भागकूं धरै है। तीन भागमई संसारी जीव है, सो शरीरका भाग अर कर्मका भाग इनि दोय भागनितैं जीवकूं जुदा करवेकी विधि जानैं सो तत्त्वज्ञानी कहिये।

भावार्थ—शरीर अर शरीरके मूल कारण कर्म तिनितैं जीवकूं जुदा करि ज्ञानादिक निज भावविषैं रमैं सोई तत्त्वज्ञानी अर पर वस्तुविषैं रत होय सो अज्ञानी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै शिष्य प्रश्न करै है:—दोय भागतैं आत्माका जुदा करना तपके आचरणतैं होय है सो तप करना कठिन, ताका समाधान करै है—

करोतु न चिरं घोरं तपः क्लेशासहो भवान् ।
चित्तसाध्यान् कषायारीन् न जयेद्यत्तदज्ञता ॥२१२॥

अर्थ—जो तू क्लेश सहिवेकूं असमर्थ है, चिरकाल दुर्धर तप न करै तौ मन ही करि जीते जाहि ऐसे क्रोध मान माया लोभ बैरी तिनिकूं तौ जीति, अर न जीतै तौ बड़ी अज्ञानता है। कषाय जीतिवेमैं तौ कायक्लेश नाहीं, मनही की सुलटनि है।

भावार्थ—शरीरके क्लेशकरि तपकौ तूं कठिन जानै है। दुर्द्धर तप न करि सकै तौ मन वसिकरि कषाय ही क्षीण पारि। कषाय जीतिवेमें कायक्लेश नांही, मन ही का कारण है, ए कषाय जीवके शत्रु हैं।

आगै कहै हैं कि जौ लगि कषायनिकूं न जीतैं तौ लगि मुक्तिके कारण जे उत्तम क्षमादि गुण तिनकी प्राप्ति तोकूं अति दुर्लभ हैं—

मालिनी छंद

हृदयसरसि यावन्निर्मलेऽप्यत्यगाधे
वसति खलु कषायग्राहचक्रं समन्तात् ।
श्रयति गुणगणोऽयं तन्न तावद्विशङ्कं
सयम शमविशेषैस्तान् विजेतुं यतस्व ॥२१३॥

अर्थ—जौ लगि तेरे निर्मल अगाध हृदयरूप सरोवरविषैं निश्चय सेती कषायंरूप जलचरनिका समूह बसै है तौ लगि गुणनिका समूह निशंकपणै प्रवेश न करि सकै। तातैं शम दम यम भेदनिकरि कषायनिके जीतिवेका जतन करि। शम कहिये समता भाव रागादिकका त्याग। दम कहिये मन इंद्रीनिका निरोध। यम कहिये यावत् जीवहिंसादिकका त्याग।

भावार्थ—जौ लगि तेरे हृदयविषैं कषायनिका संचार है तौ लगि शम दमादि गुणनिका लेशमात्रहू अंगीकार नांही। तातैं कल्याणके निमित्त कषाय तजि।

आगै कषायनिका जीतना सो ही मोक्षका कारण है ऐसा कहि करि जे कषायनिके आधीन होइ हैं तिनकी हास्य करते संते कहै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूलविक्रीडित छंद

हित्वा हेतुफले किलात्र सुधियस्तां सिद्धिमामुत्रिकीं
वाञ्छन्तः स्वयमेव साधनतया शंसन्ति शान्तं मनः।
तेषामाखुविडालिकेति तदिदं धिग्धिक् कलेः प्राभवं
येनैतेऽपि फलद्वयप्रलयनाद् दूरं विपर्यासिताः ॥२१४॥

अर्थ—जे कहिवेके सुबुद्धी या भवविषैं हेतु कहिये कारण निष्परिग्रहत्वादि, अर फल कहिये कार्य मनकी शांतता तिनकूं तजिकरि परलोककी सिद्धि वांछै हैं अर आप ही अपने मन उपंग साधनकरि अपनी प्रशंसा करै हैं, कषायनिके वशि हैं। अर जानै हैं हम शांतचित्त हैं सो यह बड़ा विरुद्ध है। क्रोधादिकमैं अर उपशांततादि गुणनिमैं परस्पर बैर है। जैसैं बिलाव और मूसेकै अनादिका परस्पर बैर है। तातैं बारंबार धिक्कार होहु कलिकालके प्रभावकूं। जाके प्रभावकरि सुबुद्धीहू इहलोक-परलोकका फल ताके विनाश करवेतैं अत्यंत ठिगाये गये हैं।

भावार्थ—जे कषाय तजैं बिनु शांत चित्त कहावै हैं ते वृथा ही अपनी प्रशंसा करै हैं। कषायनिकै अर शांतताकै परस्पर विरोध है। जे बुद्धिवान कहाय आत्मा-कल्याण न करैं ते दोऊ जन्म बिगाडै हैं, अत्यंत ठिगाये हैं।

आगै श्री गुरु शिष्यकूं शिक्षा करै हैं:—जो तूं महातप अर ज्ञानकरि संयुक्त है, अर कषायनिका जीतनहारा है तौ अहंकारका लेशहू मति करि, अहंकारकूं मूलतैं उपारि डारि।

स्रग्धराछंद

उद्युक्तस्त्वं तपस्यस्यधिकमभिभवं त्वामगच्छन् कषायाः
प्राभूद्बोधोऽप्यगाधो जलमिव जलधौ किं तु दुर्लक्ष्यमन्यैः।
निर्व्यूढेऽपि प्रवाहे सलिलमिव मनाग् निम्नदेशेष्ववश्यं
मात्सर्यं ते स्वतुल्ये भवति परवशाद् दुर्जयं तज्जहीहि ॥२१५॥

अर्थ—तूं तपविषैं उद्यमी भया है, अर तोतैं कषाय अति अपमानकूं प्राप्त भये हैं, अर समुद्रविषैं जल अगाध होय तैसैं तेरै ज्ञान अगाध भया है। परंतु एक तोहि शिक्षा करै हैं—यह बात औरनिकरि अगम्य है। या दोषकूं विरले तजैं। जैसैं जलके प्रवाहविषैं तुच्छ हू नीचे स्थानकविषैं जल निःसन्देह औंडा होय है सो गूढ़ है। लोकनिके जानवेमैं नांही तैसैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै शिष्य प्रश्न करै है:—दोय भागतैं आत्माका जुदा करना तपके आचरणतैं होय है सो तप करना कठिन, ताका समाधान करै है—

करोतु न चिरं घोरं तपः क्लेशासहो भवान् ।
चित्तसाध्यान् कषायारीन् न जयेद्यत्तदज्ञता ॥२१२॥

अर्थ—जो तूं क्लेश सहिवेकूं असमर्थ है, चिरकाल दुर्धर तप न करै तौ मन ही करि जीते जाहि ऐसे क्रोध मान माया लोभ बैरी तिनिकूं तौ जीति, अर न जीतै तौ बड़ी अज्ञानता है। कषाय जीतिवेमैं तौ कायक्लेश नाहीं, मनही की सुलटनि है।

भावार्थ—शरीरके क्लेशकरि तपकौं तूं कठिन जानै है। दुर्द्धर तप न करि सकै तौ मन वसिकरि कषाय ही क्षीण पारि। कषाय जीतिवेमें कायक्लेश नांही, मन ही का कारण है, ए कषाय जीवके शत्रु हैं।

आगै कहै हैं कि जौ लगि कषायनिकूं न जीतैं तौ लगि मुक्तिके कारण जे उत्तम क्षमादि गुण तिनकी प्राप्ति तोकूं अति दुर्लभ हैं—

मालिनी छंद

हृदयसरसि यावन्निर्मलेऽप्यत्यगाधे
वसति खलु कषायग्राहचक्रं समन्तात् ।
श्रयति गुणगणोऽयं तन्न तावद्विशङ्कं
सयम शमविशेषैस्तान् विजेतुं यतस्व ॥२१३॥

अर्थ—जौ लगि तेरे निर्मल अगाध हृदयरूप सरोवरविषैं निश्चय सेती कषायंरूप जलचरनिका समूह बसै है तौ लगि गुणनिका समूह निशंकपणै प्रवेश न करि सकै। तातैं शम दम यम भेदनिकरि कषायनिके जीतिवेका जतन करि। शम कहिये समता भाव रागादिकका त्याग। दम कहिये मन इंद्रीनिका निरोध। यम कहिये यावत् जीवहिंसादिकका त्याग।

भावार्थ—जौ लगि तेरे हृदयविषैं कषायनिका संचार हैं तौ लगि शम दमादि गुणनिका लेशमात्रहू अंगीकार नांही। तातैं कल्याणके निमित्त कषाय तजि।

आगै कषायनिका जीतना सो ही मोक्षका कारण है ऐसा कहि करि जे कषायनिके आधीन होइ हैं तिनकी हास्य करते संते कहै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूलविक्रीडित छंद

हित्वा हेतुफले किलात्र सुधियस्तां सिद्धिमामुत्रिकीं
वाञ्छन्तः स्वयमेव साधनतया शंसन्ति शान्तं मनः ।
तेषामाखुविडालिकेति तदिदं धिग्धिक् कलेः प्राभवं
येनैतेऽपि फलद्वयप्रलयनाद् दूरं विपर्यासिताः ॥११४॥

अर्थ—जे कहिवेके सुबुद्धी या भवविषैं हेतु कहिये कारण निष्परिग्रहत्वादि, अर फल कहिये कार्य मनकी शांतता तिनकूं तजिकरि परलोककी सिद्धि वांछै हैं अर आप ही अपने मन उपंग साधनकरि अपनी प्रशंसा करैं हैं, कषायनिके वशि हैं। अर जानै हैं हम शांतचित्त हैं सो यह बड़ा विरुद्ध है। क्रोधादिकमैं अर उपशांततादि गुणनिमैं परस्पर बैर है। जैसैं बिलाव और मूसेकै अनादिका परस्पर बैर है। तातैं बारंबार धिक्कार होहु कलिकालके प्रभावकूं। जाके प्रभावकरि सुबुद्धीहू इहलोक-परलोकका फल ताके विनाश करवेतैं अत्यंत ठिगाये गये हैं।

भावार्थ—जे कषाय तजैं बिनु शांत चित्त कहावै हैं ते वृथा ही अपनी प्रशंसा करै हैं। कषायनिकै अर शांतताकै परस्पर विरोध है। जे बुद्धिवान कहाय आत्मा-कल्याण न करैं ते दोऊ जन्म बिगाडै हैं, अत्यंत ठिगाये हैं।

आगै श्री गुरु शिष्यकूं शिक्षा करै हैं:—जो तूं महातप अर ज्ञानकरि संयुक्त है, अर कषायनिका जीतनहारा है तौ अहंकारका लेशहू मति करि, अहंकारकूं मूलतैं उपारि डारि।

स्रग्धराछंद

उद्युक्तस्त्वं तपस्यस्यधिकमभिभवं त्वामगच्छन् कषायाः
प्राभूद्बोधोऽप्यगाधो जलमिव जलधौ किं तु दुर्लक्ष्यमन्यैः ।
निर्व्यूढेऽपि प्रवाहे सलिलमिव मनाग् निम्नदेशेष्ववश्यं
मात्सर्यं ते स्वतुल्ये भवति परवशाद् दुर्जयं तज्जहीहि ॥२१५॥

अर्थ—तूं तपविषैं उद्यमी भया है, अर तोतैं कषाय अति अपमानकूं प्राप्त भये हैं, अर समुद्रविषैं जल अगाध होय तैसैं तेरै ज्ञान अगाध भया है। परंतु एक तोहि शिक्षा करै हैं—यह बात औरनिकरि अगम्य है। या दोषकूं विरले तजैं। जैसैं जलके प्रवाहविषैं तुच्छ हू नीचे स्थानकविषैं जल निःसन्देह औंडा होय है सो गूढ़ है। लोकनिके जानवेमैं नांही तैसैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपनी बराबरिके विषैं कर्मनिके वशतैं अदेखसका भाव होइ है। जाहि शास्त्रविषैं मात्सर्य्य कहे हैं सो अति दुर्जय है, ताहि तूं तजि।

भावार्थ—जो तूं तपस्वी है, मंदकषायी है, गंभीरचित्त है तौ मत्सर कहिए अदेखसका भाव तजि। अपनी बराबरि तथा अधिकविषैं अदेखसका भाव मति करै। इह बड़ा दोष है, तूं सर्वथा तजि।

आगै कोऊ प्रश्न करै है—इनि कषायनिके होतैं संतै जीवका कहा अकल्याण है? ताहि उत्तर कहै हैं—जहां काम क्रोधादिकका उदय होइ सो ही जीवका अकल्याण। इह कथन दृष्टांतकरि दृढ़ करै हैं। प्रथम ही क्रोधके उदयविषैं अकल्याण दिखावै हैं—

वसन्ततिलका छन्द

चित्तस्थमप्यनवबुद्ध्य हरेण जाड्यात्
क्रुद्ध्वा बहिः किमपि दग्धमनङ्गबुध्या।
घोरामवाप स हि तेन कृतामवस्थां
क्रोधोदयाद्भवति कस्य न कार्यहानिः ॥२१६॥

अर्थ—देखो काम तौ चित्तविषैं हुता बाह्य न हुता। अर काहूनैं क्रोधकरि काम जानि कोऊ बाह्य पदार्थ भस्म कीया सो काम न मूवा। कामके योगतैं सराग अवस्थाकूं प्राप्त भया। कामकी करी घोर वेदना सही सो क्रोधके उदयतैं कौनकै कार्यकी हानि न होइ?

भावार्थ—क्रोधके उदयतैं सर्व कार्यका नाश होय। काहूनैं कोऊ बाह्य पदार्थ काम जानि भस्म कीया सो काम न मूवा, सो क्रोधी कामकरि पीडित ही भया।

आगै मानके उदयविषैं अकाज दिखावै है—

वसन्ततिलकाछंद

चक्रं विहाय निजदक्षिणबाहुसंस्थं
यत् प्राव्रजन्ननु तदैव स तेन मुञ्चेत्।
क्लेशं तमाप किल बाहुबली चिराय
मानो मनागपि हतिं महतीं करोति ॥२१७॥

अर्थ—देखो बाहुबली अपनी दाहिणी भुजापरि आय तिष्ठ्या जो चक्र ताहि तजि करि जिन दीक्षा आचरी। तपकरि संसारतैं मुक्त भए। परंतु कैयक दिन कछुइक संज्वलनमानका उदय रह्या, ताकरि वर्ष पर्यंत केवल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न उपज्या। महाकायक्लेश कीया तऊ मान गए बिना मुक्त न भए। यह तुच्छ मात्रहू मान महा मोटी हानि करै है। तातैं मान त्याज्य है। तन धनरूप संपदा यौवन राजलक्ष्मी इनिका गर्व करै सो ये सब क्षण भंगुर हैं। अर आत्मा तौ निश्चयकरि सिद्ध समान है। त्रैलोक्यका आभूषण है, ताकै मान काहेका?

भावार्थ—मान ही मोक्षका विघ्नकारी है। बाहुबली सारिखे तपस्वी बलवान् विवेकी सूक्ष्म संज्वलन मानके उदयकरि वर्ष पर्यंत केवल न पावते भये। मान कणिका गई तब केवल उपज्या।

आगैं कहै हैं कि जो विवेकी गुणकी महंतता जानै है तिनिकूं तुच्छ मात्र हू मान करना उचित नांही यह दोय श्लोकमैं दिखावै हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

सत्यं वाचि मतौ श्रुतं हृदि दया शौर्यं भुजे विक्रमे
लक्ष्मीर्दानमनूनमर्थिनिचये मार्गो गतिर्निर्वृते।
येषां प्रागजनीह तेऽपि निरहङ्कारा: श्रुतेर्गोचरा:
चित्रं संप्रति लेशितोऽपि न गुणास्तेषां तथाप्युद्धता: ।।२१८।।

मालिनीछंद

वसति भुवि समस्तं सापि सधारितान्यै:
उदरमुपनिविष्टा सा च ते वा परस्य।
तदपि किल परेषां ज्ञानकोणे निलीनं
वहति कथमिहान्यो गर्वमात्माधिकेषु ।।२१९।।

अर्थ—या लोकविषैं पूर्वैं महा महत्पुरुष भए। जिनकै वचनविषैं सत्य, अर शास्त्रविषैं बुद्धि, हृदयविषैं दया, अर भुजानिविषैं शूरवीरता पराक्रम, अर लक्ष्मीका जाचकनिके समूह विषैं पूर्ण दान, अर निर्वृत्ति मार्गविषैं गमन, जिनमैं ए गुन होते भये तोऊ अहंकार रहित शास्त्रविषैं गाए हैं। परन्तु यह बड़ा अचिरज है अबार या कलिकालविषैं लेशमात्र हू गुण नांही तोऊ तिनिकै अति उद्धतता है, महा गर्वमैं छकि रहे हैं।

भावार्थ—पूर्वैं चतुर्थ कालविषैं बड़े सत्यवादी शूरवीर, दयावान्, दातार, महाविरक्त भए तोऊ गर्वका लेश न भया। अर अबार रंचमात्र गुण नांहीं, तथापि उद्धत हैं, गर्ववंत हैं। इह बड़ा अचिरज है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—गर्व करना झूठा है। गर्व तौ तब करै जब आपतैं कोऊ अधिक न होइ, सो एकसूं एक अधिक हैं। प्रत्यक्ष देखो या पृथ्वीविषैं समस्त बसै हैं। सबका आधार पृथ्वी है। सो त्रैलोक्यकी भूमिघनोदधि घनवात तनुवात इनि तीन बातवलानिकै आधार है। पृथ्वी अर वातवलय आकाशके उदरमें हैं। सो अनंता आकाश केवलीके ज्ञानके अंशमैं लीन भया है। एक सूं एक अधिक हैं। तातैं जगतविषैं आपतैं बहुतनिकूं अधिक जानि कौन गर्व करै ? विवेकी कदापि गर्व न करै।

भावार्थ—एकतैं एक अधिक हैं। सब पृथ्वीकै आधार, पृथ्वी पौंनकै आधार ए वातवलानिकै, ते वातवलय आकाशकै आधार सो आकाश समस्त ज्ञानमैं माय रह्या है। अर संसारी जीवनिमैं विभूति करिएकसूं एक अधिक हैं। जीवत्वकरि सब समान हैं।

आगैं मायाचारकै योगतैं जीवका अकल्याण होइ है सो तीन श्लोकनि में दिखावै हैं—

शिखरिणीछंद

यशो मारीचीयं कनकमृगयामलिनितं
हतोऽश्वत्थामोक्त्या प्रणयिलघुरासीद्यमसुतः।
सकृष्णः कृष्णोऽभूत् कपटबटुवेषेण नितरा—
मपि छद्माल्पं तद्विषमिव हि दुग्धस्य महतः ॥२२०॥

भेयं मायामहागर्तान्मिथ्याघनतमोमयात्।
यस्मिन् लीना न लक्ष्यन्ते क्रोधादिविषमाहयः ॥२२१॥

वसन्ततिलकाछंद

प्रच्छन्नकर्म मम कोऽपि न वेत्ति धीमान्
ध्वंसं गुणस्य महतोऽपि हि मेति मंस्थाः।
कामं गिलन् धवलदीधितिधौतदाहं
गूढोऽप्यबोधि न विधुं स विधुन्तुदः कैः ॥२२२॥

अर्थ—अल्प हू कपट महा मोटे गुणनिकूं हतै है, जैसै घने दूधकूं कणिकामात्र हू विष दूषित करै है। देखो मारीच जो रावणका मंत्री ताका जस कपटकरि कनक मृग होनेतैं मलिन भया। अर राजा युधिष्ठिर-का अति निर्मल यश सो तिनके मुखतैं यह वचन निकस्या जो "अश्वत्थामा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हत:" । न जानिए, नर जानिए या कुंजर । सो या मायाचारकै वचनकरि राजा युधिष्ठिर मित्रनिमैं लघु भए । तातैं अल्प हू मायाचार बहुत गुणनिकूं हतै है ।

भावार्थ—मायाचार महादुराचार है । मारीच मंत्री लघुताकूं प्राप्त भया । राजा युधिष्ठिर सारिखे "अश्वत्थामा हतः" या वचन कहिवेकरि लज्जाकौं प्राप्त भए । अहो भव्य जीव हो ! मायारूपी ओंडे खाडेतैं डरो । यह खाडा मिथ्या भावरूपी महा अंधकारमई है । जाविषैं लुकि रहे हैं क्रोधादिक महादुष्ट सर्प, जहां खाडा होइ तहा अंधकार हू होइ । अर तामें सर्प हू रहै ।

भावार्थ—यह मायारूप खाडा अति औंडा है । जामैं मिथ्यारूप अंधेरा है । जामैं क्रोधादि सर्प रहै हैं ।

अर्थ—हे जीव तूं ऐसा संदेह मति राखै, जो गुप्त[1] पाप मेरा कोऊ न जानैगा, बुद्धिवान हू न जानैं तौ और कैसे जानैं ? अर मेरे मोटे गुणनिका यह पाप कैसै आच्छादन करैगा । ऐसी तूं कदापि मति मानै । प्रगट देखि, चन्द्रमा अपनी उज्ज्वल किरणनिकरि जगतके आतापकूं निवारै है । सो ऐसे चंद्रहूकूं प्रच्छन्न जो राहु सो आच्छादित करै है । या बातकूं सब ही जानै हैं । ऐसा कौन जो या बात को न जाने ।

आगै लोभ कषाय थकी जीवका अकाज दिखावै—

हिरणीछंद

वनचरभयाद् धावन् दैवाल्लताकुलवालधिः
किल जडतया लोलो बालव्रजेऽविचलं स्थितः ।
वत स चमरस्तेन प्राणैरपि प्रवियोजितः
परिणततृषां प्रायेणैवंविधा हि विपत्तयः ॥२२३॥

अर्थ—देखो लोकविषैं प्रसिद्ध है—बनचर जो भील अथवा व्याघ्र ताके भय थकी सुरह गाय भागी सो दैवयोगतैं ताकी पूंछ बेलितैं उलझी सो मूढताकरि बालनका समूह जो पूंछ ताके लोभतैं खरी होइ रही सो बनचरनैं प्राणनितैं रहित करी । तातैं जो तृष्णातुर हैं तिनकै बाहुल्यता करि या प्रकार विपत्ति हो है ।

---

१. हे जीव तूं ऐसो तो गुप्त, ज० पु० १२२,३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगैं कहै हैं अकल्याणकी करनहारी जो कषाय तिसिकूं जीतिकरि अल्प है संसार जिनकै ते ऐसी सामग्रीकूं प्राप्त होय हैं। सो दोय श्लोकनि-से दिखावै हैं—

हिरणीछंद

विषयविरतिः संगत्यागः कषायविनिग्रहः
शमयमदमास्तत्त्वाभ्यासस्तपश्चरणोद्यमः ।
नियमितमनोवृत्तिर्भक्तिर्जिनेषु दयालुता
भवति कृतिनः संसाराब्धेस्तटे निकटे सति ॥२२४॥

अर्थ—विषयसूं विरक्तता, अर परिग्रहका त्याग, कषायनिका निग्रह, सम कहिए शांतता, रागादिका त्याग, दम कहिये मन इंद्रीनिका निरोध, यम कहिये यावत् जीव हिंसादिक पापनिका त्याग, तिनका धारण, तत्त्वका अभ्यास, तपश्चरणका उद्यम, मनकी वृत्तिका निरोध, जिनराजविषैं भक्ति, जीवनिकी दया ए सामग्री विवेकी जीवनिकै संसार समुद्रका तट निकटि आये होय है।

मालिनीछंद

यमनियमनितान्तः शान्तबाह्यान्तरात्मा
परिणमितसमाधिः सर्वसत्त्वानुकम्पी ।
विहितहितमिताशी क्लेशजालं समूलं
दहति निहतनिद्रो निश्चिताध्यात्मसारः ॥२२५॥

अर्थ—यम नियमादि योगकै मूल हैं। यम कहिए जन्मपर्यंत अयोग क्रियाका त्याग, अर नियम कहिए घरी पल प्रहर पक्ष मास चातुर्मास बर्षा-दिकका संवर। सो यम नियमादिविषैं साधु तत्पर हैं, महा शांत चित्त देहादिक बाह्य वस्तुनितैं निवृत्त भया है भाव जिनका, अर समाधि कहिये निर्विकल्प दशाकूं प्राप्त भया है सर्व जीव मात्रविषैं दया जिनकी, विहित कहिये शास्त्रोक्त अल्प है योग्य आहार जिनकै, दूरि करी है निद्रा, अर निश्चय किया है अध्यात्मका सार आत्मस्वभाव जिननैं। निरंतर आत्म-अनुभवविषैं मगन हैं।

आगैं कहै हैं जो ऐसे गुणनिकरि मंडित हैं मुनिराज ते निश्चैंसेती मुक्तिके भाजन हो है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मालिनीछंद

समाधिगतसमस्ताः सर्वसावद्यदूराः
स्वहितनिहितचित्ताः शान्तसर्वप्रचाराः ।
स्वपरसफलजल्पाः सर्वसंकल्पमुक्ताः
कथमिह न विमुक्तेर्भाजनं ते विमुक्ताः ॥२२६॥

अर्थ—भली भांति जान्या है समस्त तजिवे योग्य अर ग्रहण करिवे योग्य वस्तुका स्वरूप जिन, अर हिंसा आदि सब पापनितैं दूरि हैं, अर आत्मकल्याणके कारण सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र तिनविषैं आरूढ है चित्त जिनिका, अर निवृत्ति हो गयी है सर्व इन्द्रियनके विषय जिनकै, अर वचन ऐसा बोलै हैं जिन विषैं अपना कल्याण अर पर जीवनिका कल्याण, अर सर्व संकल्प विकल्पतैं रहित है। ते महापुरुष सर्व परपंचनितैं रहित क्यों न मुक्तिके भाजन होंहिं ? निःसन्देह शिवसुखके भोजन होहैं।

भावार्थ—जे सर्व प्रपंचनतैं रहित होंहि तेई मुक्ति होंहि, यह मुक्तिका मूल एक निःप्रपंचपना ही है जे हेयोपादेयकूं जानि सब त्याग जोग्य वस्तुनिकूं तजि आत्म-कल्याणके कारण जे रत्नत्रय तिनकों ग्रहि द र वषयनितैं विरक्त होंहि तेई भवसागरकै पार होंहि।

आगैं कहै हैं मुक्ति हुवा चाहै है तूं अर मुक्तिकै अर्थि रत्नत्रयका धारण किया है। तौ रत्नत्रयके भंगतै भय करना अर जगतकूं विषयासक्त देखि आप विषयासक्त न होना—

शार्दूलविक्रीडितछंद

दासत्वं विषयप्रभोर्गतवतामात्मापि येषां परः
तेषां भो गुणदोषशून्यमनसां किं तत्पुनर्नश्यति ।
भेतव्यं भवतैव यस्य भुवनप्रद्योति रत्नत्रयं
भ्राम्यन्तीन्द्रियतस्कराश्च परितस्त्वां तन्मुहुर्जागृहि ॥२२७॥

अर्थ—विषयरूप प्रभु कहिये राजा ताके दास भावकूं प्राप्त भये हैं जे अविवेकी लोक, गुण अर दोषके विचारतैं शून्य हैं चित्त जिनका, अर जिनका आत्मा भी पराधीन है तिनकी रीति देखि हो विवेकी ! तूं भूलै मति। ते तौ सम्यग्ज्ञानरूप धन करि रहित दरिद्री ही हैं। सो इनिका कहा जाइ ? अर तेरै तीन भवनविषैं उद्योत करनहारा रत्नत्रय धन है,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तातैं तोय भय करना। इंद्री चोर तेरैं आसि पासि चौगिरद फिरै हैं। तिनकरि न मुसावै सो यत्न करि। तेरी ज्ञान विभूति वै न ग्रहै सो करि, सदा जाग्रत रहु।

भावार्थ—जैसैं संसारविषैं निर्धन पुरुष हैं ते तौ जाग्रत रहौ वा शयन करौ, तिनकूं चोरनतैं कछू भय नांही, चोर तिनका कहा लैं। अर रत्नत्रयादि धनकरि पूर्ण है तिनकूं चोरनितैं सदा सावधान रहना। सावधान न रहै तौ चोरनिपैं मुसावै तैसैं अविवेकी जीव तौ रत्नत्रयरूप धनतैं रहित हैं, तिनिकूं इन्द्रीरूप चोरनिका भय नांहीं। तातैं प्रमादी भए यथेष्ट विषयनिकूं सेवे हैं। अर तूं रत्नत्रयरूप धनका धारी है। तातैं इन्द्रियरूप चोरनितैं सावधान रहु। जो प्रमादी होयगा तौ अपना निज धन मुसावैगा।

आगै कहै हैं जो विषयविषैं गया है मोह तेरा सो कमंडलु पीछी आदि संयमोपकरणविषैं हू अनुराग मति करै यह शिक्षा दे है—

वसन्ततिलका छंद

रम्येषु वस्तुवनितादिषु वीतमोहो
मुह्येद्वृथा किमिति संयमसाधनेषु।
धीमान् किमामयभयात् परिहृत्य भुक्तिं
पीत्वौषधिं व्रजति जातुचिदप्यजीर्णम् ॥२२८॥

अर्थ—हे बुद्धिमान्! मनोग्य स्त्री आदि वस्तुनिविषैं गया है मोह तेरा ऐसा तूं संयमके साधन जे पीछी आदि तिनिविषैं वृथा मोह क्यौं करै? जैसै कोऊ रोगके भयतैं भोजनकूं तजि मात्रातैं अधिक औषधि लेकरि कहा अजीर्ण करै? कदाचित् न करै।

भावार्थ—जैसैं कोऊ बुद्धिवान् अजीर्णके भयतैं भोजनकूं तजि पाचक औषध भी मात्रासै अधिक न ले। तैसैं ज्ञानी कनक, कामिनी आदि परिग्रहकूं तजि करि संयमके साधन जे कमंडलु पीछिकादिक तिनहूविषैं ममत्व न करै। ममत्व है सो बंधका कारण है। अर जो कदाचित् ममत्व करै तौ वीतराग भावकूं न पावै, सरागी होय महाव्रतको भंग करै।

आगै कहै हैं—सर्व पदार्थनिविषैं निर्मोही मुनि या प्रकार आपकूं कृतार्थ मानै है—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पृथ्वीछंद

तपः श्रुतमिति द्वयं बहिरुदीर्य रूढं यदा
कृषीफलमिवालये समुपलीयते स्वात्मनि
कृषिवल इवोज्झितः करणचौरबाधादिभिः ।
तदा हि मनुते यतिः स्वकृतकृत्यतां धीरधीः ॥२२९॥

अर्थ—जैसैं किसान क्षेत्रविषैं बीज बोय करि कणकी वृद्धि करै है। सो चोरादिककी बाधाकरि रहित होय अपने घरमैं अन्य ले करि आवै तब आपकूं कृतार्थं मानैं तैसैं साधु तप अरु श्रुतकी वृद्धि करि इन्द्रियादिक चोर तिनकी बाधाकरि रहित आत्मस्वरूपविषैं लय होय तब आपकूं कृतार्थ मानैं। वह किसान हू अपने कर्त्तव्यकी कृतार्थता तब ही मानै जब निराबाध अन्न घर मैं आय परै। अर साधु धीर बुद्धि अपने संयमकी कृतार्थता तब ही मानै जब इंद्रियादिक चोरकी बाधाकरि रहित तप श्रुतरूप बीजका फल ज्ञान-रूप कण आपविषैं लय करै।

भावार्थ—तप श्रुतका फल आत्म-ज्ञान, ताके बाधक इन्द्रियादिक चोर, तिनितैं ज्ञान न हरचा जाय। अर अपने स्वरूपविषैं लय होय तब यति आपकूं कृतार्थ मानै। जैसैं किसान अनेक परिश्रम करि खेती करी है अर निर्विघ्नपणैं नाज अपने घरमें ले आवै तब आपकूं कृतार्थ जानै।

आगै कहै हैं कि काहूके मनमैं ऐसा विचार है जो श्रुतज्ञान करि मेरे समस्त अर्थका परिज्ञान है। तातैं आशारूप शत्रु मेरा किछू विघ्न करवे समर्थ नाहीं। ऐसा जानि आशारूप शत्रुतैं निरभय रहना उचित नाहीं। इह श्री गुरु शिष्यकूं शिक्षा दे हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

दृष्टार्थस्य न मे किमप्ययमिति ज्ञानावलेपादमुं
नोपेक्षस्व जगत्त्रयैकडमरं निःशेषयाऽऽशाद्विषम् ।
पश्याम्भोनिधिमप्यगाधसलिलं बाबाध्यते वाडवः
क्रोडीभूतविपक्षकस्य जगति प्रायेण शान्तिः कुतः ॥२३०॥

अर्थ—इह आशारूप शत्रु मेरे ज्ञानवंतकै कछू विघ्नकारी नाहीं, या भांति ज्ञानके गर्वतैं आशारूप शत्रुकूं अल्प न गिनना। जगत्रयका एक अद्वितीय वैरी महा भयकारी आशा शत्रु सर्वथा दूरि ही करना। ताका दृष्टांत कहै हैं—देखो अगाध है जल जाविषैं ऐसा जो समुद्र ताहि बडवानल बाधा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपजावै है, सोखै है। तातैं या जगतमैं जाहि शत्रु दावे रहै ताहि बाहुल्यता करि शांति कहातैं होय ? जिनकै रंचमात्र हू शत्रु नाहीं तेई निराबाध जानहूँ। सो ऐसा तौ प्रबल शत्रु है। याकै होतैं शांतता कहांतै हौय ?

भावार्थ—जैसैं समुद्र तौ अगाध है अर बडवानल अग्नि स्तोक है, तौऊ ताके जलकूं सोषै है। सो रंचमात्र हू शत्रुके अभाव विन निराबाधता नांही तौ प्रबल शत्रुके होतैं निराबाधता कहातैं होय ? तैसैं आशाके अभाव बिन निराकुलता कहातैं होइ ? अर कदाचित् तूं जानैगा जो मेरै संयमादि गुण प्रबल है, आशा कहा करैगी ? सो ऐसा न विचारना। समुद्र अति गंभीर था तौऊ ताकूं रंच मात्र हू बडवानल तानै सोख्या। तौ आशा तौ तीव्र अग्नि संयमरूप समुद्रकूं सोषै ही सोषै। तातैं आशाका सर्वथा नाश होय सो यत्न करना।

आगै कहै हैं जौ तूं आशारूप शत्रुकूं निर्मूल कीया चाहै है तौ सर्वथा मोहका परित्याग करि—

आर्याछन्द

स्नेहानुबद्धहृदयो ज्ञानचारित्रान्वितोऽपि न श्लाघ्यः।
दीप इवापादयिता कज्जलमलिनस्य कार्यस्य ॥२३१॥

अर्थ—मोह करि युक्त है हृदय जाका सो पुरुष यद्यपि शास्त्रके ज्ञानकरि तथा शुभ आचरण करि मंडित है तौऊ प्रशंसा योग्य नाहीं। जैसैं दीप स्नेह कहिए तेल ताकरि युक्त है सो काजलकूं उपजावै है। तैसैं स्नेह कहिए रागभाव ताकरि सहित है सो मलिन कार्य जे पापरूप अशुभ-कर्म तिनका उपजावनहारा है, ऐसा जानि जगतसूं स्नेह तजना।

भावार्थ—जैसैं तेलके संबंध करि युक्त दीपक प्रकाश तौ करै है, परन्तु कज्जलरूप कलंकनिकूं निपजावै है तैसैं तेरा शुभाचरणरूप दीपक राग भावरूप तेल करि युक्त भया पापरूप कलंककूं उपजावै है। तातैं देहादिकसूं नेह तजि। जैसै तेल विना अग्नि सदा प्रकाशरूप रहै है अर कज्जलरूप कलंककूं नाहीं उपजावै है तैसैं तूं वीतराग भावरूप रहु, जाकरि कर्म कलंक न उपजै।

आगै कहै हैं जगतके स्नेह करि बंध्या है चित्त तेरा सो इष्ट अनिष्टविषैं राग द्वेष करि क्लेशकूं भोगवै है—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रतेररतिमायातः पुना रतिमुपागतः ।
तृतीयं पदमप्राप्य बालिशो वत सीदसि ॥२३२॥

अर्थ—अज्ञानी तूं विषयनिकी रुचितैं अरुचिमैं आवै है। अर बहुरि इनि ही तैं रुचि करै है। ऐसैं करतैं तीसरा पद जो जगततैं उदासीनता-रूप वैराग्य ताहि पाये बिगरि दुखी है। ऐसा जानि जो तूं कल्याणका अर्थी है तौ तूं रागद्वेषकूं तजि अर वैराग्यकूं भजि।

भावार्थ—स्त्रीआदिक विषयनिकूं प्रथम तौ रुचिकरि भोगवै है अर पीछै तत्काल ही अरुचि होय जाय है। बहुरि उनहीसौं रुचि करै है। ऐसै करतै वांछारूप व्याधितै सदा व्याकुल ही रहै है। रुचि अरुचितैं रहित जो वीतराग भाव ताहि न पावता संता खेद खिन्न रहै। तातैं राग-द्वेषकूं तजि, समभावकू भजि, जाकरि सुखी होय।

आगै कहै हैं अनेक दुःखनिकरि तप्तायमान जो तूं सो मोक्षसुखके अभावतैं लवलेश मात्र जो विषय-सुख ताकरि आपकूं सुखी मानै है सो वृथा है—

तावद्दुःखाग्नितप्तात्माऽयःपिण्डः सुखसीकरैः ।
निर्वासि निर्वृताम्भोधौ यावत्त्वं न निमज्जसि ॥२३३॥

अर्थ—तूं लोहके पिंडकी नांईं दुःखरूप अग्निकरि तप्तायमान हैं सो जौ लगि मोक्षके सुखरूप समुद्रविषैं मग्न न हो है तौ लगि इन्द्रीनिकरि उपजे जे लेशमात्र विषयसुख तिनकरि आपकूं सुखी मानै है सो वृथा है। भावार्थ—जैसै लोहके गोलेकूं पूरण जलमैं डबोइए तब ही आतापतैं रहित होइ, अर जो लेशमात्र जलतैं छांटिये तौ ताप न मिटै, वह जल ही भस्म होइ जाय। तैसैं जीवरूप गोला दुःखरूप अग्निकरि तप्तायमान जौ लगि निर्वाणके सुखरूप समुद्रविषैं मग्न न होय, तौ लगि दुःखरूप आताप न मिटै। देवपद राज्यपदरूप अल्प सुखकरि सुखी मानै है सो वृथा है। इनि सुखनिकरि कदाचि दुःखरूप आताप न मिटै। ए रंचमात्र सुख खिणमैं विलाय जाय।

आगै कहै हैं कि निवृत्ति सागरविषैं मग्न होना ज्ञानके अंगीकार कीए होइ है तातैं ज्ञानादि उपायकरि ताका अंगीकार करहु—

मंक्षु मोक्षं सुसम्यक्त्वसत्यंकारस्वसात्कृतम् ।
ज्ञानचारित्रसाकल्यमूल्येन स्वकरे कुरु ॥२३४॥

---

१. तिनकरि आपकूं खेदखिन्न करै है। २३३. ५.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—सम्यग्दर्शन, सम्यक्ज्ञान, सम्यक्चारित्रकी पूर्णता ही भया धन ताकरि तूं शीघ्र ही निर्वाणकूं अपने हाथि करि। जब सत्यरूप मुक्ति अपने वसि करी तब कृतार्थ भया।

भावार्थ—जैसैं कौऊ पुरुष इष्ट वस्तुकूं धनादिक देय करि अपने हाथि करै तैसैं तूं रत्नत्रयरूप धनकरि मोक्ष पदार्थकूं अपने हाथि करि, ज्यों सुखी होय।

आगैं कहै हैं सराग भाव की है उत्कृष्टता जामैं ऐसी जो प्रवृत्ति अर वीतराग भाव की है उत्कृष्टता जामैं ऐसी जो निवृत्ति, इन दोऊनिकी अपेक्षा इह जगत कैसा है सो दिखावै हैं—

उपेन्द्रवज्रा छंद

अशेषमद्वैतमभोग्यभोग्यं
निवृत्तिवृत्त्योः परमार्थकोट्याम्।
अभोग्यभोग्यात्मविकल्पबुद्ध्या
निवृत्तिमभ्यस्यतु मोक्षकांक्षी ॥२३५॥

अर्थ—इह समस्त जगत् निवृत्तिकी अपेक्षा तौ भोगिवे योग्य नांही, त्यागवे योग्य है, अर प्रवृत्तिकी अपेक्षा सकल जगत् भोगिवे योग्य है। कैसा है जगत्? अद्वैत कहिए एकरूप है। विषय कषायनिकी प्रवृत्ति सो प्रवृत्ति कहिए। अर तिनकी निवृत्ति सो निवृत्ति कहिए। सो इन दोऊनिकी अपेक्षा अभोग्यरूप अर भोग्यरूप जानि प्रवृतिकूं तजि मोक्षके अभिलाखी निवृत्ति ही का अभ्यास करहु। प्रवृत्तिका फल संसार, निवृत्तिका फल निर्वाण है।

भावार्थ—इह जगत अविवेकीनिकूं तौ रागके वस करि भोग्यरूप भासै है, अर विवेकीनिकूं ज्ञानभाव करि त्यागरूप भासै है। तो जो तूं मोक्षाभिलाषी है तौ तजिवे ही का अभ्यास करि, जातैं मुक्त होय।

आगैं कहै हैं कि निवृत्तिका अभ्यासकौ लगि करना—

निवृत्तिं भावयेद्यावन्निवृत्यं तदभावतः।
न वृत्तिर्न निवृत्तिश्च तदेव पदमव्ययम् ॥५३६॥

अर्थ—जौ लगि तजिवे योग्य मन वचन कायादिकका संबंध न छूटै तौ लगि निवृत्तिहीका अभ्यास करना। अर जब पर वस्तुका अभाव होइ गया तब न प्रवृत्ति, अर न निवृत्ति, केवल शुद्धस्वरूप ही है। जो पर पदार्थनितैं सर्वथा रहित होना सो ही अविनाशी पद है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जौ लगि या जीवके रागादिक परभावनिकी प्रवृत्ति है तौ लगि याकूं निवृत्ति ही का अभ्यास करना। अर जब इह पर वस्तुके संबंधतैं रहित होय मुक्त भया तब प्रवृत्ति अर निवृत्ति दोऊनि ही तैं प्रयोजन नांही। जैसै रोग है तौ लगि औषधका सेवन करना कर्त्तव्य है। अर रोगका अभाव भए औषधतैं प्रयोजन नांहीं। तैसैं जौ लगि प्रवृत्ति है तौ लगि ताकें निवारिवेकै अर्थि निवृत्तिका अभ्यास है। अर प्रवृत्तिका सर्वथा अभाव भए निवृत्ति हूतैं कछू प्रयोजन नांही।

आगै कहै हैं प्रवृत्तिका स्वरूप कहा, निवृत्तिका स्वरूप कहा, अर इनिका मूल कारण कहा—

रागद्वेषौ प्रवृत्तिः स्यान्निवृत्तिस्तन्निषेधनम्।
तौ च बाह्यार्थसंबद्धौ तस्मात्तांश्च परित्यजेत् ॥२३७॥

अर्थ—राग अर द्वेष ये ही प्रवृत्ति अर इनिका निषेध सो ही निवृत्ति। अर ए दोऊ बाह्य पदार्थनिके संबंधतैं हैं, तातैं धन धान्यादि बाह्य पदार्थनिका त्याग करना।

भावार्थ—रागादिककी प्रवृत्तिका मूल कारण पर वस्तुका संबंध है। तातैं निवृत्तिकै अर्थि देहादिक पर द्रव्यनितैं ममत्व तजना। यातैं पर वस्तुकूं अनादितैं अपनी मानी, परंतु पर वस्तु याकी भई नांही। तातैं इनिकूं अपनी जानि वृथा ही खेदखिन्न होय है। सो निज स्वरूपकूं जानि परतैं प्रीति तजना योग्य है।

आगै कहै हैं कि परिग्रहका परित्याग करता जो मैं सो या प्रकार भावना भाऊँ हूँ—

भावयामि भवावर्ते भावनाः प्रागभाविताः।
भावये भाविता नेति भवाभावाय भावनाः ॥२३८॥

अर्थ—मैं संसाररूप भ्रमणके विषैं भवभ्रमणके अभावकै अर्थि पूर्वें न भाई जे सम्यग्दर्शनादि भावना तिनकूं[1] भाऊँ हूं। अर जे मैं पूर्वैं मिथ्यादर्शनादि भावना अनादि कालतैं भाई ते नांही भाऊँ हूँ।

भावार्थ—मिथ्यादर्शनादि भावना भव-भ्रमणका कारण पूर्वैं सदा [2]भाई सो अब न भाऊं हूँ। अर सम्यग्दर्शनादि भावना मोक्षका कारण कदे न भाई सो भाऊँ हूँ।

---

१. भावना तिनकूं भाऊं हूं। भावार्थ—मिथ्यादर्शनादि ज०उ० २३८-५
२. भाई सो अब उ न भाऊं हूं। आगैं कहैं हैं ज० उ० २३८, ७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै कहै हैं कौन वस्तु हितकारी, कौन अहितकारी, सोई दिखावै हैं—

शुभाशुभे पुण्यपापे सुखदुःखे च षट् त्रयम् ।
हितमाद्यमनुष्ठेयं शेषत्रयमथाहितम् ॥२३९॥

अर्थ—शुभ कहिए उत्तम वचन, करुणारूप मन, संयमरूप काया ये प्रशंसा योग्य हैं। अर अशुभ कहिये कुवचन, निरदय चित्त, अव्रतरूप काया ये निंदा योग्य हैं। इन दोऊनिकरि पुन्य पाप होय है। शुभतैं पुन्य, अशुभतैं पाप। पुन्यतैं सुख, पापतैं दुख। ए शुभ अशुभ, पुन्य पाप, सुख दुःख छह भए। तिनिमैं आदिके तीन शुभ, पुन्य, सुख ए हितकारी सो आदरणे, अर अंतके तीन अशुभ, पाप, दुःख ए तीन अहितकारी ते तजिवे योग्य हैं।

भावार्थ—निश्चयनयकरि विचारिए तौ या जीवकूं एक शुद्धोपयोग ही उपादेय है। अर शुभ अशुभ दोऊ ही हेय हैं। तथापि व्यवहार नयकरि विचारिए तौ अशुभ तौ सर्वथा ही तजिवे योग्य है, जातैं ए सर्वथा मोक्ष मार्गका घातक है। अर शुभोपयोग यद्यपि मोक्षका साक्षात् कारण नांहीं, परंतु परंपराय मोक्षका कारण है। तातैं कथंचित्प्रकार प्रथम अवस्थाविषैं उपादेय है। शुभ परणामनितैं पुन्यका बंध होय, अर पुन्यतैं स्वर्गादिकका सुख होय। अर अशुभ परणामनितैं पापका बंध होय, पापतैं नरक निगोदादिक दुःख होइ। तातैं काहू प्रकारहू अशुभोपयोग उपादेय नांही।

आगैं अशुभादि तीनके त्यागका अनुक्रम दिखावै हैं—

तत्राप्याद्यं परित्याज्यं शेषौ न स्तः स्वतः स्वयम् ।
शुभं च शुद्धे त्यक्त्वान्ते प्राप्नोति परमं पदम् ॥२४०॥

अर्थ—प्रथम तौ अशुभ अहित छूटै। ताकै अभावकरि पाप अर दुःख हू छूटै। बहुरि शुद्धोपयोगके प्रभाव करि शुभ हू छूटै। अर शुभके छूटैतैं पुन्य अर स्वर्गादिक सुख हू न होय। कारणके अभावतैं कार्यहूका अभाव होइ। जब शुभ हू छूट्या तब परम वीतराग भावरूप शुद्धोपयोगविषैं तिष्ठि करि परम पदकूं पावै। वह परम पद शुभ अशुभ दोऊनितैं रहित है। दोऊनिके अंतविषैं होइ है।

भावार्थ—आत्माका उपयोग दोय प्रकार है, एक शुद्ध, एक अशुद्ध। अशुद्धके दोय भेद—अशुभ तथा शुभ। सो अशुभतैं पाप अर पापतैं नरकादि दुःख। तातैं अशुभ तौ सर्वथा तजिवे ही जोग्य। बहुरि शुभतैं पुन्य अर पुन्यतैं स्वर्गादिक सुख, सो अशुभके निवारिवे अर्थि शुभका ग्रहण होय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। पीछै शुद्धोपयोग भए शुभ हू छूटै है। शुद्धोपयोगके प्रसाद करि यह जीव मुक्त हो है।

आगै चार्वाक प्रश्न करै है—आत्मा होइ तौ परम पदकी प्राप्ति होइ, आत्मा ही नांही तो परम पद कैसै होइ ? अर आत्माकूं गर्भ आदि मरण पर्यंत काहूनै देख्या नांही। वस्तु होइ तौ दृष्टि परै। इह तौ चार्वाक कही। अर सांख्य कहता भया—आत्मा तौ सदा मुक्त ही है। पहली अशुभकूं तजि बहुरि शुभकूं तजि परम पद पावै, इह तौ अयुक्त। तब श्री गुरु दोऊनिका समाधान करै हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

अस्त्यात्मात्माऽस्तमितादिबन्धनगतस्तद्बन्धनान्यास्रवैः
ते क्रोधादिकृताः प्रमादजनिताः क्रोधादयस्तेऽव्रतात्।
मिथ्यात्वोपचितात् स एव समलः कालादिलब्धौ क्वचित्
सम्यक्त्वव्रतदक्षताऽकलुषतायोगैः क्रमान्मुच्यते ॥२४१॥

अर्थ—बहुरि सो आत्मा जातिस्मरण करि आपके पूर्व भव दृष्टि परै है, अर भूतादिक अपने पूर्व भव कहै हैं, सो जीवनिके पूर्व भवकी प्रतीति आवै है। तातैं आत्मा है, सो आत्मा अनादि कालका कर्मनिकरि बंध्या है। ते कर्म बंध आस्रवनि करि हैं, अर आस्रव क्रोधादिक करि होइ हैं। अर क्रोधादिक प्रमाद जनित हैं, अर प्रमाद हिंसादिक अव्रतनितैं हैं, अर अव्रत हैं सो मिथ्यात्त्व करि उपचित कहिए पुष्ट हैं। सो आत्मा मिथ्यादर्शनादि करि मलिन है। अर काल-लब्धि पाय काहू एक मनुष्य भवविषें सम्यक्त्व, व्रत, विवेक, निःकषायता इनिके योगकरि अनुक्रमें मुक्ति होइ है।

भावार्थ—चार्वाक तौ ऐसै कहै हैं जो आत्मा है ही नांही। सो आत्मा न होइ तौ ऐसा संदेह कौनकै होइ जो आत्मा नांही ? अर आत्मा न होइ तौ वितरादिक ऐसैं क्यौं कहै जो मै फलाना था, अर अगिले भवकी तथा या भवको पहली बात कौनकूं यादि आवै। अर जो आत्मा ही न होय तौ पुन्य-पापका फल कौन भोगवै ? आत्मा न होय तौ अहंकार ममकार कौनकै होय ? तातैं आत्मा है, इह बात निःसन्देह भई। अर सांख्य कहै जो सर्वथा शुद्ध ही है। सो सर्वथा शुद्ध ही होय तौ संसार भ्रमण कैसै होइ ? और कोऊ सुखी, कोऊ दुखी, कोऊ नीच, कोऊ ऊँच ऐसा भेद काहेकूं होइ ? अर सर्वथा शुद्ध ही होय तौ शुद्ध होनेकै अर्थि तपश्चरणादि साधन काहेकूं कह्या? तातैं इह निश्चय भया जो संसार अवस्थानि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषैं तौ आत्मा अशुद्धता करि युक्त है। बहुरि सम्यग्दर्शनादि उपायकरि अशुद्धताका नाश करै तब शुद्ध होय है—

आगै कहै हैं कि जो पुरुष शरीरादिकविषैं निस्पृह है सो ही निस्पृह कहिये और नांही—

ममेदमहमस्येति प्रीतिरीतिरिवोत्थिता।
क्षेत्रे क्षेत्रीयते यावत्तावत् काशा तपःफले ॥२४२॥

अर्थ—इह शरीर मेरा अर मैं याका, इह प्रीति उपद्रवकी करनहारी ईति समान अनादिकी लगी है। जौ लगि क्षेत्र कहिये शरीर ताविषैं इह आप क्षेत्री कहिए स्वामी होइ रह्या है तौ लगि तपका फल जो मोक्ष ताकी कहा आशा ?

भावार्थ—इह तन मेरा क्षेत्र, अर मैं याका क्षेत्री कहिये धनी। इह मेरा, मैं याका, ऐसी प्रीति ईतिसमान उपद्रवकी करनहारी जौ लगि है तौ लगि मोक्षकी कहा आशा ? अतिवृष्टि, अनावृष्टि, मूसक टीडी सूवा, अपना कटक, परका कटक ए सप्त ईति उपद्रवकी करनहारी तौ लगि किसानकूं अन्नकी कहा आशा ? तैसें जीवकै देहविषै नेह है तौ लगि मुक्तिकी कहा आशा ?

आगै कहै हैं—प्रीतिके योगतैं जीवकै जड़सूं एकताकी बुद्धि उपजै सोई संसारका कारण है अर या प्रीतिके अभावतैं मुक्ति है, ऐसा दिखावै हैं—

मामन्यमन्यं मां मत्वा भ्रान्तो भ्रान्तौ भवार्णवे।
नान्योऽहमहमेवाहमन्योऽन्योऽहमस्मि न ॥२४३॥

अर्थ—भ्रान्तिके होतैं आपकूं अन्य जे कायादिक तिनरूप जान्या अर कायादिककूं अपनारूप जान्या। याही विपरीत ज्ञानकरि भवसमुद्र विषैं भ्रम्या। अब तूं यह जानिः—मैं पर पदार्थ नांही, मैं जु हूँ सो मैं ही हूँ अर पर पदार्थ पर ही हैं। तिनिमैं मैं नांही, मोमैं ते नांही।

भावार्थ—या जगतविषैं सर्व ही पदार्थ अपने अपने स्वभाव ही कूं धारै हैं। काहू द्रव्यका काहू द्रव्यसूं संबंध नांही, सब जुदे जुदे हैं। अर मैं अनादि कालतैं मिथ्यात्व रागादिकके योगीतैं देहादिक पर पदार्थनिकूं अपने जानता भया सो वै तौ मेरे तीन कालमैं न होय। अर मैं वृथा अपने जाने, याहीतैं संसारविषैं भ्रम्या। अर अब सम्यग्ज्ञानके प्रभावतैं मैं यह जानी जो यह अन्य पदार्थ मैं नांही, यह जड़, मैं चैतन्य, मेरै अर इनकै कहा संबंध ? सो ये ही ज्ञान कल्याणका कारण है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै कहै हैं कि भ्रान्ति दूरि भए इह निश्चय हो है जो कायादिककूं अनुराग बुद्धिकरि विलोकै ताकै वह विलोकना कर्मबंधकै निमित्त है अर वैराग्य बुद्धि करि देखै, ताकै कर्मबंधके विनाशकै अर्थि होय है—

शार्दूलविक्रीडित छंद

बन्धो जन्मनि येन येन निबिडं निष्पादितो वस्तुना
बाह्यार्थैकरतेः पुरा परिणतप्रज्ञात्मनः साम्प्रतम् ।
तत्तत् तन्निधनाय साधनमभूद्वैराग्यकाष्ठास्पृशो
दुर्बोधं हि तदन्यदेव विदुषामप्राकृतं कौशलम् ॥२४४॥

अर्थ—या संसारमें बाह्य पदार्थनिविषैं एक अद्वितीय है प्रीति जाकी ताकै जिन जिन मन वचन कायादिक वस्तुनिकरि आगै अति गाढ़ा कर्मनिका बंध उपज्या, अर अब वैराग्यकी हद्दकूं प्राप्त भया, यथावत् पदार्थनिके पर ज्ञानरूप बुद्धि परिणई तब तेई वस्तु बंधके विनाशिवेकै अर्थि साधनरूप भई, तातैं जो अज्ञानकरि मैं रागादिरूप परणया सो अज्ञान तौ जुदा ही है। अर विवेकीनिका अपूर्व प्रवीणपणां है सो जुदा ही है।

भावार्थ—जब देहादिक पर वस्तुनिकूं राग बुद्धिकरि देखै था तब रागीकै तेइ वस्तु बंधका कारण हुती अर जब वैराग्य बुद्धि करि देखने लगा तब कायादिक मुक्तिके साधनरूप भई। तातैं राग भाव तजि वीतराग भावका यत्न करना।

आगै बंध अर बंधका नाश जा भांति होइ सो ही अनुक्रम दिखावै हैं—

अधिकः क्वचिदाश्लेषः क्वचिद्धीनः क्वचित्समः ।
क्वचिद्विश्लेष एवायं बन्धमोक्षक्रमो मतः ॥२४५॥

अर्थ—कहुँ एक तौ कर्मका बंधन अधिक है अर निर्जरा अल्प है, अर कहुँ एक बंध अल्प है, निर्जरा विशेष है। अर कहुँ एक बंध तथा निर्जरा समान है। अर कहुँ एक केवल निर्जरा ही है। इह बंधनेका वा छूटनेका अनुक्रम है।

भावार्थ—या जीवकै मिथ्यात्त्व गुणस्थानै तौ कर्मनिका बंध बहुत हो है, अर निर्जरा तुच्छ है। अर पंचम गुणस्थानादि अगिले गुणस्थाननिविषैं बंध अल्प है, निर्जरा बहुत है। अर चतुर्थ गुणस्थानविषैं बंध अर निर्जरा दोऊ समान हैं। अर अकषायीनिकै निर्जरा ही है, बंध नांही। यह बंध अर निर्जराकी परिपाटी कही।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै बतावै हैं कि जाकै कर्म अपने कार्य करिबेतैं रहित भए, कर्मनि-का यही कार्य जो नवे शरीर उपजावै सो अब उपजाय न सकै, जाकी इह दशा भई सो ही योगी—

यस्य पुण्यं च पापं च निष्फलं गलति स्वयम् ।
स योगी तस्य निर्वाणं न तस्य पुनरास्रवः ॥२४६॥

अर्थ—जा विरक्तकै पुन्य अर पाप, [1]फल उपजाए बिना ही खिरि गये पुन्यका फल स्वर्ग, पापका फल नरक, सो वै कर्म जाकौं न देइ सके, सो ही योगी, ताकै निर्वाण ही है बहुरि आस्रव नांही।

भावार्थ—पुन्य पाप ही संसार भ्रमणके मूल कारण हैं। जैसैं फलका मूल पुष्प है सो पुष्प ही खिरि गया, तौ फल कहांतैं होइ? तैसैं जीवनिकै चतुर्गति फलका कारण शुभाशुभ कर्मनिका उदय है। सो महा मुनिकै शुभाशुभ कर्म ही खिर गये तौ नवा शरीर कैसैं होइ? तातैं तिनकैं निर्वाण ही है।

आगै कहै हैं कि आस्रवका निरोध जो संवर सो प्रतिज्ञाके पालिवेतैं होइ है—

महातपस्तडागस्य संभृतस्य गुणाम्भसा ।
मर्यादापालिबन्धेऽल्पामप्युपेक्षिष्ट मा क्षतिम् ॥२४७॥

अर्थ—महातपरूप तालाब सम्यक्दर्शनादि गुणरूप जलकरि पूर्णताकी प्रतिज्ञारूप पालिके बंधनविषैं रंचमात्र हू हानि मति देखि सकै।

भावार्थ—जौ लगि पालि दृढ़ रहै तौ लगि तालाबविषैं जल रहै। अर पालिकै रंचमात्र हू छिद्र होइ, पालि फूटि जाय तौ तलाबमैं जल न रहै। तैसैं गुणरूप नीरतैं भरया तपरूप तालाब ताकीप्रतिज्ञारूप पालि डिगै तौ गुणरूप जल न रहै।

आगै कहै हैं कि महापुरुषनिकै संयमरूप घरकी हानिके ए कारण हैं—

दृढगुप्तिकपाटसंवृत्तिर्धृतिभित्तिर्मतिपादसंभृतिः ।
यतिरल्पमपि प्रपद्य रन्ध्रं कुटिलैर्विक्रियते गृहाकृतिः ॥२४८॥

अर्थ—यती पदरूप घरकै महादृढ़ मनोगुप्ति वचनगुप्ति कायगुप्तिरूप कपाटका संबंध, अर उत्तम धृति धीरता यही भीति, अर बुद्धिरूप नीव गाढ़ी, सो कदाचि तुच्छ हू व्रत भंगरूप छिद्र होइ तौ महाकुटिल रागादिक सर्प यतीपदरूप घरकूं दूषित करै।

---

१. फल न उपजाए बिना ज० पू० २४६,४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—जैसैं घरके किवाड़ भी बहुत गाढ़ा अर भींति हू गाढी अर नींव हू गाढी, परंतु जो रंच मात्र हू छिद्र होइ तौ सर्पादिक दुष्ट जीव निवास करै, तब रहनेवालेकौ निर्विघ्नता न होइ, कबहूक प्राण ही जाय। तैसैं यति पदरूप घरके गुप्तिरूप कपाट, धैर्यरूप भींति, बुद्धिरूप नींव, परन्तु व्रत भंगरूप अल्प हू छिद्र होइ तौ रागादिक कुटिल सर्प निवास करै, तौ अनेक पर्यायनिविषैं अनेक बार मरण करै।

आगै कहै हैं कि रागादिक दोषनिके जीतिवेकूं उद्यमी भया है मुनि अर कदाचि पर जीवनिके दोष कथन करै तौ रागादिकूं पुष्ट करै—

स्वान् दोषान् हन्तुमुद्युक्तस्तपोभिरतिदुर्धरैः।
तानेव पोषयत्यज्ञः परदोषकथाशनैः ॥२४९॥

अर्थ—अति दुद्धर तप करि अपने दोष हणिवेकूं उद्यमी भया है, अर कदाचि ईर्षाके योगतैं पराया अपवाद करै, पराये औगुण गावै तौ पर दोष कथारूप भोजनकरि रागादि दोषनिकूं पुष्ट करै।

भावार्थ—विवेकीनिकूं पराई निंदा करनी योग्य नांही, अर जो कदाचि पर निंदा करै तौ जैसैं रस संयुक्त भोजन करि देह पुष्ट होइ तैसैं परदोष कथन करि राग द्वेषादि दोष पुष्ट होइ, तिनिकरि मुनिपदका भंग होइ।

आगै कहै हैं कि दोगनिकूं जीतिकरि व्रतकूं आचरै हैं मुनि ताकै कर्मके वशतैं कदाचि चारित्रादिविषैं कोऊ दोष उपज्या, अर वाकै गुण प्रगट करै तौ गुणनिकी महिमा न होय—

शार्दूलविक्रीडितछंद

दोषः सर्वगुणाकरस्य महतो दैवानुरोधात् क्वचि-
ज्जातो यद्यपि चन्द्रलाञ्छनसमस्तं द्रष्टुमन्धोऽप्यलम्।
द्रष्टाप्नोति न तावतास्य पदवीमिन्दोः कलङ्कं जगद्
विश्वं पश्यति तत्प्रभाप्रकटितं किं कोऽप्यगात्तत्पदम् ॥२५०॥

अर्थ—सर्व गुणनिकी खानि जो महा पुरुष ताकै पूर्व कर्मके वशतैं कोई मूल गुणादिविषैं चंद्रमाके लांछिन समान अल्प हू दोष उपज्या तो ताके देखनेकूं अंध कहिये जगतके अविवेकी मूढदृष्टि लोक हू समर्थ होइ। जगतकी दृष्टिमैं वह दोष आवै। अल्प ही दोषकरि गुणवंतका पद कलंकित होइ। जैसैं चंद्रमाका कलंक चंद्रमाकी प्रभाहीनैं प्रगट कीया सो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समस्त जगत देखै है। कोऊ चन्द्रमाकै स्थानक तौ न गया, देखि न आया। तैसैं महापुरुषका औगुन तिनके गुणनि ही प्रगट किया। कोऊ तिनकै स्थानक जाय देखि न आया।

भावार्थ—जहां अनेक गुण होइ तहां दोष न संभवै। जैसैं चन्द्रमाकी प्रभाविषैं कलंक न सोह्या सो प्रगट भास्या। तैसैं मुनिपदमैं औगुन न सोह्या सो प्रगट भास्या। लोग कहै देखो एते गुण जिनमैं तिनमें इह दोष कैसे संभवै। अर कोऊ कहै जहां अनेक गुण होइ तहां अल्प दोषकी कहा वार्त्ता? अपने तांई तौ पराए गुण ही ग्रहने? ताका समाधान—उच्चपदविषैं नीच क्रिया सोहै नांही। जैसैं उपवासी करि अर एक कण हू भक्षण करे तौ ताकूं लोग भ्रष्ट कहैं। अर अव्रती निरंतर भोजन करै है ताकी कोऊ निंदा न करै। तैसैं अव्रतीमैं अनेक दोष हैं तौऊ तिनिकी कोऊ कथा न करै अर संयमी मैं रंच मात्र हू दोष होय तौ ताकी निंदा होय, जो ऐसी पदवीमैं ऐसा नीच कार्य कीया। तातैं पदवी अनुसार क्रिया करनी योग्य है।

आगै कहै हैं कि असूया कहिए ईर्ष्या पराये गुणविषैं द्वेषका आरोपण पराए अनहोते औगुन प्रगट करै, अपने अनहोते गुन प्रगट करै। अपनी महिमाकै अर्थि तेला आदि अनेक उपवास आचरै सो अधिक विवेक दशा होइ तब इह वृत्ति आछी न भासै अविवेकीनिकौं आछी भासै—

यद्यदाचरितं पूर्वं तत्तदज्ञानचेष्टितम्
उत्तरोत्तरविज्ञानाद्योगिनः प्रतिभासते ॥२५१॥

अर्थ—पूर्वं जो जो आचरण किया, पर दोष भाषे, अपने गुण प्रगट करे, सो सव जोगीश्वरकै उत्तरोत्तर उत्कृष्ट दशाके होतैं अज्ञान चेष्टा भासै।

भावार्थ—जो पराए औंगुन गावना अर अपने गुन प्रगट करना ये ही सो अज्ञानीनिकूं बुरी न भासै, ज्ञानतैं जोगीनिकूं बुरी भासै।

आगै कहै हैं जे उत्तम ज्ञानकी परणतिसूं रहित हैं अर तप उत्कृष्ट करै हैं, तोऊ तिनकै शरीरादिकविषैं ममता बुद्धि होइ है, ताकरि कहा होइ है सो कहै हैं—

हरिणीछंद

अपि सुतपसामाशावल्लीशिखा तरुणायते
भवति हि मनोमूले यावन्ममत्वजलार्द्रता।
इति कृतधियः कृच्छ्रारम्भैश्चरन्ति निरन्तरं
चिरपरिचिते देहेऽप्यस्मिन्नतीव गतस्पृहाः ॥२५२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—निश्चयसेती महातपस्वीनि हू कै आशारूप वेलिकी सिखा तरुणताकूं आचरै, जौ लगि मनरूप जडविषैं ममतारूप जलकी आव है तौ लगि आसा बेलि कैसै सूखै। ऐसा जानि विवेकी पुरुष या अपनी देह-विषैं हू अत्यंत उदास हैं, शरीरके जीवे मरिवेकी वांछा नाँही। यद्यपि शरीरसूं चिरकालतैं परिचय है तथापि मुनिकै ममता नाहीं, देहतैं निस्पृह हैं। कष्ट साध्य जे त्रिकाल योगादिक तिनकरि निरंतर शरीरकूं दमैं ही हैं। शीतकालमें जलकै तीर, उष्णकालमैं गिरिकै शिखर, वर्षा कालमैं तरुतल निवास करैं सो त्रिकाल योग कहिये।

भावार्थ—[1]जैसै बेलिकी जड़ जलतैं सीचिए तौ ताकी शिखा सदा हरित ही रहै तैसैं अशुद्ध भाव सो ममतारूप जलतैं सजल रहै तौ आशारूप बेलिकी शिखा सदा तरुण ही रहै।

आगै याही अर्थकूं दृष्टांतद्वार करि दृढ़ करै हैं—

रथोद्धता छंद

क्षीरनीरवदभेदरूपतस्तिष्ठतोरपि च देहदेहिनोः।
भेद एव यदि भेदवत्स्वलं बाह्यवस्तुषु वदात्र का कथा॥२५३॥

अर्थ—जो जीव और शरीरही मैं निश्चयसेती भेद है तौ अत्यन्त ही ज़ुदे जे पुत्र कलत्रादि अथवा शिष्यादिक बाह्य वस्तु कहौ तिनकी कहा क़था? वै तौ प्रगट जुदे ही हैं। अर जीव और देह क्षीर नीरकी नांई यद्यपि अभेदरूप तिष्ठै हैं तथापि निश्चयसेती जुदे ही हैं।

भावार्थ—तैजस कार्मण तौ सब संसारी जीवनिकै सदा लगि ही रहे हैं। कबहू जुदे होते नाहीं। जब जीव मुक्त होइ तब वे छूटैं। अर आहारक शरीर कबहू एक मुनिकै होइ है। अर मनुष्य तिर्यंचनिकै औदारिक, देव-नारकीनिकै वैक्रियिक सो इनिका संबंध होइ है, छूटै है। अनादि कालका शरीरसूं संबंध जीवकै है। जीव अर शरीर क्षीर-नीरकी नांई मिलि रहे हैं, तेऊ जुदे, तौ पुत्र कलत्रादिक अर शिष्यादिककी कौन बात? वै तौ प्रगट जुदे ही हैं ऐसा जानि सर्वतैं नेह तजो।

आगै या शरीरके संयोगतैं आत्माकै जो होइ है सो दिखावै हैं—

तप्तोऽहं देहसंयोगाज्जलं वाऽनलसंगमात्।
इति देहं परित्यज्य शीतीभूताः शिवैषिणः॥२५४॥

1. जैसै बेलकी जड अशुद्ध भाव सो मु० २५२, ४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—कल्याणके अर्थी जे महामुनि ते ऐसा जानि देहसूं नेह तजि आनंदरूप भए। कहा जान्यां? जैसैं अग्निके संयोगतैं जल तप्तायमान होय है तैसैं देहके संयोगतैं मैं तप्तायमान भया। इह जानि कल्याणके अर्थी महा मुनि देहसूं ममत्व तजि आनंदरूप भए।

भावार्थ—या जगतविषैं इह जीव जेते दुःख क्लेशादि भोगवै हैं ते शरीरके संबंधतैं भोगवै हैं। तातैं शरीरसूं अनुराग तजि मोक्षाभिलाषी जीवनिकूं वीतरागभाव आचरना योग्य है। जाकरि बहुरि शरीरका संबंध न होय।

आगै शरीरादिविषैं ममता भावका कारण महा मोह ताके त्यागका उपाय कहै हैं—

अनादिचयसंवृद्धो महामोहो हृदि स्थितः।
सम्यग्योगेन यैर्वान्तस्तेषामूर्ध्वं विशुद्ध्यति ॥२५५॥

अर्थ—जिन महापुरुषनि सम्यग्योग कहिये स्वरूपविषैं चित्तका निरोध, सोई भई औषध ताकरि अनादि कर्मनिके संचयकरि हृदयविषैं तिष्ठता महामोह सो वमि डारया, तिन हीका परलोक शुद्ध होय।

भावार्थ—जैसैं औषधिके योगकरि उदरविषैं तिष्ठता अजीर्ण जिनने वम्या तिनहीकै रोगकी निवृत्ति होइ। रोग चिरकालतैं अजीर्णके संचयकरि बढया है सो औषधिकै योग ही तैं दूरि होइ तैसैं विभावनि करि बढ्या जो कर्म-विकार सो सम्यग्ज्ञान ही करि निवृत्ति होइ।

आगै महामोहके अभावकूं होते संतै जे मुनि इन वस्तुनिकूं या भांति देखै हैं तिनकै कौन सुखकै निमित्त न होइ? सब ही सुखकै निमित्त होइ—

शार्दूलविक्रीडितछंद

एकैश्वर्यमिहैकतामभिमतावाप्तिं शरीरच्युतिं
दुःखं दुष्कृतिनिष्कृतिं सुखमलं संसारसौख्योज्झनम्।
सर्वत्यागमहोत्सवव्यतिकरं प्राणव्ययं पश्यतां
किं तद्यन्न सुखाय तेन सुखिनः सत्यं सदा साधवः ॥२५६॥

अर्थ—जे एकाकीपनेकौं एक अद्वितीय चक्रवर्त्तिपना मानै हैं, अर शरीरके विनाशकूं मन वांछित पदार्थकी प्राप्ति मानै हैं, अर दुष्कर्मकी निर्जरा शुभका उदय ताहि दुःख मानै हैं, अर सर्वथा संसारके सुखका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिहार ताहि सुख मानै हैं, अर सर्व त्यागकूं महा उच्छव मानै हैं, अर संग्रहकूं प्राण-त्याग मानै हैं, इह दृष्टि जिनकी है तिनकौं ऐसा कौन पदार्थ जो सुखकैं निमित्त न होय ? सब ही सुखके कारण होहि। जा कारण साधु सदा सुखी ही हैं, यह बात सत्य है।

भावार्थ—जगतविषैं जे परिग्रहादिक दुःखदायक सामग्री हैं तिनिहीकूं जिन सुखका कारण जानि अंगीकार करी तिनकै और दुःखका कारण कौन, तातैं जे सकल प्रपंचतैं छूटे ते ही सदा सुखी हैं।

आगैं कोऊ प्रश्न करै है कि कर्मके उदय करि उपज्या दुःख ताहि भोगवं तिनिकै चित्तविषैं खेदकी उत्पत्ति है तातैं कैसैं सुखीपना है ? ताका समाधान करै हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

आकृष्योग्रतपोबलैरुदयगोपुच्छं यदानीयते
तत्कर्म स्वयमागतं यदि विदः को नाम खेदस्ततः।
यातव्यो विजिगीषुणा यदि भवेदारम्भकोऽरिः स्वयं
वृद्धिः प्रत्युत नेतुरप्रतिहता तद्विग्रहे कः क्षयः ॥२५७॥

अर्थ—जो कर्म उदय न आया ताहि उग्र तपके बल करि उदयमैं ल्याय क्षय करै हैं। अर जो स्वयमेव उदय आया कर्म तौ खेद काहेका ? मुनिकै खेदका नाम नांही। जैसैं जीतवाकी है इच्छा जाकै सो वैरीपरि जाय करि जीतै। अर जो वैरी ही युद्धका आरंभ करि आप परि चलाय आवै तो तिनिकै कहा हानि ? इह तौ अधिक उछाह है।

भावार्थ—जे जोधा शत्रु परि जाय शत्रुकूं जीतै, तिनि परि जो शत्रु ही चलाय आवै तौ तिनकै कहा हानि ? त्यौं ही महा मुनि तपके बल करि कर्मनिकूं उदयमें ल्याय खपावै तिनिकै स्वयमेव कर्म उदयमें आवै, ताविषैं कहा खेद ?

आगै कहै हैं कि कर्मके उदयविषैं खेद न मानै जे मुनि ते कर्मनिकी निर्जरा करते शरीरसूं भी भिन्न होनेका यत्न करैं—

स्रग्धराछंद

एकाकित्वप्रतिज्ञाः सकलमपि समुत्सृज्य सर्वंसहत्वाद्
भ्रान्त्याऽचिन्त्याः सहायं तनुमिव सहसालोच्य किंचित्सलज्जाः।
सज्जीभूताः स्वकार्ये तदपगमविधिं बद्धपल्यङ्कबन्धाः
ध्यायन्ति ध्वस्तमोहा गिरिगहनगुहागुह्यगेहे नृसिंहाः ॥२५८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ—जे नरसिंह पुरुषनिमैं प्रधान पर्वतनिकी गुफा, गहन वन, एकांत स्थानक ताविषैं तिष्ठै आत्म-स्वरूपकूं ध्यावै हैं, नाश किया है मोह जिनने, एकाकी रहिवेकी है प्रतिज्ञा जिनकै, सर्व ही तजिकरि सकल परीषह सहै हैं। अचिंत्य है महिमा जिनकी, शरीरकूं सहाई जानि तत्काल कछू इक लज्जाकूं प्राप्त भए हैं। जो ए जड़ हमारी कहा सहाई होयगा ? भ्रांति करि अब तक सहाई जान्या सो सहाई नांही। अपने कार्यविषैं आप उद्यमी भये, पल्यंकासन बांधि निज स्वरूपका ध्यान करै हैं, शरीरतैं रहित होयवेकी विधि विचारै हैं जिनकै ये विचार हैं—हमारै शरीर बहुरि उदय न आवै, निरादरा करि तजिवेकूं उद्यमी भये हैं।

भावार्थ—सर्व संसारी जीवनिकै शरीरका ममत्व है सो पुनः पुनः शरीरकूं धारै हैं। अर जे निरादराकरि शरीरकूं तजै हैं तिनकै शरीर बहुरि उदय न आवै, परम पदकूं पावै।

आगै कहै हैं कि कर्मनिकी अर नवे नवे तन धारणकी विधिके दूर होवेका चितवन करते संते आप परम उत्तम गुणनिकरि मंडित हैं सो हमकूं पवित्रताके करणहारे होहु—

शार्दूलविक्रीडितछंद

येषां भूषणमङ्गसङ्गतरजः स्थानं शिलायास्तलं
शय्या शर्करिला मही सुविहितं गेहं गुहा द्वीपिनाम्।
आत्मात्मीयविकल्पवीतमतयस्त्रुट्यत्तमोग्रन्थयः
ते नोनधना मनांसि पुनतां मुक्तिस्पृहा निस्पृहाः ॥२५९॥

अर्थ—जिनके अंगमें रज लागि रही है ए ही आभूषण हैं, अर सिलातल ही स्थानक है, अर कंकरेली पृथ्वी सज्या है, अर जिन गुफानिमें सिंहादिक रहैं तेई तिनकै घर हैं, अर ये देहादिक मेरे अर मैं इनिका ऐसे विकल्पतैं रहित हैं बुद्धि जिनकी, अर टूटि गई है अज्ञानरूप ग्रन्थि जिनकै ते ज्ञान धन, मोक्षके पात्र परम निस्पृह हमारे मनको पवित्र करो।

भावार्थ—जे विषयाभिलाषी शरीरके अनुरागी हैं ते आप ही बूडि रहे हैं, औरनिकूं कैसैं त्यारैं ? अर जो विरक्त हैं, रागादिकतैं रहित हैं ते तरण-तारण समर्थ हमारे रागादिक मल हरि हमारे मनकूं पवित्र करो।

आगै कहै है बहुरि वै साधु कैसै हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शार्दूलविक्रीडितछंद

दूरारूढतपोऽनुभावजनितज्योतिःसमुत्सर्पणैः
अन्तस्तत्त्वमदः कथं कथमपि प्राप्य प्रसादं गताः ।
विश्रब्धं हरिणीविलोलनयनैरापीयमाना वने
धन्यास्ते गमयन्त्यचिन्त्यचरितैर्धीराश्चिरं वासरान् ॥२६०॥

अर्थ—अतिशयपणैं तपके प्रभावतैं उपजी ज्ञानज्योति ताके प्रकाश करि वह निजात्मतत्त्व ताहि क्यौं ही प्राप्त होयकरि अतिशय आनंदकूं प्राप्त भये हैं, अर विश्रामकूं पाये हैं वनके जीव जिनतैं, हिरणीनिके चंचल नेत्र तिनिकरि विश्वाससूं देखिए है धन्य हैं वे धीर जे चितवनमैं न आवै ऐसे चारित्र तिनिकरि बहुत दिन वनविषै वितीति करै हैं।

भावार्थ—जे निज स्वरूपविषैं मगन होइकरि परम शांत दशाकूं प्राप्त भये हैं ते धन्य हैं। वनके जीव भी तिनसूं भय न करैं, सबनिकूं प्रिय हैं।

आगै ऐसी बुद्धि उनकी कहा करै, सोई कहै हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

येषां बुद्धिरलक्ष्यमाणभिदयोराशात्मनोरन्तरं
गत्वोच्चैरविधाय भेदमनयोरारान्न विश्राम्यति ।
यैरन्तर्विनिवेशिताः शमधनैर्बाढं बहिर्व्याप्तयः
तेषां नोऽत्र पवित्रयन्तु परमाः पादोस्थिताः पांसवः ॥२६१॥

अर्थ—जिनकी बुद्धि जगतकी आशा अर आत्मा दोऊनिकै मध्य प्राप्त भई। कैसे हैं दोऊ ? नांही लख्या जाय है भेद जिनका, सो उन मुनिनिकी बुद्धि दोऊनिकै मध्य प्राप्त होइ भलै प्रकार भेद किये विनि विश्रामकूं न प्राप्त भयी, भेद किया ही। कैसै हैं वे महामुनि। शांत भाव ही है धन जिनकै, अर बाह्य पदार्थनिविषैं चित्तकी वृत्ति जाय थी सो जिनि अंतरंगविषैं थापी तिनकें चरण कमलकी परम रज या जगविषैं कौनको पवित्र न करै ? सब ही कूं पवित्र करै सो हमको पवित्र करहु।

भावार्थ—जड़ चेतनका अनादि संबंध है, एकसे होय रहे हैं, सबनिकूं एकसे प्रतिभासै हैं। जे महापुरुष भेद-विज्ञान करि दोऊनिकूं न्यारे जानि जड़सूं निर्ममत्व होय जगतकी आशा तजै हैं तिनके चरण कमलकी रज जीवनिकूं पवित्र करै है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै कहै हैं जो बाह्य वृत्तिका निरोध करि कर्मके फलकूं भोगवै हैं तिनिके परिणामकी विशेषताकी प्रशंसा करै हैं—

शार्दूलविक्रीडितछंद

यत् प्राग्जन्मनि संचितं तनुभृता कर्माशुभं वा शुभं
तद्दैवं तदुदीरणादनुभवन् दुःखं सुखं वागतम् ।
कुर्याद्यः शुभमेव सोऽप्यभिमतो यस्तूभयोच्छित्तये
सर्वारम्भपरिग्रहग्रहपरित्यागी स वन्द्यः सताम् ॥२६२॥

अर्थ—जीवनै पूर्व जन्मविषैं जे शुभ अथवा अशुभ कर्म उपार्जे तिन कर्मनिकूं दैव कहिये । तिनकी प्रेरणातै जीव सुख दुख भोगवै है । सो इनि जीवनिमैं जो अशुभ तजि शुभकौं आदरै सोऊ भला कहिए । अर जो योगीश्वर शुभ अशुभ दोऊनिहीके विनाशिवे अर्थि सर्व आरंभ परिग्रहरूप क्रूर ग्रहका त्यागी होय सो सत्पुरुषनिकरि वंदनीक है ।

भावार्थ—जगतके जीव पापविषैं प्रवीण हैं । कोई एक शुभ परिणामी दीखै है सोऊ भला कहिए है । अर जे शुभ अशुभ दोऊ ही तजि करि केवल शुद्धोपयोगरूप आत्म-स्वरूपविषै तल्लीन हैं तिनकी महिमा कौन कहि सकै ? ते सत्पुरुषनि करि वंदनीक हैं ।

आगै कोऊ प्रश्न करै है कि सुख दुख कर्मनिके फल भोगवै हैं तिनिके नवे पुन्य-पाप बंधते होंहिंगे । तातैं दोऊनिका नाश कैसैं होइ ? ताका समाधान करै हैं—

शिखरणी छंद

सुखं दुःखं वा स्यादिह विहितकर्मोदयवशात्
कुतः प्रीतिस्तापः कुत इति विकल्पाद्यदि भवेत् ।
उदासीनस्तस्य प्रगलति पुराणं न हि नवं
समास्कन्दत्येष स्फुरति सुविदग्धो मणिरिव ॥२६३॥

अर्थ—सुख अथवा दुख होइ है सौ पूर्वोपार्जित कर्मके उदयतैं होय है । सो जो कदाचि सुख विषैं प्रीति होय, दुःखविषैं आताप मानै तौ नवे कर्म अवश्य बंधै । अर जे महापुरुष हर्ष विषाद न करैं—कौनसों प्रीति करिये अर कौनकौ आतापकरि मानिये ऐसे विचारतैं जे अतिउदासीनतारूप हैं तिनकै पुरातन कर्म तौ खिपै, अर नवे न बंधे । ते विवेकी महामणिकी नांई सदा प्रकाशरूप ही हैं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ—कर्मका उदय जीवनकै है ताविषैं जो हर्ष विषाद करै तौ नवे कर्म बंधै, अर जो हर्ष विषाद न करै तौ नवे न बंधै, पूर्व कर्म फल दे खिर जाय यह निश्चय है।

आगै पुराने कर्मकी निर्जराविषैं अर नवे कर्मके संवरविषैं जो कछू हूवा सो दिखावै हैं।

मालिनीछंद

सकलविमलबोधो देहगेहे विनिर्यन्
ज्वलन इव स काष्ठं निष्ठुरं भस्मयित्वा ।
पुनरपि तदभावे प्रज्वलत्युज्ज्वलः सन्
भवति हि यतिवृत्तं सर्वथाश्चर्यभूमिः ।।२६४।।

अर्थ—जैसैं अग्नि काष्ठकूं सर्वथा भस्मकरि ताके अभावविषैं अति-निर्मल प्रज्वलै तैसैं निर्मल ज्ञान देह-गेहादिकका अभाव करि तिनिकै अभावविषैं विमल प्रकाश करै है। यतिका आचरण सर्वथा आश्चर्यका स्थानक है।

भावार्थ—ज्ञान प्रगट भए गेहकौं तजि, देहसौं नेह तजै, सकल परि-ग्रहका त्याग करि, वीतराग अवस्था धरि, ज्ञान ही निर्मल प्रकाश करै। मुनिकी अलौकिक वृत्ति है। सो पूर्णज्ञान मुनि ही कै होय, गृहस्थकै अल्प होय।

आगै कहै हैं कि मुक्त अर संसार दशा जीवकै साधारण हैं। अर जे ज्ञानादि गुणके नाश करि मुक्ति मानै हैं तिनिकी श्रद्धा निराकरण करता कहै हैं—

गुणी गुणमयस्तस्य नाशस्तन्नाश इष्यते ।
अत एव हि निर्वाणं शून्यमन्यैर्विकल्पितम् ।।२६५।।

अर्थ—गुणी कहिए आत्मा सो ज्ञानादि गुणमई है, ज्ञानादिकका नाश सो आत्माका नाश। जैसैं उष्णताके अभावतैं अग्निका अभाव। कई एक दीपके अंत होने तुल्य निर्वाण मानै हैं सो निर्वाण नाहीं। ज्ञानकी पूर्णता सो ही मुक्ति है, द्रव्य है सो गुणमई है। गुणका नाश सो द्रव्यका नाश।

अजातोऽनश्वरोऽमूर्तः कर्ता भोक्ता सुखी बुधः ।
देहमात्रो मलैर्मुक्तो गत्वोर्ध्वमचलः प्रभुः ।।२६६।।

अर्थ—आत्मा कबहू उपज्या नांही, अर कबहू मरै नांहीं, अर जाकै कोऊ मूर्ति नांही अमूर्तीक है, व्यवहारनयकरि कर्मनिका कर्त्ता है, निश्चय-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नयकरि अपने स्वभावका कर्त्ता है, अर व्यवहारनयकरि सुख-दुःखका भोक्ता है, निश्चय अपने स्वभावका भोक्ता है, अज्ञान करि इन्द्रियजनित सुखकूं सुख मानै है, निश्चय परम आनंदमयी है, ज्ञानरूप है, व्यवहार नयकरि देहमात्र है, निश्चय चेतना मात्र है, कर्ममल रहित लोककै शिखर जाय करि प्रभू अचल तिष्ठै है।

भावार्थ—आत्मा केवल ज्ञानानंदमई है, सकल उपाधि रहित है। परंतु परकौं आपा मानि भ्रांतितैं भवमैं भ्रमै है। जब अपना स्वरूप जानै तब निरुपाधि ज्ञानरूप अविनाशी होय तिष्ठै। आत्मा ज्ञानस्वरूप है।

आगै कोऊ प्रश्न करै है—इन्द्रियजनित सुखके अभावतैं कैसैं सिद्धनिकूं सुखी कहैं ? ताका समाधान करै हैं—

स्वाधीन्याद्दुःखमप्यासीत् सुखं यदि तपस्विनाम् ।
स्वाधीनसुखसंपन्ना न सिद्धाः सुखिनः कथम् ॥२६७॥

अर्थ—जो मुनिनिकै स्वाधीनपनेतैं कायक्लेशरूप दुःख हू सुख कह्या तौ सिद्धनिकूं सुखी क्यों न कहिए, वे तौ सदा स्वाधीन सुखमई ही हैं।

भावार्थ—तत्त्वदृष्टि करि जगतके जीव दुखी तिनमैं सम्यग्दृष्टि मुनि ही सुखी कहै तौ सिद्ध तौ केवल आनंदरूप ही हैं।

आगै ग्रंथके अर्थकूं पूर्ण करि ग्रंथकी आज्ञाप्रमाण जे प्रवर्तें हैं तिनकं फल दिखावै है—

मालिनीछंद

इति कतिपयवाचां गोचरीकृत्य कृत्यं
रचितमुचितमुच्चैश्चेतसां चित्तरम्यम् ।
इदमविकलमन्तः संततं चिन्तयन्तः
सपदि विपदपेतामाश्रयन्ते श्रियं ते ॥२६८॥

अर्थ—कैयक वचनकी रचना करि उदार है चित्त जिनका ऐसे महामुनि तिनकै चित्तकौं रमणीक निर्दूषित इह आत्मानुशासन ग्रंथ भलै प्रकार रच्या है, सो महापुरुषोंके गुण अंतःकरणकै विषैं निरन्तर चिन्तवतैं शीघ्र ही अपदासूं रहित अविनाशी लक्ष्मी पावै हैं।

भावार्थ—जो जैसा चिंतन करै तैसा ही फल पावै। महापुरुषोंके गुण चिंतवता आपहू शुद्ध होय। जैसैं सुगन्ध पुष्पके योगतैं तिलहू सुगंध होय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आगै कहै हैं कि ग्रंथकी समाप्तिविषैं ग्रंथका कर्त्ता अपने गुरुके नामपूर्वक अपना नाम प्रकट करै हैं—

जिनसेनाचार्यपादस्मरणाधीनचेतसाम् ।
गुणभद्रभदन्तानां कृतिरात्मानुशासनम् ॥२६९॥

अर्थ—जिन-सेना जो मुनिमंडली ताके आचार्य श्री गणधरदेव तिनके चरणकमलके सुमरणविषैं आधीन है चित्त जिनका ऐसे गुणनिकरि भद्र कहिए कल्याणरूप, भदंत कहिए पूज्य पुरुष, जैनके आचार्य तिनकी कृति है इह आत्मानुशासन। अर दूजा अर्थ जिनसेनाचार्यके चरणकमल तिनके स्मरणविषैं आधीन है चित्त जिनका ऐसे गुणभद्र पूज्य तिनिकरि किया है इह आत्मानुशासनका वर्णन।

भावार्थ—जिनवरकी सेनाके आचार्य सबमैं मुख्य गणधरदेव हैं। तिनकी भक्तिविषैं है आरूढ चित्त जिनका ऐसे गुणनिकरि भद्र कहिए कल्याणरूप मुनिराज जैनके आचार्य तिनका भाख्या इह ग्रंथ है। अथवा जिनसेनाचार्यका शिष्य जो गुणभद्र ताका भाष्या है। ए दोऊ अर्थ प्रमाण हैं।

आगै कहै हैं कि श्री ऋषभदेव तुमको कल्याणके कर्त्ता होहु।

ऋषभो नाभिसूनुर्यो भूयात्स भविकाय वः ।
यज्ज्ञानसरसि विश्वं सरोजमिव भासते ॥२७०॥

अर्थ—नाभि राजाके पुत्र श्री ऋषभदेव तुमको महा कल्याणके निमित्त होहु। जाकै ज्ञानरूप जलविषैं सकल जगत कमलतुल्य भासै है।

इति आत्मानुशासन शास्त्र संपूर्ण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्लोकानुक्रमणिका

श्लोकांश	श्लोकसंख्या
अ	
अकिंचनोऽहमित्या स्स्व	११०
अजाकृपाणीयमनु-	१००
अजातो नश्वरोऽमूर्तः	२६६
अतिपरिचितेष्ववज्ञा	९२
अधिकः क्वचिदाश्लेषः	२४५
अधीत्य सकलं श्रुतं	१८९
अधो जिघृक्षवो यान्ति	१५४
अध्यास्यापि तपोवनं	१३४
अनादिचयसंवृद्धो	२५५
अनिवृत्तेर्जगत्सर्वं	२९
अनेकान्तात्मार्थप्रसव-	१७०
अनेन सुचिरं पुरा	१९४
अन्तर्वान्तं वदनविवरे	९९
अन्धादयं महानन्धो	३५
अपत्रपत पोऽग्निना	१३१
अपरमरणे मत्वात्मीया-	१८५
अपि रोगादिभिर्वृद्धैः	२०४
अपि सुतपसामाशा-	२५२
अपिहितमहाघोरद्वारं	८०
अप्येतन्मृगयादिकं	२८
अभुक्त्वापि परित्यागात्	१०९
अमी प्ररूढवैराग्याः	११६
अर्थिनो धनमप्राप्य	६५
अर्थिभ्यस्तृणवद्विचिन्त्य	१०२
अवश्यं नश्वरैरेभिः	७०
अविज्ञातस्थानो व्यप-	७६
अव्युच्छिन्नैः सुखपरिकरैः	८८
अशुभाच्छुभमायातः	१२२
अशेषमद्वैतमभोग्य-	२३५
अश्रोत्रीव तिरस्कृता	९१
असामवायिकं मृत्योः	७९
अस्त्यात्मास्तमितादि-	२४१
अस्थिस्थूलतुलाकलाप-	५९
अहितविहितप्रीतिः	१९२
आ	
आकर्ण्याचारसूत्रं	१३
आकृष्योग्रतपोबलैः	२५७
आज्ञामार्गसमुद्भव-	११
आज्ञासम्यक्त्वमुक्तं	१२
आत्मन्नात्मविलोपनात्म-	१९३
आदावेव महाबलैः	६२
आदौ तनोर्जननमत्र	१९५
आमृष्टं सहजं तव	१६०
आयातोऽस्यतिदूरतो	४९
आयुः श्रीवपुरादिकं	३७
आराध्यो भगवान् जगत्त्रय-	११२
आशाखनिरगाधेय-	१५७
आशाखनिरतीवाभूद-	१५६
आशागर्तः प्रतिप्राणि	३६
आशाहुताशनग्रस्त-	४३
आस्वाद्याद्य यदुज्झितं	५०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इ

इतस्ततश्च त्रस्यन्तो १९७
इति कतिपयवाचां २६८
इत्थं तथेति बहुना ९८
इमे दोषास्तेषां प्रभवन- १४७
इष्टार्थोद्यदनाशितं भव- ८७
इह विनिहतबह्वा- १६९
इहैव सहजान् रिपून् ११४

उ

उग्रग्रीष्मकठोरघर्म- ५५
उच्छ्वासः खेदजन्यत्वात् ७३
उत्तुङ्गसंगतकुचाचल- १३२
उत्पन्नोऽस्त्वतिदोषधातु- ५४
उत्पाद्य मोहमदविह्वल- ७७
उद्युक्तस्त्वं तपस्यस्य- २१५
उपायकोटिदूरक्षे ६९

ए

एकमेकक्षणे सिद्धं १७२
एकाकित्वप्रतिज्ञाः सकलमपि २५८
एकैश्वर्यमिहैकतामभि- २५६
एतामुत्तमनायिका- १२८
एते ते मुनिमानिनः १५०

क

कण्ठस्थः कालकूटोऽपि १३५
कदा कथं कुतः कस्मिन् ७८
करोतु न चिरं घोरं २१२
कर्तृत्वहेतुकर्तृत्वा- २५
कलौ दण्डो नीतिः स च १४९
कः स्वादो विषयेष्वसौ ३८
किं मर्माण्यभिनन्न भीकर- ५७
कुबोधरागादिविचेष्टितैः १०६
कृत्वा धर्मविघातं २४
कृष्ट्वोप्त्वा नृपतीन्निषेव्य ४२
क्रुद्धाः प्राणहराः भवन्ति १२७
क्षणार्धमपि देहेन ११७
क्षितिजलधिभिः ७५
क्षीरनीरवदभेदरूपतः २५३

ख

खातेऽभ्यासजलाशया ४४

ग

गन्तुमुच्छ्वासनिश्वासैः ७१
गलत्यायुः प्रायः प्रकटित- ७२
गुणागुणविवेकिभिः १४४
गुणी गुणमयस्तस्य २६५
गेहं गुहाः परिदधासि १५१

च

चक्रं विहाय निजदक्षिण- २१७
चित्तस्थमप्यनवबुद्ध्य २१६

ज

जना धनाश्च वाचालाः ४
जन्मतालद्रुमाज्जन्तु ७४
जन्मसंतानसंपादि- ८४
जातामयः प्रतिविधाय २०५
जिनसेनाचार्यपाद- २६९
जीविताशा धनाशा च १६३
ज्ञानमेव फलं ज्ञाने १७५
ज्ञानस्वभावः स्यादात्मा १७४
ज्ञानं यत्र पुरस्तरं १२५

त

तत्कृत्यं किमिहेन्धनै- ६१
तत्राप्याद्यं परित्याज्यं २४०
तथा श्रुतमधीष्व शश्वदिह १९०
तदेव तदतद्रूपं १७१
तपःश्रुतमिति द्वयं २२९
तपोवल्ल्यां देहः समुपचित- ११५
तप्तोऽहं देहसंयोगाज्जलं २५४
तव युवतिशरीरे १३६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तादात्म्यं तनुभिः सदानु- ५८
तावद्दुःखाग्नितप्तात्मा २३३
तृष्णा भोगेषु चेद्भिक्षो १६१
त्यक्तहेत्वन्तरापेक्षौ १४५
त्यजतु तपसे चक्रं १६५

द

दयादमत्यागसमाधि- १०७
दातारो गृहचारिणः १५९
दासत्वं विषयप्रभोः २२७
दीप्तोभयाग्रवातारि- ६३
दुर्लभमशुद्धमपसुख- १११
दुःखाद्बिभेषि नितरा- २
दूरारूढतपोनुभाव- २६०
दृढगुप्तिकपाटसंवृत्तिः २४८
दृष्टार्थस्य न मे किमप्ययमिति २३०
दृष्ट्वा जनं व्रजसि किं १९१
दोषः सर्वगुणाकरस्य २५०
दोषान् कांश्चन तान् प्रवर्तक- १४१
द्रविणपवनप्रध्मातानां ११३
द्वेषानुरागबुद्धिर्गुण- १८१

ध

धनरन्धनसंभारं ८५
धर्मः सुखस्य हेतुः २०
धर्मादवाप्तविभवो २१
धर्मारामतरूणां १९
धर्मो वसेन्मनसि यावदलं २६

न

न कोऽप्यन्योऽन्येन व्रजति २००
नयेत्सर्वाशुचिप्रायः २०९
न सुखानुभवात्पापं २७
न स्थास्नु न क्षणविनाशि १७३
निर्धनत्वं धनं येषां १६२
निवृत्तिं भावयेद्याव- २३६
नेता यत्र बृहस्पतिः ३२
नेत्रादीश्वरचोदितः ६४

प

परमाणोः परं नाल्पं- १५२
परायत्तात्सुखाद् दुःखं ६६
परां कोटिं समारूढौ १६४
परिणाममेव कारण- २३
पलितच्छलेन देहा- ७६
पापाद्दुःखं धर्मात्सुखं ८
पापिष्ठैर्जगतीविधीत- १३०
पिता पुत्रं पुत्रः पितर- ३४
पुण्यं कुरुष्व कृतपुण्य- ३१
पुरा गर्भादिन्द्रो मुकुलित- ११९
पुराणो ग्रहदोषोत्थो १८३
पुरा शिरसि धार्यन्ते १३९
पैशुन्यदैन्यदम्भस्तेया- ३०
प्रच्छन्नकर्म मम कोऽपि २२२
प्रज्ञैव दुर्लभा सुष्ठु ९४
प्रसुप्तो मरणाशङ्कां ७२
प्राक् प्रकाशप्रधानः स्यात् १२०
प्राज्ञः प्राप्तसमस्तशास्त्र- ५
प्रियामनुभवत्स्वयं १३७

ब

बन्धो जन्मनि येन येन २४४
बाल्ये वेत्सि न किंचिद्- ८९
बाल्येऽस्मिन् यदनेन ते ९०

भ

भङ्क्त्वा भाविभवांश्च भोगि- ५१
भर्तारः कुलपर्वता इव ३३
भव्यः किं कुशलं ममेति ७
भागत्रयमयं नित्य- २११
भावयामि भवावर्ते २३८
भीतमूर्तीर्गतत्राणा २९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूत्वा दीपोपमो धीमान् १२१
भेयं मायामहागर्ता २२१

म

ममेदमहमस्येति २४२
महातपस्तडागस्य २४७
मङ्क्षु मोक्षं सुसम्यक्त्व- २३४
माता जातिः पिता मृत्युः २०१
मामन्यमन्यं मां मत्वा २४३
मिथ्यात्वातङ्कवतो १६
मिथ्या दृष्टिविषान् वदन्ति १२६
मुच्यमानेन पाशेन १७९
मुहुः प्रसार्य संज्ञानं १७७
मृत्योर्मृत्यन्तरप्राप्ति- १८८
मोहबीजाद्रतिद्वेषौ १८२

य

यत्प्राग्जन्मनि संचितं २६२
यदादाय भवेज्जन्मी २०८
यदेतत्स्वच्छन्दं विहरण- ६७
यद्यदाचरितं पूर्वं २५१
यद्यपि कदाचिदस्मिन् ३
यमनियमनितान्तः २२५
यशो मारीचीयं कनक- २२०
यस्मिन्नस्ति स भूभृतो ९६
यस्य पुण्यं च पापं च २४६
यः श्रुत्वा द्वादशाङ्गीं १४
याचितुर्गौरवं दातु- १५३
यावदस्ति प्रतीकारः २०७
येषां बुद्धिरलयक्ष्माण- २६१
येषां भूषणमंगसंगत- २५९

र

रतेररतिमायातः २३२
रम्येषु वस्तुवनितादिषु २२८
रसादिराद्यो भागः २१०
रागद्वेषकृताभ्यां जन्तो १८०
रागद्वेषो प्रवृत्तिः स्यात् २३७
राज्यं सौजन्ययुक्तं १३८

ल

लक्ष्मीनिवासनिलयं १
लब्धेन्धनो ज्वलत्यग्निः ५६
लोकद्वयहितं वक्तुं १४३
लोकाधिपाः क्षितिभुजो ९५

व

वचनसलिलैर्हास- १२९
वनचरभयाद्धावन् २२३
वरं गार्हस्थ्यमेवाद्य १९८
वर्चोगृहं विषयिणां १३३
वसति भुवि समस्तं २११
वार्तादिभिर्विषयलोल- ४७
विकाशयन्ति भव्यस्य १४२
विज्ञाननिहतमोहं १०८
विधूततमसो रागः १२३
विमृश्योच्चैर्गर्भात् १०५
विरज्य संपदः सन्तः १०३
विरतिरतुला शास्त्रे ६८
विशुद्धयति दुराचारः १६७
विषयविरतिः संगत्यागः २२४
विषयविषमाशनोत्थित- १७
विहाय व्याप्तमालोकं १२४
विहितविधिना देहस्थित्यै १५८
वेष्टनोद्वेष्टने यावत् १७८
व्यापत्पर्वमयं विराम- ८१

श

शमबोधवृत्ततपसां १५
शय्यातलादपि तुकोऽपि १६६
शरणमशरणं वो ६०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शरीरमपि पुष्णन्ति १९६
शरीरेऽस्मिन् सर्वाशुचिनि ९७
शास्त्राग्नौ मणिवद्भव्यो १७६
शिरःस्थं भारमुत्तार्य २०६
शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते ४५
शुद्धोऽप्यशेषविषयप्रव- २०२
शुभाशुभे पुण्यपापे २३९
श्रद्धानं द्विविधं त्रिधा १०
श्रियं त्यजन् जडः शोकं १०४
श्रुतमविकलं शुद्धा वृत्तिः ६
श्वो यस्याजनि यः स ५२

स

सकलविमलबोधो २६४
सत्यं वदात्र यदि जन्मनि ८३
सत्यं वाचि मतौ श्रुतं २१८
स धर्मो यत्र नाधर्मः ४६
सन्त्येव कौतुकशतानि १६८
समाधिगतसमस्ताः २२६
समस्तं साम्राज्यं तृण- ११८
सर्वं धर्ममयं क्वचित् ४१
सर्वः प्रेप्सति सत्सुखाप्ति- ९
सस्वमाशासते सर्वे १४४
संकल्प्यं कल्पवृक्षस्य २२
संकल्प्येदमनिष्टमिष्ट- ४८
संसारे नरकादिषु ५३
साधारणौ सकलजन्तुषु १४८
साम्राज्यं कथमप्यवाप्य ४०
सुखं दुःखं वा स्यादिह २६३
सुखितस्य दुःखितस्य च १८
सुखी सुखमिहान्यत्र १८७
सुहृदः सुखयन्तः स्युः १८४
स्नेहानुबद्धहृदयो २३१
स्वाधीन्याद् दुःखमप्यासीत् २६७
स्वान् दोषान् हन्तुमुद्युक्तः २४५
स्वार्थभ्रंशं त्वमविगणयं- १९९

ह

हंसैर्न भुक्तमतिकर्कश- ९३
हा कष्टमिष्टवनिताभि- १०१
हानेः शोकस्ततो दुःखं १८६
हा हतोऽसि तरां जन्तो २०३
हितं हित्वाहिते स्थित्वा १४६
हित्वा हेतुफले किलात्र २१४
हृदयसरसि याव- २१३
हे चन्द्रमः किमिति लाञ्छन- १४०

■

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२ अवतरण गाथा सूची

जह जायरूवसरिसो	१४०	देवविसययासत्ता	१८१
जा सासयाण लच्छी	६२		

सूचना—ग्रन्थमें मूल श्लोकगत जिन श्लोकोंके अनन्तर उद्धृत वाक्य उपलब्ध होते हैं उन श्लोकोंकी संख्या यहाँ दी है।

३ ऐतिहासिक नामसूची

अश्वत्थामा	२२०	नाभिसूनु	२७०
ऋषभ	२७०	लोकसेन	१
कृष्ण	२२०	वीरजिन	१
गुणभद्र	१,२६९	हर	२१६
जिनसेन	२६९		

४ ग्रन्थनामोल्लेख

आत्मानुशासन	१,२६९	स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा	६२

५ मूल ग्रन्थगत विशेष शब्दसूची

अजाकृपाणीय	१००	आस्रव	२४१
अजीर्ण	२२८	ईति	२४२
अनशन	१९४	उत्पत्ति	१७२
अन्धकवर्तकीय	१००	उदयगोपुच्छ	२५७
अन्धरज्जुवलन	४१	कनकमृग	२२०
अयोग	२४१	कल्पवृक्ष	२२
अर्थदृष्टि	१४	कालादिलब्धि	२४१
अवगाढदृष्टि	१४	कुटीप्रवेश	१०८
अव्रत	२४१	कृष्ण	२२०
अश्वत्थामा	२२०	कौमार ब्रह्मचारिन्	१०९
आखुविडालिका	२१४	गजस्नान	४२
आचारसूत्र	१३	गणिन्	५
आज्ञासम्यक्त्व	१२	गति	४६
आराधना	१०	गुप्ति	२४८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुरु १४१
गेहाश्रम ४१
ग्रहदोष १८३
चिन्तामणि २२
ज्ञान ४६
ज्ञानभावना १७४
ज्ञानवृत्ति २१०
तदात्वकटु ३
तत्त्ववित् २११
दण्डनीति १४९
दुःख १८७
दुरात्मन् १९३
दैव ३२,२६२
द्वादशाङ्गी १४
धर्म १८,२१,२२,४६
धर्मकथा ७
धर्मपुत्र २२०
ध्रौव्य १७२
निर्वाण २४६
निवृत्ति २३७
परमात्मता १९३
परमावगाढ़ दृष्टि १४
पल्यङ्कबन्ध २५८
पुरु ११९
मोदकव्यतिकर ४०
यमसुत २२०
रसादि २१०
लक्ष्मी १
लोकज्ञता ६
लोकस्थिति ५
वार्ता ४७
विधि ४४
विधुन्तुद २२२
विलय १
विस्तारदृष्टि १४
व्यतिकर २५६
व्यय १७२
शास्य ७
श्री २६८
श्रुतस्कन्ध १७०
सकलसंन्यास १८७
सद्गुरु १४१
सम्यक्त्व २४१
सम्यग्दर्शन १०
सर्वार्थ ९६
संक्षेपदृष्टि ११
संयमसाधन २२८
संवेग १०
सामिभक्त १९४
सुख ४६,१८७
सूत्रदृष्टि १३
सोपान १०
हर २१६

६ देश-भाषागत पारिभाषिक शब्दसूची

अजाकृपाणीय १००
अजीर्ण २२८
अधिगमज १०
अनशन १९४
अनायतन १०
अनमोदन २५
अन्धकवर्तकीय १००
अर्थदृष्टि १४
अवगाढ १४
अव्रत २४१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अशुभ	२३९	निवृत्ति	२३६,२३७
अहित	२३९	निश्चयनय	२६६
आज्ञा	१२	परमावगाढ	१४
अभोग्य	२३५	पाप	२६९
ईति	७,४२,२४२	पुण्य	२३९
उत्पत्ति	१८८	प्रवृत्ति	२३७
उपदेश	१२	बीजदृष्टि	१२
ऊहापोह	७	बोध	१५
औपशमिक	१०	भोग्य	२३५
अंग	८,१०	मद	८,१०
कारित	२५	मार्ग	१२
कृत	२५	मित्र	२०१
क्षायिक	१०	मूढता	१०
क्षायोपशमिक	१०	मृत्यु	२०१
क्षेत्र	२४२	मोह	१८२
क्षेत्री	२४२	राग	१८६,२३७
गणधर	२६९	विज्ञान	७
गति	४६	विस्तार दृष्टि	१४
गुरु (मंगल)	१	वृत्त	१५
ग्रहण	७,१४५	वृत्ति	२२६
ग्रहदोष	१८३	व्यवहारनय	२६६
जाति	२०१	शम	१५
ज्ञान	४६	शुभ	२३९
तत्त्व	९,१०	शुश्रूषा	७
तत्त्वाभिनिवेश	७	शोक	१८६
तप	१५	श्रवण	७
त्याग	१४५	सहोद्गत	२०१
दुःख	१८७,२३९,२६७	सामिभक्त	१९४
द्वेष	१८२,२३७	सुख	४६,२३९
धर्म	२१,४६	संक्षेपदृष्टि	१३
धारणा	७	संवेग	१०
निर्वाण	२६५	हित	२३९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुद्धि-पत्र

श्लोक संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
७	दयागुणमय	दयागुणमयं
८	पादाद्दुःखं	पापाद् दुःखं
१४	यावगाढ़ः	यावगाढा
१८	दुखितस्य	दुःखितस्य
१८	धर्मएव	धर्म एव
२०	हेतुर्हतुर्न	हेतुर्हेतुर्न
२३	पुण्यपापयो	पुण्यपापयोः
२८	र्धर्म्ये	र्धर्म्ये
४०	सपाद्य	संपाद्य
५५	अप्राप्याभिमत	अप्राप्याभिमतं
५६	लब्धेन्धनोज्वलत्यग्निः	लब्धेन्धनो ज्वलत्यग्निः
६६	दःखं	दुःखं
८१	विश्वक-	विष्वक्-
८६	षलित-	पलित-
८८	लब्धबोधे-	लब्धबोधे-
८९	कृष्यादिभि-	कृष्यादिभिः
९०	वाञ्छम्यहो	वाञ्छस्यहो
९४	सुष्टु	सुष्ठु
९७	ययते	यतते
११३	पराभब-	पराभव-
१३१	भयजुप्स-	भयजुगुप्स-
१३५	विषमि वषम्	विषमं विषम्
१४४	सदुपदेशव-मति-	सदुपदेशवन्मति-
१७०	श्रु तस्कन्धे	श्रुतस्कन्धे
१७३	–स्वरूषं	–स्वरूपं
१७७	–र्भवाणवे	–र्भवार्णवे
१७९	–र्बन्धश्च	–र्बन्धश्च
१८८	पक्षपा तिनः	पक्षपातिनः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्लोक संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
१८९	सुतषस्तरो	सुतपस्तरोः
१९३	आत्मन्यात्म-	आत्मन्नात्म-
२१९	सधारि-	संधारि
२५४	तप्तोऽह्र	तप्तोऽहं
२५४	देह	देहं
२५९	नोनधना	नो ज्ञानघना
२६१	पादोस्थिताः	पादोत्थिताः
२६६	वुघः	बुधः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश वर्णी दि० जैन संस्थान
(श्री गणेशप्रसाद वर्णी जैन ग्रन्थमाला) के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

क्रम	पुस्तक का नाम	लेखक/संपादक/अनुवादक	संस्करण	मूल्य
१.	मेरी जीवन गाथा, भाग १	क्षु० गणेशप्रसाद वर्णी	चतुर्थ	२०.००
२.	मेरी जीवन गाथा, भाग २	क्षु० गणेशप्रसाद वर्णी	द्वितीय	२०.००
३.	वर्णी वाणी, भाग २	डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी	चतुर्थ	१५.००
४.	जैन साहित्य का इतिहास भाग १	पं० कैलाशचंद्रजी शास्त्री	प्रथम	२५.००
५.	जैन साहित्य का इतिहास भाग २	पं० कैलाशचंदजी शास्त्री	प्रथम	३०.००
६.	जैन दर्शन	डॉ० महेन्द्र कुमार जैन	तृतीय	२५.००
७.	मंदिर वेदी प्रतिष्ठा कलशारोहण विधि	डॉ० पन्नालाल साहित्याचार्य	द्वितीय	५.००
८.	अनेकान्त और स्याद्वाद	प्रो० उदयचंद जैन	द्वितीय	२.००
९.	कल्पवृक्ष एकांकी	श्रीमती रूपवती 'किरण'	प्रथम	१.००
१०.	आप्तमीमांसा तत्त्वदीपिका	प्रो० उदयचंद जैन	प्रथम	३०.००
११.	तत्त्वार्थसार	डॉ० पन्नालाल साहित्याचार्य	प्रथम	१५.००
१२.	वर्णी अध्यात्म पत्रावली भाग १	श्री गणेशप्रसाद वर्णी	तृतीय	५.००
१३.	आदिपुराण में प्रतिपादित भारत	डॉ० नेमिचंद शास्त्री	प्रथम	२०.००
१४.	सत्य की ओर (प्रथम कदम)	क्षु० दयासागरजी	द्वितीय	४.००
१५.	सत्प्ररूपणा सूत्र	पं० कैलाशचंद्र शास्त्री	प्रथम	१२.००
१६.	समयसार (प्रवचन सहित)	क्षु० गणेशप्रसाद वर्णी	द्वितीय	२५.००
१७.	श्रावक धर्म प्रदीप	पं० जगन्मोहनलाल शास्त्री	द्वितीय	२०.००
१८	लघुतत्त्वस्फोट	डा० पन्नालाल साहित्याचार्य	प्रथम	३०.००
१९.	आत्मानुशासन	पं० फूलचन्द्र शास्त्री	प्रथम	२०.००
२०.	भद्रबाहु चाणक्य चन्द्रगुप्त कथानक	डॉ० राजाराम जैन	प्रथम	२०.००

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हमारे कुछ महत्त्वपूर्ण प्रकाशन अप्राप्य हो चुके हैं, जिनके प्रकाशन की योजना है। वे इस प्रकार हैं :

१.	पंचाध्यायी	पं० देवकीनन्दन सि० शास्त्री
२.	तत्त्वार्थसूत्र—	पं० फूलचन्द्र सि० शास्त्री
३.	जैन साहित्य का इतिहास-पूर्व पीठिका	पं० कैलाशचन्द्र सि० शास्त्री
४.	वर्णी वाणी–भाग १	डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी
५.	वर्णी वाणी–भाग ३	डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी
६.	वर्णी वाणी–भाग ४	डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी
७.	द्रव्यसंग्रह भाषा वचनिका	डॉ० दरबारीलाल कोठिया
८.	अपभ्रंशप्रकाश	डॉ० देवेन्द्रकुमार जैन
९.	सामायिक पाठ	डॉ० पन्नालाल साहित्याचार्य
१०.	विश्वशान्ति और अपरिग्रह	पं० फूलचन्द्र शास्त्री

डॉ० अशोक जैन
(प्रबन्धक)

सभी प्रकार के पत्र व्यवहार करने एवं ड्राफ्ट आदि भेजने का पता :

श्री गणेश वर्णी दिगम्बर जैन संस्थान

नरिया, वाराणसी–२२१००५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi